RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 78
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 7 जनवरी, 2021
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com



दिया मिर्जा ने दिये पर्यावरण रक्षा हेतु पांच सुझाव

विविध-12

# किसानों के आर्थिक विकास के सबसे बड़े अभियान की शुरुआत

● प्रधानमंत्री की नीतियों के कारण ही मुख्य धारा में शामिल हुआ किसानः मुख्यमंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को प्रदेश में किसान कल्याण मिशन की शुरुआत लखनऊ के दादूपुर गांव से की।

**कृषि** और कृषि आधारित गतिविधियों के जरिये किसानों की आय दोगुनी करने की सबसे बड़ी मुहिम किसान कल्याण मिशन का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को आगाज कर दिया। सरोजनी नगर ब्लाक के दादूपुर गांव से सीएम ने किसानों के आर्थिक विकास के इस सबसे बड़े अभियान की शुरुआत की।

इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश ने जय जवान जय किसान के नारे दिए लेकिन किसान हाशिये पर ही रहा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की नीतियों के कारण ही किसान मुख्य धारा में शामिल हो पाया, 6 वर्षों में किसानों के हित में जितना काम हुआ उतना 70 वर्षों में नहीं हुआ। मुख्यमंत्री ने किसानों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश में किसान कल्याण मिशन की शुरुआत करते हुए मुझे प्रसन्नता हो रही है। किसानों से संवाद कायम करते हुए योगी ने कहा कि आप देख रहे होंगे कि किसान इस देश के राजनीतिक एजेंडे में शामिल हो पाया है शासन की नीतियों का क्रियान्वयन होते हुए भी किसान भाइयों ने देखा है। मोदी जी की नीतियों के कारण ही किसान मुख्य धारा में शामिल हो पाया है नहीं तो देश का किसान केवल वोट पर राजनीति का मोहरा भर होता था । मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट भी मोदी जी की देन है। पीएम किसान सम्मान निधि के माध्यम से आज हर किसान को 6 हजार रुपये सालाना मिल रहा है। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड की महिला स्वयंसेवी समूह के दुग्ध उत्पादन समिति का टर्नओवर ही 2 करोड़ सालाना हो रहा है। यह कार्यक्रम यहां सरोजिनी नगर में भी लागू होना चाहिए। अगर हम ग्राम पँचायत स्तर पर ही गोदाम बना दें तो आसानी से फसलों को समय पर बाजार पहुंच सकते हैं। कम पानी मे बेहतर खेती के उद्देश्य के लिए भी इस कार्यक्रम के तहत हम आगे बढ़ेंगे। यह कार्यक्रम पूरे प्रदेश पर हो रहा है। मुझे खुशी है कि प्रधानमंत्री के उद्देश्य खुशहाल अन्नदाता के लक्ष्य की ओर हम आगे बढ़ रहे हैं।

योगी ने कृषि और किसानों की खराब हालत के लिए विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि अगर पिछले 6 वर्षों की हुई प्रगति, 70 वर्षों में हुई होती तो मोदी जी को ये लक्ष्य न तय करना पड़ता कि 2022 तक किसान की आय दोगुनी करनी होगी। 2004 से 2014 के बीच देश में लाखों किसानों ने अपनी जान गंवाई लेकिन अब किसान आत्महत्या नहीं, आमदनी को लेकर तेज़ी से बढ़ रहा है। आज का कार्यक्रम उसी किसान कल्याण योजना को आगे बढ़ाने की एक कड़ी है। योगी ने कहा कि जब हमारा अन्नदाता खुशहाल होगा तो देश अपने आप खुशहाल हो जाएगा लेकिन हमें सतर्क रहना होगा जब देश तेज़ी से प्रगति की ओर बढ़ रहा है तो कई लोगों को ये अच्छा नहीं लग रहा, किसानों को ( शेष पेज 9 )

# बातचीत से सुलझे मामलाः सुप्रीम कोर्ट

किसान आंदोलन

● शीर्ष अदालत ने जताई चिंता, नए कृषि कानूनों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अब 11 जनवरी को होगी सुनवाई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि कानूनों के विरुद्ध प्रदर्शन करते किसान।

**केंद्र** को पिछले 17 दिसंबर को तीनों विवादित कृषि कानूनों को स्थगित रखने और आंदोलनरत किसानों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर गौर करने के लिए पैनल गठित करने की सलाह देने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि ' जमीन स्तर पर कोई सुधार नहीं हुआ है' और मामले की सुनवाई 11 जनवरी तक टाल दी। प्रधान न्यायाधीश एसए बोबडे की अध्यक्षता वाली पीठ ने टिप्पणी की कि किसानों के आन्दोलन के मसले पर जमीनी स्तर पर कोई सुधार नहीं हुआ है। केन्द्र ने पीठ को सूचित किया कि सरकार और किसानों के बीच इन मसलों पर स्वस्थ विचार विमर्श जारी है। अटार्नी जनरल के के वेणुगोपाल ने कहा कि निकट भविष्य में संबंधित पक्षों के किसी नतीजे पर पहुंचने की काफी उम्मीद है और नए कानूनों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर केन्द्र का जवाब दाखिल होने ( शेष पेज 9 )

## सरकार किसानों के हितों के लिए प्रतिबद्धः तोमर

● कहा- कृषि कानूनों के समर्थन में देश भर से आ रहे बड़ी संख्या में किसान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**केंद्रीय** कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने बुधवार को कहा कि देश भर से बड़ी संख्या में किसान तीन कृषि कानूनों के समर्थन में सामने आ रहे हैं। साथ ही मंत्री ने प्रदर्शनकारी किसान संघों से तीनों कानूनों के जरिए सुधारों की भावनाओं को समझने का आग्रह किया।

तोमर ने विश्वास जताया कि प्रदर्शनकारी संघ किसानों के हितों पर ध्यान केंद्रित करेंगे और रचनात्मक बातचीत के जरिए किसी समाधान पर पहुंचने में सरकार की मदद करेंगे। कानूनों का समर्थन करने वाले एक समूह के साथ बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए तोमर ने कहा कि सरकार देश के किसानों और उनके हितों के प्रति प्रतिबद्ध है। मंत्री ने कहा कि हम उन किसानों से मिल रहे हैं जो तीन कानूनों के समर्थन में आ रहे हैं। साथ में अधिनियमों का विरोध करने वालों के साथ वार्ता जारी रखे हुए हैं। इस बीच, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के पोते संजय नाथ सिंह नीत ऑल इंडिया ( शेष पेज 9 )

# राजधानी में गैंगवार, एक की मौत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विभूतिखण्ड** थाना क्षेत्र के कठौता इलाके में वर्चस्व को लेकर हुई ताबड़तोड़ फायरिंग में एक युवक की मौत हो गई जबकि उसका साथी समेत राहगीर भी घायल हो गया। खुलेआम फायरिंग के दौरान तीन युवकों को गोली लगने की सूचना से पुलिस महकमे में हड़कम्प मच गया। क्षेत्रीय पुलिस सहित आला अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए। एक युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि अन्य दो को गम्भीर हालत में लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सूचना मिलने पर पुलिस कमिशनर डीके ठाकुर भी लोहिया अस्पताल पहुंच गए। आरोपियों की धरपकड़ के लिए नाकाबंदी कर दी गई। पुलिस हत्यारों की तलाश में जुटी है। मामला विभूतिखण्ड थाना क्षेत्र के कठौता झील का है। शाम करीब साढ़े आठ बजे इलाका गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा। डीसीपी संजीव सुमन ने बताया कि तीन अज्ञात बदमाशों ने अजीत सिंह और उसके साथी मोहर सिंह पर हमला बोल दिया। इस दौरान अजीत सिंह और उसके साथी मोहर सिंह ने भी बदमाशों पर फायरिंग की। इस दौरान अजीत सिंह की गोली लगने से मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसका साथी मोहर सिंह घायल हो गया। फायरिंग की घटना के दौरान राहगीर आकाश के पैर में गोली लग गई।



अजीत सिंह की फाइल फोटो

सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने सभी को लोहिया अस्पताल पहुंचाया। कमिश्नर डीके ठाकुर ने बताया कि अजीत सिंह मूल रूप से मऊ का रहने वाला था। अजीत सिंह पर 18 से अधिक मुकदमे दर्ज है जिसमें 5 मुकदमे हत्या के हैं। अजीत सिंह को 31 दिसम्बर को जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर जिलाबदर किया गया था, जिसके बाद से वह राजधानी में रह रहा था। डीके ठाकुर ने बताया अन्य जानकारी के लिए मऊ क्षेत्र से जानकारी जुटाई जा रही है, जिसके बाद ही गैंगवार के कारणों का पता लग सकेगा। जानकारी के मुताबिक अजीत सिंह मूलरूप से गोहना मोहम्मदाबाद जिला मऊ निवासी राधे प्रसाद का बेटा है। पूर्व में उसकी पत्नी ब्लॉक प्रमुख रह चुकी है। बताया जा रहा है कि अजीत सिंह विधायक सिम्पू सिंह की हत्या में गवाह था। अजीत की अखंड सिंह और कुनकुन सिंह से रंजिश बताई जा रही है।

## मुख्तार अंसारी का खास गुर्गा था अजीत

**मिली** जानकारी के अनुसार अजीत सिंह बाहुबली मुख्तार अंसारी की गैंग का सदस्य था। इससे पूर्व विकास नगर में पुष्पजीत, बागपत जेल में मुन्ना बजरंगी और गोमती नगर में तारिक की हत्या के बाद विभूति खंड में मुख्तार अंसारी के करीबी अजीत सिंह की हत्या से हड़कम्प मच गया है। बताया जा रहा कि अजीत सिंह की आजमगढ़ के बाहुबली पुंटू सिंह से पुरानी रंजिश भी है।

# बदायूं की घटना के आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश

● एसटीएफ बदांयू व एसआईटी मुरादनगर घटना की करेगी जांच

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ बदायूं और मुरादनगर की घटना को लेकर काफी गंभीर हैं। योगी ने बदायूं की घटना का संज्ञान लेते हुए घटना के अभियुक्तों के विरुद्ध सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई किये जाने के निर्देश दिये हैं। वहीं मुख्यमंत्री ने मुरादनगर श्मशान स्थल दुर्घटना की जांच आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) की एसआईटी से कराने के निर्देश दिए हैं। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री ने एडीजी बरेली जोन को बदायूं की घटना के सम्बन्ध में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए हैं। सीएम ने यूपी एसटीएफ को इस घटना की विवेचना में सहयोग प्रदान करने के लिए निर्देशित किया है। इसके साथ ही दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। वहीं पीड़ित परिवार की मदद का भी आदेश दिया गया है। मालूम हो कि बदायूं के उघैती थाना क्षेत्र स्थित एक गांव के धार्मिक स्थल में पूजा करने गई महिला के साथ आरोपितों ने हैवानियत की हद पार कर दी थी।



बदायूं में घटनास्थल पर जांच करने पहुंचे पुलिस-प्रशासन के अधिकारी।

मंगलवार देर शाम पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दुराचार की पुष्टि के बाद अफसरों में खलबली मच गई। आरोपित मंदिर के महंत समेत तीन लोगों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म और हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं ( शेष पेज 9 )

## लम्बे समय से अनुपस्थित चल रहे 15 चिकित्सा शिक्षकों की सेवाएं समाप्त

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश कुमार खन्ना के निर्देश पर प्रदेश सरकार की जीरो टालरेंस नीति के तहत राजकीय मेडिकल कालेजों में विभिन्न विशिष्टताओं में सहायक आचार्य एवं प्रवक्ता के पदों पर कार्यरत 15 चिकित्सा शिक्षकों की सेवायें समाप्त कर दी गयी हैं। यह सभी चिकित्सा शिक्षक लम्बी अवधि से अनाधिकृत रूप से सेवा से अनुपस्थित चल रहे थे। बुधवार को अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा शिक्षा डॉ. रजनीश दुबे ने यह जानकारी देते हुए बताया कि ये 15 चिकित्सा शिक्षक राजकीय मेडिकल कालेज, आगरा, कन्नौज, गोरखपुर, कानपुर एवं जालौन तथा हृदय रोग संस्थान, कानपुर में कार्यरत थे और लम्बे समय से मेडिकल कालेज से गायब थे। उन्होंने बताया कि इन चिकित्सा शिक्षकों की सेवाएं समाप्त किये जाने से रिक्त हुए पदों पर नियुक्तियां की जा सकेगी जिससे आमजन को और बेहतर चिकित्सकीय सुविधाएं मिल सकेंगी। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि ऐसे कुल ( शेष पेज 9 )

# चार राज्यों में बर्ड फ्लू का प्रकोप केंद्र ने जारी किए दिशा-निर्देश

● सरकार ने बीमारी फैलने के 12 स्थानों को किया चिन्हित, केरल में मुर्गियों व बत्तखों को मारने का काम शुरू

राजेश कुमार। नई दिल्ली

**देश** में बर्ड फ्लू का कहर बढ़ता जा रहा है। कई राज्यों में लाखों पक्षियों के मरने और हजारों को मौत की नींद सुलाने के बाद बुधवार को केंद्र सरकार ने 12 ऐसे स्थानों की पहचान की है जो इस बीमारी से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। केरल, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात और हिमाचल प्रदेश ऐसे राज्य हैं जहां अभी तक बर्ड फ्लू तेजी से फैला है।

केंद्र ने तमाम राज्यों को दिशा–निर्देश जारी कर कहा है कि मुर्गियों, बत्तखों, कौवों और प्रवासी पक्षियों में संक्रमण का प्रसार रोकने को कदम उठाएं। केरल में बतख और चिकन सहित 69,000 से अधिक पक्षियों को मारा गया है, जबकि मध्य प्रदेश सरकार ने अगले 10 दिनों के लिए केरल और ( शेष पेज 9 )

## लखनऊ में भी अलर्ट, पोल्ट्री फर्मों को नोटिस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**देश** के अन्य राज्यों में बर्ड फ्लू के संक्रमण को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। राजधानी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संजय भटनागर ने पोल्ट्री फार्मों व अन्य संबंधितों को नोटिस जारी कर सतर्क रहने को निर्देशित किया है। सीएमओ के स्तर से जारी नोटिस में पक्षियों में या मनुष्यों में बर्ड फ्लू के कोई भी लक्षण पाए जाने पर तत्काल जांच कराए जाने व स्वास्थ्य विभाग को सूचित करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही संबंधित अधिकारियों को पोल्ट्री फार्म व ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 48,174 | ↓ | 263 | |
| निफ्टी | 14,146 | ↓ | 53 | |
| सोना | 51,125 | ↓ | 71 | /10g |
| चांदी | 70,082 | ↑ | 156 | /kg |

## क्विक न्यूज

### विधान परिषद की 12 सीटों के लिए 28 को होगा मतदान

**लखनऊ।** यूपी में विधान परिषद की 12 सीटों पर चुनाव की तारीखों का ऐलान हो गया है। निर्वाचन आयोग ने पूरा कार्यक्रम जारी कर दिया। प्रत्याशी 11 से 18 जनवरी तक पर्चा दाखिल कर सकेंगे। 19 को नामांकन पत्रों की जांच और 21 को नाम वापसी होगी। मतदान 28 को सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक होगा। उसी दिन शाम पांच बजे से मतगणना भी शुरू हो जाएगी। जो 12 सीटें खाली हो रही हैं उनमें सपा के अहमद हसन, रमेश यादव, आशु मलिक, रामजतन राजभर, वीरेंद्र सिंह और साहब सिंह सैनी हैं। बीजेपी के डॉ. दिनेश शर्मा, स्वतंत्र देव सिंह और लक्ष्मण प्रसाद आचार्य हैं। बसपा के धर्मवीर सिंह अशोक, प्रदीप कुमार जाटव हैं जबकि नसीमुद्दीन सिद्दीकी कांग्रेस में शामिल हो चुके हैं।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नई दिल्ली में बुधवार को देश के गृहमंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की।

# धर्मांतरण कानून पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इंकार

● वैधता पर होगी सुनवाई, दो राज्यों को नोटिस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में विवाह के लिए धर्मान्तरण रोकने वाले कानूनों पर रोक लगाने से बुधवार को इनकार कर दिया। हालांकि, न्यायालय ने इन कानूनों के खिलाफ दायर याचिकाओं पर दोनों राज्य सरकारों को नोटिस जारी किए हैं। सर्वोच्च अदालत दोनों राज्यों में हाल ही में लागू किए गए इन कानूनों की वैधता पर विचार करेगी।

प्रधान न्यायाधीश एसए बोबडे, न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना और न्यायमूर्ति वी रामासुब्रमणियन की पीठ ने इन कानूनों को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा कि राज्य सरकारों का पक्ष सुने बगैर कोई आदेश नहीं दिया जा सकता। अधिवक्ता विशाल ठाकरे और अन्य तथा गैर सरकारी संगठन सिटीजन फार जस्टिस एंड पीस ने उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश 2020 और उत्तराखंड धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2018 की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी है। इन याचिकाओं पर सुनवाई शुरू होते ही सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय में पहले से ही यह मामला लंबित है।

इस पर पीठ ने याचिकाकर्ता से कहा कि उसे इलाहाबाद उच्च न्यायालय जाना चाहिए। एक याचिकाकर्ता ने जब यह कहा कि शीर्ष अदालत को ही इन कानूनों की वैधता पर विचार करना चाहिए तो पीठ ने कहा कि यह स्थानांतरण याचिका नहीं है जिसमें कानून से जुड़े सारे मामले वह अपने यहां मंगा ले। हालांकि, गैर सरकारी संगठन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सीयू सिंह ने न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) दीपक गुप्ता के एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि इसी तरह के कानून विभिन्न राज्यों में बनाए जा रहे हैं।



उन्होंने इन कानूनों के प्रावधानों पर रोक लगाने का अनुरोध करते हुए कहा कि लोगों को शादी के बीच से उठाया जा रहा है। पीठ ने कहा कि वह इन याचिकाओं पर नोटिस जारी कर दोनों राज्यों से चार सप्ताह के भीतर जवाब मांग रही है। सिंह ने जब कानून के प्रावधानों पर रोक लगाने पर जोर दिया तो पीठ ने कहा कि राज्यों का पक्ष सुने बगैर ही इसका अनुरोध किया जा रहा है। पीठ ने कहा कि ऐसा कैसे हो सकता है? उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्रिमंडल ने राज्य में कथित लव जिहाद की घटनाओं के परिप्रेक्ष्य में उप्र विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश, 2020 जारी किया था, जिसे राज्यपाल अनंदीबेन पटेल ने 28 नवंबर को अपनी संस्तुति प्रदान की थी।

इस कानून के तहत विधि विरुद्ध किया गया धर्म परिवर्तन गैर जमानती अपराध है। यह कानून सिर्फ अंतर–धार्मिक विवाहों के बारे में है लेकिन इसमें किसी दूसरे धर्म को अंगीकार करने के बारे में विस्तृत प्रक्रिया निर्धारित की गई है। इस कानून में विवाह के लिए छल कपट, प्रलोभन या बलपूर्वक धर्मांतरण कराए जाने पर अधिकतम 10 साल की कैद और जुर्माने का प्रावधान है। इसी तरह, उत्तराखंड धार्मिक स्वतंत्रता कानून, 2018 में छल कपट, प्रलोभन या बलपूर्वक धर्मांतरण कराने का दोषी पाए जाने पर दो साल की कैद का प्रावधान है।

# कोरोना वैक्सीनेशन से पहले 11 को फिर किया जाए ड्राई रन

## वैक्सीनेशन कार्य की सभी तैयारियों की गहन समीक्षा की जाए: सीएम योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने 11 जनवरी को कोरोना वैक्सीनेशन के सम्बन्ध में पुन: ड्राई रन आयोजित कर वैक्सीनेशन कार्य की सभी तैयारियों की गहन समीक्षा करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि कोविड-19 वैक्सीनेशन का कार्य भारत सरकार की गाइडलाइन्स के अनुरूप किया जाए। वैक्सीनेशन कार्य में केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित किये गये क्रम का प्रत्येक दशा में पूरी तरह पालन किया जाए।

मुख्यमंत्री ने अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि कोविड-19 वैक्सीनेशन के प्रथम चरण के टारगेट ग्रुप का डाटा फीड हो गया है। इसी प्रकार, द्वितीय चरण के टारगेट ग्रुप के डाटा फीडिंग की कार्यवाही प्राथमिकता पर की जाए। उन्होंने कोरोना वैक्सीनेशन के सम्बन्ध में सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड-19 से बचाव व उपचार की प्रभावी व्यवस्था बनाये रखी जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि कोविड चिकित्सालयों में औषधियों, मेडिकल उपकरणों तथा ऑक्सीजन की बैकअप सहित पर्याप्त उपलब्धता बनी रहे। उन्होंने कोविड-19 के टेस्टिंग कार्य को पूरी क्षमता से संचालित करने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण की चेन को तोड़ने में कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग तथा सर्विलान्स सिस्टम की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए यह कार्य पूरी सक्रियता से संचालित किये जाएं। उन्होंने लोगों को कोविड.19 से बचाव के सम्बन्ध में निरन्तर जागरूक किये जाने पर बल देते हुए कहा कि इसके लिए विभिन्न प्रचार माध्यमों के साथ-साथ पब्लिक एड्रेस सिस्टम का व्यापक स्तर पर इस्तेमाल किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 10 जनवरी से मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन पुन: प्रारम्भ किया जा रहा है। ग्रामीण तथा शहरी इलाकों के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर सम्पन्न होने वाले मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में लोगों को कोविड-19 से बचाव के बारे में विशेष रूप से जागरूक किया जाए। मुख्यमंत्री आरोग्य मेले के दौरान पात्र व्यक्तियों को आयुष्मान भारत योजना के कार्ड वितरित किये जाएं। वहीं अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि 11 जनवरी को 1500 केंद्रों पर एक साथ फाइनल पूर्वाभ्यास किया जाएगा।

## युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए समयबद्ध ढंग से काम करें

- धान खरीद की नियमित समीक्षा किये जाने के निर्देश
- निर्माणाधीन परियोजनाओं को समय पर पूर्ण करने के लिए निर्धारित टाइमलाइन के अनुरूप कार्य किया जाए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को शिक्षा व रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए कृतसंकल्पित है। इसके दृष्टिगत आजमगढ़ में राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना के सम्बन्ध में तेजी से कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार के विशेष अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार मिशन रोजगार संचालित कर रही है। उन्होंने मिशन रोजगार के माध्यम से युवाओं को व्यापक स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए कहा कि इसके लिए समयबद्ध ढंग से कार्यवाही की जाए।

अपने सरकारी आवास पर आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा करते हुएह सीएम ने एमएसपी के तहत धान खरीद कार्य को पूरी सक्रियता से संचालित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि किसानों को अपनी उपज बेचने में कोई असुविधा न हो। उन्होंने धान खरीद कार्य की नियमित समीक्षा किये जाने के निर्देश भी दिये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माणाधीन परियोजनाओं को समय पर पूर्ण करने के लिए निर्धारित टाइमलाइन के अनुरूप कार्य किया जाए। समस्त निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा नियमित तौर पर निर्माणाधीन परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया जाए। उन्होंने एक्सप्रेस-वे, हाई-वे तथा मेडिकल कॉलेज आदि के निर्माण से जुड़ी परियोजनाओं का कार्य तेजी से पूरा करने के निर्देश दिये हैं।



राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द से बुधवार को नई दिल्ली में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिष्टाचार भेंट की।

## बदायूं घटना के दोषियों को सख्त सजा दिलाये सरकार: मायावती

**लखनऊ।** बदायूं जिले में एक महिला के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म व हत्या की घटना को बसपा सुप्रीमो मायावती ने दु:खद बताया है। साथ ही राज्य सरकार से दोषियों को सख्त सजा दिलाने की मांग प्रदेश सरकार से की है। उन्होंने कहा है कि ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए राज्य सरकार को ठोस कदम उठाने चाहिए। बुधवार को सोशल मीडिया एकाउंट पर ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने लिखा कि उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले में एक महिला के साथ हुई सामूहिक दुष्कर्म व हत्या की घटना अति दु:खद व अति निन्दनीय। राज्य सरकार इस घटना को गंभीरता से ले व दोषियों को सख्त सजा दिलाना भी सुनिश्चित करे ताकि ऐसी घटना की पुनरावृति न हो, बीएसपी की यह माँग।

## धान खरीद में लापरवाही पर दो के खिलाफ एफआईआर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश के** खाद्य आयुक्त मनीष चौहान ने बताया कि धान खरीद में लापरवाही, अनियमितता पाये जाने पर राजीव कुलश्रेष्ठ, जिला खाद्य विपणन अधिकारी उन्नाव और जगत नारायण विपणन निरीक्षक कानपुर देहात के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराते हुये निलम्बित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा अरूण कुमार, विपणन निरीक्षक जनपद मऊ को आजमगढ़ सम्भाग से व विपिन श्रीवास्तव विपणन निरीक्षक लखनऊ सम्भाग से मिर्जापुर सम्भाग के लिये किये गये स्थानान्तरण का अनुपालन न करने पर व अनुशासनहीनता के आधार पर तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है। श्री चौहान ने बताया कि प्रदेश में अब तक कुल 71 एफआईआर तथा दो सम्भागीय खाद्य नियंत्रक, दो जिला खाद्य विपणन अधिकारी, दो जिला प्रबन्धक, पीसीयू, एक जिला प्रबन्धक, एसएफसी व एक मण्डी सचिव एवं 36 केन्द्र प्रभारी कुल 50 निलम्बन की कार्यवाही तथा 16 विभागीय कार्यवाही, 37 केन्द्र प्रभारियों के विरूद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि, 247 केन्द्र प्रभारियों को चेतावनी व 829 कर्मचारियों के विरूद्ध कारण बताओ नोटिस निर्गत किया गया।


कार्यालय उप निदेशक (निर्माण)
राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ0प्र0
नवीन मण्डी स्थल नौबस्ता हमीरपुर रोड, कानपुर

पत्रांक : नि0ख0का0(ई-टेण्डर)2021-2941 दिनांक 06-01-2021

निविदा सूचना (ई-टेण्डर)

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदायें दिनांक : 28.01.2021 को मण्डी परिषद में पंजीकृत, वित्तीय रूप से सुदृढ़ एवं अनुभवी ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक : 28.01.2021 के अपरान्ह 01:00 बजे तक वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर आनलाईन भर कर अपलोड की जायेगी तथा दिनांक : 28.01.2021 को अपरान्ह 03.00 बजे ई-टेण्डर के माध्यम से आनलाईन प्राप्त निविदाये उपनिदेशक (निर्माण), राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, कानपुर के कार्यालय में खोली जायेंगी। निविदादाता द्वारा वेबसाइट पर अपलोड किये गये समस्त बिड डाक्यूमेन्ट एवं पंजीकरण से सम्बन्धित आवश्यक प्रपत्र मूल रूप में दिनांक 28.01.2021 को अपरान्ह 2:00 बजे तक कार्यालय में जमा करना होगा। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है :-

| क्र0 सं0 | मण्डी का नाम | कार्य का नाम/टेण्डर आई0डी0 | निविदा शुल्क + GST | अनुमानित लागत (रू0 लाख) | धरोहर धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | पंजी-करण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कानपुर | सम्पर्क मार्ग उदयपुर माइनर से शंकरजी का मंदिर तक मरम्मत कार्य Tender Id-2021_RKUMP_543778_1) | 590.00 | 6.79 | 67,900 | 2 माह | "द" |
| 2 | कानपुर | सम्पर्क मार्ग पाण्डू नदी पुल से मडैया मर्दनपुर तक मरम्मत कार्य Tender Id-2021_RKUMP_543780_1) | 590.00 | 2.89 | 28,900 | 2 माह | "द" |
| 3 | कानपुर | सम्पर्क मार्ग मझावन रोड से अटवा सेनिया तक मरम्मत कार्य Tender Id-2021_RKUMP_543783_1) | 1180.00 | 42.81 | 4,28,100 | 4 माह | "स" |
| 4 | बरीपाल | सम्पर्क मार्ग दिवली श्योढारी मार्ग से। पतरसा दतारी तक मरम्मत कार्य Tender Id-2021_RKUMP_543785_1) | 590.00 | 10.77 | 1,07,700 | 2 माह | "द" |

**शर्त :-** 1. ई-निविदा के साथ निविदा मूल्य उपनिदेशक (निर्माण), राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद कानपुर के नाम भारतीय स्टेट बैंक नौबस्ता में संचालित अधिष्ठान खाता संख्या- 30394511570, IFSC code SBIN0002586 में तथा धरोहर धनराशि जमानत खाता संख्या-30394511831, IFSC code SBIN0002586 में जमा कर रसीद निविदा के साथ लोड की जायेगी तथा मूल प्रति हार्ड कापी के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। 2. शेष नियम व शर्ते कार्यालय में आकर देखी जा सकती हैं।

उपनिदेशक (निर्माण)



पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र मो0 शाकिर एवं उनकी पत्नी हिना वकील के दुराचरणों के कारण उनसे अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध समाप्त कर लिये है तथा अपने परिवार से बेदखल कर दिया है। जैतून बानो पत्नी स्व0 मो0 फारूख, नि0 76/376, कुली बाजार, कानपुर नगर।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल की अंक तालिका वर्ष 2010 अनुक्रमांक 1697726 और इंटरमीडिएट की अंक तालिका वर्ष 2013 का अनुक्रमांक 1237310 वास्तव में खो गया है। राहुल पुत्र रामसेवक, नई बस्ती सिकंदरपुरा, राठ (हमीरपुर) उ.प्र.।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरी हाई स्कूल की अंक तालिका वर्ष 2013 अनुक्रमांक 1918033 और इंटरमीडिएट की अंक तालिका वर्ष 2015 का अनुक्रमांक 1320674 वास्तव में खो गया है। अनिल कुमार पुत्र रामसेवक, नई बस्ती सिकंदरपुरा राठ, (हमीरपुर) उ.प्र.।

**सूचना**

मैं बेचालाल पुत्र स्वर्गीय भगवानदीन उम्र 70 साल 62 मोती नगर नाका जनपद लखनऊ का निवासी हूं। मैं अपने पुत्र मुन्नालाल को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं आज से मेरा मुन्नालाल से किसी तरह का कोई वास्ता नहीं रहेगा जो भी मुन्नालाल से किसी तरह का लेन-देन करेगा वह स्वयं इसका जिम्मेदार होगा।

**सूचना**

सूच्य हो कि मेरे यू0पी0 बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2003 अनुक्रमांक 2349978 एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2005 अनुक्रमांक 0393096 के अंकपत्र व प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गये है। राकेश कुमार वर्मा पुत्र लालता प्रसाद, निवासी-ग्राम पाल्हापुर, पोस्ट-बसारा, थाना व तहसील - महोली, जिला - सीतापुर।

**सूचना**

मेरा फार्मासिस्ट रजिस्ट्रेशन का रिनीवल ग्रीन बुक रजिस्ट्रेशन नं0 42602 खो गया है। अमरनाथ पुत्र कुमारिका बक्स ग्राम बरगदहिया थाना हरैय्या, बस्ती मोबाइल नं0 8168143654

**सूचना**

मैं चंद्रकला अग्रवाल, पत्नी स्व0 शम्भू नाथ अग्रवाल, 21 कमला नेहरू रोड, इलाहाबाद 211002 सूचित करती हूँ कि मेरे फ्लैट नम्बर 3, ब्लाक 1, एम आई जी हाउसिंग स्कीम, नगर निगम नम्बर 108/21ए/3, एम जी मार्ग इलाहाबाद 211001 के लीज एवं सेल डीड के मूल कागजात दिनांक 23.7.2020 को बैंक आफ इंडिया सुलेमसराय, इलाहाबाद को सौंपने हेतु जाते समय कहीं खो गए हैं।


## 18 से 17 फरवरी तक चलेगा सड़क सुरक्षा अभियान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत इस माह 18 जनवरी से 17 फरवरी तक प्रदेश व्यापी सड़क सुरक्षा अभियान चलाये जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए आम जन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए विस्तृत रूपरेखा तैयार कर कार्रवाई किए जाने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने यूपी.112 को भी इस अभियान से जोड़ने के लिए कहा है। अपर मुख्य सचिव, गृह अवनीश कुमार अवस्थी एवं प्रमुख सचिव परिवहन राजेश कुमार ने लोक भवन स्थित कमाण्ड सेण्टर में एक संयुक्त उच्चस्तरीय बैठक में आगामी सड़क सुरक्षा के संबंध में जागरुकता बढ़ाने के प्रयासों पर विस्तृत चर्चा की। अभियान को सफल बनाने के लिए एनसीसी, एनएसएस तथा एनजीओ आदि का भी सहयोग प्राप्त किया जाएगा। बैठक में गृह विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों के अलावा चिकित्सा, शिक्षा, पंचायती राज विभाग तथा सड़क निर्माण से जुड़ी सभी निर्माण एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। अभियान के दौरान सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी हेतु उसके व्यापक प्रचार प्रसार के निर्देश दिए गए ताकि आम लोगों को इस संबंध में अधिकाधिक जागरूक किया जा सके। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यथा आवश्यक स्थलों पर रोड इंजीनियरिंग का प्रयोग कर चौराहों का निर्माण कराने तथा अवैध कट बन्द कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## लापरवाही बरतने वालों को बख्शा नहीं जाएगा: नंदी

- शिया और सुन्नी वक्फ बोर्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों को दी गई प्रतिकूल प्रविष्टि, दोनों बोर्डों के अधिवक्ताओं को तत्काल हटाने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अल्पसंख्यक** कल्याण एवं मुस्लिम वक्फ मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने विभागीय कार्यों में उदासीनता और लापरवाही बरतने पर दो अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि शिया वक्फ बोर्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉक्टर मोहम्मद नसीर हुसैन तथा सुन्नी वक्फ बोर्ड के सीईओ सैयद मोहम्मद शोएब अहमद द्वारा अपने कार्यों में कोई दिलचस्पी नहीं ली जा रही थी। वक्फ बोर्डों के कार्यों में लंबे समय से हीला हवाली इनके द्वारा बरती जा रही थी। उन्होंने शिया और सुन्नी वक्फ बोर्ड के अधिवक्ताओं को भी हटाए जाने के निर्देश दिए।

श्री नंदी बुधवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में अल्पसंख्यक कल्याण एवं मुस्लिम वक्फ विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अल्पसंख्यक कल्याण कार्यक्रमों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है और इसमें किसी भी प्रकार की हीला हवाली नहीं बर्दाश्त की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि अल्पसंख्यक कल्याण से संबंधित जो मामले भारत सरकार में लंबित हैं उन्हें तत्काल पैरवी करके स्वीकृत कराकर उन्हें प्राथमिकता से लागू करने की व्यवस्था की जाए। श्री नंदी ने इस बात पर भी गहरी नाराजगी जाहिर की कि प्राविधिक और व्यवसायिक शिक्षा विभागों के पास आईटीआई और पॉलिटेक्निक के उपकरण और मशीनरी क्रय करने की धनराशि वर्षों से पड़ी हुई है। विभाग द्वारा न तो धनराशि खर्च की गई न ही उपकरण क्रय किए गए और न ही धन वापस किया गया। यह स्थिति अच्छी नहीं है इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

उन्होंने कहा कि ऐसे मामले जिनमें उपकरण का पैसा विभाग को नहीं भेजा गया है उनको निदेशालय द्वारा जेम पोर्टल के माध्यम से उपकरण खरीद का कार्य सुनिश्चित किया जाए। श्री नंदी ने कहा कि लॉकडाउन के समय वित्त विभाग द्वारा कई फाइलों पर छोटी छोटी आपत्ति लगाई गई थी। उन आपत्तियों का निस्तारण आज तक नहीं किया गया जिसका कारण स्पष्ट किया जाए। उन्होंने अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की विभिन्न परियोजनाओं के निर्माण स्तर के भौतिक प्रगति को ऑनलाइन मैप के माध्यम से देखे जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन और मैप के लिंक को अपडेशन किया जाए और उसकी जियो टैगिंग की जाए। उन्होंने कहा कि पिछली दो बैठकों में भी हमने आवश्यक निर्देश दिए थे किंतु उनका संज्ञान नहीं लिया गया।

## महिला सुरक्षा पर यूपी सरकार की नीयत में खोट: प्रियंका गांधी

**लखनऊ।** कांग्रेस महासचिव एवं प्रभारी उप्र प्रियंका गांधी ने बदायूं में महिला से गैंगरेप के बाद क्रूरतापूर्वक की गयी हत्या पर गहरा रोष प्रकट किया है। उन्होंने ट्वीट कर कहा है कि हाथरस में सरकारी अमले ने शुरूआत में फरियादी की नहीं सुनी, सरकार ने अफसरों को बचाया और आवाज को दबाया, बदायूं में थानेदार ने फरियादी की नहीं सुनी, घटनास्थल का मुआयना तक नहीं किया। महिला सुरक्षा पर यूपी सरकार की नियत में खोट है।

वहीं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि बदायूं जनपद के थाना उघैती अन्तर्गत हुई आंगनबाड़ी सहायिका के साथ गैंगरेप और पीड़िता के साथ की गयी क्रूरता एवं नृशंस हत्या की घटना ने एक बार फिर मानवता को शर्मसार किया है। यह घटना जहां योगी सरकार में प्रदेश की ध्वस्त हो चुकी कानून व्यवस्था को उजागर करती है वहीं यह घटना सभ्य समाज के माथे पर बदनुमा दाग है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में अपराधियों के हौसले इसलिए बुलन्द रहते हैं कि इस प्रकार की जब जघन्य और अपमानजनक घटनाएं घटती हैं और कांग्रेस पार्टी व मीडिया मुद्दों को उठाती है तब सरकार दोषियों को दण्डित करने के बजाए कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं और मीडिया को कुचलने में जुट जाती है। ऐसे में अपराधियों का मनोबल बढ़ता है और घटनाओं की पुनरावृत्ति को प्रोत्साहन मिलता है।


कार्यालय नगर पंचायत नवाबगंज, जनपद-उन्नाव

पत्रांक : 862/न0पं0नवा0/वि0 नामान्तरण 2020-21 दिनांक : 05 जनवरी, 2021

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रकाशित सूची में कालम सं0 02 में अंकित प्रार्थनापत्र दाता का नाम कालम सं0 03 में दर्ज किया जाना है निम्न लिखित नामान्तरण के विरुद्ध यदि किसी को आपत्ति हो तो वह प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अपनी आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्रार्थी/आवेदक का नाम दर्ज कर दिया जायेगा। इसके उपरान्त कार्यालय नगर पंचायत नवाबगंज, उन्नाव की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

| क्र0 सं0 | नामान्तरण हेतु प्रार्थी/आवेदक का नाम | विक्रीत प्लाट/कार्यालय नगर पंचायत अभिलेख में दर्ज भवन/अध्यासी का नाम | भवन सं0/मोहल्ला/वार्ड सं0 जिस पर आवेदक नामान्तरण हेतु आवेदन किया | नामान्तण का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | कुलदीप पुत्र मंगली निवासी वक्वलीखेड़ा नवाबगंज, परगना झलोतर, अजगैन, तहसील हसनगंज, उन्नाव। | आनेन्दश्री पत्नी राम भरोसे व राहुल पुत्र रामभरोसे व वेदांश व दियांश नाबालकि पुत्रगण राजेश बाहैसियत संरचिका सगी माता व स्वयं नीतू पत्नी राजेश, साकिन पछियांव नवाबगंज, हाल मुकाम, एल0आई0जी0, बर्रा-15, कानपुर नगर, व वेदांशी नाबालकि व अदया नाबालकि, पुत्रगण अखलेश बाहैसियत संरचिका सगी माता व स्वयं दिव्या पत्नी अखलेश पुत्री रामकुमार, हाल मुकाम- साकिन पछियांव, नवाबगंज हाल मुकाम 585 सेडियम रोड़, सतेश्वर, औरेया। | दुर्गागंज | रजिस्ट्री |
| 2 | कौशल्या देवी पत्नी ईश्वरदीन, नि0 ग्राम भितरेपार, परगना गोरिन्दा परसंदन, तहसील हसनगंज, उन्नाव। | दिनेश कुमार व अनूप कुमार व सुशील कुमार पुत्रगण चन्द्रप्रकाश, निवासी पछियांव, परगना झलोतर, अजगैन, तहसील हसनगंज, उन्नाव। | पछियांव | रजिस्ट्री |
| 3 | यादव पुत्र छोटेलाल यादव ग्राम मौहारी, पो0 जैतीपुर, परगना गोरिन्दा परसंदन, तहसील हसनगंज, उन्नाव। | हरीशंकर द्विवेदी पुत्र सुखदेव प्रसाद द्विवेदी, नि0 नवाबगंज, परगना झलोतर, अजगैन, तहसील हसनगंज, उन्नाव। | दुर्गागंज | रजिस्ट्री |
| 4 | शिवानी गुप्ता पत्नी मयंक कुमार गुप्ता, निवासिनी सदर बाजार नवाबगंज, परगना झलोतर, अजगैन, तहसील हसनगंज, उन्नाव। | रानी पुत्री लक्ष्मीनारायण, निवासिनी सदर बाजार नवाबगंज, परगना झलोतर, अजगैन, तहसील हसनगंज, उन्नाव। | पुराना बस स्टाप संगीता होटल वाली गली | रजिस्ट्री |
| 5 | कुलदीप पुत्र भईयालाल निवासी ग्राम भांडी, जिला उन्नाव। | स्वदेश कुमार पुत्र राम नरायण, निवासी नवाबगंज, परगना झलोतर, अजगैन, तहसील हसनगंज, उन्नाव। | बंगला | रजिस्ट्री |
| 6 | दिनेश कुमार मिश्र पुत्र अनिल कुमार, निवासी वार्ड नं0 02, संतोषी माता वाली गली, नवाबगंज, परगना झलोतर, अजगैन, तहसील हसनगंज, उन्नाव। | उमा शंकर गुप्ता पुत्र बाबूराम, निवासी वार्ड नं0 02, संतोषी माता वाली गली, नवाबगंज, परगना झलोतर, अजगैन, तहसील हसनगंज, उन्नाव। | झखरी संतोषी माता वाली गली | रजिस्ट्री |
| 7 | जीतू व राहुल पुत्रगण स्व0 राधेश्याम, निवासी वार्ड नं0 02, झखरी, संतोषी माता वाली गली, नवाबगंज, परगना झलोतर, अजगैन, तहसील हसनगंज, उन्नाव। | मकान नामान्तरण स्व0 रामश्री पत्नी स्व0 राधेश्याम मृतक के स्थान पर | मकान/प्लाट झखरी, नवाबगंज गली | मकान नामान्तरण हेतु साक्ष्य |

(तुफैल अहमद खाँ) प्रभारी कर समाहर्ता न0पं0 नवाबगंज, उन्नाव
(अनिल कुमार) अधिशासी अधिकारी न0पं0 नवाबगंज, उन्नाव
(दिलीप लश्करी) न0पं0 नवाबगंज, उन्नाव


## खलीलाबाद से म्यांमार का रोहिंग्या अजीजुल्लाह गिरफ्तार

- एटीएस ने कई जिलों में मारे छापे, कई दस्तावेज बरामद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



अजीजुल्लाह



प्रेस वार्ता करते अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था

**आतंकवाद** निरोधक दस्ते (एटीएस) ने रोहिंग्या मुसलमानों की तलाश और टेरर फंडिंग के नेटवर्क का पता लगाने के लिए बुधवार को एक साथ कई जिलों में छापेमारी की। छापे की यह कार्रवाई संतकबीरनगर स्थित खलीलाबाद, बस्ती और अलीगढ़ जिले में की गई। इस छापेमारी के दौरान एटीएस ने खलीलाबाद से म्यांमार के रहने वाले अजीजुल हक उर्फ अजीजुल्लाह गिरफ्तार किया। एटीएस के अनुसार आरोपी के बैंक खातों में कई स्रोतों से रक़म आई है। आरोपी के फोन की गहन पड़ताल की जा रही है। आरोपी ने फर्जी कागज़ातों पर दो भारतीय पासपोर्ट बनवाए थे। इसके पास से दो भारतीय पासपोर्ट, 3 आधार कार्डए एक पैन कार्ड, तीन डेबिट कार्ड, राशन कार्ड और 5 बैंकों की पासबुक मिली हैं। ये मूल रूप से म्यांमार में नयाफारा, थाना बुलिडंग्र जिला आक्याब रखाइन का रहने वाला है और इस समय संत कबीर नगर में नौरो गांव, पोस्ट व थाना बखिरा, चमरसन में रह रहा था।

अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने पुलिस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बताया कि एटीएस को सूचना मिली थी कि म्यांमार निवासी रोहिंग्या अवैध रूप से भारत में प्रवेश करके सिद्धार्थनगर, संतकबीर नगर में रह रहा है। पता चला कि म्यांमार के रहने वाले इस शख्स ने दो पासपोर्ट भी फर्जी राशन कार्ड, मार्कशीट और प्राथमिक पाठशाला के ट्रांसफर सर्टिफिकेशट के आधार पर बनवाए हैं। इन पासपोर्ट पर इसने सऊदी अरब और बांग्लादेश की यात्रा की। पता चला है कि अजीजुल्लाह के खाते में विभिन्न व्यक्तियों, फर्मों और विदेशों से भी काफी पैसा आया है, जिसकी जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि यूपी एटीएस दूसरे राज्यों में भी जांच कर रही है, जिससे अजीजुल्लाह के सहयोगियों का विवरण और साक्ष्य संकलित किए जा सकें। वहीं अभियुक्त से मिली जानकारी पर यूपी के कई अन्य जिलों में भी दबिश दी जा रही है और संदिग्ध लोगों से पूछताछ की जा रही है। एटीएस द्वारा कई अन्य प्रान्तों से भी जांच पड़ताल की जा रही है जिससे अभियुक्त के सहयोगियों का विवरण एवं साक्ष्य संकलित किए जा सकें। अभियुक्त के द्वारा दी गयी सूचना के आधार पर उत्तर प्रदेश के कई अन्य जनपदों में भी दबिश दी जा रही है और कई और संदिग्धों से भी पूछताछ की जा रही है।


कार्यालय नगर पालिका परिषद कन्नौज

पत्रांक-2899/नि0अनु0न0पा0परि0(क0)/2020-21 दिनांक-05.01.2021

अल्प कालीन ई-निविदा सूचना

प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश नगर विकास के शासनादेश संख्या 3890/नौ-5-19-149सा/2019 नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 20, सितम्बर 2019 एवं शासनादेश-संख्या-3/2017/1067/78-2-2017-42 आईटी0/2017 अनुभाग-2 दिनांक 12-06-2017 तथा निदेशक स्थानीय निकाय निदेशालय सेक्टर-7 गोमती नगर विस्तार उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक संख्या तक0 सेल/07/निदे0/2019 दिनांक 28, जून 2019 के कम में समस्त ठेकेदार/कान्ट्रेक्टर्स/बेन्डर्स को सूचित किया जाता है सालिड वेस्ट मैनेजमेन्ट नियमावली 2016 के प्रस्तर-15 (ज) पर निकाय में मैटेरियल रिकवरी फैसेलिटी (MRF) अधिष्ठापित किया जाना है। जिसका मानवीकृत ड्राइंग डिजाइन, प्राक्कलन निविदा के साथ संलग्न है। स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अन्तर्गत ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन में मैटेरियल रिकवरी फैसेलिटी (MRF) के अर्नतगत प्राप्त धनरशि से www.etender.up.nic.in पर सफाई अनुभाग की निविदाएं आमंत्रित की जाती है, ठोस अपशिष्ठ प्रवधन में मैटेरियल रिकवरी फैसेलिटी (MRF) के निर्माण हेतु प्राप्त धनराशि से निविदा आमंत्रित की जाती है जो निम्न टेण्डर शेड्यूल पर होगी। उक्त निविदाये www.etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है तथा नगर पालिका परिषद कन्नौज की वेवसाईट www.nppkannauj.in पर देखी जा सकती।

टेण्डर शेड्यूल (www.e-tender.up.nic.in)

| क्र. सं. | नगर पालिका | | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Tender Release | | | |
| | | Tender Download | 06-01-2021 16:00 | 18-01-2021 13:00 |
| | | Bid Submission | 06-01-2021 16:00 | 18-01-2021 13:00 |
| | Bid Opening | | 18-01-2020 14:00 | |

अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, कन्नौज
अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, कन्नौज


सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# सट्टा खेलते 32 लोग गिरफ्तार



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**हसनगंज** क्षेत्र के चरही डालीगंज स्थित एक मकान में काफी दिनों से खेले जा रहे जुए का भंडाफोड़ कर पुलिस ने मौके से 32 सटोरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में सट्टा पर्ची व नकदी बरामद की है।

पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर के निर्देशन में अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत हसनगंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चरही डालीगंज स्थित एक मकान पर छापेमारी कर मौके से 32 सटोरियों को पकड़ने में कामयाबी हासिल की है।

### मौके से भारी मात्रा में सट्टा पर्ची व हजारों की नकदी बरामद

अपर पुलिस उपायुक्त उत्तरी राजेश श्रीवास्तव के मुताबिक इस बात की सूचना मिली कि हसनगंज क्षेत्र चरही डालीगंज निवासी राजू अग्रवाल नाम के शख्स के मकान में किराए पर रहने वाला जीतू उर्फ हिमांशु जायसवाल मोटी रकम लेकर जुआ खेलवाता है। इस संबंध में सहायक पुलिस आयुक्त क्राइम टीम व इंस्पेक्टर अमरनाथ वर्मा को निर्देश दिए गए। अधिकारियों का फरमान मिलते ही क्राइम टीम व हसनगंज पुलिस की संयुक्त टीम ने बुधवार को मुखबिर द्वारा बताए गए उक्त मकान पर छापेमारी की और मौके से 32 जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया।

अपर पुलिस उपायुक्त उत्तरी राजेश श्रीवास्तव का कहना है कि मौके से 47,420 रुपए की नकदी एवं सट्टा लगाने वाली पर्ची बरामद की गयी है। पुलिस के मुताबिक चरही डालीगंज निवासी राजू अग्रवाल ने जीतू उर्फ हिमांशु जायसवाल नाम के शख्स को अपना मकान किराए पर दे रखा है, जो इस मकान में काफी दिनों से जुआ खेलता और खेलवाता था। पुलिस के मुताबिक इस गिरोह में कितने लोग और शामिल हैं इसकी जानकारी एकत्र की जा रही है।

# इंदिरानगर आजाद मार्केट की 12 दुकानें सील

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शहर** में हाउस टैक्स के बड़े बकायादारों पर नगर निगम द्वारा कड़ी कार्रवाई की गयी। कर अधीक्षक द्वारा इंदिरानगर की आजाद मार्केट में हाउस टैक्स की बकायादारी पर 12 दुकानों को सील कर दिया गया। वहीं दुकान संख्या 628/ एस 6/7 सहित 1.60 लाख रुपए की बकाएदारों से वसूली की गयी। अभियान के दौरान जोनल अधिकारी ने चार आंशिक दुकानों से भुगतान कर दुकानों को मोहलत दी।

बुधवार को इंदिरानगर के बड़े बकायादार जोनल अधिकारी चन्द्रशेखर यादव ने जोन 7 में गृहकर बकायेदारों के विरुद्ध कुर्की अभियान चलाया। लंबे समय से वार्ड मैथिलीशरण गुप्त स्थित आजाद मार्केट में संचालित शॉप में कई दुकानदारों ने हाउस टैक्स जमा नहीं किया था, जिससे दुकानदारों पर भारी बकाएदारी चढ़ गयी। कर अधीक्षक के अनुसार दुकानदारों ने हाउस टैक्स जमा नहीं किया था, जिससे उन पर भारी बकाएदारी चढ़ गयी। कर अधीक्षक के अनुसार दुकान संख्या 628/एस-6/7 बकाया रुपए 1,45,246.13 दुकान संख्या 628/एस-6/259 बकाया रुपए 1,29,786.86 दुकान संख्या 628/एस-6/257 बकाया रुपए 1,51,967.28 लेखराज डॉलर स्थित दुकान संख्या जीएफ-1020, 1021, 1022 बकाया 61,649.00



शॉप संख्या 2 द्वितीय तल बकाया रुपए 60,324.00 दुकान संख्या जीएफ-519 बकाया रुपए 50,364.42 दुकान संख्या जीएफ.-520 बकाया 50,364.42 दुकान संख्या 523 बकाया 76,264.32 फ्रेंड्स मार्केट में संचालित दुकान संख्या-06 बकाया रुपए 3,08,203.74 दुकान संख्या-18 बकाया रुपए 3,83,824.57 दुकान संख्या-19 बकाया 3,83,824.57 दुकान संख्या-20 बकाया 3,83,824.57 जमा न होने के कारण कुल 12 दुकानों को सील कर दिया गया। साथ ही चार व्यवसायिक भवनों से आंशिक भुगतान के रूप में रुपए 1,60,000 मौके पर जमा कराया गया। अभियान में कर अधीक्षक आर एस कुशवाहा, राजस्व निरीक्षक अशोक सिंह और नगर निगम जोन 7 के दूसरे स्टाफ मौके पर उपस्थित रहे।

## गरजा बुलडोजर, सवा करोड़ की सरकारी जमीन कराई खाली

संवाददाता। मोहनलालगंज

**समेसी** में रियल एस्टेट कम्पनी ने पशुचर भूमि पर अवैध कब्जा कर रोड बना डाली। लोगों को बिक्री करने के लिए प्लाट भी काट दिए। जबकि कई लोग पशुचर भूमि पर अतिक्रमण कर खेती कर रहे थे। शिकायत मिलने पर बुधवार को प्रशासन का बुलडोजर गरजा तो कुछ घण्टे में ही तीन हेक्टेअर से अधिक पशुचर भूमि से अवैध कब्जा खाली करा लिया गया। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान एसडीएम विकास कुमार सिंह खुद मातहतों के साथ मौजूद रहे। राजस्व निरीक्षक अंकिता पाण्डेय ने बताया अभियान के दौरान एक करोड़ से अधिक कीमत की तकरीबन सवा तीन हेक्टेअर पशुचर भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई गई। अवैध कब्जेदार प्लाटिंग कम्पनी समेत अन्य लोगों के विरुद्ध एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी।



# एसएमयू में 11 तक हॉस्टल के लिए करना होगा आवेदन

**लखनऊ।** डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में पढ़ाई कर रहे स्नातक व परास्नातक कोर्सेज के सभी दिव्यांग स्टूडेंट्स 11 जनवरी तक हॉस्टल आवंटन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर अपने डॉक्यूमेंट अपलोड कर सकते हैं। महिला हॉस्टल के आवंटन के रजिस्ट्रेशन के लिए भी ऑनलाइन आवेदन करना होगा।विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से जारी निर्देश में कहा कि यूजी-पीजी कोर्सेज के स्टूडेंट्स को हॉस्टल आवंटन के लिए रजिस्ट्रेशन कराना हैं, उनको आवेदन के समय ही कोविड.19 का शपथ पत्र व माता पिता के द्वारा जारी सहमति पत्र, कोर्स की फीस रसीद, हॉस्टल चालान फीस 2019-20 व दिव्यांगता प्रमाण पत्र आदि दस्तावेजों को ऑनलाइन अपलोड करना होगा। इस सम्बन्ध में और अधिक जानकारी यूनिवर्सिटी की वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं।

## बीएससी नर्सिंग व पैरामेडिकल की परीक्षाएं 15 से

**लखनऊ।** डॉ शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय से संबंद्ध कॉलेज टीएस मिश्रा कॉलेज ऑफ नर्सिंग की बीएससी नर्सिंग व पैरामेडिकल साइंस की वर्षिक परीक्षाएं 15 जनवरी से शुरू होंगी। पहले ये परीक्षाएं 7 जनवरी से होने वाली थी। विवि के परीक्षा नियंत्रक डॉ. अमित कुमार राय ने बताया कि संबंधित पाठ्यक्रम का परीक्षा कार्यक्रम विवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि कोविड.19 को देखते हुए विवि को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

## राजधानी में 118, सूबे में कोरोना के 742 नए केस

**लखनऊ।** राजधानी में कोरोना वायरस का संक्रमण बरकरार है। बुधवार को राजधानी में कोरोना के 118 नए केस सामने आए हैं तो सूबे में 742 नए मरीज पाए गए हैं। सूबे में 11939 केस एक्टिव हैं तो वही राजधानी में 2418 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 8441 मरीजों की और राजधानी में 1121 की मौत हो चुकी है। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 1,46,924 सैम्पल की जांच की गयी। प्रदेश में अब तक कुल 2,47,41,829 सैम्पल की जांच की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोना से संक्रमित 1067 नये मामले आये हैं। प्रदेश में 11,939 कोरोना के एक्टिव मामले में से 4,666 लोग होम आइसोलेशन में हैं। 3,44,868 लोग होम आइसोलेशन में है तथा 3,40,202 लोगों ने होम आइसोलेशन की अवधि को पूर्ण कर लिया है।

## दारोगा का फेसबुक एकाउंट हैक

**लखनऊ।** साइबर जालसाज लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट के लिए बड़ी मुसीबत बनते जा रहे हैं। आमजन से लेकर पुलिसकर्मियों को भी निशाना बनाने में कोई परहेज नहीं कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला वजीरगंज कोतवाली में तैनात दारोगा पीएन सिंह के साथ घटित हुआ है। साइबर ठगों ने दारोगा का फेसबुक एकाउंट हैक कर फ्रेंड लिस्ट में शामिल लोगों को मैसेज भेज कर रुपये की मांग की है। हालांकि समय रहते दारोगा को जानकारी होने पर हैकर अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो पाये।

# अभ्यर्थियों ने भीख मांग जताया विरोध



## 69000 शिक्षक भर्ती मामले में एससीईआरटी पर अभ्यर्थियों ने किया प्रदर्शन

**लखनऊ।** 69000 शिक्षक भर्ती में संशोधन की मांग को लेकर बुधवार को असंतुष्ट अभ्यर्थियों ने निशातगंज रोड पर भीख मांगकर विरोध जताया। अभ्यर्थियों की मांग है कि इनके मूल अभिलेखों को देखते हुए प्राप्तांक ज्यादाध्पूर्णांक कमध् पुरूष.महिला आदि में हुई मानवीय त्रुटि को दूर करने का शासनादेश निर्गत करें।इस मांग को लेकर विगत 31 दिनों से शिक्षक अभ्यर्थी राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण (एससीईआरटी) के पीछे राजकीय बालिका इंटर कालेज निशातगंज के मैदान में धरना दे रहे हैं। इलाहाबाद से आये अभ्यर्थी शिक्षक अमर बहादुर गौतम का कहना है कि शिक्षक को विश्व गुरू की संज्ञा दी जाती है लेकिन आज वे सड़क पर दर दर घूमकर भीख मांगने को मजबूर हैं। शासन को अभ्यर्थियों की मांग पर ध्यान देते हुए संशोधन का मौका देना चाहिये ताकि नियुक्ति का लाभ मिल सकें। अभ्यर्थी शिक्षक संदीप सिंह ने बताया कि अब तो लगातार आंदोलनरत रहने से पैसे की दिक्कत आ रही है और धरना देने के दौरान रहने और खाने की समस्या भी खड़ी हो रही है। विरोध प्रदर्शन के दौरान अमर बहादुर गौतम, बबली पाल, आशुतोष श्रीवास्तव, संदीप सिंह, कुमुद श्री, अनिल कुमार, अमित कुमार, प्रीति कुमारी और सौरभ राय सहित बड़ी संख्या में अभ्यर्थी उपस्थित रहें।

## हरदोई के दो पुलिस अफसरों के खिलाफ वारंट

विधि संवाददाता। लखनऊ

**हत्या** के एक आपराधिक मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने हरदोई के थाना अतरौली के क्षेत्राधिकारी के खिलाफ वारंट जारी करने का आदेश दिया है। पीठ ने इस मामले के विवेचक के खिलाफ भी जमानती वारंट जारी करते हुए इन्हें 13 जनवरी को उपस्थित होने का आदेश दिया है। जस्टिस दिनेश कुमार सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश रीना देवी की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। पीठ ने पिछली सुनवाई के दौरान पाया था कि हत्या के इस मामले में याचिकाकर्ता के खिलाफ सिर्फ आईपीसी की धारा 120बी के तहत चार्जशीट दाखिल की गई है।

## टीवी सीरियल के खिलाफ दाखिल याचिका खारिज

**टीवी** सीरियल नमक इश्क का पर प्रतिबंध लगाने की मांग वाली एक जनहित याचिका बुधवार को हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने खारिज कर दी। हालाकि पीठ ने याचिका दाखिल करने वाले को अपनी शिकायत सक्षम प्राधिकारी के समक्ष दाखिल करने की छूट प्रदान कर दी है। चीफ जस्टिस गोविंद माथुर एवं जस्टिस रमेश सिन्हा की पीठ ने यह आदेश कल्चरल क्रेस्ट सोसाइटी की याचिका पर दिया है।

## वकील की संदेहास्पद मौत की जांच की मांग

**बीते** मंगलवार को गोमतीनगर विस्तार इलाके में वकील सर्वेन्द्र कुमार मौर्या की ट्रेन से कटकर हुई मौत की जांच कराने की मांग की गई है। सेंट्रल बार एसोसिएशन ने इसके साथ ही उनके परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग भी मुख्यमंत्री से की है। इस सदर्भ में सीबीए के महासचिव संजीव पांडेय ने मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित किया है। उन्होंने पत्र में सर्वेन्द्र की मौत को संदेहास्पद बताते हुए मुख्यमंत्री से अधिवक्ता हित में इसकी जांच कराने की मांग की है।

# कैश वैन के गार्ड की बंदूक से चली गोली, तीन घायल

**लखनऊ** । अमीनाबाद इलाके में सुरक्षा गार्ड की लापरवाही से उसकी बंदूक से गोली चल गयी जिसमे तीन राहगीर घायल हो गए । कैश वैन के सुरक्षा गार्ड की बंदूक से गोली चलने के बाद आस पास अफरा-तफरी मच गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची अमीनाबाद पुलिस ने लापरवाह गार्ड को हिरासत में लेकर उसकी बंदूक को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस के मुताबिक कुल तीन लोगों को छर्रे लगने की वजह से चोटे आई हैं जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। जानकारी के मुताबिक अमीनाबाद थाने के लाटूश रोड पर लगी एटीएम मशीन में बुधवार को ओम सिक्योरिटी सर्विसेज की कैश वैन एटीएम में पैसा डालने आयी थी। काम पूरा होने के कैश वैन चल दी लेकिन सुरक्षा गार्ड उसमें सवार नही हो पाया। सुरक्षा गार्ड राधे श्याम कैश वैन के पीछे दौड़ कर वैन में चढ़ने के प्रयास करने लगा तभी वह फिसलकर जमीन पर गिर गया और उसकी बंदूक भी गिर गई । बंदूक गिरते ही गोली चल गई। बंदूक से चली गोली से वहां से गुजर रहे तीन राहगीर अब्दुल हक ,खलीक और ऋषभ घायल हो गए। 3 लोगों के गोली लगने से घायल होने की खबर के बाद पुलिस महकमे में भी हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची अमीनाबाद पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा और लापरवाह गार्ड राधेश्याम को हिरासत में लेकर उसकी बंदूक को अपने कब्जे में ले लिया है। इंस्पेक्टर अमीनाबाद धर्मेंद्र यादव के मुताबिक गोली गार्ड की बंदूक से लापरवाही वश चली, इसकी जांच की जा रही है। एसीपी कैसरबाग पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## लेफ्टिनेंट जनरल संदीप मुखर्जी ने संभाला पदभार



**लखनऊ।** लेफ्टिनेंट जनरल संदीप मुखर्जी ने सेना चिकित्सा कोर (एएमसी) केंद्र एवं कॉलेज लखनऊ के सेनानायक और एएमसी अभिलेख प्रमुख का पदभार संभाला लिया है। वर्तमान पद संभालने से पहले लेफ्टिनेंट जनरल संदीप मुखर्जी मुख्यालय पश्चिमी वायु कमान में प्रधान चिकित्सा अधिकारी के रूप में तैनात थे। पदभार संभालने के बाद लेफ्टिनेंट जनरल संदीप ने 5 जनवरी 2021 को सेना चिकित्सा कोर (एएमसी) केंद्र एवं कॉलेज लखनऊ के युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्र की सेवा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। लेफ्टिनेंट जनरल संदीप मुखर्जी ने 17 दिसंबर 1983 को सेना चिकित्सा कोर में कमीशन प्राप्त किया है। उन्होंने अपनी एमबीबीएस की डिग्री और एमडी की डिग्री पुणे के प्रतिष्ठित सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज से हासिल की है। लेफ्टिनेंट जनरल मुखर्जी अपने लंबे और शानदार करियर में सशस्त्र बलों की विभिन्न प्रशासनिक और पेशेवर पदों पर काम कर चुके हैं। उन्होंने पुणे के सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज में प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष, सामुदायिक चिकित्सा के साथ साथ मुख्यालय मध्य वायु कमान और मुख्यालय पूर्वी कमान मेंभी प्रिंसिपल मेडिकल ऑफिसर के रूप में काम किया है।

## मंत्री ने किया लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन प्लांट का लोकार्पण



**लखनऊ।** चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बुधवार को शहीद पथ स्थित डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के राम प्रकाश गुप्ता मेमोरियल मातृ एवं शिशु रेफरल चिकित्सालय में लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन प्लांट एवं अपग्रेडेड ऑक्सीजन मैनीफोल्ड सिस्टम का लोकार्पण किया। इस अवसर पर राज्य मंत्री चिकित्सा शिक्षा संदीप सिंह एवं अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा डॉ रजनीश दुबे भी उपस्थित थे। चिकित्सा शिक्षा मंत्री द्वारा कार्यक्रम के दौरान पांच चिकित्सकों को अच्छे कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

## एसटीएफ ने मानव सम्पदा पोर्टल को साझा करने की मांगी अनुमति

**लखनऊ।** बेसिक शिक्षा में अनामिका का प्रकरण सामने आने के बाद फर्जी शिक्षकों की जांच कर रही एसटीएफ ने राज्य सरकार से मानव सम्पदा पोर्टल को साझा करने की मांग की है। विभाग की तरफसे शिक्षकों का डेटा ऑनलाइन करने के लिए तैयार किये गए मानव सम्पदा पोर्टल से किसी भी शिक्षक के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए एसटीएफ को अभी बीएसए से सम्पर्क करना पड़ता है। फर्जी दस्तावेजों के जरिये शिक्षक की नौकरी कर रहे जालसाजों पर एसटीएफ की कार्रवाई का घेरा बढ़ता जा रहा है। अलग अलगनौकरी कर रहे जालसाजों पर एसटीएफ की कार्रवाई का घेरा बढ़ता जा रहा है। अलग अलग जिलों से फर्जी शिक्षकों के विरुद्ध शिकायतें भी बढ़ रही हैं। इसके अलावा एसटीएफको शिक्षा विभाग से वीआरएस ले चुके शिक्षकों का ब्योरा मिलने का भी इंतजार है।

## जानकीपुरम में चोरी के सामान के साथ दो गिरफ्तार

**लखनऊ।** जानकीपुरम पुलिस ने बुधवार को दो शातिर चोरों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस ने उनके के पास से चोरी किया गया माल भी बरामद किया है। इंस्पेक्टर जानकीपुरम रणजीत सिंह भदौरिया ने बताया कि बुधवार को उपनिरीक्षक सुधांशु रंजन, मुख्य आरक्षी अवधेश गिरी टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे। चेकिंग के दौरान सीतापुर निवासी सूरज पुत्र प्रेम प्रकाश व बाराबंकी टिकैत नगर निवासी रजन शुक्ला पुत्र राजेश शुक्ला को गिरफ्तार किया गया है।

## गिरफ्तार आरोपियों को रिमांड पर लेगी पुलिस

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री सीएम योगी की फोटो लगाकर मोबाइल लांचिंग के मामले में सूत्रों के मुताबिक हजरतगंज पुलिस पीआर एजेंसी के मालिक आशीष गुप्ता को राजस्थान से तीन दिन पहले गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। वहीं कंपनी के सीईओ डीपी त्रिपाठी को भी दो दिन पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। जानकारी के मुताबिक हजरतगंज पुलिस अब आरोपियों को रिमांड में लेने का प्रयास कर रही है। इसके लिए पुलिस ने कोर्ट में अर्जी लगाई है, जिसके बाद मंत्री के भाई को पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है। दरअसल बीते दिनों प्रदेश में एक मोबाइल के प्रचार में कुछ होर्डिंग लगाए गए।

## मासूम लापता, नहीं लगा कोई सुराग

**सरोजनीनगर।** बंथरा के रहीम नगर पड़ियाना स्थित पिपहरी गांव निवासी प्रकाश गौतम के मुताबिक उनका बेटा छह वर्षीय श्याम मंगलवार पूर्वाहन करीब 11 बजे घर के सामने खेल रहा था। जबकि घर के सभी सदस्य अपने अपने कामों में व्यस्त थे। काफी देर बाद जब परिजनों को श्याम नहीं दिखाई पड़ा तो वह उसे खोजने लगे। परिजनों ने आस पड़ोस में उसकी काफी खोजबीन की लेकिन उसका कहीं कोई अता पता नहीं चल सका। बाद में किसी अनहोनी की आशंका को लेकर परेशान परिजनों ने इसकी सूचना बंथरा पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची बंथरा पुलिस ने भी मासूम की इधरउधर तलाश की। लेकिन काफी खोजबीन के बाद भी श्याम का कोई सुराग नहीं मिला।

## मधुकर यादव और उसके भाइयों पर एक और केस

**मोहनलालगंज।** व्यापार मण्डल अध्यक्ष और पूर्व प्रधान सुजीत पाण्डेय के हत्यारोपी मधुकर यादव और उसके भाईयों के विरुद्ध इन्दौर की कम्पनी ने अमानत में खयानत का केस दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है। एसीपी प्रवीण मलिक ने बताया मध्य प्रदेश की मंगलम फूड प्रोडक्ट्स कम्पनी प्रबन्धन ने यशोधरा मिल आयल के डायरेक्टर मधुकर यादव उसके भाई रामअचल व हिंकर और सीईओ देवीदयाल पर वर्ष 2018 में उधार लिए गए सरसों तेल की 27 लाख से अधिक रुपये की देनदारी अब तक नहीं चुकाने का आरोप लगाकर शिकायत की है। कम्पनी ने उधार मांगने पर आरोपियों पर धमकाने का आरोप लगाया है। एसीपी ने बताया शिकायतकर्ता कम्पनी की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# यूपी रत्न व मिशन शक्ति से सम्मानित हुईं विभूतियां

### यूपी महोत्सव की 14वीं सांस्कृतिक संध्या

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रगति** पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट के तत्वावधान में सेक्टर ओ पोस्टल ग्राउण्ड केन्द्रीय विद्यालय के सामने अलीगंज में चल रहे यूपी महोत्सव 2020 की 14वीं सांस्कृतिक संध्या में आयोजित सम्मान समारोह में अनेक विभूतियों को यूपी रत्न सम्मान और मिशन शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया।



यूपी महोत्सव की 14वीं सांस्कृतिक संध्या का उद्घाटन मुख्य अतिथि सुरेश चन्द तिवारी विधायक कैण्ट ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह और उपाध्यक्ष एन बी सिंह ने मुख्य अतिथि को यूपी गौरव सम्मान से सम्मानित किया। समारोह में श्रीराम लीला समिति के सचिव पं.आदित्य द्विवेदी, भातखण्डे संगीत संस्थान समविश्वविद्यालय के कुल सचिव लवकुश द्विवेदी, मुकेश कुमार सिंह, आचार्य राजेश कुमार, शेफ सौरभ अवस्थी, डॉ पंकज कुमार और विपिन निगम को यूपी रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके अलावा रीना सिंह, शालिनी सिंह, आयुषी पाण्डेय, ममता सिंह, स्नेहा शुक्ला, डॉ सीमा यादव और श्वेता राज सिंह को मिशन शक्ति सम्मान सम्मान से सम्मानित हुईं। इस अवसर पर पवन पाल, प्रिया पाल सांस्कृतिक अध्यक्ष, हीरेन्द्र सिंह और हेमा खत्री, अतिन गर्ग उपस्थित थे।

वहीं यूपी महोत्सव में आज की सांस्कृतिक संध्या का शुभारम्भ सर्वजीत सिंह ने अपनी पुरकशिश आवाज में मोरे अंग अंग बाजे मधुर बांसुरी कृष्ण वंदना से कर श्रोताओं को भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति का रसापान कराया। भक्ति भावना से ओतप्रोत इस प्रस्तुति के उपरान्त सर्वजीत ने अपनी खनकती हुई आवाज में भेले अपने ही रंग, चल बुलिए और तेरी दीवानी गीत को सुनाकर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। देवाशीष मिश्रा और मृगांक गुप्ता ने गिटार पर अनप्लग मैशअप के जरिए एक तरफा, पानी दा और बे ख्याली गीत को सुनाकर श्रोताओं की असंख्य तालियां अर्जित कीं। इसी क्रम में आयुषी ने छेड़ खानिया, प्रियांशी शर्मा ने बुर्ज खलिफा, शिवानी ने सी मूव इट और आयुषी अवस्थी ने कून फाया गीत सुनाया तो श्रोता झूम उठे। समारोह में ब्लैक पर्ल द बैण्ड के कलाकारों हर्षित सक्सेना ने बॉलीवुड नम्बर सुनाकर श्रोताओं का मन मोहा। इसी क्रम में द हाट्र स्पील्ट बैण्ड के कलाकारों ने जोसुआ स्टैनले, हैनॉक स्टैनल, अभिषेक कुमार ने नीले नीले अम्बर पे और हाय मेरा दिल जैसे अन्य गीतों की सरिता प्रवाहित की। अटल कला साहित्य मंच के कलाकारों डॉ अंजू भारती ने भोजपुरी गीत, दीपक सिंह व विमल कठेरिया ने अवधी गीत, स्नेहलता झा ने बुंदेलखण्डी लोकगीत, नितिन शर्मा ने लोक भजन सुनाया तो वहीं दूसरी ओर इशिका त्रिपाठी और केशर सिह ने लोकनृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का दिल जीता। कार्यक्रम का संचालन सम्पूर्ण शुक्ला और अरविन्द सक्सेना ने किया।

# संस्कृति व लोक कलाओं को संरक्षित करने के लिए बनेगी नीति

● महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए महिला कलाकारों को प्रोत्साहित किया जायेगा: डॉ. नीलकंठ तिवारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**संस्कृति** मंत्री डॉ. नीलकंठ तिवारी की अध्यक्षता में बुधवार को पर्यटन भवन गोमती नगर लखनऊ के सभागार में संस्कृति विभाग के अन्तर्गत अकादमियों-संस्थानों के विकास हेतु विचार विमर्श के लिए अध्यक्ष-उपाध्यक्ष तथा सदस्यगणों के साथ बैठक आयोजित की गयी। संस्कृति मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार शीघ्र ही संस्कृति एवं क्षेत्रीय लोक कलाओं को संरक्षित एवं विकसित करने के लिए संस्कृति नीति बनाने जा रही है। उन्होंने कहा कि संस्कृति नीति में युवाओं एवं सभी वर्गों कलाकारों को जोड़ा जायेगा। उन्होंने कहा कि ऐसी संस्कृति नीति तैयार की जायेगी जो नये युवाओं को आकर्षित करने में कामयाब होगी। क्षेत्रीय लोक कलाओं विधाओं एवं सभी अच्छे तत्वों का संकलन तैयार किया जायेगा। उन्होंने कहा कि बनवासी एवं जनजातियों की लोक कलाओं को भी संस्कृति नीति में शामिल किया जायेगा। संस्कृति मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने क्षेत्रीय संस्कृति एवं लोक कलाओं को आगे बढ़ाने के लिए सभी जनपदों में महोत्सव आयोजित करने की कार्ययोजना तैयार कर रही है। महोत्सव में सभी क्षेत्रीय कलाओं का प्रदर्शन कराने का सरकार द्वारा प्रयास किया जायेगा ताकि क्षेत्रीय लोग अपनी कला से परिचित हो सकें। उन्होंने कहा कि सभी जनपदों में कला एवं प्रतिभाओं को निखारने, संवारने के लिए कार्यशाला, वर्कशाप भी आयोजित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि गांवों में भजन, रामकथा तथा कृष्ण कथा कहने वाली मंडलियों को प्रशिक्षण देने पर विचार किया जायेगा। डॉ तिवारी ने कहा कि सभी जनपदों में सर्वे कराकर बिरहा, भजन, संगीत कला, शास्त्रीय संगीत, ड्रामा तथा अन्य कलाओं को संरक्षित एवं संवर्धन करने का कार्य किया जायेगा। डॉ. तिवारी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए महिला कलाकारों को भी प्रोत्साहित किया जायेगा।

# कृषि तकनीक व शिक्षा को लैब से लैंड तक पहुंचाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि वाराणसी में 10 एफपीओ गठित होकर सफलता से संचालित हो रही है। जो किसानों के उत्थान की दिशा में अच्छी पहल है। काशी विद्यापीठ का भैरवी तालाब परिसर का केंद्र यहां एफपीओ गठित करने की अगुवाई करें। इसमें केंद्र के छात्रए किसानों से संपर्क व संवाद के कार्य करें। यूनिवर्सिटी, शोध संस्थाओं में विकसित कृषि तकनीकी व शिक्षा लैब से लैंड तक पहुंचाई जाए। वर्तमान में काशी विद्यापीठ के भैरव तालाब परिसर में प्रति वर्ष 176 छात्र दाखिला ले रहे हैं। इनके घरों पर जमीन होगी उसमें यह छात्र विश्वविद्यालय से प्राप्त ज्ञान व तकनीकी का प्रयोग अपने अभिभावकों के माध्यम से कराएं और गांव के दूसरे लोगों को भी बताएं।

बुधवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल में काशी विद्यापीठ के कृषि विज्ञान एवं तकनीकी संकाय भैरो तालाब परिसर के लोकार्पण समारोह के अवसर पर अपने संबोधन में इस संकुल को माडल के रूप में कृषि विश्वविद्यालय के सेल के रूप में विकसित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के नाम पर यह विश्वविद्यालय उनकी सोच की फलीभूत करने का माध्यम हो। गांधीजी ग्रामीण विकास के पक्षधर थे। गांव के विकास से देश का विकास होगा। गांव के छोटे छोटे किसानों को नई तकनीकी सिखाई जाए। कृषि व पशुपालन सबसे ज्यादा रोजगार देती है। आनंदीबेन ने ऑर्गेनिक खेती पर जोर देते हुए कहा कि उत्पादकता बढ़ाने की होड़ में अंधाधुंध फर्टिलाइजर, केमिकल के प्रयोग से उत्पन्न अनाजों से कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी होने लगी। 25-30 वर्ष पूर्व कंपोस्ट खाद प्रयोग होती थी। अब किसान फिर ऑर्गेनिक खेती की ओर बढ़ रहे हैं। इसमें कम लागत आती है, पहले एक दो वर्ष के बाद उत्पादन भी अच्छा होने लगता है। पराली जलाने से प्रदूषण होता है, अब सरकार ने इसकी कंपोस्ट बनाने की विधियां किसानों को बताई है। ड्रिप इरिगेशन अच्छी सिंचाई विधि है। सरकार इसमें अनुदान भी देती है। उन्होंने कहा कि अब लड़कियां भी कृषि व पशुपालन के क्षेत्र में आगे आ रही हैं जो बहुत शुभ संकेत है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने भैरव तालाब की साफ-सफाई पर जोर देते हुए कहा कि इसमें परिसर स्थानीय युवाओं, ग्रामीणों को जोड़ें। तालाब धरोहर के साथ बहुत उपयोगी होता है। इसे कूड़ा जमा करने का स्थान नहीं बनाएं। केंद्र व राज्य सरकार हर घर नल की योजना चला रही है। पर्यावरण के प्रति जागरूक व स्वच्छ भारत मिशन में साफ-सफाई के कार्य कर रही है। स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झाड़ू लेकर स्वच्छता का संदेश दिया। गांव का प्रधान सामाजिक कार्यों, विकास कार्यों, जनोपयोगी क्रियाकलापों में सक्रियता से अगुवाई कर ग्रामीण भाइयों को जोड़ें तो गांव चमकेगा।

## केंद्रीय कारागार का किया निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अपने तीन दिवसीय वाराणसी दौरे के दौरान बुधवार को वाराणसी जनपद स्थित केंद्रीय कारागार निरीक्षण किया गया। उन्होंने केन्द्रीय कारागार में स्थापित शहीद चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। वहीं पर लगे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के स्मृति स्तम्भ के बारे में जेल अधीक्षक द्वारा राज्यपाल को जानकारी दी गई। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के पूछे जाने पर कि अशक्त और वृद्ध कैदियों को यदि जेल से बाहर किसी कारण ले जाना हो तो बैरक से जेल के मुख्य द्वार तक कैसे लाया जाता है। जेल अधीक्षक के बताने पर कि बैरक से पैदल ही लाया जाता है। इतना सुनते ही उन्होंने कहा कि जेल में दो ई रिक्शा की व्यवस्था की जाय जो राजभवन के व्यय भार पर इस कार्य में उपयोग किये जायेंगे। जेल में स्थित गौशाला के निरीक्षण के दौरान उन्होंने गायों को केले और गुड़ आदि खिलाया और स्नेहिल स्पर्श दिया।


## कार्यालय नगर पंचायत सफीपुर (उन्नाव)

उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 298 (1) (2) सूची (1) खण्ड "ज" के भाग "ख" के अधीन प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करके नगर पंचायत सफीपुर, उन्नाव अपनी बोर्ड बैठक दिनांक 20 जुलाई 2019 के द्वारा नगर पंचायत क्षेत्र की सीमा में **"वाहन प्रवेश एवं पार्किंग शुल्क उपनियमावली-2020"** बनायी है, प्रस्तावित उपनियमावली पर यदि किसी सम्बन्धित को कोई भी आपत्ति हो, तो अपनी लिखित आपत्ति इस कार्यालय में 01 माह (30 दिन) के अन्दर प्रस्तत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। यह उपविधि गजट प्रकाशन के दिनांक से नगर पंचायत सफीपुर उन्नाव की सीमा में प्रभावित होगी।

**वाहन प्रवेश एवं पार्किंग शुल्क उपनियमावली-2020**

1. शीर्षक- यह उपविधि न०पं० सफीपुर (उन्नाव) वाहन प्रवेश एवं पार्किंग शुल्क उपनियमावली-2020 कहलायेगी।
2. प्रकृति- यह उपविधि उत्तर प्रदेश साधारण गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से नगर पंचायत समिति/विहित प्राधिकारी की स्वीकृति से सीमा में प्रभावी होगी।
3. परिभाषायें- विषय का प्रयोग में कोई बात प्रतिकूल न होने पर इन उपविधियों से है,

(क) "नगर पंचायत" से तात्पर्य नगर पंचायत, सफीपुर जनपद उन्नाव से है,
(ख) "नगर पंचायत की सीमाओं" से तात्पर्य वर्तमान में निर्धारित सीमायें या भविष्य में बढ़ने से निर्धारित होकर प्रभावी होने वाली सीमा से है,
(ग) "अधिशासी अधिकारी" से तात्पर्य नगर पंचायत सफीपुर, उन्नाव के अधिशासी अधिकारी से है,
(घ) "अध्यक्ष" से तात्पर्य नगर पंचायत सफीपुर, जनपद उन्नाव के अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी से है,
(ङ) "अधिनियम" से तात्पर्य उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम, 1916 से है,
(च) "वाहनों" से तात्पर्य नगर पंचायत, सफीपुर, उन्नाव की सीमा से गुजरने वाले भार से लदे/सवारी ढोने वाले वाहनों से है,
(छ) "कर्मचारी" का तात्पर्य नगर पंचायत सफीपुर, उन्नाव के कर्मचारी से है,
(ज) "नाका बैरियर" से तात्यर्प नगर पंचायत, सफीपुर, उन्नाव के नाका बैरियर से है,
(झ) "सड़क/पटरियों" का तात्पर्य नगर पंचायत, सफीपुर, उन्नाव की सीमा अन्तर्गत आने वाले मार्गो प्रान्तीय, गैर प्रान्तीय एवं नगर की सड़क पटरियों से है।

4. **शुल्क का विवरण अधिरोपण एवं संग्रह** – नगर पंचायत, सफीपुर, उन्नाव की सीमा के अन्तर्गत प्रवेश करते वाहनों ट्रक/ट्रैक्टर मय ट्राली, डी०सी०एम० ट्योटा जो व्यवहारिक दृष्टि से चलते है, मोटर लारी रोडवेज, स्टोर वाहन, टाटा सूमो, मार्शल, टैक्सी, मेटाडोर, जीप, भारी वाहन, बस/अन्य डीजल/पेट्रोल/गैस/इलेक्ट्रॉनिक/बैट्री से चलने वाले वाहनों जो व्यापारिक समान उतारने चढाने एवं सवारियां उतारने-चढाने एवं ठहरने वाले वाहनों को नियन्त्रित करने हेतु उपविधि बनायी गई है, जिन पर यह शुल्क लागू होंगे।
5. नगर पंचायत, सफीपुर, उन्नाव की सीमा के अन्तर्गत प्रवेश करने वाले वाहन चालक इन नियमों से अपने को नियन्त्रित समझेगा क्योंकि वह प्रान्तीय अथवा नगर पंचायत सड़कों एवं अन्य वाहनों जो नगर पंचायत की सीमा के अन्तर्गत प्रवेश करते हो की सड़कों एवं पटरियों का प्रयोग करते हों, वही वाहन चालक अपने वाहनों को तब तक नगर पंचायत, सफीपुर की सीमा में प्रवेश नहीं करेगा जब तक देय शुल्क का भुगतान न कर दे। यह शुल्क मोहर्रिर/नायब राजस्व मोहर्रिर/ठेकेदार को दिया जायेगा। जहां पर नगर पंचायत, सफीपुर निश्चित करेगी।
6. प्रत्येक वाहन चालक अपने वाहन निर्धारित स्थान या नगर की सीमा में किसी स्थान पर माल उतारने, चढाने एवं सवारियां उतारने-चढाने एवं ठहरने वाले वाहनों से मोहर्रिर/नायब राजस्व मोहर्रिर/ठेकेदार जैसी स्थित हो उनसे शुल्क वसूल कर रसीद दे सके।
7. इस प्रकार की रसीद प्राप्त करने वाला व्यक्ति नगर पंचायत सफीपुर के अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी/अधिशासी अधिकारी तथा उनके द्वारा अधिकृत कर्मचारी के द्वारा मांगे जाने पर रसीद दिखाने के लिए बाध्य होगा एवं दिखलायेगा जो जॉचोपरान्त उसे विधिवत वापस कर दिया जायेगा।
8. नगर पंचायत सफीपुर अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी/अधिशासी अधिकारी को पूर्ण अधिकार होगा कि निर्धारित स्थान एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानान्तरित करने परन्तु ऐसा करने के लिए उसे कम से कम 24 घण्टे पूर्व सूचना जारी करनी होगी।
9. यदि कोई वाहन बिना शुल्क अदा किये नगर पंचायत, सफीपुर की सीमा के अन्दर पाया गया तो अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी या उसके द्वारा अधिकृत जॉच अधिकारी को यह अधिकार होगा कि वह उस व्यक्ति से निर्धारित शुल्क के अतिरिक्त शुल्क का कम से कम चार गुना और अधिक से अधिक 20 गुना दण्ड के रूप में दण्ड वसूल कर रसीद देगा।
10. यदि कोई भी वाहन बगैर शुल्क अदा किये भाग जाने पर चालक का पूरा पता अथवा गाडी नम्बर जो भी हो उसके विरूद्ध भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता के तहत कानूनी कार्यवाही का अधिकार होगा।
11. यह कि नगर पंचायत चाहे तो वाहन प्रवेश एवं पार्किंग शुल्क की वसूली का वार्षिक अथवा उसके किसी भाग का ठेका दे सकती है ऐसी स्थिति में ठेकेदार निर्धारित दरों पर शुल्क वसूल कर रसीद नियमानुसार जारी करेगा तथा पार्किंग शुल्क अवशेष होने पर पार्किंग शुल्क की वसूली भू0 राजस्व भांति की जा सकेगी।

**शुल्क से मुक्ति**

12. निम्न वाहन प्रवेश एवं पार्किंग शुल्क से मुक्त होंगे।

(क) मृत पार्टी ले जाने वाले समस्त वाहन या एम्बूलेंस।
(ख) सरकारी कर्मचारियों के स्थनान्तरण पर उनका घरेलू सामान जो किसी भार वाहन पर हो किन्तु प्रतिबन्ध यह रहेगा कि सम्बन्धित विभाग द्वारा प्रमाण-पत्र दिया जावे, जो मांगने पर दिया जावें।
(ग) अन्य सरकारी वाहन (रोडवेज को छोडकर) जो सरकारी ड्यूटी पर हो किन्तु प्रतिबन्ध यह है कि सम्बन्धित विभाग द्वारा प्रमाण-पत्र दिया जाये।
(घ) नगर सीमा के अन्दर बिना रूके सीधे जाने वाले वाहन।

**प्रतिबन्ध**

13. नगर पंचायत सफीपुर, उन्नाव की सीमा में प्रवेश करने वाले तिपहिया, बस, टैम्पो, टू सीटर एवं विक्रम नगर के अन्दर चलने वाले ऑटो रिक्शा एवं थ्री व्हीलर की निम्नलिखित स्थान पर खड़े होने एवं सवारी उतारने एवं चढ़ाने हेतु निर्धारित किये जाते हैं।

(क) उन्नाव-हरादोई मार्ग पर गुलाब बिल्डिंग वाहन पार्किंग।
(ख) 1. मियांगंज रोड पार्किंग। 2. उन्नाव-हरदोई मार्ग पर ब्लॉक रोड पार्किंग
(ग) परियर रोड पार्किंग

14. कोई भी प्राइवेट बस, लारी, मिनीबस, जीप, टैक्सी, टैम्पों इत्यादि जो सवारियां ढोती है वह उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के बस स्टैण्ड से 1 किमा० परिधि में सवारी उतारने व चढ़ाने हेतु न तो गाडी पार्किंग करेगा और न ही सवारी भरेगा। उल्लघंन की दशा में अर्थदण्ड का भागी होगा।
15. अध्यक्ष, नगर पंचायत, सफीपुर उन्नाव को यह अधिकार होगा कि किसी भी विवाद के उल्लघंन होने पर उनका निर्णय अन्तिम होगा तथा उपनियम के किसी भी धारा में आवश्यक पड़ने पर संशोधन करने का अधिकारी होगा, परन्तु प्रतिबन्ध यह है कि निर्धारित स्थान से आगे शहरी आवादी में प्रतिबन्धित गाडियों को अनुमति नहीं दी जायेगी।

**शुल्क का विवरण**

16. नगर पंचायत सफीपुर, उन्नाव की सीमा में प्रवेश एवं ठहरने वाले वाहनों से निम्न सारणी के अनुसार शुल्क वसूली करेगी।

| | |
|---|---|
| 1. प्रत्येक मोटर, मोटर लारी बस (रोडवेज प्राइवेट बस), ट्रक तथा अन्य डीजल अथवा पेट्रोल से चलने वाले वाहन आदि | रू0 50.00 प्रति चक्कर (परन्तु एक दिन के लिये रू0 100.00 प्रतिदिन) |
| 2. ट्रैक्टर ट्राली | रू0 20.00 प्रति चक्कर (प्रतिदिन रू0 50.00) |
| 3. मिनी बस, छोटा ट्रक, मेटाडोर इत्यादि | रू0 30.00 प्रति चक्कर (प्रतिदिन रू0 70.00) |
| 4. टैक्सी, मार्शल जीप, टैम्पो इत्यादि | रू0 25.00 प्रति चक्कर (प्रतिदिन रू0 60.00) |
| 5. तांगा, ई-रिक्शा | रू0 5.00 प्रति चक्कर (प्रतिदिन रू0 20.00) |

**शास्ति**

उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा 299 (1) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करके नगर पंचायत सफीपुर, जनपद उन्नाव यह निर्देश देती है कि उपरोक्त नियमों के किसी अनुच्छेद का उल्लंघन करने पर अर्थदण्ड दिया जायेगा, जो रू0 1000.00 तक हो सकता है। यदि निरन्तर जारी रहे तो प्रत्येक दिन के लिए जिसके बारे में सिद्ध हो जाये कि अपराध करता चला आ रहा है तो रू0 25.00 अर्थदण्ड प्रतिदिन उपरोक्त के अतिरिक्त किया जायेगा। अर्थदण्ड अदा न करने पर 6 मास का कारावास का दण्ड दिया जा सकेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत सफीपुर,**
**उन्नाव**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत सफीपुर**
**उन्नाव**

पत्रांक : 01/1477/न0पं0स0/बायलॉज/(2020-21), दिनांक : 06.01.2021


## केंद्र पर नही लिया गया धान बाजार में बेच आया किसान



● विधायक को देखकर रो पड़ा किसान

**संवाददाता।** बख्शी का तालाब

**केंद्र** व राज्य सरकार के लाख दावों के बावजूद धान खरीद व्यवस्था पटरी पर आने का नाम नहीं ले रही है। एक ऐसा ही मामला बीकेटी में आयोजित किसान मेला गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने आये विधायक अविनाश त्रिवेदी के सामने आया। अकड़रिया गांव के रहने वाले किसान भगवानदीन उन्हें देखकर फफककर रो पड़ा। उसने बताया कि बरगाड़ी धान खरीद केंद्र पर उसने रजिस्ट्रेशन कराया था। मोबाइल फोन पर रजिस्ट्रेशन नबर आने के बाद जब वह केंद्र पर पहुंचा तो प्रभारी ने बताया कि बोरे नहीं हैं। सप्ताह भर बाद जब वह पहुंचा तो उसे 1 नवम्बर को 24 कुंतल धान खरीदने के लिये बुलाया था। वह धान लेकर केंद्र पहुंचा लेकिन कई दिनों बाद भी उसका धान नहीं लिया गया। 18 नवम्बर को उन्होंने धान तौलने से इन्कार कर दिया। मजबूरन उसे धान को बीकेटी बाजार में 11.75 रुपए प्रति कुंतल से बेचना पड़ा। आरोप है कि वहीं केंद्र प्रभारी ने उसे कहीं शिकायत करने पर देख लेने की धमकी भी दी है। विधायक ने मामले का संज्ञान लेते हुये तुरंत उपजिलाधिकारी और जिलाधिकारी को मामले से अवगत कराया।


**दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि०**
CIN:U31200UP2003SGC027460

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नलिखित विवरणानुसार दो भागों में दिनांक- 20.01.2021 समय 18:00 बजे तक प्रतिष्ठित एवं योग्य ठेकेदारों/निविदादाताओं से निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है एवं दिनांक- 21.01.2021 को समय 13:00 बजे खोला जायेगा। विस्तृत जानकारी उ०प्र० शासन की आधिकारिक ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https:/etender.up.nic.in पर उपलब्ध है:- 1. **ई-निविदा विशिष्टीकरण संख्या- 33/SE/EDCCkt/2020-21** : विद्युत वितरण खण्ड - चित्रकूट एवं राजापुर के अन्तर्गत नवसृजित विद्युत वितरण उपखण्ड - भरतकूप एवं रामनगर हेतु फर्नीचर की आपूर्ति। **धरोहर धनराशि- रू0 11000.00, निविदा शुल्क - रू0 1180.00 (जी०एस०टी० सहित)।** 2. **ई-निविदा विशिष्टीकरण संख्या- 34/SE/EDCCkt/2020-21** : विद्युत वितरण खण्ड - चित्रकूट एवं राजापुर के अन्तर्गत नवसृजित विद्युत वितरण उपखण्ड - भरतकूप एवं रामनगर हेतु 04 अदद कम्प्यूटर (मय प्रिन्टर) एवं 02 अदद स्कैनर की आपूर्ति। **धरोहर धनराशि-रू0 5000.00, निविदा शुल्क-रू0 1180.00 (जी०एस०टी० सहित)।** 3. **ई-निविदा विशिष्टीकरण संख्या - 35/SE/EDCCkt/2020-21** : विद्युत वितरण खण्ड - चित्रकूट एवं राजापुर के अन्तर्गत नवसृजित विद्युत वितरण उपखण्ड - रामनगर एवं भरतकूप हेतु 02 माह के लिये 02 अदद डीजल चलित जीप (मय चालक)। **धरोहर धनराशि- रू0 2000.00, निविदा शुल्क - रू0 1180.00 (जी०एस०टी० सहित)।** 4. **ई-निविदा विशिष्टीकरण संख्या- 36/SE/EDCCkt/2020-21** : विद्युत वितरण खण्ड - चित्रकूट एवं राजापुर के अन्तर्गत नवसृजित विद्युत वितरण उपखण्ड - भरतकूप एवं रामनगर हेतु 02 माह के लिये 04 अदद कुशल कम्प्यूटर आपरेटर। **धरोहर धनराशि- रू0 2000.00, निविदा शुल्क- रू0 1180.00 (जी०एस०टी० सहित)।** 5. **ई-निविदा विशिष्टीकरण संख्या- 37/SE/EDCCkt/2020-21** : विद्युत वितरण खण्ड - राजापुर की सीमान्तर्गत विद्युत वितरण उपखण्ड - मऊ एवं राजापुर के अधीन पूर्ण जमा योजना, झटपट पोर्टल, निवेश मित्र पोर्टल, आदि से प्राप्त संयोजन को शासन की मंशानुरूप अतिशीघ्र ऊर्जीकृत करने का कार्य। **धरोहर धनराशि- रू0 10,000.00, निविदा शुल्क - रू0 1180.00 (जी०एस०टी० सहित)।** 6. **ई-निविदा विशिष्टीकरण संख्या- 38/SE/EDCCkt/2020-21** : विद्युत वितरण खण्ड - चित्रकूट एवं राजापुर की सीमान्तर्गत विद्युत आपूर्ति सुचारू रखने हेतु 33 एवं 11 केवी केबिल बॉक्स की आपूर्ति। **धरोहर धनराशि- रू0 10,000.00, निविदा शुल्क - रू0 1180.00 (जी०एस०टी० सहित)।**

**अधी0अभि0, वि0वि0मं0, चित्रकूट**

1289/वि/वि मं.चि0/2020-21/निविदा प्रकाशन दिनांक: 05-01-2021

राष्ट्र हित में बिजली बचायें


# नए भारत के निर्माण में युवा उत्साह की अहम भूमिका: अवस्थी

● अपर मुख्य सचिव गृह ने भातखण्डे विश्वविद्यालय में 24 वें राष्ट्रीय युवा उत्सव के अन्तर्गत अंतरराज्यीय प्रतियोगिता का किया शुभारम्भ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अपर** मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने कहा है कि युवा शक्ति हमारे गांव की नहीं अपितु प्रदेश एवं देश की ऐसी महत्वपूर्ण शक्ति है, जिसके कंधे पर अपने परिवार, गांव एवं जनपद को आगे ले जाने की महती जिम्मेदारी है। यदि इन युवाओं ने ठान लिया तो कोई कारण नहीं है कि देश सफलता के सर्वोच्च शिखर पर न पहुंच सके। कला एक ऐसी विद्या है, जिसका निखार निरन्तर अभ्यास से बढ़ता है।

अवस्थी बुधवार को भातखण्डे विश्वविद्यालय के कला मण्डपम् कैसरबाग के प्रांगण मे आयोजित 24 वें राष्ट्रीय युवा उत्सव के अंतर्गत आयोजित अंतरराज्यीय प्रतियोगिता का शुभारंभ करने के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर कलाकारों एवं युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा नए भारत के निर्माण में युवा उत्साह की अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने युवाओं के जोश की सराहना एवं उसके सफलता के सर्वोच्च शिखर पर पहुँचने की कामना करते हुए अग्रिम बधाई भी दी। उन्होंने यह भी कहा कि महिला कलाकारों को विशेष सम्मान एवं प्रोत्साहन प्रदान किया जाय, ताकि उनकी कला और निखर सके। महिलाओं से जुड़े विभाग की इस संबंध में विशेष जिम्मेदारी है। अतः इस सम्बन्ध में महिलाओं के प्रदर्शन की बेहतरी के विशेष प्रयास किए जाने चाहिए। अवस्थी ने यह भी कहा कि युवाओं को उनके हर सम्भव प्रयास के बावजूद यदि किसी कारण से सफलता नहीं मिलती है, तो उससे हतोत्साहित न हों बल्कि अपना उत्साह बनाए रखें और आगे नए जोश से प्रयास करें।

## मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के लिए होंगी भर्ती

**लखनऊ।** किसी भी वाहन से सड़क दुर्घटना होने पर घायल व मृतक के परिजन मुआवजा पाने के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। यहीं नहीं ज्यादा दिनों तक पीड़ित को कोर्ट के चक्कर भी नहीं लगाने पड़ेंगे। क्योंकि लखनऊ के मोती महल लॉन में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण खुलने जा रहा है। जहां वाहन दुर्घटना कोर्ट में भर्ती करने को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के सचिव एआरटीओ प्रशासन अखिलेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि नार्थ एवं साउथ कार्यालय के लिए दो अर्दली व दो स्वीपर आउटसोर्स से सेवा प्रदाताओं का चयन किया जाना है। इसके लिए 12 जनवरी 2021 तक ट्रांसपोर्टनगर आरटीओ कार्यालय में प्रस्ताव का बंद लिफाफा देना होगा। जहां आवेदकों का पंजीयन सेवा योजन कार्यालय में होना जरूरी होगा।

## भूतनाथ मेट्रो स्टेशन पर खुला नया फूड आउटलेट

**लखनऊ।** राजधानी के भूतनाथ स्टेशन के पास आर्यन रेस्टोरेंट का उद्घाटन किया गया। लोंगों को बेहतर सुविधा देने के लिए मेट्रो द्वारा इंदिरानगर के सबसे व्यस्त स्टेशन पर यह आउटलेट खोला गया है। शहर में 22 स्टेशन हैं, जिनमें से 17 स्टेशनों पर फूड आउटलेट खोले जा चुके हैं। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक कुमार केशव ने कहा कि यूपी मेट्रो की हमेशा कोशिश रहती है कि हम मेट्रो यात्रियों के सफर को सुरक्षित और आरामदायक बनाने के साथ ही आनंदमय भी बनाएं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यात्री सुविधा को ध्यान में रखते हुए आने वाले समय में 22 नए आउटलेट खोले जाएंगे जो यात्रियों के लिए सुविधाजनक होगी।

## सीएमएस छात्र को 1,63,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, स्टेशन रोड कैम्पस के मेधावी छात्र एकलव्य अग्रवाल को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका की ड्रेक्सल यूनिवर्सिटी द्वारा 1,63,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। एकलव्य को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। इसके अलावा, एकलव्य को अमेरिका के नॉक्स कालेज, टेम्पल यूनिवर्सिटी, एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी एवं जार्जिया स्टेट यूनिवर्सिटी द्वारा भी उच्चशिक्षा हेतु चयनित किया गया है। इस प्रकार, सीएमएस के एक और होनहार छात्र ने अपनी लगन, प्रतिभा व शैक्षणिक उत्कृष्टता के दम पर उच्चशिक्षा हेतु विदेश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में चयनित होकर लखनऊ का नाम गौरवान्वित किया है।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जेंडर चैपियंस व मेधावियों का होगा सम्मान

● मिशन शक्ति के तीसरे चरण की कार्ययोजना तैयार क्रियान्वयन के निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ


**महिलाओं** को सशक्त व स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से प्रदेश में शुरू किए गए वृहद अभियान मिशन शक्ति के तहत जनवरी व फरवरी की कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला कल्याण विभाग ने जनपद, ब्लॉक एवं ग्राम स्तर पर की जाने वाली गतिविधियों की कार्ययोजना को समयानुसार सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए सभी जिला प्रोबेशन अधिकारी महिला कल्याण और जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास पुष्टाहार विभाग को निर्देशित भी किया गया है।

बुधवार को यह जानकारी निदेशक महिला कल्याण मनोज कुमार राय ने दी है। यूपी में मिशन शक्ति के तीसरे चरण की थीम महिलाओं व बालिकाओं के अधिकारों, स्वावलंबन व सम्मान पर आधारित होगी। विभाग की ओर से प्रदेश की महिलाओं व बेटियों को कानूनी अधिकारों व अधिनियमों के बारे में जानकारी दी जाएगी। उनको बाल विवाह प्रतिषेद्ध अधिनियम, पीसीपीएनडीटी अधिनियम, कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम, दहेज और घरेलू हिंसा से जुड़े अधिनियम पर जागरूक किया जाएगा। इसके साथ ही जरूरतमंद महिलाओं व बेटियों को आवश्यकतानुसार इस अभियान के तहत विधिक परामर्श व सहायता दिलाई जाएगी। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर 24 जनवरी को विशेष सप्ताह के तहत प्रदेश भर से चयनित जेंडर चैपियंस व मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जेंडर चैपियंस व शिक्षा विभाग के समन्वय से मेधावियों को चिन्हित किया जाएगा।

# लेखपाल कानूनगो ने छह महीने से दबा रखी थी पट्टे की फाइल

**दिव्यांग सोनू का मामला**

**संवाददाता।** मोहनलालगंज



**चलने**-फिरने में लाचार दिव्यांग सोनू को पट्टे में मिली जमीन का मालिकाना हक देने की फाइल लेखपाल और कानूनगो ने छः महीने से दबा रखी थी। डेढ़ साल से तहसील समाधान दिवस के चक्कर लगा रहे दिव्यांग को राजस्वकर्मी और तहसील अधिकारी खोखला भरोसा देकर टरकाते रहे। बुधवार को मामला मीडिया की सुखियां बनने के बाद अधिकारियों के आदेश पर फाइल तलाशकर आरके दफ्तर पहुंचाई गई। उधर सोशल मीडिया पर लोग मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। मोहनलालगंज के रतियामऊ निवासी दिव्यांग सोनू चलने-फिरने में लाचार है। सोनू के मुताबिक उसके ताऊ सुखदीन को जमीन का पट्टा हुआ था। ताऊ सुखदीन और पिता बाबूलाल के निधन के बाद जमीन सोनू के नाम आ गई। लेकिन उसे संक्रमणीय घोषित नहीं किया गया। सोनू के मुताबिक पिछले डेढ़ वर्ष से वह फरियाद लेकर तहसील समाधान दिवस के चक्कर काट रहा है लेकिन शिकायत का समाधान कराने के बजाए राजस्वकर्मी और तहसील अधिकारी उसे आश्वासन देकर लौटाते आ रहे हैं। बुधवार को मीडिया में मामले का खुलासा होने के बाद अधिकारियों ने मातहतों से जवाब-तलब किया तो फाइल का रहस्य खुलकर सामने आ गया। पता चला कि फाइल महीनों से लेखपाल और कानूनगो के बीच ही अटकी पड़ी है। अधिकारियों की फटकार के बाद फाइल तलाशकर रजिस्ट्रार कानूनगो दफ्तर में रिपोर्ट के लिए पहुंचाई गई। हालांकि आरके दफ्तर के जिम्मेदार फाइल की जानकारी से इनकार करते रहे।

# किसानों की लगातार उन्नति ही मोदी योगी सरकार का लक्ष्य: अविनाश त्रिवेदी

**संवाददाता।** बख्शी का तालाब



**किसान** देश का अन्नदाता है उसकी ही हाड़तोड़ मेहनत की बदौलत ही सभी का पेट पलता है। लेकिन फिर भी उसके यहां ग़रीबी है लाचारी है। इस बात से हमारे देश के प्रधान सेवक नरेंद्र मोदी भलीभांति परिचित हैं क्योंकि वह खुद एक ग़रीब परिवार से निकलकर यहां तक पंहुचे हैं।

केंद्र में भाजपा की सरकार के बनने के बाद से ही किसानों और गरीबों के हितों के फैसले सरकार द्वारा लिये जा रहे हैं। किसान कर्जा माफी, नीम कोटिक यूरिया, किसान सम्मान निधि सब्सिडी, किसान क्रेडिट कार्ड किसान सम्मान निधि जैसी दर्जनों योजनाओं द्वारा उन्हें लाभान्वित करने का काम हो रहा है। योगी-मोदी सरकार का एक ही लक्ष्य है किसानों की निरंतर उन्नति। बीकेटी में राजकीय कृषि बीज भंडार में किसान कल्याण मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किसान मेले में आये किसानों को संबोधित करते हुये बीकेटी विधायक अविनाश त्रिवेदी बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि नलकूप हों या नहरें सभी में पानी भरपूर आ रहा है। रहने के लिये घर, शौचालय, गैस, बिजली सभी प्रकार की सुविधाएं सरकार द्वारा मुहैया करायी जा रही है। इस एक दिवसीय कृषि मेले में कृषि संबंधी जानकारी के साथ विकासखंड के अंतर्गत लाभार्थी कृषकों को फसल प्रदर्शन, बीज, मिनी किट उपलब्ध कराए गए, मेले में किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए तकनीकी बिंदुओं पर चर्चा हुई। चंद्र भानु गुप्ता कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय बीकेटी के सहायक आचार्य डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने सब्जियों, दलहन एवं तिलहन पर लगने वाले कीट एवं बीमारियों के प्रबंधन करने की तकनीक बताई और अंधाधुंध हो रहे रसायनों का प्रयोग कम करने की साथ विभिन्न विषयों पर सलाह दी गयीं। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी पूजा सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि मोनू सिंह, तकनीकी सहायक राणा प्रताप सिंह कृषि बीज भंडार के प्रभारी प्रमोद कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

## आलमबाग श्मशान घाट की जर्जर छत की जांच कर मरम्मत कराने के निर्देश



**लखनऊ(पीएनएस)।** वीआईपी रोड स्थित बैकुंठ धाम का महापौर द्वारा दौरा किया गया। महापौर ने आलमबाग के बैकुंठधाम की जर्जर छत की जांच नगर अभियंता को करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही नगर अभियंता से छत की मरम्मत कराकर निर्माण कराने का आदेश दिया गया। आलमबाग के वीआईपी रोड स्थित बैकुंठ धाम में जर्जर छत और प्लास्टर झरने पर महापौर संयुक्ता भाटिया ने बैकुंठ धाम का निरीक्षण किया। निरीक्षण कर बैकुंठ धाम की छत की जर्जर स्थिति की जांच करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही स्ट्रक्चर सही पाए जाने पर छत के मरम्मत कराने व आवश्यकता अनुसार निर्माण करने के लिए जोन 5 के नगर अभियंता को निर्देशित किया। छत के नीचे बैकुंठ धाम में शवों का अंतिम संस्कार किया जाता है। काफी समय से प्लास्टर झरने से और सरिया दिखने के कारण कर्मचारियों ने उक्त स्थल पर अंतिम संस्कार करने पर रोक दिया था, अंतिम संस्कार के दौरान लोगों का जमावड़ा रहता है। जिसकी सूचना पाकर महापौर संयुक्ता भाटिया ने स्वयं शमशान घाट का दौरा किया।

# अधिकारियों की नाक के नीचे हो रही बिचौलियों की धान खरीद

संवाददाता। अंबेडकरनगर





**सरकार** की मंशा के खिलाफ नवीन सब्जी मण्डी के अधिकारी लगा रहे हैं पलीता। मालीपुर रोड स्थित नवीन सब्जीमण्डी सिझौली में लगभग 14 केन्द्र धान खरीदे के लिए स्थापित किये गये है जिनमें से प्राथमिकता के तौर पर सभी किसानों के धान खरीद की प्रक्रिया पिछले दो महीने से चल रही है। प्रत्येक दिन लगातार धान तौल होने के बावजूद किसानों की लगभग 270-280 ट्रालियां धान तौल के लिए खड़ी है। और किसानों को अनेक प्रकार की दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है किसानों एवं केन्द्र प्रभारियों के बीच नोंक झोंक होती रहती है। इन सभी मामलों को देखते हुए डीएम राकेश कुमार मिश्र ने एडीएम पंकज कुमार वर्मा को प्रभारी के तौर पर धान खरीद का प्रभारी बनाया है।

लगभग आधा दर्जन से अधिक अधिकारियों का रोज रहता है जमावड़ा उसके बाद भी बिचौलियों से धान खरीद की प्रक्रिया रूक नहीं पा रहा है। जब किसान धान लेकर आता है तो उसका सत्यापन किसी न किसी अधिकारी के द्वारा किया जाता है और मूल प्रमाण पत्र देखने के बाद

● **लाख कोशिशों के बाद किसानों का नहीं खरीदा जा रहा है धान**

ही उसकी पर्ची कटती है तब वह अपना धान मण्डी के अंदर ले जा सकता है। धान खरीद में पारदर्शिता लाने के लिए डीएम व एडीएम आये दिन धान क्रय केन्द्रों का निरीक्षण करते रहते है और केन्द्र प्रभारियों को ज्यादा से ज्यादा किसानों के धान खरीद करने के लिए कहते रहते हैं। जिससे किसानों को परेशानी न हो।

ताजा मामला सुबह लगभग 11 बजे का है पीसीएफ।।। पर एक ट्राली धान जिस पर 135 बोरी धान 41 किलो 200 ग्राम भर्ती लगा बिना तौल एवं ओसायी के ही ट्राली से उतारा जा रहा था। इस मामले में जब केन्द्र प्रभारी दुर्गा पाण्डेय से पूछताछ की गयी तो वह कुछ भी बताने से कतराते रहे। मामला जब डिप्टीआरएमओ राजेश कुमार के संज्ञान में आया तो उन्होंने इसकी जानकारी केन्द्र प्रभारी से ली तो वही सही जवाब नही दे सके। उन्होंने बताया कि बिना पर्ची कटे ही धान की ट्राली अंदर कैसे आयी। कई किसानों का आरोप है कि केन्द्र प्रभारी धान तौल करने के लिए 100 रूपये प्रति कुन्टल की मांग करता है।

### यह बोले कलेक्टर

इस सम्बन्ध में जब जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र से वार्ता की गयी तो उन्होंने कहा कि मामला संज्ञान में नहीं था फिलहाल ऐसा मामला अगर है तो जांच की जायेगी अगर दोषी पाया गया तो एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही की जायेगी।

### यह बोले एडीएम

इस सम्बन्ध में जब एडीएम पंकज कुमार वर्मा से जानकारी ली गयी तो उन्होंने कहा कि हम लोगों के इतनी सख्ती के बावजूद अगर ऐसे हो रहा है तो केन्द्र प्रभारी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

### यह बोले डिप्टी आरएमओ

इस मामले में जब डिप्टी आरएमओ राजेश कुमार से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि मामला पीसीएफ का है मैने पूरे मामले की जानकारी एआर प्रवीण कुमार को दे दी है।

### यह बोले एआर

इस मामले में जब एआर प्रवीण कुमार से वार्ता की गयी तो उन्होंने बताया कि मामले की जानकारी मिलने पर इसकी जांच पीसीएफ प्रबंधक को सौंपी गयी की जायेगी। खबर लिखे जाने तक अधिकारियों के द्वारा दी गयी जानकारी से यही प्रतीत हो रहा है कि सभी लोग मामले की लीपापोती में लगे हुए है क्योंकि यही मामला यदि किसी किसान का होता तो उसके ऊपर तुरंत एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही की जाती। पूरे मामले की जानकारी होने के बाद भी इस तरह के कार्य प्रणाली कहीं न कहीं सवालियां निशान खड़ा कर रही है और किसानों में काफी रोष व्याप्त है।

# अवर अभियंता की जमानत अर्जी खारिज

**गोरखपुर।** रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार अवर अभियंता की जमानत अर्जी विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम विष्णु प्रसाद अग्रवाल ने सोमवार को खारिज कर दी। बस्ती जिले में सदर कोतवाली क्षेत्र के पुरानी बस्ती विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता अभिषेक चंद ओझा को भ्रष्टाचार निवारण संगठन की गोरखपुर इकाई ने 10 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया था। बताया जाता है कि सदर कोतवाली, बस्ती के जायडीह पांडेय गांव निवासी सुधाकर पांडेय के पुत्र मनीष पांडेय ने पांडेय बाजार बस्ती में विद्युत उपकरणों की दुकान खोली है। दुकान में बिजली का कनेक्शन लगवाने के लिए उन्होंने आनलाइन आवेदन किया था। काफी इंतजार करने के बाद भी कनेक्शन लगाने की संस्तुति न मिलने पर सुधाकर पांडेय ने पुरानी बस्ती उपकेंद्र के अवर अभिषेक ओझा से संपर्क किया तो उन्होंने 10 हजार रुपये रिश्वत की मांग की। सुधाकर पांडेय ने 15 दिसंबर 2020 को भ्रष्टाचार निवारण संगठन की गोरखपुर इकाई कार्यालय में प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की थी। उनके शिकायत के आधार पर गठित टीम ने अभियंता को रिश्वत लेते समय रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया था।

## क्विक न्यूज

### जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति का गठन

**गोरखपुर।** खिलाड़ियों के बहुमुखी विकास, निर्धन उदीयमान खिलाड़ियों को सहायता पहुंचाने के लिए जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति का गठन किया गया है। जिसका दायित्व सभी कड़ियों से सामन्जस्य स्थापित कर खेल के प्रति जागरूकता एवं संसाधनों को बढ़ाना है। उक्त बातें मुख्य विकास अधिकारी इन्द्रजीत सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला खेल एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। इस अवसर उन्होंने बताया कि पूर्व में जिला खेलकूद प्रोत्साहन समिति का गठन किया गया था, शासन द्वारा संशोधित शासनादेश जुलाई 2020 में जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति के गठन के निर्देश निर्गत किये। जिसका उद्देश्य खेल संस्कृति का समस्त वर्गों यथा महिलाओं, दिव्यांग जन इत्यादि को बढ़ावा देना, खेलों का विस्तार एवं प्रतिभागिता प्रतिशत बढ़ाना, खेल प्रतिभाओं का चिन्हीकरण एवं बहुमुखी क्षमता विकास करना आदि है। इस अवसर पर क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति के अधीन तीन समितियां होगी जिसमें तहसील, जिला एवं मण्डलीय खेल विकास प्रोत्साहन समिति सम्मिलित है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि समिति की बैठक नियमानुसार आयोजित की जाये जिसमें पूर्व में किये गये कार्य का मूल्यांकन किया जाये। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा खिलाड़ी उपस्थित रहें।

### दूसरे दिन भी आसमान में छाये रहे बादल

**अम्बेडकरनगर।** सोमवार को भी मौसम का मिजाज बदला-बदला रहा। आसमान में दिन भर बादल छाये रहे। दोपहर में हल्की बूंदा-बांदी भी हुई। हल्की हवा चलने से तापमान में गिरावट भी दर्ज की गई। रविवार को भी मौसम बदला हुआ था जिसके कारण धूप नही निकल सकी थी। मौसम में आये इस बदलाव से ठंड बढ़ने के आसार बढ़ गये हैं। प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में हुई बरसात का असर यहां भी देखने को मिल रहा है। हालांकि प्रशासन अलाव की व्यवस्था कर पाने में सुस्ती बरत रहा है। ठंड बढ़ने के साथ ही लोग घरों में दुबकने को मजबूर होनें लगे हैं। ग्रामीणांचलों में लोग दिन भर अलाव के सहारे ही समय बिता रहे हैं।

### जिला पंचायत राज अधिकारी ने किया निरीक्षण

**गोरखपुर।** अन्त्येष्टि स्थलों व सामुदायिक शौचालयों की निर्माण कार्य की प्रगति एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण को लेकर जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशु शेखर ठाकुर ने ग्राम पंचायत धुबहा, कटघर व छताई का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को तत्काल पूर्ण कराकर जनता के लिए सुपूर्द करने हेतु सम्बन्धित ग्राम पंचायत सचिव विजय गुप्ता व सहायक विकास अधिकारी (पं.) खजनी परमात्मा प्रसाद पाण्डेय को निर्देशित किया। इस दौरान अंकित मिश्रा, ग्राम पंचायत सचिव प्रसुन्न मिश्रा, प्रधान प्रतिनिधि सतीश उपाध्याय (धुबहा), ग्राम प्रधान दूधनाथ मौर्या (छताई), ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दीपक यादव (रावतडाड़ी) और खण्ड प्रेरक अतुल कुमार सिंह उपस्थित रहें।

### मंडलायुक्त ने कार्य प्रगति को देखा

**गोरखपुर।** मण्डलायुक्त जयन्त नार्लिकर ने कोविड वैक्सीन को रखने के लिए सीएमओ कार्यालय में बन रहे वैक्सीनेशन सेन्टर का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति को देखा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सुरक्षा के दृष्टिगत सीसी टीवी कैमरे एवं पर्याप्त पुलिस व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अपर निदेशक स्वास्थ्य सहित मुख्य चिकित्साधिकारी एवं अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहें।

### इंडियन आइडल फेम सम्मानित

**गोरखपुर।** उ.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, द्वारा जनपद के कचहरी क्लब, टाउनहाल मैदान, में 15 दिवसीय मण्डलीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। प्रदर्शनी के दौरान प्रसिद्ध पार्श्व गायक सुरेश वाडेकर के शिष्य और इंडियन आइडल फेम आकाश दूबे के उल्लेखनीय सांस्कृतिक सफलता पर उन्हें सम्मानित किया गया। प्रदर्शनी के दौरान रामहित यादव व साथी ने लोकगीत व लोकनृत्य (फरूवाही) कार्यक्रम प्रस्तुत कर वाहवाही बटोरी। कार्यक्रम का संचालन आकाशवाणी के उद्घोषक नवीन पाण्डेय ने किया। प्रदर्शनी में ग्राहकों द्वारा अच्छी खरीदारी की जा रही है जिससे प्रदर्शनी के स्टाल धारकों में उत्साह दिखायी दे रहा है।

### सफल प्रतियोगी हुए पुरस्कृत

**गोरखपुर।** पूर्वोत्तर रेलवे के राजभाषा विभाग के तत्वावधान में मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर अरविन्द कुमार पाण्डेय के मुख्य आतिथ्य में पुरस्कार वितरण समारोह यांत्रिक विभाग के सभागार में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि श्री पाण्डेय ने माह नवम्बर में आयोजित क्षेत्रीय रेल हिन्दी निबन्ध, वाक् तथा हिन्दी टिप्पण प्रारूप लेखन प्रतियोगिता के सफल प्रतियोगियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया। उल्लेखनीय है कि इन प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों को अखिल भारतीय रेलवे स्तर पर होने वाली इन प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने का अवसर मिलता है। समारोह में उप मुख्य राजभाषा अधिकारी ओ.एन.सिंह, राजभाषा अधिकारी/मुख्यालय मोहम्मद अरशद मिर्जा सहित पुरस्कार प्राप्तकर्त्ता एवं राजभाषा विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

### सबसे ज्यादा सवाल पूछने वाले सांसद पहले स्थान पर

**गोरखपुर।** भाजपा सांसद रविकिशन संसद में सबसे ज्यादा सवाल पूछने सहित विभिन्न मानकों पर सांसदों की रैंकिंग में देश में 24 वें और प्रदेश में पहले स्थान पर आए हैं। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, सीएम योगी आदित्यनाथ और गोरखपुर की जनता को धन्यवाद दिया है। सांसद रविकिशन ने कहा कि संसदीय क्षेत्र के विकास और यहां की समस्याओं को लेकर हमेशा तत्पर रहता हूं। उन्होंने कहा कि गोरखपुर की जनता की सेवा ही मेरी पहली प्राथमिकता है। गोरखपुर में विकास के नए आयाम स्थापित हो इसके लिए मैंने संसद में हमेशा यहां की जरूरतों और समस्याओं का मुद्दा उठाया। सांसद ने कहा कि मैंने सिर्फसंसदीय क्षेत्र ही नहीं अपितु देश की समस्याओं पर भी सबका ध्यान आकर्षित कराया है। ड्रग की लत से बर्बाद हो रहे युवकों की बात हो या नारी शोषण की बात हो। उन्होंने कहा कि ड्रग के खिलाफमैंने अकेले संसद में आवाज उठाई है। उन्होंने कहा कि देश में भारी संख्या में बोली जाने वाली भोजपुरी को आठवीं अनुसूची में शामिल करने का मुद्दा भी संसद में उठाया।

### किशोर ने की आत्महत्या

**अंबेडकरनगर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत परियाए के मजरे बाजितपुर में विगत रात 14 वर्षीय किशोर ने अम्मार के पेड़ मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त विवरण के अनुसार ग्राम पंचायत परियाए के मजरे बाजितपुर में राम बोध निषाद उम्र 14 वर्ष पुत्र राम मूरत निषाद ने मंगलवार की रात्रि लगभग 9:00 बजे गांव के बाहर पिपरहवा तालाब के पास अम्मार के पेड़ में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घरवालों को खोजबीन के बाद घटना की जानकारी हुई जिस पर थानाध्यक्ष भीटी को सूचित किया गया। भीटी पुलिस ने रात में ही फंदे से शव को उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।पुलिस घटना की जांच मे जुटी है।

# खुफिया एजेंसियां एलर्ट, बार्डर पर मदरसों की गतिविधियों और आय की होगी जांच: एडीजी

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर



**भारत-नेपाल** बार्डर पर सुरक्षा को लेकर खुफ्यिा एजेंसियां और पुलिस विभाग पूरी तरह से एलर्ट है। बार्डर पर संदिग्ध गतिविधियों के साथ 300 से अधिक मदरसों के अस्तित्व और उनके क्रियाकलापों पर भी खुफ्यिा एजेंसियों की नजर है। बार्डर के पास अचानक अस्तित्व में आए इन मदरसों और मस्जिदों की जरूरत और उनके आय के स्रोत का आधार पता नहीं होने से खुफ्यिा एजेंसियों के कान खड़े हो गए हैं। ऐसे में अब इनकी हर तरह से जांच की जा रही है। गोरखपुर के एडीजी जोन दावा शेरपा ने बताया कि भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय बार्डर खुली सीमा होने की वजह से अधिक संवेदनशील है। जहां तक बार्डर किनारे बने मदरसों का सवाल है, कई ऐसे भवन और शैक्षणिक संस्थान के रूप में बनाए गए हैं। दावा शेरपा ने बताया कि हम गोपनीय रूप और अन्य माध्यम से ये पता करने में जुटे हैं कि ये किसी आपराधिक और देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त तो नहीं है। इसके साथ ये भी देखा जा रहा है कि ये किसी षड्यंत्र का हिस्सा तो नहीं है। इस प्रकार से संवेदनशील बार्डर के इलाके में इस माध्यम से किसी प्रकार की अवैधानिक और देश विरोधी गतिविधियों को तो बढ़ावा नहीं मिल रहा है। इसकी भी सतत जांच और परीक्षण करा रहे हैं। वे बताते हैं कि 300 से अधिक मदरसे खोले गए हैं। हैरत की बात ये है कि इतने अधिक स्टूडेंट भी नहीं हैं, तो सवाल है कि आखिर इसकी क्या जरूरत है, ये क्यों खोला जा रहा है? इसका अभिप्राय क्या है? ये जानना बेहद जरूरी है।

# महंत नृत्य गोपाल दास के स्वास्थ्य में हुआ सुधार

● **वेदांता से डिस्चार्ज होने के बाद मणिराम दास छावनी में चल रहा है श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास का इलाज**



**अयोध्या।** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष मणिराम दास छावनी के महंत नृत्य गोपाल दास जी महाराज 2 महीने के गहन इलाज के बाद अब धीरे.धीरे पूर्ण स्वस्थ हो रहे है। श्री महाराज जी का चेकअप निरंतर वेदांता हॉस्पिटल लखनऊ के डॉक्टर कर रहे हैं इसी क्रम में 5 जनवरी को वेदांता हॉस्पिटल की टीम ने महाराज जी का चेकअप कर उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास को श्री महाराज जी के स्वस्थ होने की जानकारी दी। श्री मणिराम दास छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास जी महाराज ने बताया 5 जनवरी को वेदांता के दांतों की टीम श्री महाराज जी की जांच करने के लिए आश्रम में आई थी डॉक्टरों ने बताया कि महाराज जी अब काफी स्वस्थ हो गए हैं और धीरे.धीरे उनके स्वास्थ्य में और सुधार होगा। उन्होंने बताया कि महाराज जी का चेकअप निरंतर वेदांता के डॉक्टरों द्वारा किया जा रहा है और महाराज जी के स्वास्थ्य में अब काफी सुधार है। श्री महाराज जी 9 नवंबर को सांस लेने अपनी तकलीफ को लेकर के वेदांता हॉस्पिटल लखनऊ में भर्ती किए गए थे एक महीने के इलाज के बाद 9 दिसंबर लखनऊ के मेदांता अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया।बता दें कि बीते 9 नवंबर को अयोध्या से लखनऊ ग्रीन कॉरिडोर के माध्यम से एंबुलेंस में नृत्य गोपाल दास को मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था।10 नवंबर को यहां उनका ऑपरेशन हुआ था। मेदांता अस्पताल द्वारा जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया था कि जांच के दौरान उनके फेफड़ों में खून के थक्के मिले थे। फेफड़ों में अधिक मात्रा में खून के थक्के पाए जाने से नृत्य गोपाल दास को सांस लेने में परेशानी हो रही थी। ऐसे में फेफड़ों में मिले थक्के को गलाने के लिए महंत का ऑपरेशन किया गया था। अगस्त में श्री महाराज जी मथुरा में कोरोना संक्रमण हुआ था और इसके बाद वे ठीक हो गए थे। श्री महाराज कृपा पात्र शिष्य महेंद्र दास जी महाराज ने महाराज जी की वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड की और महाराज जी को बताया कि मुख्यमंत्री जी हमेशा आपकी चिंता करते रहते है और आपका निरंतर समाचार लेते रहते हैं।

# विकास कार्यों को गुणवत्ता एवं मानक के अनुसार समय से पूरा करें: डीएम

संवाददाता। अयोध्या

● **विकास कार्यों की प्राथमिकता वाले बिन्दुओं की डीएम की अध्यक्षता में हुई समीक्षा**

**शासन** के 63 सूत्रीय विकास कार्यो की प्राथमिकता वाले बिन्दुओं की समीक्षा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिलाधिकारी अनुज कुमार झा द्वारा की गयी। जिसमें मुख्य बिन्दु विकास, कल्याण, निर्माण, स्वास्थ्य, शिक्षा, आम लोगों को बेहतर सुविधा, स्वच्छता, रोजगार आदि कार्य महत्वपूर्ण है, इसके तहत जिलाधिकारी द्वारा बिन्दुवार समीक्षा की गयी। जिसका संक्षिप्त विवरण मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रथमेश कुमार द्वारा प्रस्तुत किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि वर्तमान सरकार की उपलब्धियों पर विगत 3 वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित विकास पुस्तिका तैयार की गयी थी। इस वर्ष 4 वर्ष के आधार पर विकास पुस्तिका तैयार किया जाना है। इसकी सूचना आप लोगों को दी जा चुकी है तथा प्रत्येक दशा में सभी विभागों को जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित पूर्व पत्र के क्रम में कल तक जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी के ईमेल पर कुत्रिदेव.10, एमएस वर्ड ओपन फाइल में फोटोग्राफ सहित विधानसभावार उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिस विभागों की सूचना नही आयेगी वे विभाग स्वयं जिम्मेदार होंगे।

जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान वित्त वर्ष के 9 माह व्यतीत हो चुके हैए सम्बंधित विभागीय अधिकारी को कोई समन्वय की समस्या हो तो उसको बेहतर ढंग से समन्वय कर निस्तारित करें। निराश्रित गौवंश के लगभग 28 स्थलों का मुख्य पशु चिकित्साधिकारी स्वयं अपने अधीनस्थों के साथ भ्रमण कर वहां पर चारे आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा कहीं से भी कोई समस्या आने पर प्रशासन को भी अवगत करायें। पशुओं का टीकाकरण भी पूरा किया जाय। अस्पतालों में डाक्टरों व दवाओं की उपलब्धता के साथ.साथ परिवार कल्याण के कार्यक्रमों को भी प्रोत्साहित किया जाय। आगामी 10 जनवरी से सभी 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बाल विकास के अधिकारी समन्वय करें एवं बेहतर ढंग से करायें। आयुष्मान एवं गोल्डेन कार्ड बनाने में तेजी लायी जाय। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नरौली देवगांव विजेन्द्र नगर आदि को हैण्डओवर की कार्यवाही की जाये।

# अयोध्या के व्यापारियों का हित सर्वोपरि: पंकज गुप्ता

**अयोध्या।** अयोध्या उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल अयोध्या की बैठक भगवान श्री राम की राजधानी अयोध्या के चंद्रा गेस्ट हाउस में अध्यक्ष पंकज गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें नए पदाधिकारियों को मनोनीत किया गया। अध्यक्ष पंकज गुप्ता ने बताया की हमारे संगठन का मूल उद्देश्य व्यापारी भाइयों का हित सर्वोपरि है। अयोध्या में भगवान श्री राम के मंदिर का निर्माण प्रारंभ हो गया है ऐसे में अयोध्या के विकास के लिए सरकार कई योजनाएं ला रही है। हमारा संगठन सरकार की योजनाओं के साथ है लेकिन हम अपने व्यापारी भाइयों का हित सर्वोपरि मानते है। व्यापारियों के हित और विकास में जो भी कार्य होंगे हम उसके साथ रहेंगे अगर कहीं व्यापारियों का उत्पीड़न होगा तो हमारा संगठन उसके खिलाफ भी खड़ा होगा। उन्होंने बताया अनिल मौर्य श्यामसुंदर कसेरा आनंद गुप्ता राकेश यादव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रमोद साहू ध्रुव कुमार गुप्ता अजय राय अनूप गुप्ता घनश्याम अग्रहरि सरदार मनप्रीत सिंह को उपाध्यक्ष ध्रुव कुमार मोदनवाल को संगठन मंत्री, मनीष गुप्ता अजय बाजपेई विनोद गुप्ता रामजी केसरवानी मंत्री, अनिल अग्रहरी को उप मंत्री मनोनीत किया गया है।

# महोत्सव में स्थानीय कलाकार को दी जाएगी वरीयता: मंडलायुक्त

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**गोरखपुर** प्राचीन काल से भारतवर्ष की सांस्कृतिक एवं धार्मिक महायोगी गुरु गोरक्षनाथ की पावन नगरी, बुद्धिष्ठ सेक्टर के केंद्र बिंदु के रूप में अपनी पहचान स्थापित किए हुए हैं। सांस्कृतिक पर्यटन विकास के दृष्टिगत भारतवर्ष की सांस्कृतिक एवं धार्मिक नगरी गोरखपुर के पर्यटन विभाग, सांस्कृतिक विभाग, सूचना विभाग, जिला प्रशासन एवं स्थानीय उद्यमियों के संयुक्त प्रयास से दो दिवसीय गोरखपुर महोत्सव का आयोजन 12 से 13 जनवरी तक किया जा रहा है। महोत्सव अवधि 12 से 16 जनवरी तक विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा स्टाल/ प्रदर्शनियां भी लगाए जाएंगे। उक्त जानकारी मंडलायुक्त जयंत नार्लिकर ने पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि महोत्सव में स्थानीय कलाकारों को वरीयता दी जायेगी। महोत्सव का उद्घाटन 12 जनवरी को पर्यटन मंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा तथा समापन 13 जनवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ द्वारा चंपा देवी पार्क स्थल पर किया जाएगा। उद्घाटन के अवसर पर सुश्री आस्था लखनऊ द्वारा गणेश वंदना एवं नृत्य नाटिका (गंगा अवतरण ) की प्रस्तुत की जाएगी। समापन के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में समापन समारोह, स्मारिका विमोचन, किशोर चतुर्वेदी एवं स्वाति लखनऊ द्वारा भजन कार्यक्रम तथा एन. सी. जेड. सी. सी. द्वारा ब्रज के लोक नृत्य की प्रस्तुति की जाएगी। समापन कार्यक्रम के तत्पश्चात सुश्री कुलश्रेस्था माया नई दिल्ली द्वारा नृत्य की प्रस्तुति की जाएगी। गोरखपुर महोत्सव के अंतर्गत समस्त सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन रामगढ़ ताल स्थित चंपा देवी पार्क स्थल पर किया जाएगा।

**मल्लूपुर मजगंवा में हुए दोहरे हत्याकांड का मामला**

# ग्राम पंचायत विकास अधिकारी की भूमिका ने दी विवाद को हवा

● **एक माह से प्रकरण को लटका कर विवाद को बढ़ावा दे रहे थे तहसील के अधिकारी**

● **आखिर इन पर कब होगी कार्रवाई**

संवाददाता। अंबेडकरनगर


**राजेसुल्तानपुर** थाना क्षेत्र के मल्लूपुर मजगंवा गांव में सोमवार को हुई सगे भाइयों की हत्या के मामले में पुलिस अभी तक किसी भी आरोपी के नजदीक नही पंहुच सकी है। वहीं घटना की पृष्ठ भूमि तैयार करने में अहम भूमिका निभाने वाले सरकारी कर्मियों पर भी प्रशासनिक अमला मेहरबान दिख रहा है। हत्याकांड के पूर्व हुए विवाद की जड़ में रहे ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों की भूमिका की जांच करने की आवश्यकता नही समझी जा रही है जबकि इस विवाद की शुरूआत ही सम्बन्धित ग्राम पंचायत विकास अधिकारी की करतूत से ही हुआ। पूरे प्रकरण को सिलसिलेवार जानना जरूरी है। जानकारी के अनुसार बनकठा बुजुर्ग गांव निवासी अमित सिंह ने अभी डेढ़ माह पूर्व ही मल्लूपुर मजगंवा में स्थित अपने गन्ने के खेत से गन्ना काटकर अपना कथित करकटनुमा मकान बनवाया था। बताया जाता है कि इस कथित मकान में कभी -कभार पार्टी का आयोजन होता रहा है। अमित सिंह ने 21 अक्टूबर को बनकठा बुजुर्ग ग्राम पंचायत के परिवार रजिस्टर से अपना नाम कटवाया था तथा मल्लूपुर मजगंवा के ग्राम पंचायत, विकास अधिकारी अंकुर शर्मा की कृपा से 29 अक्टूबर को ही उनका नाम मल्लूपुरं मजगंवा में दर्ज कर दिया गया। इसी परिवार रजिस्टर के आधार पर अमित सिंह ने तहसील से मल्लूपुरं मजगंवा गांव का निवास प्रमाण पत्र भी प्राप्त कर लिया जिसके आधार पर वह वहां का मतदाता बनने का प्रयास करने लगा। मृतक अनिल मिश्रा ग्राम पंचायत, विकास अधिकारी इसी मनमानी करतूत का विरोध कर रहे थे तथा यह प्रकरण उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार के समक्ष लंबित था। दोनों पक्षों में जबरदस्त तनातनी के बावजूद तहसील स्तरीय अधिकारी इस संवेदनशील मामले मे ढुलमुल रवैया अपना रहे थे जिसके परिणाम स्वरूप हत्या जैसी जघन्य घटना को अंजाम दे दिया गया। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार किसी भी गांव का निवासी होने के लिए वहां पर लगातार छः माह तक रहना अनिवार्य होता है। यदि अमित सिंह ने डेढ़ माह पूर्व ही वह कथित मकान बनवाया था तथा 21 अक्टूबर तक वह बनकठा बुजुर्ग के निवासी थे तो 29 अक्टूबर को ग्राम पंचायत विकास अधिकारी अंकुर शर्मा ने उनका नाम मल्लूपुर मजगंवा में कैसे दर्ज कर लिया। जाहिर है कि 2015 के पंचायत चुनाव से चल रहे दोनों पक्षों के विवाद में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी की भूमिका ने आग में घी का काम किया। ऐसी स्थिति में इस जघन्य घटना में ब्लाक व तहसील के जिम्मेदार कर्मचारियों के विरूद्ध भी कार्यवाही होना लाजिमी है।

## 72 घण्टे के बाद भी दोहरे हत्याकांड में पुलिस के हाथ खाली

● **नहीं हो सकी किसी नामजद आरोपी की गिरफ्तारी कई लोग हिरासत में**

**अंबेडकरनगर।** राजेसुल्तानपुर थाना क्षेत्र के मल्लूपुर मजगंवा में निवर्तमान ग्राम प्रधान के पति अनिल मिश्रा व उनके बड़े भाई सुरेन्द्र मिश्रा की गोली मारकर हत्या किये जाने के मामले में पुलिस अभी खाली हाथ है। घटना में नामजद आरोपियों में से अभी तक किसी की भी गिरफ्तारी नही की जा सकी है जबकि पुलिस की कई टीमें आरोपियों की तलाश में जगह -जगह छापेमारी कर रही हैं। घटना के बाद से आरोपियों के गांव बनकठा बुजुर्ग में सन्नाटा पसरा हुआ है। अपर पुलिस अधीक्षक अवनीश कुमार मिश्र वहीं पर कैम्प कर प्रगति की लगातार समीक्षा कर रहे हैं। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। गौरतलब है कि दोनों भाइयों की उस समय हत्या कर दी गई थी जब वे बोलेरो गाड़ी से आलापुर से अपने घर लौट रहे थे। गांव से लगभग ढाई किलोमीटर पहले ही हथियारबन्द बदमाशों ने उन्हें घेर कर गोली मार दी थी। दोनों भाईयों के अन्तिम संस्कार में हजारों लोगों की भीड़ उमड़ी थी जो उनके सामाजिक व राजनीतिक रसूख को परिलक्षित कर रहा था। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस जल्द ही मुख्य आरोपियों को पकड़ने में सफल होगी। हालांकि पुलिस ने बड़ी संख्या में लोगों में हिरासत में लेकर पूंछ ताछ जारी रखा है।

# देशहित में ऐतिहासिक कार्य कर रही भाजपा



**अंबेडकरनगर।** भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार ने जनहित और देश हित में ऐतिहासिक तथा अच्छे कदम उठा कर देश की जनता के दिलों में जगह बना ली है।आज भारत विश्व गुरु और नेतृत्वकर्ता के रूप में स्थापित होने को अग्रसर है जिसका पूरा श्रेय भाजपा की सरकारों,भाजपा कार्यकर्ता एवम् देश की सम्मानित जनता को जाता है।

उक्त विचार भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने कटेहरी विधान सभा क्षेत्र के खजुरी मण्डल में समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा समाज वादी पार्टी छोड़ कर भाजपा की सदस्यता दिलाने के अवसर पर आयोजित समारोह में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किया। जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के पूर्व जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह, रूदउपुर प्रधान शत्रुघन सिंह, रेउवा ग्राम प्रधान उर्मिला देवी,जैतूपुर प्रधान रिंकल सिंह के साथ सैकड़ों सपा कार्यकर्ताओं को भाजपा की सदस्यता दिलाने के बाद कहा कि वह दिन दूर नहीं है जब प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत विश्व के सभी देशों का नेतृत्व करेगा।भारत की तरफपूरा विश्व आशा भरी निगाह से देख रहा है।उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार और संगठन के अच्छे कार्यों के कारण आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों को सभी सीटों पर जीत हासिल होगी। सदस्यता ग्रहण समारोह को सम्बोधित करते हुए कटेहरी विधान सभा क्षेत्र के प्रभारी अयोध्या/अम्बेडकर नगर सहकारी बैंक चेयर मैन धर्मेंद्र सिंह (टिल्लू) ने कहा कि भाजपा अपने कार्यकर्ताओं को भरपूर सम्मान देती है।भाजपा में कार्यकर्ता देव की तरह माने जाते हैं।

कटेहरी विधान सभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी अवधेश द्विवेदी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता के समर्पण भाव से लग कर भाजपा नेतृत्व के निर्देशन में अनुशासित ढंग से जन सेवा कार्य करने के वजह से आज भारत की सबसे बड़ी राजनीतिक संगठन बन सका है। उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों को बधाई दिया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने बताया कि मण्डल अध्यक्ष दिलीप तिवारी, मण्डल उपाध्यक्ष राजमनी सिंह व सेक्टर संयोजक अवशेष श्रीवास्तव के महत्वपूर्ण भूमिका और भाजपा की देश हित में लिए गए निर्णयों से ही समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया।सदस्यता ग्रहण समारोह में प्रमुख रूप से खजुरी मण्डल प्रभारी रजनीश सिंह,भाजपा जिला मंत्री दीपक तिवारी, दिलीप पटेल (देव), मण्डल मंत्री कुलदीप अग्रहरि, शैलेन्द्र सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# सेंट्रल विस्टा परियोजना
## शीर्ष न्यायालय की अनुमति

**सर्वोच्च** न्यायालय ने सरकार की सेंट्रल विस्टा परियोजना को कुछ शर्तों के साथ मंजूरी दे दी है। इस प्रकार भारतवर्ष को स्वतंत्रता के लगभग 75 वर्ष बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना वाली संसदीय इमारत मिलेगी तथा इसके अनुकूल सेंट्रल विस्टा में परिवर्तन होंगे। सर्वोच्च न्यायालय ने पुन: विकास पहल को अनुमति देकर अनेक याचिकाओं में उठाए गए सवालों पर विराम लगा दिया है जिनमें पर्यावरण संबंधी नियमों का पालन तथा भूमि प्रयोग परिवर्तन शामिल थे। उसने रचनात्मकता के बारे में अति महत्वाकांक्षा पर विराम लगाते हुए यह स्पष्ट किया है कि सरकार को परियोजना शुरू करने के पहले हेरिटेज कमेटी की अनुमति प्राप्त करना जरूरी होगा। तीन न्यायाधीशों की पीठ में एक न्यायाधीश ने असहमति टिप्पणी करते हुए सरकार द्वारा दिल्ली के सांस्कृतिक व ऐतिहासिक महत्व के प्रतीक में परिवर्तन के बारे में सार्वजनिक विचार-विमर्श न करने पर चिन्ता प्रकट की है। पीठ ने निर्माण प्रक्रिया के दौरान प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए स्माग टावर बनाना भी अनिवार्य किया है। सेंट्रल विस्टा परियोजना में एक नई त्रिभुजाकार संसदीय इमारत बनेगी जिसमें 900 से 1,200 सांसदों के बैठने का स्थान व एक प्रशासनिक ब्लाक होगा। इसके अगस्त, 2022 तक पूरी होने की आशा है। सरकार का तर्क था कि इस परिवर्तन से मंत्रालय कार्यालयों का कामकाज ज्यादा सुगम होगा तथा नागरिकों को भी ज्यादा स्थान मिलेगा। लेकिन कुछ राजनीतिक विश्लेषकों की नजर में इसका उद्देश्य पूरी तरह राजनीतिक है तथा यह इतिहास व राजनीतिक विरासत पुनर्लेखन का प्रयास है। मोदी



सरकार औपनिवेशिक विरासत का पुनर्लेखन कर एक संस्थान की डिजाइन तैयार करना चाहती है जो पूरी तरह भारतीय हो जिसके बारे में अब तक किसी सरकार ने नहीं सोचा था। इस परियोजना के समर्थकों ने लोकतंत्रों द्वारा औपनिवेशिक विरासत उलटने के उदाहरण दिए हैं जिनमें अमेरिका की कैपिटल बिल्डिंग तथा कैनबरा में आस्ट्रेलिया की वर्तमान संसदीय इमारत है जिसे 1988 में खोला गया और वह आस्ट्रेलियाई गौरव का स्रोत बन गई है। उनका तर्क है कि दुनिया की सबसे बड़ी जनसंख्या वाले लोकतंत्र को भी संस्थानों के बारे में अब आगे बढ़कर नया दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। संभवत: यह नए भारत में परिवर्तन की इच्छा का प्रतीक तथा एक प्रकार से मोदी सरकार की राजनीतिक इच्छाशक्ति की अभिव्यक्ति भी है।

हालांकि, देश की राजधानी दिल्ली में परंपरा और आधुनिकता का मेल होता रहा है तथा हर शासक ने अपने प्रतीक व विरासतें छोड़ी हैं। दिल्लीवासियों ने कभी अपनी विरासत से इनकार नहीं किया है जिसमें राजपूत, इस्लामी, यूरोपीय या औपनिवेशिक तत्व शामिल हैं। लूटियनों की दिल्ली इतिहास का एक महत्वपूर्ण अध्याय है। नए कार्यालयों से अब दिल्ली की स्काईलाइन में परिवर्तन होगा तथा सुरक्षा बढ़ने के कारण नागरिकों के यहां घूमने-फिरने का स्थान कम होगा। अच्छा होता कि सरकार केवल इमारतों के बारे में निर्णय करने के बजाय विरासत व प्रशासन संबंधी एक नीति बनाती। संभवत: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 'लूटियनों की दुनिया' तथा इससे जुड़ी सत्ता संरचना बहुत अच्छी नहीं लगती है। उन्होंने पहले कहा था, 'मैं गैर-विशिष्ट वर्ग वाली दुनिया का प्रतिनिधित्व करता हूं। मेरे लिए भारत की जनता ही सब कुछ है।' वे इसी दृष्टिकोण से परिवर्तन के रास्ते पर चल रहे हैं। इस परियोजना पर करोड़ों खर्च के कारण राजनीतिक अर्थशास्त्र के सवाल भी उठते हैं। इसके साथ ही पुरानी विरासतों का संरक्षण हमें अतीत की याद दिलाता है तथा इसे संदर्भ के रूप में स्वीकार कर हम उससे सबक सीख सकते हैं। सरकार की ओर से 2013 में संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक व सांस्कृतिक संगठन को एक प्रार्थनापत्र पेश कर लूटियन बंगला क्षेत्र व शाहजहानाबाद को दिल्ली के विरासती स्थलों में शामिल करने की बात कही गई थी। अब नई सेंट्रल विस्टा परियोजना के बाद शायद यह स्थिति बदल जाएगी।

# भाजपा की ओर आकर्षित नेता

अनेक अन्य पार्टियों के नेता भाजपा में शामिल हो रहे हैं। इससे उसकी विचारधारा कमजोर पड़ने की आशंका है। लेकिन इतिहास बताता है कि यह संदेह अनुचित है।



**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक सुपरिचित स्तम्भकार हैं)



आशंका व्यक्त की गई है कि विजातीय विचार प्रक्रियाओं वाले नेताओं को शामिल करने से भाजपा की विचारधारा पूरी तरह नष्ट भले ही न हो, पर यह बड़ी सीमा तक कमजोर या मिश्रित जरूर हो जाएगी। इस भ्रम का औचित्य बहुत कम है क्योंकि भाजपा में शामिल होने वाले अधिकांश नेता हिंदू हैं। इसलिए उनके निजी जीवन तथा सार्वजनिक जीवन व राजनीतिक अभिव्यक्तियों में कोई टकराव नहीं होगा। इसके विपरीत यदि 50 वर्ष की आयु में कोई व्यक्ति रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी-आरएसपी में शामिल हो जाए तो उस पर सवाल जरूर उठेंगे और यह आश्चर्यजनक होगा। मेरा विश्वास कर्म पर है और आरएसपी में शामिल होने पर मुझे इसे बदल कर स्थाई क्रांति में विश्वास करना होगा जिसकी पैरोकारी व्लादीमिर लेनिन तथा उनके मनपसंद लियोन ट्राट्स्की ने की थी। ट्राट्स्की उस समय तक क्रांति जारी रखना चाहते थे जब तक सारी दुनिया साम्यवादी न हो जाती। मार्क्सवाद की बाइबिल दास कैपिटल पढ़ने पर उसकी मूल अवधारणा-प्रत्येक से उसकी क्षमतानुसार तथा प्रत्येक को उसकी आवश्यकतानुसार, पता चलती है। ये शब्द देखने में सरल हैं, पर उनका संदेश समझना सभी औसत राजनेताओं की मानसिक क्षमता से बाहर है।

यही चुनौती बी.आर. अंबेडकर के सामने थी जिन्होंने प्रतिज्ञा की थी कि वे हिंदू के रूप में नहीं मरेंगे। सवाल था कि वे और उनके अनेक समर्थक कौन सा धर्म स्वीकार करें? बाबासाहेब ने विचार की एक खास शैली अपनाई। पहले उन्होंने ईसाइयत पर विचार कर उसे अस्वीकार किया क्योंकि वह विदेशी मूल की थी। इसका प्रभाव समर्थकों में राष्ट्रीयता की भावना कमजोर कर सकता था। अंबेडकर ने सोचा कि ईसाई बनने के बाद उनके समर्थक ब्रिटिश शासकों के समर्थक बन जाएंगे। इस्लाम भी विदेशी मूल का धर्म है तथा मुसलमानों की ज्यादा संख्या का अर्थ पाकिस्तान का समर्थन बढ़ना था। इस तर्क पद्धति पर चल कर अंतत: वे बौद्ध धर्म तक पहुंचे। राजनेताओं के लिए भाजपा में आना घर वापसी की तरह है क्योंकि वे वह राजनीतिक विश्वास स्वीकार कर रहे हैं जिसे उनको पहले ही करना चाहिए था। यदि वे सेक्युलरवाद के लिए प्रतिबद्ध थे तो वे पुराने रास्ते पर रह सकते थे। मंदिर के मामले में चर्च और राज्य को अलग करने की अवधारणा लागू नहीं होती है। लगभग हर मंदिर अपनी पूजापद्धति पर चलता है, ऐसे में वह सरकार को कैसे प्रभावित कर सकता है। वैसे भी हिंदूवाद में कभी राजनीति में हस्तक्षेप की परंपरा नहीं रही है। राज्यों का प्रशासन राजा का विशेषाधिकार था। लेकिन तथ्य यह भी है कि आदिम काल से स्वदेशी चिंतन हिंदू रहा है जिसे सनातन या वैदिक कहा जा सकता है। यह अंबेडकर के उपरोक्त तर्क से भी सामने आता है। परंपरागत रूप से पश्चिम व खासकर अमेरिका में आम लोग सभी भारतीयों को हिंदू समझते हैं और पूछते हैं कि वह हिंदू मुसलमान है या हिंदू ईसाई या हिंदू हिंदू। उनके लिए 'इंडिया' शब्द पहले अमेरिकन रेड इंडियन से जुड़ता है। कुछ नेहरूवादी भले ही इससे परेशान हों, पर भारत की पहचान अधिकांश समय तक हिंदू रही है। पाकिस्तान के जन्म ने यह समझ और मजबूत की।

हिंदू महासभा की स्थापना 1915 में हुई थी। संयोग से इसकी स्थापना लार्ड कर्जन द्वारा ढाका में मुस्लिम लीग की स्थापना करने के बाद हुई थी जिसमें 1,00,000 पौंड कर्ज दे कर ढाका के नवाब सलीमुल्ला को शामिल किया गया था। भारतीय जनसंघ की स्थापना 1951 में श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नेतृत्व में हुई थी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ-आरएसएस ने उनको कुछ पूर्णकालिक कार्यकर्ता दिए थे। 1977 में आपातकाल के फौरन बाद होने वाले आम चुनाव लड़ने के लिए अनेक अन्य पार्टियों की तरह जनसंघ का भी विलय होकर जनता पार्टी बनी। 1980 में जनसंघी इस पार्टी से अलग हो गए और उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की स्थापना की जिसका शुरुआती घोषणापत्र गांधीवादी समाजवाद पर आधारित था। पार्टी की विचारधारा का मुख्य बिंदु 'राष्ट्र सभी चीजों के ऊपर' है। यह अंतरराष्ट्रीयतावादी साम्यवाद का विपरीत-सिद्धान्त है। इस प्रकार राष्ट्र पर उम्मा की इस्लामी सर्वोच्चता का सिद्धान्त भी खारिज किया गया। यथासंभव सावधानी बरतने के बावजूद समाजवाद कर्म सिद्धान्त का विरोधी है जो जीवन में सभी चीजों को प्रभावित करता है। जीवन के प्रति हिंदू दृष्टिकोण स्वतंत्रता व समानता के बीच विरोधाभास देखता है, जबकि समानता स्वयं को प्राप्त करने के लिए स्वतंत्रता को कुचलती है। ऐसे में किसी के बेहतर कर्म पर नियंत्रण कैसे हो सकता है। इसका अर्थ सबका कल्याण है, पर जबरन समानता नहीं है। साम्राज्यवाद तथा दूसरे देशों का शोषण गलत है। यह डकैती की तरह है। दूसरों पर प्रभुत्व के लिए अपनी सामूहिक एकता भी गलत है। इसके बजाय हिंदू विश्वास उनके साथ है जो अपनी प्रगति सुनिश्चित कर सर्वोत्तम बनना चाहते हैं। जानवरों व चिड़ियों की हत्या उचित नहीं है और खासकर जैन जमीन के नीचे उगने वाली वनस्पतियों के विनाश के प्रति भी संवेदनशील होते हैं। हिंदू धर्म में पीपल के पेड़ की पूजा परिस्थितिकी के प्रति हिंदू सम्मान का प्रतीक है। हमारी अधिकांश बुराइयों का कारण हिंदुस्तान पर शताब्दियों तक विदेशियों का शासन है। राजनीतिक या वैचारिक साहित्य पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया है। हालांकि, वीर सावरकर ने सबसे पहले हिंदुत्व या हिंदूवाद को एक पुस्तक में परिभाषित किया। यह उन लोगों के लिए महत्वपूर्ण है जो विचारधारा के सैद्धान्तिक आयामों का अध्ययन करना चाहते हैं। इसके बाद एक पुस्तक आती है जिसे 'सैफ्रन बुक' कहा जाता है। कहा जाता है कि यह हिंदूवाद का व्याकरण है और वह प्रकाशनाधीन है। उल्लेखनीय है कि यही एकमात्र विचारधारा एशिया की अपनी है, जबकि अन्य राजनीतिक सिद्धान्त विदेशी या यूरोपीय हैं।

विचारधारा मूलत: एक पश्चिमी अवधारणा है जिस प्रकार राजनीति विज्ञान एक यूरोपीय समझ है। इसके उलट भारत में अब तक केवल दो सिद्धान्तों पर जोर दिया गया है-पहला, 2,500 साल से भी पहले लिखा गया अर्थशास्त्र तथा दूसरा, दो साल पहले प्रकाशित हुआ कृष्ण राज्य। हिंदू भारत की एकमात्र इतिहास पुस्तक राजतरंगिणी है जिसे कई शताब्दियों पहले कश्मीरी विद्वान कल्हण ने लिखा था। दूसरी ओर यूरोपीय राजनीतिक पार्टियां अपनी विचारधाराओं से निर्देशित होती हैं। इनमें अति वाम दिशा में साम्यवाद तथा अति दक्षिण दिशा में फासीवाद है। उदाहरण के लिए, हाल ही में ब्रिटेन में जेरेमी कार्बिन को अति समाजवादी कहा गया। इसके पहले एन्यूरिन बीवन थे जिन्होंने ब्रिटेन की लोकप्रिय नेशनल हेल्थ सर्विस की डिजाइन कर उसका क्रियान्वयन किया था। प्रधानमंत्री हेरोल्ड विल्सन को वामपंथी माना जाता था। तुलनात्मक रूप से क्लीमेंट एटली मध्यमार्गी नेता थे, जबकि उनके समकालीन हग गेटस्कल को उदारवादी कहा जाता था। इसके बावजूद ये सारे नेता लेबर पार्टी में थे।

कंजरवेटिव पार्टी में सर एंथोनी इडेन एक दक्षिणपंथी थे जिन्होंने स्वेज नहर के मामले पर 1956 में मिस्र के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया था। इसके पहले इनोक पावेल ने घोषणा की थी कि 'इंग्लैंड में प्रवासियों के कारण खून की नदियां बहेंगी।' बाद में दक्षिणपंथी व समाजवाद-विरोधी मार्गेट थैचर सत्ता में आईं। दक्षिणपंथी अतिवाद समझे जाने वाले फासीवाद ने भी ब्रिटिश राजनीति को नहीं छोड़ा। लार्ड कर्जन के दामाद सर ओस्वाल्ड मोस्ले ने खुलेआम स्वीकार किया था कि वे फासिस्ट हैं। विचारधारा में इन सारे मतभेदों के बावजूद अनेक प्रख्यात नेताओं ने भी कभी अपनी पार्टी नहीं बदली। हालांकि, कट्टर कंजरवेटिव समझे जाने वाले विंस्टन चर्चिल कुछ साल बाद लिबरल पार्टी में चले गए थे।

# नए वर्ष में शेयर बाजारों से जुड़ी उम्मीदें

> नया वर्ष उम्मीदों से भरा है। निवेशक इस भावना को विदेशी मुद्रा बाजार में भी प्रतिबिम्बित होते देखना चाहते हैं लेकिन अंत में निराशा हाथ लग सकती है।

**हिमा बिंदु कोटा**
(लेखिका एमिटी विश्वविद्यालय नोएडा में सहायक प्रोफेसर हैं)



वर्ष 2020 जिंदगियां, आजीविकाएं, बिजनेसों के समाप्त होने तथा धराशायी होती अर्थव्यवस्थाओं का वर्ष था। हालांकि, नया वर्ष यह उम्मीद लेकर आया है कि वायरस टीकाकरण के द्वारा नियंत्रित हो जाएगा और इसका परिणाम वैश्विक अर्थव्यवस्था के इस रोगाणु के साए से उबरने के रूप में सामने आएगा। आमतौर से, वित्तीय सुधार में शेयर बाजारों एवं विदेशी मुद्रा बाजारों का पुनरुत्थान वास्तविक आर्थिक पुनरुत्थान से पहले नजर आने लगता है। ऐसा इसलिए क्योंकि शेयर मूल्य आगे की ओर देखते हैं, और निवेशक अतीत के आंकड़ों अथवा वर्तमान सूचनाओं के बजाए भविष्य की उम्मीदों के आधार पर धारिताएं खरीदते हैं। अत:, इस वर्ष के मुद्रा बाजार में हमारे लिए क्या है?

दोनों ही बेंचमार्क सूचकांक, निफ्टी और बीएसई सेनसेक्स, इस बार धमाके के साथ प्रारम्भ हुए और रिकार्ड ऊंचाई पर जाकर बंद हुए जहां निफ्टी 50 अंत में 14,000 के आंकड़े के ऊपर पहुंचा और बीएसई सेनसेक्स 48,000 के स्तर से ऊपर पहुंचा। आर्थिक पुनरोत्थान की उम्मीद ने भावनाओं को बल प्रदान किया। अत:, क्या बाजार का आगे बढ़ना जारी रहेगा? जबसे मार्च 2020 के अंत में भारत में महामारी ने जोर पकड़ा, 1 जनवरी को निफ्टी 50 अपने 75,000 के स्तर से दोगुना होकर 14,000 के ऊपर पहुंच गया। अमेरिका में, नासडाक कंपोजिट सूचकांक, भी मार्च 2020 में 7,000 की रेंज से उछलकर वर्ष के अंतिम दिन। 13,000 तक पहुंच गया। जापान के बेचमार्क सूचकांक, निक्की 225 ने भी यही रुझान दर्शाया और वर्ष के अंत में 27,444 के आंकड़े तक पहुंचकर 66 प्रतिशत बढ़ोतरी अर्जित की। जीवित स्मृति में सर्वाधिक कठिन समय के दौरान शेयर बाजार के बढ़ने की यह विश्वव्यापी प्रघटना दर्शाती है कि मुद्रा बाजारों ने पहले से ही कोविड-19 टीकाकरण एवं पुनरुत्थान प्राप्त करने के सकारात्मक परिणामों को पहले ही समाहित कर लिया था।

रुझान की रेखा विचित्र ढंग से उतार-चढ़ावों को जोड़कर बाजार की दिशा की पुष्टि करती है। ऊपर की ओर बढ़ने वाला रुझान सभी निचले बिंदुओं को जोड़ता है और एक सहायक रेखा निर्मित करता है। इस ऊर्ध्वगामी रुझान की ताकत और सहायक रेखा का परीक्षण इससे किया जाता है कि कितनी बार यह कीमतों के अतिक्रमण को रोकने में सक्षम हुआ है। ऐतिहासिक रूप से, पिछले 10 वर्षों में देखें, तो निफ्टी 50 में 2009 में 27,00 के स्तर से जनवरी 2020 में 12,000 का ऊर्ध्वगामी प्राथमिक रुझान रहा है, भले ही 2010-11 और 2015-16 में मामूली द्वैतीयिक अधोगामी रुझान नजर आए हैं। मार्च 2020 में गिरावट के बाद, निफ्टी 50 एक और ऊर्ध्वगामी रुझान के साथ प्रारम्भ हुआ जो संपूर्ण वर्ष चला। 14,000 के ऊपर वाले वर्तमान स्तरों पर, यह भावना तेजड़िया रहेगी और निकट भविष्य में बाजार के 14,500 के पार पहुंच जाने की संभावना काफी मजबूत है। हालांकि, ऊपर की ओर उछाल पिछले वर्ष के दौरान दर्शाती है कि आर्थिक पुनरोत्थान के बारे में सभी सकारात्मक खबरें पहले से ही कीमतों में परिलक्षित हुई हैं। गिरावट के समय, निफ्टी को 11,000-13,000 की रेंज में सहयोग स्तर मिल सकते हैं। बाजार के लिए सूचना चेनलों पर विचार के विकल्प हैं, जो अंतत: शेयर मूल्य बदलावों में परिणित होते हैं। क्योंकि विकल्प बाजार जानकारी रखने वाले निवेशकों के लिए पसंदीदा बाजार होते हैं, आकार ओर खुली दिलचस्पियां पूर्वानुमानकारी औजारों के तौर पर अंतरनिहित शेयरों की गति की भविष्यवाणी करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं क्योंकि ये किसी भी प्रकार के बाजार संकट में शुरुआती व्यवस्था विकसित कर सकते हैं। वे अंतरनिहित परिसंपत्तियों के लिए मूल्यों में परिवर्तन की क्षमता व ताकत को भी प्रस्तुत करते हैं। इसलिए, विकार करने योग्य एक महत्वपूर्ण संकेतक है पुट-काल विकल्प आकार अनुपात।

यह प्रतिकूल भावना निवेश प्रमाप बाजार की दिशा की भविष्यवाणी करने के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण है जो कि शेयर बाजार में पुट एंड काल्स के दैनिक आयतन का पता लगाकर तथा निवेशकों की भावना का अंदाज़ लगाकर करता है। पुट्स आमतौर से बाजार की गिरावट के बीमे के तौर पर खरीदे जाते हैं, जबकि कालें तेजी पकड़ने वाले बाजारों के लिए दिशामूलक शर्तों के तौर पर खरीदे जाते हैं। जब पुट का आकर बढ़ता है तो, बाजार में गिरावट की उम्मीदें बढ़ जातीं और जब काल आयतन बढ़ता है, ते बाजार के उछाल मरने की उम्मीदें बढ़ जाती हैं। निफ्टी में विकल्पों के लिए पुट-काल का विकल्प विविध एक्सपायरी तिथियों के साथ इस वर्ष जनवरी से फरवरी तक सतत रूप से बढ़ रहा है। इससे जाहिर होता है कि पुट आप्शंस वाल्यूम लगातार बढ़ रहा है और गिरावट की संभावना दर्शा रहा है।

नया वर्ष उम्मीदों से भरा है। निवेशक इस भावना को विदेशी मुद्रा बाजार में भी प्रतिबिम्बित होते देखना चाहते हैं लेकिन उन्हें समझना होगा कि मुद्रा बाजार अग्रणी संकेतक हैं और पिछले वर्ष की रैली ने पहले से ही आर्थिक पुनरात्थान समाहित किया है। ऊर्ध्वगामी रुझान 14,000 से 15,000 के स्तरों तक जारी रह सकता है। हालांकि, इन स्तरों की अपनी मनोवैज्ञानिक बाधाएं हैं और हो सकता है कि हम बाजार उपचार जल्द देखें। सहायता के स्तर 11,000 से 13,000 की रेंज में आ सकते हैं। हो सकता है कि नए वर्ष में सिर्फ उछाल वाला रुझान देखने को न मिले बल्कि कुछ प्रोफिट बुकिंग भी देखने को मिले। प्रोफिट बुकिंग के कारण किसी भी प्रकार का अधोगामी रुझान लोगों के लिए दीर्घकालीन निवेश करने का अवसर बन सकता है। इस वर्ष आमदनियां भी बढ़ सकती हैं क्योंकि अधिकतर कम्पनियां महामारी के दौरान पिछले वर्ष अपनी परिचालन लागतें कम करने में सक्षम थीं। इससे उन्हें आमदनियां बढ़ाने में मदद मिल सकती है। आमदनियों का पुनरुत्थान शेयर बाजार के रिटर्नों को सुधारने में लंबी दूरी तक जाएगा। कुल मिलाकर इस वर्ष आर्थिक पुनरात्थान की उम्मीद बनी हुई है। हालांकि, पिछले वर्ष शेयर बाजारों में जानकारी पहले ही परिलक्षित हुई है, इस बार बाजारों का रास्ता ऊबड़-खाबड़ व झटकों वाला हो सकता है।

## आप की बात

### दु:खद हादसा

**गाजियाबाद** के श्मशान में छत गिरने से 24 लोगों की असामयिक मौत ने देश को हिला कर रख दिया। मृतकों ने कल्पना भी नही की होगी कि की जिसके अंतिम संस्कार में शामिल हो रहे हैं, और यही हमारी भी आखिरी यात्रा होगी। छत गिरने का जहां तक सवाल है इसमे जिम्मेदार लोगों की पोल खुलते नजर आ रही है। और चन्द पैसे कमाने की चाह में भरस्टाचार की तस्वीर भी नजर आती है। नव निर्मित छत का एकाएक गिर जाने से काल के गाल में 24 लोग समा गए। ठेकेदार की गिरफ्तारी की सूचनाएं हैं। परन्तु सिर्फ गिरफ्तारी तक ही नही सीमित होना है। इन बेगुनाहों की मौत के इंसाफ के लिए भी कारगर कदमो की जरूरत होगी। क्या बीत रही होगी उन परिजनों पर जिन्होंने अपनो को असमय हमेशा हमेशा के लिए खो दिया। आखिर इस तरह की लापरवाही क्या दर्शाती है? निर्माण कार्यों में पूर्व में गुणवत्ता की जांच क्यो नही की गई? कुछ भी हो यह हादसा बेहद विचलित कर देने वाला दु:खद हादसा है। गाजियाबाद के इस हादसे के दोषियों को कठोरतम से कठोरतम सजा का प्रावधान होना चाहिए। ताकि मृतको को ,उनके परिजनों को इंसाफ मिल सके। क्या प्रशासन इस बाबत कारगर कदम उठाएगा?

- **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

### नव वर्ष, नए संकेत

**नया** वर्ष दस्तक दे चुका है। जाने वाला वर्ष आम वर्षो से बेहद अलग रहा। कोरोना जैसी महामारी ने हमें बहुत कुछ सिखाया है। वर्ष 2020 को अलविदा करने के साथ ही हर व्यक्ति ने दिल से यही दुआ की कि वर्ष 2021 में विश्व कोरोना महामारी से मुक्त हो जाए। जैसा कि हम सभी जानते है कि नव वर्ष के आगमन से ही हमे काफी सकारात्मक संकेत देखने को मिल रहे है। भारत के ओषधि महानियंत्रक द्वारा कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए विकसित दो वैक्सीन के आपात उपयोग की अनुमति महामारी के विरुद्ध जारी लड़ाई में एक निर्णायक मोड़ है। यह भी एक बड़ी गौरवपूर्ण उपलब्धि है, हमारे लिए भी दोनों टीकों का निर्माण भारत में हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर को आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के लिए उत्साहवर्धक बताया है। हम सभी इससे पूर्णत: अवगत है कि वैक्सीन ही वायरस को काबू में करने का एकमात्र हथियार है। लेकिन जब तक हमें टिका नही लग जाता है, तब तक हमें सावधानी बरतने के निर्देशों का पालन करना है, क्योंकि न्यूनतम स्तर पर ही सही पर अभी भी कोरोनावायरस संक्रमण का दौर जारी है।

- **खुशबू वेद**, आलोट, मप्र

### आज की बचत, कल की सुरक्षा

**आज** की बचत, कल की सुरक्षा, यह महज नारा नहीं था, बल्कि आम आदमी के भविष्य का सुरक्षित सुरक्षा कवच था। लेकिन धीरे धीरे यह नारा चमक खोता गया क्योंकि आम आदमी बैंकों में अपनी यह बचत राशि सुरक्षित रखता था तो बैंक ही डूबने लगे, साथ ही बचत राशि पर इतना कम ब्याज देने व ग्राहकों के खाते पर नए-नए चार्जिंग लगा कर ग्राहकों को बचत के प्रति उदासीन ही कर दिया। अब बजट की तैयारी हो रही है, अधिकारियों कर्मचारियों को धारा 80 सी में भविष्य निधि, बीमा या अन्य निवेश/कटौतियां पर छूट दी जाती है, जो डेढ़ लाख तक हैं। अब आयकर की इस धारा में कम से कम ढाई लाख रुपए की न्यूनतम सीमा की जाना चाहिए। यह मांग अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ-साथ उद्योगी, व्यापारिक संगठन भी कर चुका है, ताकि आयकर दाता भविष्य निधि, बीमा व अन्य में सुरक्षित निवेश कर सकें। क्या सरकार व वित्त विभाग, पुन: आज की बचत कल की सुरक्षा नारे को सार्थक करते हुए आम जनता के हित में सार्थक व ठोस कदम उठाएगी।

- **हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




**हमें** मामूली बदलाव के साथ भाजपा का मॉडल अपनाना होगा। हमें हिन्दुत्व दर्शन को समायोजित करने की आवश्यकता है।

- **एचडी कुमारस्वामी**
जनता दल (सेक्युलर) नेता



**यह** न्याय की जीत है। मैं इंग्लैंड के कदम की सराहना करता हूं क्योंकि विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे एक पत्रकार हैं और उन्हें मौका मिलना चाहिए।

- **एएमएल ओब्राडोर**
मैक्सिको के राष्ट्रपति



**मैं** राष्ट्रपति बने रहने के लिए संघर्ष करूंगा। मैं रिपब्लिकन विधि निर्माताओं से इस चुनाव परिणाम को उलट देने की अपील करता हूं जिसमें बाइडेन की जीत हुई है।

- **डोनाल्ड ट्रंप**
अमेरिकी राष्ट्रपति

# राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने सेंट्रल जेल का किया निरीक्षण



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

● केंद्रीय कारागार में स्थापित शहीद चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए

**उत्तर प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अपने तीन दिवसीय वाराणसी दौरे के दौरान द्वारा बुधवार को वाराणसी जनपद स्थित केंद्रीय कारागार निरीक्षण किया गया। उन्होंने केन्द्रीय कारागार में स्थापित शहीद चन्द्रशेखर आज़ाद की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। वहीं पर लगे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के स्मृति स्तम्भ के बारे में जेल अधीक्षक द्वारा राज्यपाल को जानकारी दी गई।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के पूछे जाने पर कि अशक्त और वृद्ध कैदियों को यदि जेल से बाहर किसी कारण ले जाना हो तो बैरक से जेल के मुख्य द्वार तक कैसे लाया जाता है। जेल अधीक्षक के बताने पर कि बैरक से पैदल ही लाया जाता है। इतना सुनते ही उन्होंने कहा कि जेल में दो ईरिक्शा की व्यवस्था की जाय जो राजभवन के व्यय भार पर इस कार्य में उपयोग किये जायेंगे। जेल में स्थित गौशाला के निरीक्षण के दौरान उन्होंने गायों को केले और गुड़ आदि खिलाया और स्नेहिल स्पर्श दिया।भ्रमण के दौरान जेल के कैदियों से भी मुलाकात की और विभिन्न विधा में निपुण कारीगरों के उत्पाद का अवलोकन किया। बेकरी के उत्पादए फर्नीचर में गवर्नर चेयरए तौलिया गमछा के साथ साथ कैदियों द्वारा उत्पादित सब्जियां आदि को भी देखा।

## कृषि तकनीक को लैब से निकालकर जमीन तक पहुंचाएं

● छात्रों को खेत ही उनकी असली प्रयोगशालाः राज्यपाल



**वाराणसी।** राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल ने छात्रोंए शिक्षकों और कृषि वैज्ञानिकों का आह्वान करते हुए कहा कि कृषि तकनीक को लैब से निकालकर जमीन तक पहुंचाएं। कृषि छात्रों को संबोधित करते हुए कुलाधिपति ने कहा कि खेत ही उनकी असली प्रयोगशाला है। कुलाधिपति बुधवार को महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के चौथे परिसर भैरव तालाब स्थित कृषि एवं तकनीकी संकाय के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रही थीं। राज्यपाल ने कहा कृषि क्षेत्र में रसायनों के इस्तेमाल ने सेहत को खराब किया है।देश आज जैविक खेती की तरफबढ़ रहा है तो ऐसे में कृषि छात्रए कृषि विज्ञानी और अध्यापकों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह जैविक खेती को जनण्जन तक पहुंचाएं। कृषि विज्ञान संकाय से निकलने वाले छात्र पहले अपने खेतों से एक छोटी सी शुरुआत करें। अपने घर में बताएं अपने गांव के किसानों को जागरूक करें। आपकी एक छोटी सी पहल आने वाले समय में एक वृहद स्वरूप लेगी, जब खेतों की सेहत सुधरेगी तब देश की सेहत में भी सुधार होगा। कृषि क्षेत्र में अब बेटियां भी आगे आ रही हैं। यह आने वाले सुनहरे भविष्य का संकेत है। हर मां बाप से अपील है कि वह बेटियों को अच्छी शिक्षा दिलाएं। बेटे और बेटियों में कोई भेद भाव नहीं करें। कुलपति प्रो टी एन सिंह ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि आने वाले समय में यह परिसर कृषि क्षेत्र में शोध केंद्र के तौर पर विकसित होगा। धन्यवाद कुलसचिव डॉ साहब लाल मौर्य ने किया।

## माघमेला में संस्था नमः शिवाय गरीबों को कराएगी भोजनः गुरुदेव

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज



● कोरोना के खात्मे को लेकर प्रयागराज, लखनऊ, कानपुर में सात माह से हो रहा रुद्राभिषेक

**लाल महेंद्र** शिव शक्ति सेवा समिति ? नमः शिवाय संस्था की ओर हर वर्ष की तरह इस बार भी माघमेला में शिविर लगाएगा। जिसमें संस्था की ओर से लाखों करोड़ों श्रद्धालुओं स्नानार्थी तीर्थयात्री संत महात्मा को भंडारे में स्वादिष्ट भोजन कराया जाएगा। सेक्टर 02 में मुख्य शिविर के साथ ही छह स्थानों प्रशासन के सामने हनुमान मंदिर के पास किला चौराहा तिकोनिया चौराहा और अक्षयवट के पास लोगों को भोजन कराया जाएगा। बुधवार को ? नमः शिवाय के गुरुदेव ने पत्रकारों को बताया कि संस्था के करीब एक हजार स्वयंसेवक भंडारे का प्रसाद बिना रुके हुए बनाते हैं और उसका वितरण भी करते हैं। प्रयागराज के साथ ही लखनऊ कानपुर और अयोध्या में भी भंडारे का आयोजन किया गया। इसके अलावा लॉकडाउन के दौरान भी लोगों को बढ़ चढ़कर भोजन कराया गया। हज़ारों की संख्या गरीबों और अन्य लोगों का भोजन कराया गया। गुरुदेव जी ने बताया कि लॉकडाउन के दौरान थानों में भी लोगों को भोजन कराया गया। लखनऊ कानपुर अयोध्या और प्रयागराज के अधिकतर थानों में लोगों को भोजन कराया गया। कीडगंज मुट्ठीगंज दारागंज समेत तमाम थानों में गरीबों को भोजन कराया गया। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी मेला में श्रद्धालुओं को भोजन आदि कराया गया। लॉकडाउन में भी संस्था ने गरीबों और जरूरतमंदों की बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और सभी को पेटभर भोजन करवाया गया।कोरोना वायरस के खात्मे को लेकर पिछले सात माह से इलाहाबाद लखनऊ और कानपुर में प्रतिदिन रुद्राभिषेक हो रहा है। रुद्राभिषेक का उद्देश्य यह है कि देश और पूरे विश्व से कोरोना खत्म हो। गऊघाट स्थित आश्रम में लगातार रुद्राभिषेक किया जा रहा है।

## कांग्रेस के पार्षदों ने दूसरे दिन कार्यालय के बाहर दिया धरना

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

● बनारस के 90 वार्डों में विकास न होने का आरोप

**वाराणसी** के पूरे 90 वार्डो की विकास कार्य न होने के कारण कल से कांग्रेस पार्टी के पार्षद नगर आयुक्त कार्यालय के बाहर बुधवार को लगातार दूसरे दिन भी धरने पर दो घंटे बैठे । जिसमे सभी पार्षदों ने कहा कि 2017 से चुन कर आये हम सब पार्षदों के वार्डो में अभी तक विकास का कोई भी कार्य नही हो पा रहा है जब कि सदन में सर्व सम्मति से ये पास हुआ था कि पूरे 90 वार्डो में हर वर्ष पचीस लाख के विकास का कार्य होगा परंतु अभी तक एक वर्ष का पचीस लाख का ही कार्य नही हो पाया और दूसरी ये मांग है कि हर वार्ड में पंद्रह हजार के कोटेसन पर गलियों की मरम्मत का कार्य हो और तीसरी मांग ये है कि जिन जिन ठेकेदारों ने टेंडर लिया है और कार्य नही कर रहे है उन ठेकेदारों को टेंडर डालने से रोका जाए । और सीवर की भीषण समस्सया से जूझ रहे जैतपुरा छ मोहनी के जनता को इस समस्या से निजात दिलाने के लिए तत्काल कार्य कराया जाए । जलालीपुरा वार्ड और कटेहर वार्ड में और वलुआबीर में सीवर की समस्सया को जल्द से जल्द समाप्त किया जाए । आज धरने में शामिल पार्षदों में रमजान अली, हाजी ओकास अंसारी, डॉ0 अख्तर अलीए गुलसन अलीए अफ़ज़ाल अंसारीए बेलाल अंसारी, असलम खानए साजिद अंसारी आदि पार्षद सामिल थे ।

## यूबीआई ग्रामीण क्षेत्र में 'मैं भी डिजिटल' के तहत लोगों को भुगतान कर रही है

**वाराणसी।** मऊ जनपद के अग्रणी बैंक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा संचालित डिजिटल इंडिया अभियान ' मैं भी डिजिटल' के तहत गत दिनों मधुबन, उफ्रौली, मुहम्मदाबाद, गोहना, रायपुर, भीटी, चिस्तीपुर, नरईबांध, कलेक्ट्रेएइट, ज्योति टावर एवं मऊ मुख्य शाखाओं में क्षेत्रीय कार्यालय एवं संबंधित शाखा के अधिकारियों द्वारा ' मैं भी डिजिटल' के कार्यक्रम के तहत विशेष आयोजन किया गया। जिसमें पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को डिजिटल प्लेट फार्म से जोड़ा गया। इस योजना के तहत 375 पीएम स्वनिधि के लाभार्थियों को क्यू0आर0कोड वितरित किया गया एवं उन्हें डिजिटल लेनदेन हेतू प्रोत्साहित किया गया। क्रेता अपने स्मार्ट मोबाइल फोन में स्थित किसी भी यूपीआई एप के माध्यम से विक्रेता के क्यूआर कोड को स्कैन कर नगदी रहित कैशलेश भुगतान कर सकता है। क्षेत्रीय प्रमुख सुनील कुमार ने कहा कि भारत में डिजिटल लेनदेन की व्यापक संभावनाएं हैं, इसकी शुरूआत ग्रामीण क्षेत्र में प्रयोग कर किया जा सकता है। इसके द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर डिजिटल भुगतान में क्रांति लायी जा सकती है जिससे नगदी लेनदेन में आने वाली चुनौती का सामना किया जा सकता है। यह देश के गरीब तपके के लोगों के लिए वरदान स्वरूप है।

## श्रीमद्भागवत की कथा को निष्ठा पूर्वक श्रवण करने वाले के सभी रोग शांत हो जाते हैं



**वाराणसी।** श्रीमद्भागवत के श्रवण से भारतवर्ष में व्याप्त करोना-19 की शांति संभव हैए भारत भारती परिषद वाराणसी द्वारा कोविड 19 से आक्रांत विश्व समूह के कल्याण और अग्रवाल भवनए आसभेरों में चल रहे श्री विट्ठल दास गोसाई जी के प्राकट्य की पूर्व बेला में व्यासपीठ से उपदेश करते हुए मथुरा वृंदावन से पधारे पंडित बसंत शास्त्री चतुर्वेदी ने कहा कि श्रीमद्भागवत की कथा को निष्ठा पूर्वक श्रवण करने वाले के सभी रोग शांत हो जाते हैं। विश्वकल्याण मनुष्य को श्रीमद्भागवत की कथा का श्रवण करना चाहिए, जिससे मंगलमय ध्वनि तरंगों से कोरोनावायरस का प्रभाव समाप्त हो जाएण् भगवान श्रीकृष्ण की रासलीला शुद्ध प्रेम रस का संदेश विश्व को प्रदान कर रही हैए कंस जैसे अत्याचारी शासक से भगवान अपने भक्तों को मुक्ति दिलाते हैं। कितना भी साधनरहित जीव हो किंतु भगवान उसमें प्रेम को सदा सर्वदा याद रखते हैं। इसी कारण मथुरा एवं द्वारका के राजभवन में निवास करते हुए श्रीकृष्ण अपने ब्रिज के गोपण्गोपियों को कभी भी भूल ना सके, प्रेम की यह दिव्यता ईश्वर को भी भक्तों के अध्ययन निकट लाती है। भगवान का शुभ विवाह उनसे प्रेम करने वाली विदर्भ देश की राजकुमारी रुकमणी जी से संपन्न हुआ, भगवान के विवाह महोत्सव का धर्म नगरी काशी की प्रजा ने जमकर आनंद लिया, श्रीमद्भागवत कथा में वयोवृद्ध आचार्य पंडित श्री ईश्वरीदत्त भट्ट शास्त्री एवं पंडित दिनेश शुक्ल द्वारा उत्सव की शोभा बढ़ाते हुए श्रीमद् भागवत जी के मूल पारायण सस्वर किया जा रहा हैए विश्व कल्याण विधिवत पूजन आदि का कार्य वैदिक मंत्रोचार के साथ पंडित श्री गणेश नारायण एवं महादेव पालनदे संपन्न करा रहे हैं, कथा के मुख्य मनोरथी अशोक बल्लभ दास व दिनेश यादव द्वारा श्रद्धा पूर्वक श्रीमद्भागवत का पूजन एवं आरती की गई।

### भारतरत्न पं. मालवीय जी की जयंती पर

## बीएचयू के वीसी प्रो. राकेश भटनागर ने काशी विश्वनाथ मंदिर में पहुंचकर किया पूजन-अर्चन

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**हिंदू तिथि** के अनुसार पौष मास की कृष्ण पक्ष की अष्टमी पर महामना पं.मदन मोहन मालवीय का जन्म हुआ था। इस अवसर पर बीएचयू अपने संस्थापक की जयंती बुधवार को धूमधाम से मना रहा है। इसी क्रम में परिसर स्थित विश्वनाथ मंदिर में बाबा विश्वनाथ का रुद्राभिषेक किया गया। इस दौरान कुलपति समेत कई कई लोग मौजूद रहे।महामना मदन मोहन मालवीय की जयंती पर बीएचयू स्थित नए काशी विश्वनाथ मंदिर में बुधवार को वैदिक रीति रिवाजों से कुलपति प्रोण् राकेश भटनागर ने पूजन किया। इस दौरान बीएचयू के अन्?य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। परिसर स्थित महामना की प्रतिमा पर इस दौरान माल्यार्पण भी किया गया। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के संस्थापक, भारत रत्न महामना पं. मदन मोहन मालवीय के जयंती समारोह पौष कृष्ण अष्टमी के मौके पर परिसर स्थित श्री विश्वनाथ मंदिर में कुलपति ने रुद्राभिषेक कर सभी के लिए मंगलकामना की। प्रयागराज में 25 दिसंबर 1861 को जन्मे भारत रत्न महामना मदन मोहन मालवीय का निधन 12 नवंबर 1946 को वाराणसी में हुआ था। सर्वविद्या की राजधानी काशी हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए उनको विश्वभर में जाना जाता है।

## कोर ने सर्वाधिक मास्ट इरेक्शन 1506 मास्ट का बनाया कीर्तिमान

● 12 अधिकारियों के साथ 56 कर्मचारियों को किया गया पुरस्कृत

● केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन में 65वां रेल सप्ताह समारोह आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज




**केंद्रीय रेल** विद्युतीकरण संगठन प्रयागराज स्थित मुख्यालय में वर्चुअल माध्यम से 65वां रेल सप्ताह समारोह का आयोजन बुधवार को किया गया। कोर वर्तमान में सम्पूर्ण भारत में नौ परियोजनाओं अम्बाला अहमदाबाद चेन्नई दानापुर जयपुर लखनऊ न्यू जलपाईगुड़ी एवं बेंगलुरु के माध्यम से भारतीय रेल के समस्त ब्रॉड गेज रूटों को विद्युतीकरण करने का कार्य कर रहा है। मुख्य अतिथि केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन के महाप्रबन्धक यशपाल सिंह ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले बारह अधिकारियों एवं 56 कर्मचारियों को पुरस्कृत किया। पुरस्कार वितरण में सर्वप्रथम सर्वोत्तम परियोजना शील्ड दानापुर परियोजना को दी गई। इसके साथ ही दानापुर परियोजना को विद्युत विभाग सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग भण्डार विभाग तथा इंजीनियरिंग विभाग की भी शील्ड प्रदान की गई। लेखा विभाग की शील्ड लखनऊ परियोजना को कार्मिक विभाग की शील्ड न्यू जलपाईगुड़ी परियोजना को तथा राजभाषा की शील्ड अहमदाबाद परियोजना को प्रदान की गई। कोविड 19 महामारी के कारण मुख्यालय के अतिरिक्त परियोजनाओं में कार्यरत रेल कर्मियों को पुरस्कार एवं शील्ड वर्चुअल माध्यम से प्रदान किये गए। महाप्रबन्धक यशपाल सिंह ने कहा कि वर्ष 2019.20 में कोर को विद्युतीकरण के लिए एक चुनौतीपूर्ण लक्ष्य मिला था। जिसे स्वीकार करते हुए कोर ने 2606 रूट किलोमीटर विद्युतीकरण का लक्ष्य प्राप्त किया। इस दौरान बदौसा मानिकपुर जैसे महत्वपूर्ण खण्ड का विद्युतीकरण किया गया। जिससे प्रयागराज से झाँसी की ओर विद्युतीकृत रूट कि प्राप्ति हुई। चुनार चोपन खण्ड के विद्युतीकरण से पूर्वी रेलवे को जोड़ने हेतु पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन के अतिरिक्त एक विकल्प रूट की भी प्राप्ति हुई। महाप्रबंधक ने बताया कि वर्ष में संगठन द्वारा पुराने कीर्तिमान 684 मास्ट को तोड़ते हुए एक ही दिन में सर्वाधिक मास्ट इरेक्शन 1506 मास्ट का नया कीर्तिमान स्थापित किया गया। साथ ही साथ विद्युतीकरण के इतिहास में पहली बार एक दिन में कुल 138 शॉट 90 ट्रैक किलोमीटर वायरिंग भी इसी वित्त वर्ष में की गयी। विश्व में पहली बार संगठन की अहमदाबाद इकाई ने गुजरात राज्य के पालनपुर और बोटाड 270 रूट किलोमीटर के बीच हाई राइज ओएचई के साथ विद्युतीकरण इस वर्ष किया गया। जिससे भारतीय रेलवे में बिजली के इंजन साथ डबल स्टैक कंटेनर का परिचालन संभव हुआ। वर्ष 2020 21 के दौरान कटनी सतना जैसे महत्वपूर्ण खंड का विद्युतीकरण किया गया। जिससे प्रयागराज से हो कर मुम्बई हावड़ा के बीच निर्बाध विद्युत कर्षण पर रेल गाड़ियों का परिचालन संभव हुआ है। वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक कोर वी के गर्ग ने महाप्रबन्धक को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर अरुण कुमार मुख्य प्रशासनिक अधिकारी सुरेश कुमार प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर डी के गुप्ता प्रमुख वित्त सलाहकार प्रमिला सिंह प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी अमिताभ शर्मा मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अनूप मिश्रा वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी एवं सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।

## अधिवक्ताओं से बदसलूकी बर्दाश्त नहीं होगीः अग्रवाल



● बार काउंसिल के अध्यक्ष रोहिताश्व अग्रवाल ने संभाला कार्यभार

**प्रयागराज।** राज्य विधिज्ञ परिषद उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष पद का कार्यभार बुधवार को रोहिताश्व अग्रवाल ने संभाल लिया। रोहिताश्व अग्रवाल बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के 2005 से 2006 तक अध्यक्ष रह चुके हैं। पिछले बीस वर्षों से लगातार सदस्य निर्वाचित हो रहे हैं। इससे पहले मेरठ बार एसोसिएशन के महामंत्री के रूप में लगातार तीन बार और पांच बार अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हो चुके हैं। पद संभालने के बाद पत्रकारों से बातचीत में श्री अग्रवाल ने कहा कि अधिवक्ता हितों में जो भी जरूरी और प्रभावी कदम उठाना होगा। उससे पीछे नहीं हटेंगे। बार कॉउंसिल का प्रत्येक सदस्य अध्यक्ष निर्वाचित हुआ है। एटा की घटना के बाबत पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि अधिवक्ताओं के साथ सम्मानित तरीके से पेश आएं। अधिवक्ताओं से बदसलूकी और उनका अहित किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अध्यक्ष पद का कार्यभार ग्रहण करने पर बी के श्रीवास्तव सीनियर एडवोकेट अंकज मिश्रा उपाध्यक्ष शिव किशोर गौड़ मेम्बर सचिव हरिशंकर सिंह पूर्व अध्यक्ष अजय यादव सदस्य प्रशांत सिंह अटल सदस्य मधुसूदन त्रिपाठी सदस्य अरुण कुमार त्रिपाठी सदस्य प्रदीप कुमार सिंह सदस्य अब्दुल रज्ज़ाक खान सदस्य इमरान माबूद खान सदस्य समेत सैकड़ों अधिवक्ताओं ने बधाई दी।

## सर्विलांस की मदद से पकड़े गये अपहरण कर्ता

**नवाबगंज उन्नाव।** कानपुर नगर के कृष्णा पुरम थाना चकेरी निवासी हिमांशु पाल पुत्र छेदीलाल पाल मंगलवार देर शाम अपने मित्रों प्रतीक सिंह पुत्र परशुराम सिंहए आशीष सिंह पुत्र मिथलेश सिंह निवासीगण हूलागंज थाना हरवंशमोहाल कानपुर तथा दुर्गेश यादव पुत्र जगरूप यादव निवासी दहेली सुजान थाना चकेरी कानपुर के साथ कार से लखनऊ से वापस घर जा रहा था। तभी रास्ते में पीछे से आती अर्टिका कार से उतरे नकाबपोश बदमाशों ने असलहे के बल पर हिमांशु सहित दुर्गेश का अपहरण कर लिया। जिसके बाद अपहरणकर्ताओं ने हिमांशु के पिता को फोन पर अपहरण की बात कहकर पंद्रह लाख रुपए की मांग की जिसपर पिता ने अजगैन कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार को लिखित सूचना देकर बेटे को सकुशल लाने की गुहार लगाई थी। सक्रिय हुई पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि सूचना मिलते ही अजगैन पुलिस सहित सर्विलांस की टीम हरकत में आयी।

## प्रधानी पाने को उम्मीदवारों में होड़

संवाददाता। मौरावां उन्नाव

● होर्डिंग बैनर से पट गईं गांव की गलियां बधाई का दौर शुरू

**त्रिस्तरीय** पंचायत चुनाव की तिथियां अभी भले ही ना घोषित हुई हो लेकिन विभिन्न पदों के दावेदार अपनी अपनी गोटियां फिट करने में जुट गए हैं। ग्राम प्रधानए क्षेत्र पंचायत सदस्य व जिला पंचायत सदस्य आदि पदों के दावेदारों की होर्डिंगए बैनर अब गांवों में दिखने लगे हैं।

प्रधानों का कार्यकाल समाप्त होते ही गांव में चुनाव की तैयारी शुरू हो गई है। पिछले चुनाव में कम मतों से हार का मुंह देखने वाले प्रत्याशी इस बार जीत की उम्मीद से अभी से ही वोटरों को लुभाने लगे हैं। गांव की चौपालों में राजनीतिक चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया है। जबकि लोगों के दुःख सुख में हमेशा खड़े रहने का वायदा करने वाले भी अब करीब सभी गांवों में दिखाई देने लगे हैं। त्रिस्तरीय चुनाव में जिला पंचायत सदस्य की दौड़ में खुद को शामिल करने वाले क्षेत्र का दौरा करने लगे है तो क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के दावेदार अपनी सक्रियता दिखाने लगे है। सबसे कड़ी मेहनत ग्राम प्रधान पद के लिए दावेदारों को करनी पड़ रही है। पिछले चुनाव में रनर रहे दावेदार निवर्तमान प्रधानों के भ्रष्टाचार उजागर करते हुए खुद कर्मठ और ईमानदार बताने में लगे हुए हैं। दावेदारों की सक्रियता का लाभ उठाने वाले भी अब गांवों में दिखने लगे हैं।

विकास खंड हिलौली में 50 ग्राम सभाएं है। सरकार के द्वारा चुनावी घोषणा होने से पूर्व ही प्रत्याशियों के द्वारा वोटरों को लुभाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैंएऔर नव वर्ष की शुभकामनाओं में गली कूचे को पोस्टर होल्डिंग से पाट दिया है। पिछली बार रहे रनर प्रत्याशी इस बार दम लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। वही वोटरों को लुभाने में हर हतखंडे अपना रहे हैं।

## बिस्तर से गायब अधेड़ का शव पेड़ से लटका मिला

**बांगरमऊ उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जामड़ के मजरा सेरसा पुरवा में आज प्रातः एक किसान का शव पेड़ की डाल से लटका मिला। मृतक के पुत्र ने जमीनी विवाद में हत्या की आशंका जताते हुए कोतवाली में तहरीर देकर शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग उठाई। ग्राम सेरसा पुरवा निवासी मोतीलाल 50 वर्ष पुत्र नोखे प्रतिदिन की भांति बीते मंगलवार को भी अपने बरामदे में बिछी चारपाई पर सोया था। मध्य रात करीब 2 बजे मोतीलाल का पुत्र लघुशंका के लिए उठा तो देखा कि पिता मोतीलाल बिस्तर पर नही है। पिता को बिस्तर पर न देख वह सन्न रह गया। मोतीलाल के पुत्रों ने सारी रात पिता की खोजबीन की। लेकिन कहीं भी सुराग नहीं लगा। आज सुबह गांव से करीब दो सौ मीटर दूर नंदकिशोर के खेत में बबूल की डाल से गमछे के सहारे संदिग्ध अवस्था में मोतीलाल का शव फांसी पर लटका मिला। मृतक के पुत्र सोमपाल ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस में दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पुत्र सोमपाल के अनुसार मकान के बाबत गांव के ही कमलेश पुत्र टोड़े से विवाद चल रहा था। इसी विवाद के चलते कोतवाली पुलिस ने बीते मंगलवार को दोनों पक्षों को थाने बुलाया था। लेकिन मामला नहीं सुलझा। इसलिए आज दोनों पक्षों को कोतवाली पुनः बुलाया गया था। किंतु आज प्रातः मोतीलाल फांसी पर झूलता मिला।

## भाजपा और कांग्रेस एक ही सिक्के के दो पहलूः बदलू खान

**बांगरमऊ उन्नाव।** नगर के लखनऊ रोड स्थित एक मैरिज लान में अल्पसंख्यक समाज की बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक सपा नेता बदलू खा ने भाजपा और कांग्रेस दोनों को एक ही सिक्के के दो पहलू बताया । उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि जिस तरह आज भाजपा विशेष रूप से मुसलमानों का उत्पीड़न कर रही है ए इससे ज्यादा उत्पीड़न कांग्रेस सरकार में भी होता रहा है। उन्होंने कहा कि सिर्फऔर सिर्फसपा ही एक ऐसा दल हैए जिसने सर्वसमाज के साथ मुसलमानो के उत्थान के लिए भी काम किया है ।

बीते उपचुनाव में सपा की करारी हार के बाद आज पूर्व विधायक बदलू खां द्वारा अल्पसंख्यक समाज की बैठक आयोजित की गई । बैठक को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक श्री खां ने कहा कि इस क्षेत्र के मुस्लिम भाई जिस उत्साह और लगन क साथ पहले सपा का समर्थन करते रहे हैं ए उस उत्साह और लगन से बीते उपचुनाव में सपा का समर्थन नहीं किया । उन्होंने कहा कि आर एस एस के बहकावे में आकर अल्पसंख्यक समाज के एक तबके ने ऐसी पार्टी और ऐसे प्रत्याशी का समर्थन कियाए जिसका चुनाव जीतना मुश्किल ही नही बल्कि नामुमकिन था और आज भी है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि आजादी के बाद 55 वर्षों तक देश मे कांग्रेस का ही शासन रहा । कांग्रेस के ही शासन में मुरादाबाद ए हाशिमपूरा ए मेरठ ए मलियाना ए भागलपुर और असम में मुसलमानों को लूटा गया । उनका नरसंहार किया गया । उन्होंने कहा कि कांग्रेस की जुल्म की दास्तां यही नही खत्म हुई बल्कि कांग्रेस की सरकार में ही मस्जिद का ताला खोला गया और बाबरी मस्जिद शहीद की गई । उन्होंने आश्चर्य जताते हुए कहा कि इसके बावजूद उपचुनाव में मुसलमानों ने आखिर किसके बहकावे में आकर कांग्रेस को समर्थन कर दिया । श्री खां ने सपा सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि मदरसा शिक्षक व। सभी विभागों मे उर्दू अनुवादक जैसे पदों का सृजन कर मुसलमानो को रोजगार देने का काम सपा सरकार ने ही किया है। उन्होंने कहा कि मजहबे इस्लाम में लिखा कि एहसान का बदला एहसान से चुकाया जाए। इसलिए आने वाले चुनावो में मुसलमान किसी के बहकावे में न आकर सपा का ही परचम लहराए। बैठक में पूर्व चेयरमैन साबिर अली, पूर्व चेयरमैन रईस उर्फमुन्ना खां, पूर्व चेयरमैन स्व. इकबाल अंसारी के पुत्र नज़र आसिफअंसारी, सपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के विधानसभा अध्यक्ष अहमद रजा, पूर्व प्रधान अनीस खान, पूर्व सभासद राशिद हुसैन, आदि सहित सैकड़ों अल्पसंख्यक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## समाज में व्यक्तित्व को लेकर होगी विशेष चर्चा

**प्रयागराज।** भारतीय समाज में बदलते रिश्ते का आधुनिक चेहरा दिखाया है। जहां ये कहानियां दर्शकों का दिल जीत रही हैं। त्योहारों से भरे दो महीनों में लोगों को मनोरंजन के कई विकल्प दिए। जिनमें उन्हें ऐसी अनोखी कहानियां पेश की गईं। जिन्होंने देश के मध्यम वर्ग की नब्ज़ थाम लीं और वहीं ज़ी टीवी अब दो जवां दिलों की एक और प्यारी कहानी लेकर आ रहा है। जिनके व्यक्तित्व एक दूसरे से बिल्कुल जुदा हैं। लेकिन फिर भी वो प्यार की एक ही राह चुनते हैं। अमृतसर की पृष्ठभूमि पर आधारित तेरी मेरी इक जिंदड़ी में माही और जोगी की प्रेम कहानी है। जिनकी पृष्ठभूमि और जिंदगी के प्रति नजरिया एक दूसरे से बिल्कुल अलग हैं। तेरी मेरी इक जिंदड़ी सत्ताईस जनवरी से सिर्फज़ी टीवी पर आएगा। इसमें नई एक्टर अमनदीप सिद्धू माही का किरदार निभा रही हैं। जो इक्कीस साल की एक मध्यमवर्गीय पंजाबी लड़की बनी हैं। माही अपनी मां की तरह घर के कामकाज में होशियार है। लेकिन वो अपने परिवार की जरूरतें पूरी करने की ख्वाहिश भी रखती है। उसकी सीधी सी सोच है कि शौक को व्यवसाय बना लो। इसी कारण वो गाड़ी चलाने के अपने शौक के चलते अमृतसर में सिर्फमहिलाओं के लिए एक महिला कैब सर्विस शुरू करने वाली पहली औरत बनती है। जहां माही की कैब में सफर करते हुए महिलाएं खुद को सुरक्षित महसूस करती हैं।

# ईडी ने पीएमसी बैंक धन शोधन मामले में राउत की पत्नी को फिर तलब किया

**भाषा। मुंबई**



**प्रवर्तन निदेशालय** ने 4,300 करोड़ रुपए के पीएमसी बैंक धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में शिवसेना नेता संजय राउत की पत्नी वर्षा राउत को फिर से पूछताछ के लिए 11 जनवरी को तलब किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पहली बार चार जनवरी को केन्द्रीय एजेंसी ने धन शोधन निषेध कानून (पीएमएलए) के तहत वर्षा से पूछताछ की थी और उनका बयान दर्ज किया था। सूत्रों ने बताया कि एजेंसी उनसे और पूछताछ करना चाहती है, इसलिए उन्हें फिर से 11 जनवरी को तलब किया गया है।

एजेंसी कथित बैंक ऋण घोटाला मामले के एक आरोपी प्रवीण राउत की पत्नी द्वारा 55 लाख रुपए अंतरित करने के मामले में उनकी भूमिका की जांच कर रही है। प्रवीण राउत गुरुआशीष कंस्ट्रक्शंस कंपनी के निदेशक हैं और बताया जा रहा है कि यह कंपनी बैंक घोटाला मामले में आरोपी एचडीआईएल की सहायक कंपनी है। पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा प्रवीण राउत को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। ईडी ने हाल ही में प्रवीण राउत की 72 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की है और उनसे तथा उनकी पत्नी माधुरी राउत से पूछताछ की है।

एजेंसी का आरोप है कि ऋण के नाम पर प्रवीण राउत ने बैंक के 95 करोड़ रुपए का गबन किया है और उस राशि में से 1.6 करोड़ रुपए उसने अपनी पत्नी माधुरी को दिए। माधुरी ने उसमें से दो बार में 55 लाख रुपए संजय राउत की पत्नी वर्षा राउत को ब्याज रहित ऋण के रूप में दिए।

## हेरोइन की आपूर्ति करने के आरोप में हिमाचल में सेना का जवान गिरफ्तार

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में हेरोइन की आपूर्ति करने के आरोप में बुधवार को सेना के 27 साल के एक जवान को गिरफ्तार किया गया है। कुल्लू के पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह ने बताया कि सेना के जवान की पहचान संदीप कमार राठी के रूप में की गई है। वह हरियाणा के गुड़गांव जिले के शेखुपुर माजरी गांव का रहने वाला है। सिंह ने बताया कि राठी को मंगलवार को एक अन्य व्यक्ति के साथ गिरफ्तार किया गया जिसकी पहचान हेमंत के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि दोनों के पास से 69 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। दोनों व्यक्ति हेराइन की आपूर्ति करने के लिए कार से कुल्लू आ रहे थे। उनकी कार को जब्त कर लिया गया है। रोमा देवी एवं प्रदीप कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके पास से 52 ग्राम हेरोइन बरामद की थी और इस सिलसिले में सोमवार को कुल्लू पुलिस थाने में एनडीपीएस अधि. के तहत मामला दर्ज किया गया था।



पटना में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नालन्दा मेडिकल कालेज और अस्पताल के कोविड-19 वैक्सीनेशन सेन्टर पर वैक्सीन को देखते हुए।

# किसी भी भारतीय को देश के किसी भी हिस्से में बाहरी नहीं बताया जा सकता: धनखड़



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने बुधवार को कहा कि किसी भी भारतीय को देश के किसी भी हिस्से में असंवैधानिक तौर पर बाहरी नहीं बताया जा सकता। पूर्वी मेदिनीपुर जिले में अपने दौरे के दौरान कोलाघाट में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा वह यह सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे कि राज्य विधानसभा का आगामी चुनाव निष्पक्ष और परदर्शी तरीके से हो। तृणमूल कांग्रेस द्वारा बंगाली और बाहरी मुद्दा उठाए जाने को लेकर पूछे गए एक सवाल पर धनखड़ ने कहा, इस देश के नागरिक को भारत के किसी भी भाग में बाहरी नहीं कहा जा सकता। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पश्चिम बंगाल में कुछ लोग दूसरे राज्यों से आने वालों को बाहरी बताते हैं। यह संविधान की भावना के खिलाफ है। पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ दल ने आरोप लगया है कि भाजपा विधानसभा चुनाव जीतने के लिए राज्य में बाहरी लोगों को ला रही है। धनखड़ ने हर किसी से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया कि आगामी चुनाव में हिंसा ना हो। यह मेरा कर्तव्य है। हम सबका कर्तव्य यह सुनिश्चित करना है कि चुनाव के दौरान हिंसा ना हो। निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से चुनाव होना चाहिए। उन्होंने लोकसेवकों से भी तटस्थ रहने को कहा। धनखड़ ने कहा कि राज्य सरकार के कर्मचारियों और पुलिसकर्मियों को राजनीतिक कार्यकर्ताओं वाला काम नहीं करना चाहिए। अविभाजित मेदिनीपुर जिले के स्वतंत्रता सेनानियों की याद दिलाते हुए उन्होंने कहा, हमें लोकतंत्र को बचाना है। खुदीराम बोस और मातंगिनी हाजरा को याद कीजिए। फैसला निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव का है। लोक सेवकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए। धनखड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को कोविड-19 महामारी से निपटने के लिए 2,000 करोड़ रुपए के उपकरणों की खरीद का ब्योरा देना चाहिए।

## गहलोत, बघेल और कई अन्य वरिष्ठ नेताओं को विस चुनावों के लिए बनाया वरिष्ठ पर्यवेक्षक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने असम, पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी के विस चुनावों में चुनाव अभियान प्रबंधन एवं समन्वय के लिए कई वरिष्ठ पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हैं। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी बयान के मुताबिक, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने वरिष्ठ पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की जो संबंधित राज्यों के प्रभारियों के साथ निकट समन्वय में काम करेंगे। असम विस चुनाव के लिए भूपेश बघेल और वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक एवं शकील अहमद खान, केरल विस चुनाव के लिए अशोक गहलोत और वरिष्ठ नेता लुईजिनो फ्लेरियो एवं जी परमेश्वर तथा पश्चिम बंगाल के लिए वरिष्ठ नेता बीके हरि प्रसाद और पंजाब सरकार के मंत्री विजय इंदर सिंघला एवं झारखंड सरकार के मंत्री आलमगीर आलम को वरिष्ठ पर्यवेक्षक बनाया गया है।

# सैन्य ड्यूटी के तहत साजिशकर्ताओं के साथ शामिल हुआ: कर्नल पुरोहित

## ● मालेगांव धमाके के आरोपी ने कोर्ट से कहा

**भाषा। मुंबई**

**मालेगांव बम** विस्फोट मामले में आरोपी लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद श्रीकांत पुरोहित ने बुधवार को बंबई उच्च न्यायालय से कहा कि वह अपनी ड्यूटी के तहत भारतीय सेना को खुफिया सूचनाएं पहुंचाने के लिए साजिशकर्ताओं की बैठक में शामिल हुआ था। उच्च न्यायालय की पीठ पुरोहित की एक याचिका पर सुनवाई कर रही है जिसमें उसने मामले में अपने खिलाफ लगाए गए सभी आरोपों को रद्द करने का अनुरोध किया है।

महाराष्ट्र के नासिक जिले के मालेगांव शहर में 29 सितंबर 2008 को एक मस्जिद के पास मोटरसाइकिल पर रखे गए बम में विस्फोट होने से छह लोगों की मौत हो गई थी और 100 लोग घायल हो गए थे। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पुरोहित पर आतंक रोधी कानूनों के तहत मामला दर्ज किया था। पुरोहित की वकील नीला गोखले ने न्यायमूर्ति एस एस शिंदे और न्यायमूर्ति एम एस कार्णिक की पीठ को बताया कि वह (पुरोहित) सेना तक खुफिया सूचनाएं पहुंचाने के लिए इन बैठकों में हिस्सा ले रहे थे।

गोखले ने कहा कि पुरोहित महज अपने कर्तव्यों का पालन कर रहे थे इसलिए एनआईए को उनके खिलाफ मुकदमा चलाने से पहले केंद्र सरकार से अनुमति हासिल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सीआरपीसी (दंड प्रक्रिया संहिता) की धारा 197 (दो) के तहत सैन्य बलों के सदस्यों द्वारा किसी भी अपराध के खिलाफ केंद्र सरकार की पूर्व की अनुमति के बाद ही मुकदमा चलाया जा सकता है। गोखले ने भारतीय सेना और मुंबई पुलिस के पूर्व संयुक्त आयुक्त हिमांशु राय से मिले दस्तावेजों का संदर्भ देते हुए कहा कि गोपनीय सूचना मुहैया कराने के लिए पुरोहित की सराहना भी की गई थी।

पुरोहित ने अपनी दलील में कहा, मैं इन दस्तावेजों का जिक्र इसलिए कर रहा हूं क्योंकि मैं अपना फर्ज निभा रहा था। इन समूहों के बीच पैठ बनाकर मैं अपने वरिष्ठों को गुप्त सूचनाएं भेजा करता था। और इस कार्य के लिए मुझे जेल में डाल दिया गया, मुझे यातना दी गई और मुझे आतंकवादी बताया गया। पिछले साल सितंबर में पुरोहित ने उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर कर मामले में अपने खिलाफ सभी लगाए गए सभी आरोपों को खारिज करने का अनुरोध किया था। पुरोहित को मामले में 2009 में गिरफ्तार किया गया था। उच्च न्यायालय की पीठ आगे दो फरवरी को मामले में दलीलें सुनेगी।

## क्विक न्यूज

### अरुप कुमार गोस्वामी ने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ ली

**अमरावती।** अरुप कुमार गोस्वामी ने बुधवार को आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ ली। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने विजयवाड़ा में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में न्यायमूर्ति गोस्वामी को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति गोस्वामी इससे पहले सिक्किम उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के पद पर आसीन रह चुके है। पिछले सप्ताह उनका तबादला आंध्र प्रदेश के मुख्य न्यायाधीश के तौर पर न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी की जगह हुआ, जो अब सिक्किम स्थानांतरित किए गए हैं। मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी, मुख्य सचिव आदित्य नाथ दास, प्रधान सचिव (राजनीतिक) प्रवीण प्रकाश और अन्य अधिकारी इस अवसर पर मौजूद थे। कई मंत्री, उच्च न्यायालय के न्यायाधीश और कुछ विधायक भी कार्यक्रम में शामिल थे।

### वृत्ताधिकारी और कांस्टेबल चालक तीन लाख रूपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के एक दल ने बुधवार को अलवर ग्रामीण के वृत्ताधिकारी और कांस्टेबल चालक को तीन लाख रूपए की रिश्वत लेते रंगेहाथो गिरफ्तार किया। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक भगवान लाल सोनी ने बताया कि अलवर ग्रामीण के वृत्ताधिकारी सपात खान कांस्टेबल चालक असलम खान के जरिए परिवादी से उसके विरूद्ध दर्ज विभिन्न प्रकरणों में गिरफ्तारी नही करने एवं नाम हटाने के एवज में 13 लाख रूपए की मांग कर रहा था। उन्होंने बताया कि आरोपी वृत्ताधिकारी सपात खान को कांस्टेबल चालक असलम खान के जरिए परिवादी से तीन लाख रूपए रिश्वत की राशि लेते हुए रंगेहाथों गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपियों के निवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी ली जा रही है और दोनो आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

### जैविक खाद में छिपाकर महाराष्ट्र भेजा जा रहा तीन करोड़ रुपए से ज्यादा का गांजा पकड़ा गया

**इंदौर।** राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के नजदीक1,534 क्लिोग्राम गांजा पकड़ा है और इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। नशीले पदार्थ की इस बड़ी खेप को एक ट्रक में जैविक खाद की बोरियों में छिपाकर आंध्रप्रदेश से महाराष्ट्र ले जाया जा रहा था। मादक पदार्थों के काले बाजार में इस खेप की कीमत 3.07 करोड़ रुपए आंकी जा रही है। डीआरआई के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि मुखबिर की सूचना पर रविवार और सोमवार की दरमियानी रात रायपुर के पास एक ट्रक को रोका गया और आंध्रप्रदेश में पंजीकृत इस मालवाहक गाड़ी की तलाशी लिए जाने पर इसमें 1,534 क्लिोग्राम गांजा मिला। इस मादक पदार्थ को जैविक खाद के बोरों में छिपाया गया था। अधिकारी ने बताया कि मादक पदार्थ की बड़ी खेप ले जा रहा यह ट्रक आंध्रप्रदेश की अराकू घाटी से चला था और इसे महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के राहाता पहुंचाया जाना था। उन्होंने बताया कि गांजे की अंतरराज्‍ईय तस्करी के मामले में एनडीपीएस अधिनियम के तहत पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। विस्तृत जांच जारी है।

### पूर्व राज्यसभा सदस्य के लापता बेटे को पुलिस ने ढूंढा

**कोकराझार (असम)।** बोर्डिंग स्कूल से लापता हुए पूर्व राज्यसभा सांसद बिस्वजीत दैमारी के 16 वर्षीय बेटे को पुलिस ने बुधवार को चिरांग जिले से ढूंढ निकाला है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। दैमारी का बेटा मंगलवार दोपहर से ही अपने बोर्डिंग स्कूल से लापता हो गया था और पुलिस ने उसे खोजने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया था। वह बुधवार दोपहर चिरांग जिले के चपगुड़ी में बस अड्डे पर मिला और आज सुबह गुवाहाटी से वहां पहुंचे उनके पिता को सौप दिया गया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) जी पी सिंह ने ट्वीट किया,पूर्व सांसद बिस्वजीत दैमारी के लापता बेटे का पता चल गया है। हम सभी के लिए यह एक बड़ी राहत की बात है।

### कश्मीर घाटी में अब भी विमानों का परिचालन निलंबित

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी में भारी बर्फबारी के बीच दृश्यता कम होने से श्रीनगर हवाई अड्डे पर विमानो का आवागमन लगातार चौथे दिन बुधवार को भी निलंबित है। घाटी पहुंचने वाली दर्जनो उड़ाने रद्द की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि जमी बर्फ को साफ करने का अभियान जारी है लेकिन लगातार भारी बर्फबारी और कम दृश्यता की वजह से रनवे पर विमानो का आवागमन नही हो सकता है। दिन भर के लिए दर्जनो उड़ाने रद्द की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि मौसम में सुधार और रनवे पर बिल्कुल भी बर्फ नही जमी होने की स्थिति में ही विमानो का परिचालन शुरू किया जा सकता है। घाटी में भारी बर्फबारी के मद्देनजर पिछले तीन दिन से विमानों का परिचालन निलंबित है। मौसम कार्यालय के अधिकारी ने यहां बताया कि दोपहर के बाद मौसम में सुधार की संभावना है।



कोलकाता में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुकुल राय और विश्वप्रियो रॉय चौधरी के साथ भाजपा का झण्डा लिए वकीलों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की

# महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष में बदलाव की अटकलें, वरिष्ठ नेताओं से चर्चा

**मुंबई।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महाराष्ट्र प्रभारी एच के पाटिल ने एक व्यक्ति एक पद की नीति के मद्देनजर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बालासाहेब थोराट के स्थान पर किसी अन्य की संभावित नियुक्ति के लिए यहां के कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से चर्चा की है। थोराट इस समय महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष के साथ-साथ महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार में राजस्व मंत्री भी हैं। वह कांग्रेस विधायक दल के नेता की जिम्मेदारी का भी निर्वहन कर रहे हैं।

दो दिवसीय दौरे पर आए पाटिल ने महाराष्ट्र में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण से मंगलवार रात को सहयाद्रि अतिथि गृह में चर्चा की और उसके बाद पार्टी की राज्य इकाई में बदलाव के लिए थोराट के साथ बैठक की। उन्होंने बुधवार सुबह राज्य के लोक निर्माण मंत्री अशोक चव्हाण से भी मुलाकात की। कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि बैठक के दौरान पार्टी की मौजूदा स्थिति और इसे दोबारा ताकतवर बनाने के उपायों पर चर्चा की गई।

सूत्र ने बताया, ऐसा लगता है कि एक व्यक्ति एक पद के फार्मूले को लागू किया जाएगा। थोराट के पास महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष या एमवीए सरकार में मंत्री पद में से किसी एक पर बने रहने का विकल्प था। उन्होंने कहा, लेकिन उन्होंने (थोराट) ने संगठन के पद को छोड़ने की इच्छा जताई है। महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष के पद की दौड़ में गुजरात के लिए कांग्रेस के प्रभारी महासचिव राजीव सातव, महाराष्ट्र सरकार में मंत्री अमित देशमुख, यशोमति ठाकुर, विजय वडेट्टीवार और विश्वजीत कदम शामिल हैं। सातव को कांग्रेस नेता राहुल गांधी का करीबी माना जाता है और इस समय वह महाराष्ट्र से राज्यसभा सदस्य हैं। पाटिल अपने मुंबई दौरे के दौरान राज्य के अन्य वरिष्ठ नेताओं एवं विधायकों से भी मुलाकात करेंगे।

# पिछले साल हुए विधान पार्षद चुनावों में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने गड़बड़ी का आरोप लगाया

**मुंबई।** महाराष्ट्र में पिछले साल विधान परिषद की छह सीटों पर हुए चुनाव में अनियमितता का आरोप लगाते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल ने कहा कि वह इस मामले को लेकर निर्वाचन आयोग एवं बम्बई उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे। इन चुनावों में भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा था। पाटिल ने कहा कि भविष्य में ऐसी गड़बड़ियों से बचने के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) का इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

महाराष्ट्र में पिछले साल दिसंबर में विधान परिषद की छह सीटों के लिए चुनाव कराया गया था। इनमें से तीन स्नातक निर्वाचन क्षेत्र, दो शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र एवं एक स्थानीय निकाय निर्वाचन क्षेत्र के लिए चुनाव कराया गया था। इन छह सीटों में से भाजपा को केवल एक सीट मिली थी, जबकि शेष सीटें शिवसेना, राकांपा एवं कांग्रेस के खाते में गई थी।

पाटिल ने कहा, भाजपा को पता चला है कि करीब 5000 खाली मतपत्र औरंगाबाद स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में मिला है जहां सत्तारूढ़ एमवीए जीती है। पुणे स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में मतदान के अंतिम एक घंटे में 137 से 157 मतदताओं ने मताधिकार का इस्तेमाल किया। ऐसा 900 में से 300 मतदान केंद्रों पर देखा गया। उन्होंने कहा, एक मतदाता के मतदान की प्रक्रिया में औसतन तीन मिनट का समय लगता है। इसका मतलब है कि एक घंटे में अधिकतम 20 मतदाता मतदान कर सकते हैं। हालांकि, एक घंटे में 100 से अधिक मतदान अपने आप में संदेहास्पतद है।

पाटिल ने यह भी दावा किया कि पुणे शहर के कुछ मतदाताओं को मतदान के दिन दूर के मतदान केंद्रों में जाने के लिए कहा गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता सूची में कुछ ऐसे मतदाताओं का नाम शामिल किया गया है जिनकी शिक्षा आठवीं कक्षा तक की हैं।

## एदियुरप्पा ने मंत्रिमंडल विस्तार का मुद्दा पार्टी हाईकमान पर छोड़ा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बीएस एदियुरप्पा ने लंबे समय से लंबित मंत्रिमंडल विस्तार या फेरबदल को पार्टी हाईकमान पर छोड़ दिया है। भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व इस बारे में फैसला लेगा। इस महीने मंत्रिमंडल विस्तार के कयास लगाए जा रहे थे लेकिन एदियुरप्पा के इस बयान से माना जा रहा है कि इसमें और देरी होगी। एदियुरप्पा ने मंत्री पद के वादे के बारे में पूछे जाने पर संवाददाताओं से कहा, जहां तक मंत्रिमंडल विस्तार की बात है तो केंद्रीय नेता (भाजपा) फैसला लेंगे। किसी ने (मंत्री पद आकांक्षी) बयान दिया होगा.... मैं क्यों वादा करूं? स्वाभाविक है जिसे बनना होगा (मंत्री) वह बन जाएगा। इस महीने मंत्रिमंडल में फेरबदल के कयासों के बीच कुछ विधायकों ने मंत्री बनने की इच्छा जताई है। भाजपा के विधान पार्षद आर शंकर ने मंगलवार को मुख्यमंत्री एदियुरप्पा से मुलाकात की थी और बाद में दावा किया था कि दो-तीन दिन में मंत्रिमंडल का विस्तार होगा।

# लोकपाल को पिछले साल अप्रैल से दिसंबर के बीच 89 शिकायतें मिलीं

**नई दिल्ली।** भ्रष्टाचार विरोधी निकाय लोकपाल को 2020 में अप्रैल से दिसंबर के बीच 89 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें तीन सांसदों के खिलाफ थीं। लोकपाल को समूह ए और बी श्रेणी के केंद्र सरकार के अधिकारियों के खिलाफ 48 शिकायतें मिलीं जबकि 33 शिकायतें विभिन्न बोर्डों, निगमों, स्वायत्त निकायों के अध्यक्षों, सदस्यों और कर्मचारियों के खिलाफ थीं। लोकपाल ने 21 शिकायतों में प्रारंभिक जांच का आदेश दिया। आयोग ने 18 मामलों में जांच केंद्रीय सतर्कता आयोग को जबकि तीन मामलों की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को करने को कहा था। लोकपाल ने एक शिकायत में प्रवर्तन निदेशालय से जांच रिपोर्ट मांगी वहीं एक अन्य मामले में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) से कार्वाई रिपोर्ट देने को कहा।

दिसंबर 2020 के अंत तक अपडेट आंकड़ों के अनुसार लोकपाल ने प्रारंभिक जांच के बाद 43 शिकायतों को बंद कर दिया। उनमें से 39 को प्रारंभिक जांच और चार को प्रारंभिक जांच रिपोर्ट पर विचार करने के बाद बंद किया गया। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 23 मार्च, 2019 को लोकपाल के अध्यक्ष के रूप में न्यायमूर्ति पिनाकी चंद्र घोष को पद की शपथ दिलाई थी। लोकपाल उच्च स्तरीय लोक अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए शीर्ष निकाय है। न्यायमूर्ति घोष ने उसी वर्ष 27 मार्च को लोकपाल के आठ सदस्यों को शपथ दिलाई थी। लोकपाल को 2019-20 के दौरान कुल 1,427 शिकायतें मिली थीं जिनमें से 613 राज्य सरकार के अधिकारियों से संबंधित थीं और चार केंद्रीय मंत्रियों तथा संसद सदस्यों के खिलाफ थीं। कुल शिकायतों में से, 220 अनुरोध, टिप्पणी व सुझाव थे। कुल शिकायतों में से 1,347 का निस्तारण किया गया वहीं 1,152 शिकायतें लोकपाल के अधिकार क्षेत्र से परे थीं।



श्रीनगर में बर्फ से ढकी डल झील में नाव से जाते हुए लोग

# एलओसी पार करीब 400 आतंकी भारत में घुसपैठ के इंतजार में

**भाषा।** जम्मू

● अधिकारी ने कहा कि पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर सर्दियों में भी आतंकवादियों को भारत में धकेलने की कोशिश कर रहा है

**नियंत्रण** रेखा (एलओसी) के पार करीब 400 आतंकवादी लांच पैड पर हैं और वे सर्दियों के दौरान जम्मू कश्मीर में घुसपैठ करने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। हालांकि घुसपैठ रोधी ग्रिड आतंकवादियों को भारतीय क्षेत्र में धकेलने के पाकिस्तान के प्रयासों को विफल करता रहा है। सुरक्षा अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने बताया कि पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर सर्दियों में भी आतंकवादियों को भारत में धकेलने की कोशिश कर रहा है, जबकि भारी बर्फबारी के कारण सीमा से सटे पर्वतीय इलाके और दर्रे बर्फ से ढंके हुए हैं। उन्होंने कहा कि 2020 में 44 आतंकवादियों द्वारा घुसपैठ किए जाने की खबरें आईं जबकि 2019 में यह संख्या 141 और 2018 में 143 थी।

कई प्रमुख रास्तों को बंद कर दिए जाने के साथ ही भारत के घुसपैठ रोधी ग्रिड की सफलता से परेशान पाकिस्तान सेना ने 2020 में 5,100 बार संघर्ष विराम समझौते का उल्लंघन किए। वर्ष 2003 में संघर्ष विराम लागू होने के बाद से यह सर्वाधिक संख्या है। अधिकारियों के अनुसार पाकिस्तानी सेना ने जम्मू एवं कश्मीर में अधिक आतंकवादियों को धकेलने के प्रयास में गोलीबारी की ताकि आतंकवादियों को घुसपैठ में मदद मिल सके। एक अधिकारी ने कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में एलओसी के पास विभिन्न लांच पैड पर 300 से 415 आतंकवादी हैं जो जम्मू कश्मीर में घुसपैठ करने के लिए तैयार हैं ताकि हिंसा के जरिए शांति और सामान्य स्थिति को भंग किया जा सके। उन्होंने कहा, पीर पंजाल (कश्मीर घाटी) के उत्तर की ओर एलओसी के पास 175-210 आतंकवादी लांच पैड पर हैं, वहीं पीर पंजाल (जम्मू क्षेत्र) के दक्षिण में एलओसी के पास 119-216 आतंकवादी हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी एजेंसियां जम्मू कश्मीर में हथियारों, गोला-बारूद और विस्फोटकों के साथ सशस्त्र आतंकवादियों को धकेलने के लिए सुरंगों का इस्तेमाल कर रही हैं। एक अधिकारी ने कहा कि वे आतंकवाद का वित्तपोषण करने के लिए मादक पदार्थों के साथ-साथ जम्मू कश्मीर के सीमावर्ती क्षेत्रों में हथियारों और विस्फोटक सामग्री गिराने के लिए ड्रोन का भी उपयोग कर रहे हैं। इस साल वे भारी बर्फबारी वाले महीनों के दौरान भी आतंकवादियों को धकेलने की कोशिश कर रहे हैं।



विजयवाड़ा के तुमलामपल्ली कलाक्षेत्र में शपथ ग्रहण समारोह के दौरान आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगनमोहन रेड्डी व साथ में न्यायमूर्ती अरूप कुमार गोस्वामी।

## जीवन में चुनौतियों का डटकर मुकाबला करना ही सच्ची जीतः मोदी

**भाषा।** नई दिल्ली

**वाक** एवं श्रवण दिव्यांगता की शिकार गुजरात के सूरत की रहने वाली 23 वर्षीया वंदना ने दिवाली पर्वपर रंगोली से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कलाकृति बनाई और उसकी तस्वीर उन्हें भेजी। मोदी ने भी वंदना की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि जीवन में चुनौतियों का डटकर मुकाबला करना ही सच्ची जीत है। वंदना के भाई किशनभाई पटेल ने बताया कि जब प्रधानमंत्री ने उसके भेजे चित्र का पत्र के माध्यम से जवाब भेजा तो उसकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने कहा कि इससे उसे बहुत प्रेरणा मिली। पटेल ने बताया कि वंदना बचपन से ही वाक एवं श्रवण दिव्यांगता की शिकार है और वह एक कोचिंग संस्थान में इससे संबंधित कला सीख रही है।

## कर्नाटक में चुनाव परिणामों ने विपक्ष के पाखंड को खारिज किया: भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने बुधवार को कर्नाटक ग्राम पंचायत चुनाव के परिणामों का हवाला देते हुए कहा कि जनता ने विपक्ष के झूठ और पाखंड की राजनीति को खारिज कर दिया है। इसके साथ ही पार्टी ने यह दावा भी किया कि ए परिणाम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास कार्यों पर जनता के विश्वास को दर्शाते हैं। भाजपा प्रवक्ता और राज्यसभा सदस्य राजीव चंद्रशेखर ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि विपक्षी दल नागरिकों के एक समूह को भड़काने की कोशिश करते हैं। इन आरोपों के पक्ष में उन्होंने राजधानी की विभिन्न सीमाओं पर चल रहे किसानों के आंदोलन और उससे पहले संशोधित नागरिकता कानून को लेकर हुए प्रदर्शनों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में हाल में विभिन्न चुनावों में भाजपा को जीत मिली है, चाहे वह विधानसभा के उपचुनाव हों या विधान परिषद के चुनाव या फिर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय निकायों के चुनाव। चंद्रशेखर ने कहा कि विपक्षी दलों और झूठ व पाखंड की उनकी राजनीति के खिलाफ भाजपा को मिला यह भारी जनादेश प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा के नेतृत्व पर जनता के भरोसे को दर्शाता है। उन्होंने दावा किया कि जनता ने कृषि के क्षेत्र में केंद्र सरकार की ओर से उठाए गए कदमों का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि सरकार आंदोलन को समाप्त करने को लेकर किसान संगठनों से चल रही वार्ता पर गंभीर है और भाजपा की किसानों के लिए प्रतिबद्धता विश्वास के सिद्धांत पर आधारित है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि लोगों ने कर्नाटक के ग्राम पंचायतों के चुनाव में भाजपा और मोदी की नीतियों पर विश्वास जताते हुए निर्णायक बहुमत दिया है जबकि ए चुनाव कृषि सुधार कानूनों पर फैलाए जा रहे झूठ के बीच हुआ था।

## गंभीर यातनाओं की शिकार हथिनी एम्मा को वन विभाग ने बचाया

**भाषा।** मथुरा

**झारखण्ड** में धनबाद के वन विभाग ने 40 वर्षीय हथिनी एम्मा को उसके अनधिकृत मालिकों से मुक्त कराकर उत्तर प्रदेश के वन विभाग के सहयोग से उसे मथुरा के हाथी संरक्षण केंद्र को सौंपा है। पैरों में भीषण दर्द एवं ऑस्टियोआर्थराइटिस जैसी जोड़ों की गंभीर बीमारी से पीड़ित एवं गंभीर रूप से कुपोषित इस हथिनी को एक गैरसरकारी संस्था द्वारा संचालित हाथी संरक्षण केंद्र पर लाकर उसका उपचार कराया जा रहा है। मथुरा के जिला वन संरक्षण अधिकारी रघुनाथ मिश्रा ने बताया, हथिनी का वाइल्डलाइफ एसओएस टीम की देखरेख में उपचार चल रहा है। उससे दिन भर काम करवाने के बाद रात में उसे कसकर बांध दिया जाता था। जिसकी वजह से वह लेटने और आराम करने में भी असमर्थ थी।

## महाराष्ट्र मंत्रिमंडल ने 1996 में माइकल जैक्सन के शो की कर माफी को बरकरार रखा

**भाषा।** मुंबई

**महाराष्ट्र** मंत्रिमंडल ने बुधवार को दो दशक से भी पहले 1996 में यहां हुए माइकल जैक्सन के संगीत कंसर्ट को मनोरंजन कर में दी गई छूट के फैसले को बरकरार रखा है। मुख्यमंत्री कार्यालय के मुताबिक, मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला लिया गया। मुंबई में किंग ऑफ पॉप के इस कंसर्ट की परिकल्पना शिव उद्योग सेना ने की थी जिसका नेतृत्व तब राज ठाकरे किया करते थे। इस शो के आयोजन के लिए एक निजी आयोजन प्रबंधन कंपनी ने मदद की थी। राज ठाकरे अब महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष हैं। महाराष्ट्र में 1996 में शिवसेना-भाजपा सरकार सत्ता में थी और कंसर्ट के आयोजन के वक्त मनोहर जोशी मुख्यमंत्री थे। शिवसेना के नेतृत्व वाली सरकार ने यद्यपि 1996 में कंसर्ट को मनोरंजन कर से छूट दे दी थी लेकिन बंबई उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने पुराने आदेश को दरकिनार करते हुए सरकार के पास इस मामले को पुनर्विचार के लिए भेजा था। मंत्रिमंडल ने अब इस कंसर्ट के लिए दी गई मनोरंजन कर की छूट के फैसले को बरकरार रखा है। इससे आयोजन का प्रबंधन करने वाली विजक्राफ्ट इंटरनेशनल को शो के आयोजन से प्राप्त रकम फिर से हासिल हो जाएगी जो उच्च न्यायालय के आदेश के बाद से अदालत के कोषागार में जमा है। उपभोक्ताओं के अधिकार से जुड़े संगठन मुंबई ग्राहक पंचायत ने मनोरंजन कर में छूट को चुनौती देते हुए 1996 में उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। उच्च न्यायालय ने 2011 में सरकार ने छूट पर पुनर्विचार करने को कहा था लेकिन अब तक इस पर कोई फैसला नहीं हुआ था।

## दावा मामलों में गृहणियों की काल्पनिक आमदनी उनके त्याग के बारे में कानून की सोच का संकेत हैः सर्वोच्च न्यायालय

**भाषा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण व्यवस्था में कहा है कि मुआवजे से संबंधित मामले, विशेषकर सड़क दुर्घटनाओं के दावों, में गृहणियों की काल्पनिक आमदनी निर्धारित किया जाना समाज के लिए यह संकेत है कि कानून और अदालतें उनके परिश्रम, सेवाओं और त्याग का महत्व समझते हैं। शीर्ष अदालत ने एक सर्वे को उद्धृत करते हुए कहा है कि महिलाएं घर के सदस्यों को बगैर पारिश्रमिक के सेवाएं देने में पुरूषों की तुलना में कहीं ज्यादा समय देती हैं। न्यायमूर्ति एन वी रमण, न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर और न्यायमूर्ति सूर्य कांत की पीठ ने मंगलवार को अपने फैसले में कहा कि गृहणियों को आर्थिक आधार पर मुआवजा देने के लिए कानून की स्थापित व्यवस्था है।

सड़क दुर्घटना में गृहणियों के पीड़ित होने के मामले में न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि गृहणियों की काल्पनिक आमदनी निर्धारित करना उन महिलाओं के योगदान का सम्मान करना है जो स्वेच्छा से या सामाजिकासांस्कृतिक मानकों की वजह से यह काम कर रहीं हैं। पीठ ने सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाली दंपत्ति की दो पुत्रियों और एक अभिभावक की अपील पर फैसला सुनाते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्णय में सुधार कर दिया। न्यायालय ने निर्धारित मुआवजे की राशि में 11.20 लाख रूपए की वृद्धि करते हुए इसे 33.20 लाख रूपए कर दिया। उच्च न्यायालय ने इस मामले में दुर्घटना दावा अधिकरण द्वारा निर्धारित मुआवजे की राशि 40.71 लाख रूपए से कम कर दी थी। उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा था कि इस दुर्घटना में जान गंवाने वाले महिला गृहणी थी और वह आमदनी अर्जित करने वाली सदस्य नहीं थी। शीर्ष अदालत ने कहा कि विस्तृत दुर्घटना रिपोर्ट दाखिल करने की तारीख 23 मई, 2014 से नौ फीसदी सालाना ब्याज के साथ दो महीने के भीतर मुआवजे की बढ़ी हुई राशि का भुगतान करना होगा। न्यायालय ने कहा कि लैंगिक किस्म के गृह कार्यो को ध्यान में रखते हुए, जिसमे पुरूषों की तुलना में महिलाओं का प्रतिशत बहुत ज्यादा है, महिलाओं के लिए काल्पनिक आमदनी निर्धारित करना एक विशेष महत्व रखता है। पीठ ने कहा कि यह गृहणियों के काम, परिश्रम और त्याग का सम्मान और बदलते दृष्टिकोण का परिचायक है। यह हमारे देश के अंतरराष्ट्रीय दायित्वों और सामाजिक समता के हमारे संवैधानिक दृष्टिकोण को सुदृढ़ करता है और सभी के लिए सम्मान सुनिश्चित करता है। काल्पनिक आय निर्धारित करने के सवाल पर पीठ ने कहा कि इसके लिए अदालत कई तरीके अपना सकती हैं। यह मामले के तथ्यों और परिस्थितियों पर निर्भर करता है। न्यायालय ने कहा कि अदालत को इसके लिए तरीके का चयन करते और काल्पनिक आमदनी निर्धारित करते समय यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह मामले विशेष के तथ्यों और परिस्थितियों के मद्देनजर न्यायोचित हो। मुआवजा निर्धारित करते समय बहुत ज्यादा संकीर्णता या बहुत ज्यादा उदारता नहीं होनी चाहिए।

न्यायमूर्ति रमण ने सड़क दुर्घटना के शिकार परिवार के सदस्यों के लिए मुआवजा निर्धारित करने के मामले में अन्य न्यायाधीशों से सहमति व्यक्त करते हुए अपना अलग फैसला लिखा और कहा कि अब भविष्य में अदालत को जीवन की वास्तविकता, खासकर मंहगाई, लोगों की परिस्थितियों को बेहतर बनाने, पारिश्रमिक की बढ़ती दरों और काम की गुणवत्ता में अनुभव के असर को मुआवजा निर्धारित करते समय ध्यान में रखना होगा। पीठ ने आगे कहा कि गृहणियों की काल्पनिक आमदनी का निर्धारण करना बहुत ही महत्वपूर्ण काम है और यह सर्वत्र स्वीकार्य विचार है कि वास्तविक जीवन में इन गतिविधियों का परिवार की आर्थिक स्थिति और देश की आर्थिक स्थित में महत्वपूर्ण योगदान रहता है।

## केरल के अलप्पुझा, कोट्टायम जिलों में 69,000 पक्षियों को मारा गया

**भाषा।** तिरुवनंतपुरम (केरल)

**केरल** के अलप्पुझा और कोट्टायम जिलों में बर्ड फ्लू के एच5एन8 स्वरूप के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए बत्तखों एवं मुर्गे-मुर्गियों समेत 69,000 से अधिक पक्षियों को मारा गया है। केरल के पशुपालन मंत्री के. राजू ने बुधवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि 19 त्वरित कार्वाई बल दोनों जिलों में पक्षियों को मारने का काम कर रहे हैं और जिन क्षेत्रों में संक्रमण फैलने की आशंका है, उन्हें बृहस्पतिवार को संक्रमणमुक्त किया जाएगा। राजू ने कहा कि एन5एन8 वायरस से मनुष्यों के संक्रमित होने के अभी तक कोई मामला सामने नहीं आया है। उन्होंने कहा, प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, राज्य के पक्षी प्रवासी पक्षियों से संक्रमित हुए हैं। अभी तक मनुष्यों के इस वायरस से संक्रमित होने का मामला सामने नहीं आया हैं। हालांकि इस वायरस के स्वरूप बदलने की आशंका है, इसलिए हमें सतर्क रहना होगा। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में पक्षियों के मांस एवं उनके अंडों की बिक्री पर प्रतिबंध जारी रहेगा। मंत्री ने कहा, राज्य कैबिनेट ने पक्षियों को मारने के लिए किसानों को मुआवजा देने के संबंध में फैसला करने के लिए आज बैठक की। दो महीने से अधिक आयु के मारे गए हर पक्षी के लिए 200 रुपए और दो महीने से कम आयु के पक्षियों के लिए 100-100 रुपए का मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन अंडों को नष्ट किया गया है, उनके लिए प्रति अंडा पांच रुपए मुआवजा दिया जाएगा।

राजा ने बताया कि अलप्पुझा में 61,513 और कोट्टायम में 7,729 पक्षियों को मारा गया। भोपाल के राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान में की गई नमूनों की जांच के परिणाम में दोनों जिलों में बर्ड फ्लू संक्रमण की पुष्टि के बाद इन पक्षियों को मारने का अभियान शुरू किया गया।

## देश में कहीं भी बनें मोबाइल पर चलेंगे नोएडा की बैटरी से ही

● केंद्र ने दिया तोहफा, सेंटर फॉर एक्सीलेंस में लिथियम आयन बैटरी पर होगा रिसर्च और किया जाएगा निर्माण

**रिंकू यादव।** नोएडा



प्रतीकात्मक फोटो

**नोएडा** शहर के खाते में एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। अब मोबाइल फोन देश के किसी भी हिस्से में बने लेकिन उनके लिए बैटरी नोएडा में ही बनाई जाएंगी। केंद्र और राज्य सरकार मिलकर नोएडा में एक सेंटर ऑफएक्सीलेंस का निर्माण कर रही हैं, जो अगले 3 वर्ष में बनकर तैयार हो जाएगा।

इस सेंटर में मोबाइल फोन और दूसरे इलेक्ट्रॉनिक गैजेट से जुड़ी लिथियम आयन बैटरीज पर रिसर्च और निर्माण किया जाएगा। मंगलवार को केंद्र सरकार ने प्रोजेक्ट पर काम शुरू करने के लिए अपने हिस्से की जरूरी धनराशि जारी कर दी है। उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव आलोक कुमार ने बताया कि लघु एवं मध्यम स्तर के उद्यमों, इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र के स्टार्टअप्स और मैन्युफैक्चरिंग इकाइयों को उन्नत तकनीकी सहायता का लाभ प्रदान करने के लिए उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग नीति के तहत नोएडा में उत्कृष्टता केन्द्र सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना त्वरित गति से की जा रही है। इस दिशा में इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने नोएडा में लिथियम आयन सेल आधारित उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना के लिए 659,66 लाख रुपये की पहली किस्त जारी कर दी है। अपर मुख्य सचिव आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स आलोक कुमार ने बताया कि राज्य सरकार ने उत्कृष्टता केन्द्र की स्थापना के पहले चरण को प्रारम्भ करने के लिए 219,90 लाख रुपये के अपने अंशदान के लिए सहमति प्रदान कर दी है। इंडियन सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन आईसीईए के सहयोग से सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस कंप्यूटिंग सी-डैक नोएडा द्वारा कायार्न्वित किए जाने वाली उत्कृष्टता केन्द्र परियोजना की अनुमानित लागत 1675,89 लाख रुपये है, जिसमें से 854,90 लाख रुपये इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय का योगदान होगा, जबकि उत्तर प्रदेश सरकार और आईसीईए द्वारा क्रमशः 284,99 लाख रुपये तथा 536 लाख रुपये का योगदान किया जाएगा।

आलोक कुमार ने कहा कि परियोजना कायार्न्वयन की अवधि बीते 30 दिसंबर से 36 महीनों के लिए निर्धारित की गई है। उत्कृष्टता केन्द्र की स्थापना का कार्य दिसंबर 2023 के अंतिम सप्ताह तक पूर्ण होने की संभावना है। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का मकसद पावर बैंक उद्योग, मोबाइल हैंडसेट के पुर्जे और इलेक्ट्रॉनिक्स एप्लीकेशन्स से संबंधित उत्पादों को डिजाइन और उनका विकास करना है। उन्होंने कहा कि उत्कृष्टता केन्द्र प्रौद्योगिकी और उत्पाद परीक्षण सुविधा के हस्तांतरण के लिए उद्योगों से संपर्क के साथ ही स्वावलम्बी व्यापारिक मॉडल पर विकसित किया जाएगा। इस केन्द्र में भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा उपयोग करने योग्य पूर्ण रूप से क्रियाशील परीक्षण प्रयोगशाला के साथ परीक्षण और अन्य सम्बंधित आवश्यकताओं के लिए बुनियादी ढांचे का विकास किया जाएगा।

# पेज 1 का शेष

## किसानों के...

गुमराह कर देश को विकास की पटरी से उतारने की साजिश हो रही है। बिना किसी गुमराह करने वाले तत्व पर ध्यान देते हुए एक भारत, श्रेष्ठ भारत के लक्ष्य की ओर हमें आगे बढ़ना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक विकासखण्ड में एफपीओ का गठन किया जा रहा है। एफपीओ के गठन से सभी विकासखण्डों में बड़े बड़े गोदाम होंगे, जिससे प्रोक्योरमेन्ट अधिक से अधिक किया जा सकेगा। बड़े-बड़े गोदाम बनाने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा सब्सिडी भी प्रदान की जा रही है। प्रदेश सरकार द्वारा अब तक 53 लाख मीट्रिक टन धान का प्रोक्योरमेन्ट किया गया है। यह अगले माह तक जारी रहेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 5 प्रगतिशील किसानों मुकेश कुमार, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, गीता देवी, नरपति सुमन तथा मृदुला तिवारी को सम्मानित किया। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने 3 लाभार्थियों रिंकी, मोहम्मद शमीम तथा मंगल को किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत चेक प्रदान किया। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि मुख्यमंत्री ने अपने कार्यों से देश में अपनी अलग छवि बनायी है। उनके नेतृत्व में प्रदेश में किसानों के हितार्थ अनेक कार्य किये जा रहे हैं। उन्नत किसान और आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश बनाने की दिशा में पहली बार प्रदेश के सभी 825 विकास खण्डों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि यंत्रों पर 80 प्रतिशत अनुदान किसानों को दिया जा रहा है। खाद्यान्न उत्पादन में उत्तर प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में है। जलशक्ति मंत्री डॉ महेन्द्र सिंह, महिला कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार स्वाती सिंह तथा सांसद कौशल किशोर ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया।

## बातचीत से...

की स्थिति में किसानों और सरकार के बीच बातचीत बंद हो सकती है। सालिसीटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ को सूचित किया कि सरकार और किसानों के बीच स्वस्थ वातावरण में बातचीत जारी है और इस मामले को आठ जनवरी को सूचीबद्ध नहीं किया जाना चाहिए। इस पर पीठ ने कहा, हम स्थिति को समझते हैं और सलाह मशविरे को प्रोत्साहन देते हैं। अगर आप बातचीत की प्रक्रिया के बारे में कहते हैं तो हम इस मामले को सोमवार 11 जनवरी के लिए स्थगित कर सकते हैं। शीर्ष अदालत अधिवक्ता मनोहर लाल शर्मा की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। शर्मा ने भी तीनों कृषि कानूनों की संवैधानिक वैधता को चुनौती दे रखी है। पीठ ने शर्मा की याचिका पर केन्द्र को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। शर्मा का तर्क है कि केन्द्र को संविधान के तहत इन कानूनों को बनाने का अधिकार नहीं है। वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा, ये किसानों से संबंधित मामले हैं। दूसरे मामले कहां हैं? वे कब सूचीबद्ध हैं? हम सारे मामलों की एक साथ सुनवाई करेंगे। पीठ ने मेहता से कहा कि दूसरे मामलों की स्थिति के बारे मे पता करें कि वे कब सूचीबद्ध हैं। मेहता ने कहा कि इन याचिकाओं पर सुनवाई के लिए पहले कोई निश्चित तारीख नहीं दी गई थी। पीठ ने कहा, हम इस याचिका (शर्मा की) को शुक्रवार को सुनवाई के लिए रख रहे हैं और इस बीच संशोधित याचिका को रिकॉर्ड पर लेने की अनुमति दे रहे हैं। पीठ ने कहा, एमएल शर्मा हमेशा ही चौंकाने वाली याचिकाएं दायर करते हैं और वह कहते हैं कि केन्द्र को कानून बनाने का अधिकार नहीं है। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह इस याचिका पर पहले से लंबित सारे मामलों के साथ विचार करेगी क्योंकि हमे लगता है कि स्थिति में अभी कोई सुधार नहीं हुआ है। मेहता ने जब यह कहा कि बातचीत स्वस्थ माहौल में हो रही है, पीठ ने कहा कि वह इन मामलों पर 11 जनवरी को सुनवाई करेगी। शीर्ष अदालत ने नए कृषि कानूनों-कृषक (सशक्तिकरण एवं संरक्षण) कीमत आश्वासन और कृषि सेवा करार कानून, 2020, कृषक उत्पाद व्यापार एवं वाणिज्य (संवर्धन एवं सरलीकरण) कानून, 2020 और आवश्यक वस्तु (संशोधन) कानून 2020 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 12 अक्टूबर को केन्द्र को नोटिस जारी किया था। न्यायालय ने पिछले साल 17 दिसंबर को दिल्ली की सीमा पर किसानों के आंदोलन को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान कहा था कि किसानों के प्रदर्शन को बिना किसी अवरोध के जारी रखने देना चाहिए और शीर्ष अदालत इसमें दखल नहीं देगी क्योंकि विरोध का अधिकार एक मौलिक अधिकार है। न्यायालय ने किसानों के अहिंसक विरोध प्रदर्शन के अधिकार को स्वीकारते हुए कहा था कि उनके विरोध प्रकट करने के मौलिक अधिकार से दूसरे लोगों के निर्बाध तरीके से आवागमन और आवश्यक वस्तुएं प्राप्त करने के मौलिक अधिकार का अतिक्रमण नहीं होना चाहिए क्योंकि विरोध प्रदर्शन करने के अधिकार का मतलब पूरे शहर को अवरुद्ध कर देना नहीं हो सकता।

## सरकार किसानों...

फार्मर्स एसोसिएशन (एआईएफए) ने बुधवार को उन तीन नए कृषि कानूनों का समर्थन किया, जिनके विरोध में 40 किसान संगठन एक महीने से ज्यादा समय से राष्ट्रीय राजधानी की सीमाओं पर प्रदर्शन कर रहे हैं। केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के माध्यम से सिंह ने केन्द्र सरकार को कुछ सुझाव दिए, जो प्रदर्शन कर रहे किसान संगठनों के साथ आठ जनवरी को होने वाली बातचीत में मददगार साबित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि एआईएफए ने कृषि अनुबंधों की निगरानी के लिए एक स्वतंत्र नियामक संस्था स्थापित करने, कृषि उत्पादों की खरीद और बिक्री में मूल्य की निगरानी के लिए मूल्य नियामक प्राधिकरण बनाने और अनुबंध समझौतों के प्रावधानों को लागू करने सहित अन्य सिफारिश की है।

## बदायूं की...

मुरादनगर के दर्दनाक हादसे में फल विक्रेता जयराम के अंतिम संस्कार के बाद उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कर रहे रिश्तेदारों और पड़ोसियों पर छत गिरने से कई जिंदगियां हमेशा के लिए खामोश हो गई थीं। घटना में 23 लोगों की मौत हो गई थी। कई घंटे तक बहुत लोग मलबे में दबे रहे थे।

## लम्बे समय...

31 चिकित्सा शिक्षकों के विरूद्ध कार्रवाई शासन द्वारा प्रचलित है। इनमें से 15 चिकित्सा शिक्षकों की सेवाएं समाप्त कर दी गयी है और अवशेष 16 चिकित्सा शिक्षकों की सेवाएं समाप्त किये जाने की कार्यवाही अन्तिम चरण में है।

## चार राज्यों...

अन्य दक्षिणी राज्यों से चिकन व्यापार पर प्रतिबंध लगा दिया है। भारत ने 30 सितंबर, 2020 को ही देष को बर्ड फ्लू से मुक्त होने की घोशणा की थी, लेकिन इसके कुछ माह बाद ही इस बीमारी ने बहुत तीव्र गति से पैर पसार लिए। मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने बुधवार को राज्यों को पक्षियों के बीच किसी भी असामान्य मृत्यु दर पर सतर्कता बरतने और आवश्यक उपाय करने के लिए तुरंत कदम उठाने को कहा है, क्योंकि इस बीमारी के मनुष्यों और पालतू जानवरों में भी फैलने की संभावना है। मंत्रालय ने स्थिति पर नजर रखने और राज्य अधिकारियों द्वारा किए गए निवारक और नियंत्रण उपायों के दैनिक आधार पर जायजा लेने के लिए कृषि भवन में एक नियंत्रण कक्ष (011-23382354) भी स्थापित किया है। केरल, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा और गुजरात जैसे कई राज्यों में एवियन इन्फ्लूएंजा यानी बर्ड फ्लू के मामले सामने आए हैं, जबकि जम्मू-कश्मीर, पंजाब, दिल्ली, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु हाई अलर्ट पर हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एवियन इन्फ्लुएंजा प्रभावित केरल में अलप्पुझा और कोट्टायम जिलों और हरियाणा में पंचकुला जिले में अपनी टीमें तैनात कर दी हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक कार्ययोजना भी जारी की है जिसमें कहा गया है कि मृत पक्षियों का अत्यंत सावधानी और वैज्ञानिक तरीके से निपटान किया जाना चाहिए। एवियन इन्फ्लुएंजा पर कार्य योजना के अनुसार, मंत्रालय ने प्रभावित राज्यों को पोल्ट्री फार्मों की जैव विविधता को मजबूत करने, प्रभावित क्षेत्रों की कीटाणुशोधन, मृत पक्षियों के शवों का उचित निपटान, बीमारी का पता लगाने और आगे की रणनीति तय करने के लिए प्रभावित पक्षियों का समय पर सैंपल लेने जैसे कई सुझाव दिए हैं। निगरानी योजना के साथ-साथ प्रभावित पक्षियों से पोल्ट्री और मानव में इस बीमारी के फैलने से रोकने के लिए सामान्य दिशानिर्देश जारी किए हैं। भारत में यह बीमारी मुख्य रूप से प्रवासी पक्षियों द्वारा सितंबर-अक्टूबर से फरवरी-मार्च तक आती है। दूसरे, स्थानीय स्तर पर मनुष्यों द्वारा रखरखाव में किसी गड़बड़ी से हुए इन्फेक्शन के कारण भी यह पक्षियों में फैल सकती है।

## लखनऊ में...

पक्षियों के निवास स्थलों पर निगरानी रखने को कहा गया है। उधर स्वास्थ्य विभाग ने बर्ड फ्लू से संक्रमित मरीजों के लिए अस्पतालों में अलग आइसोलेशन वार्ड बनाने के निर्देश दिए हैं। महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य डॉ. डीएस नेगी ने बताया कि आइसोलेशन वार्ड तैयार किए जाएंगे और व्यक्ति में संक्रमण का पता चलने पर उन्हें पूरी सावधानी के साथ भर्ती किया जाएगा। उधर मेडिकल कॉलेजों में भी जल्द आइसोलेशन वार्ड तैयार किए जाएंगे। स्वास्थ्य महानिदेशालय की स्टेट लैब के साथ साथ मेडिकल कॉलेजों में बर्ड फ्लू की जांच की व्यवस्था है। बर्ड फ्लू होने के लक्षणों में बुखार, नाक बहना, डायरिया, पेट दर्द होना, मांसपेशियों में दर्द और सांस लेने में दिक्कत इत्यादि शामिल है।

# सिडनी में समीकरण बदलने को तैयार भारत

## आस्ट्रेलिया के साथ तीसरा टेस्ट आज से

**भाषा** । सिडनी

**केवल** 10 दिन के अंदर फर्श से अर्श पर पहुंचने और बिग हिटर रोहित शर्मा की वापसी से मजबूत बनी भारतीय टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से यहां शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में विजय क्रम जारी रखकर बोर्डर-गावस्कर ट्राफी पर अपना अधिकार बरकरार रखने की कोशिश करेगी।

सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में भारतीय बल्लेबाजों ने कुछ यादगार पारियां खेली हैं लेकिन यह टीम के लिए भाग्यशाली मैदान नहीं रहा है क्योंकि उसे यहां छह मैचों में पराजय का सामना करना पड़ा। उसने एससीजी पर एकमात्र जीत 42 साल पहले हासिल की थी।

अगर अजिंक्य रहाणे की टीम सिडनी में इतिहास रचकर 2-1 से बढ़त हासिल कर लेती है तो फिर बोर्डर-गावस्कर ट्राफी उसके पास ही बनी रहेगी और यह भारतीय क्रिकेट में सबसे यादगार पलों में से एक होगा। यह इसलिए भी विशिष्ट होगा क्योंकि भारत अपने सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज विराट कोहली और दो प्रमुख तेज गेंदबाजों के बिना इसे हासिल करेगा। ऐसा हर समय नहीं होता जबकि स्टीव स्मिथ जैसे बल्लेबाजों से सजी आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी को भारतीय गेंदबाजों ने दहशत में डाला हो। मोहम्मद शमी के बाद उमेश यादव के भी बाहर होने के बावजूद भारतीय आक्रमण ने अपना दबदबा कायम रखा है। तेज गेंदबाज नवदीप सैनी इस मैच से टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करेंगे।

वह उमेश की जगह लेंगे। आस्ट्रेलिया पर भारतीय गेंदबाजों ने किस तरह से दबाव डाला है इसका प्रमाण यह है कि वह 70 प्रतिशत फिट डेविड वार्नर को उतारने की तैयारी कर रहा है, ताकि अधर में लटकी उनकी बल्लेबाजी की नैया पार लग सके। आस्ट्रेलियाई टीम अपनी बल्लेबाजी को लेकर कितनी मायूस है उसका अंदाजा कप्तान टिम पेन के बयान से लगाया जा सकता है।

पेन ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा कि वार्नर ऊर्जावान और पेशेवर खिलाड़ी है जो तुरंत प्रभाव छोड़ सकता है और बाकी खिलाड़ियों में आत्मविश्वास भर सकता है। ऐसी परिस्थितियों में रोहित शर्मा भारतीय टीम से जुड़ते हैं जो इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलते समय चोटिल होने के कारण सीमित ओवरों की श्रृंखला और पहले दो टेस्ट मैचों में नहीं खेल पाए थे।

आस्ट्रेलिया आने पर सिडनी के एक अपार्टमेंट में दो सप्ताह तक पृथकवास पर रहने के बाद रोहित टीम से जुड़े लेकिन मेलबर्न के एक रेस्तरां में एक उत्साही प्रशंसक के कारण उनके और चार अन्य भारतीय खिलाड़ियों के खिलाफ संभावित जैव सुरक्षा उल्लंघन के लिए जांच बिठाई गई लेकिन रोहित इतने शर्मा अनुभवी और पेशेवर खिलाड़ी हैं कि इन सब चीजों से उनका ध्यान भंग नहीं होगा और इसका सबूत मंगलवार को मिला जब उन्होंने नेट पर जमकर अभ्यास किया और रविचंद्रन अश्विन जैसे गेंदबाजों का सहजता से सामना किया। उनकी उपस्थिति से टीम और युवा खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ेगा और यही वजह है कि उन्हें चेतेश्वर पुजारा की जगह उप कप्तान नियुक्त किया गया। सिडनी का विकेट पारंपरिक तौर पर बल्लेबाजों के अनुकूल रहा है तथा यहां सुनील गावस्कर, रवि शास्त्री, सचिन तेंदुलकर, वीवीएस लक्ष्मण और यहां तक कि पिछले दौरे में पुजारा और ऋषभ पंत ने भी शतक जमाए थे।

अगर रोहित और शुभमन गिल टीम को अच्छी शुरुआत दिलाते हैं तो इससे पुजारा को राहत मिलेगी जो पहले दो टेस्ट मैचों में लचर प्रदर्शन करने के कारण दबाव में हैं। रहाणे पिछले मैच में शतक और जीत के बाद मिशेल स्टार्क, जोश हेजलवुड, पैट कमिन्स और नाथन लियोन का सामना करने के लिए आत्मविश्वास के साथ क्रीज पर उतरेंगे। केएल राहुल के चोटिल होने के कारण हनुमा विहारी को मध्यक्रम में एक और मौका मिला है क्योंकि रोहित के लिए शीर्ष क्रम में मयंक अग्रवाल ने जगह खाली की है जो श्रृंखला के पहले दो मैचों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे।

लेकिन वह आस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी है जिसे पारंपरिक तौर पर स्पिन गेंदबाजों को मदद देने वाले विकेट पर अश्विन जैसे गेंदबाज का सामना करना है। अश्विन ने अभी तक 10 विकेट लिए हैं और वह स्मिथ और मार्नस लाबुशेन जैसे खिलाड़ियों के खिलाफ जंग में खुद को अव्वल साबित करने में सफल रहे हैं। आस्ट्रेलिया स्मिथ के फार्म में लौटने को लेकर बेताब है और इसके साथ ही वह ट्रेविस हेड जैसे बल्लेबाजों से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर रहा होगा लेकिन जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाला भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण उन्हें पिछले मैचों की तरह दबाव में रखने की पूरी कोशिश करेगा। बुमराह के साथ मोहम्मद सिराज या सैनी में से कोई एक नई गेंद संभालेगा। इन दोनों के सामने हालांकि बड़ी जिम्मेदारी होगी।

**टीमें**-भारत: रोहित शर्मा, शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, अजिंक्य रहाणे, हनुमा विहारी, ऋषभ पंत, रविंद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद सिराज, जसप्रीत बुमराह, नवदीप सैनी। आस्ट्रेलिया: डेविड वार्नर, मैथ्यू वेड, विल पुकोवस्की, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, कैमरन ग्रीन, टिम पेन, नाथन लियोन, पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क, जोश हेजलवुड, मार्कस हैरिस, मिशेल स्वेपसन, माइकल नेसर।





### अश्विन में नई चीजें सीखने की ललक: रहाणे

**सिडनी**। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने बुधवार को कहा कि ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की नई चीजें सीखने की ललक और हरफनमौला रविन्द्र जडेजा की बल्लेबाजी में सुधार से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला के शुरूआती दो मैचों में भारत को काफी फायदा हुआ है। अश्विन 10 विकेट के साथ श्रृंखला में अब तब सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों में शामिल है। जडेजा ने मेलबर्न में खेले गए दूसरे टेस्ट में अहम मौके पर अर्धशतकीय पारी खेलने के साथ कप्तान के साथ शतकीय साझेदारी निभाकर टीम की जीत की नींव रखी थी। अश्विन की धारदार गेंदबाजी के बारे में पूछे जाने पर रहाणे ने कहा कि वह हमेशा नई चीजें सीखने की कोशिश करता है। उनके पास अच्छा कौशल है लेकिन वह हमेशा नई चीजें सीखना चाहते हैं और यही अश्विन को महान बनाता है। वहीं टेस्ट मैच में जड़ेजा की बल्लेबाजी से वह खुश हैं, जो टीम के लिए आवश्यक संतुलन बनाने का कम करता है। उन्होंने कहा, एक बल्लेबाज के तौर पर रविंद्र जडेजा में काफी सुधार हुआ है और यह टीम के नजरिए के रूप में काफी सकारात्मक पहलू है। उन्होंने कहा, जब आपको पता होता है कि आपका सातवां क्रम का खिलाड़ी बल्ले से योगदान दे सकता है तो आपके लिए प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा करना आसाना हो जाता है।

### ब्रिस्बेन से टेस्ट हटाने की खबरों से तनाव बढ़ा: पेन

**सिडनी**। आस्ट्रेलियाई कप्तान टिम पेन ने स्वीकार किया कि ब्रिस्बेन में 15 जनवरी से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट मैच का स्थल बदलने की खबरों के कारण भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच से पूर्व थोड़ा तनाव बढ़ने वाला था। आस्ट्रेलियाई मीडिया ने अज्ञात सूत्रों के हवाले से खबर दी थी कि भारतीय टीम क्वीन्सलैंड प्रांत के स्वास्थ्य संबंधी कड़े नियमों के कारण ब्रिस्बेन में नहीं खेलना चाहती है। प्रोटोकॉल के अनुसार भारतीय खिलाड़ी टेस्ट मैच के दौरान यहां तक कि अपने कमरों से भी बाहर नहीं निकल सकते थे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने यह मसला क्रिकेट आस्ट्रेलिया के सामने रखा, जिसके बाद पता चला है कि अब खिलाड़ियों को होटल के अंदर जैव सुरक्षित वातावरण और टेस्ट मैच में आपस में घुलने मिलने की छूट दे दी गई है। प्रांत के कुछ राजनीतिज्ञों ने हालांकि इस पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह क्रिकेट की दृष्टि से ही महत्वपूर्ण नहीं होगा बल्कि टीम के अंदर भी इसको लेकर रोष होगा क्योंकि भारतीय तरफ से कई खबर आ रही थी कि वे चौथा टेस्ट मैच कहां खेलने जा रहे हैं, वे कहां नहीं जाना चाहते हैं। इसलिए देखते हैं कि आगे क्या होता है। पेन ने स्वीकार किया कि अगर भारतीय क्रिकेट बोर्ड दबाव बनाता है तो ब्रिस्बेन टेस्ट को लेकर अनिश्चितता बनी रहेगी।

# जेमीसन की घातक गेंदबाजी से पाक का सूपड़ा साफ

## न्यूजीलैड ने दूसरे टेस्ट में पारी और 176 रनों से जीत कर रैंकिंग में पहला स्थान पाया

**भाषा** । क्राइस्टचर्च



**तेज** गेंदबाज काइल जेमीसन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 48 रन देकर छह विकेट लिए जिससे न्यूजीलैंड ने दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को पारी और 176 रन से हराकर दो मैचों की श्रृंखला में क्लीन स्वीप किया। पाकिस्तान की टीम पहली पारी में 362 रन से पिछड़ने के बाद चौथे दिन अपनी दूसरी पारी में 186 रन पर आउट हो गई।

न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के पहली पारी के 297 रन के जवाब में अपनी पहली पारी छह विकेट पर 659 रन पर समाप्त घोषित की थी। उसकी पारी के आकर्षण कप्तान केन विलियमसन (238) का दोहरा शतक तथा हेनरी निकोल्स (157) और डेरेल मिचेल (नाबाद 102) के शतक थे। पहली पारी में 69 रन देकर पांच विकेट लेने वाले जेमीसन ने इस तरह से मैच में 117 रन देकर 11 विकेट लिए। उन्होंने अब तक छह टेस्ट मैचों में चौथी बार पारी में पांच या अधिक विकेट और पहली बार मैच में 10 या अधिक विकेट लिए। न्यूजीलैंड ने इस सत्र में अपने चारों टेस्ट मैच जीते हैं। इससे वह आस्ट्रेलिया को पीछे छोड़कर पहली बार विश्व टेस्ट रैंकिंग में नंबर एक पर पहुंच गया है। इसका काफी श्रेय जेमीसन को जाता है।

जेमीसन को मुख्य तौर पर बल्लेबाज माना जाता था जो कभी कभार गेंदबाजी कर लेता था लेकिन उन्होंने अपनी गेंदबाजी पर काम किया और न्यूजीलैंड की पिचों पर उछाल हासिल करने की अपनी क्षमता के कारण उन्होंने प्रतिद्वंद्वी टीमों को परेशानी में डाला।

इसके अलावा बल्लेबाजी में भी उन्होंने उपयोगी योगदान दिया। जेमीसन ने पाकिस्तान की दूसरी पारी में तीसरे दिन शान मसूद का विकेट लिया था। पाकिस्तान ने सुबह एक विकेट पर आठ रन से आगे खेलना शुरू किया। ट्रेंट बोल्ट ने नाइटवाचमैन मोहम्मद अब्बास (तीन) को आउट किया जिसके बाद जेमीसन ने लंच से पहले आबिद अली (26) को पवेलियन भेजा तथा हारिस सोहेल 15), अजहर अली (37) और पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान (10) को दूसरे सत्र में आउट किया। बोल्ट ने चाय के विश्राम से ठीक पहले फवाद आलम (16) को पवेलियन की राह दिखाई। जेमीसन ने फहीम अशरफ (28) के रूप में अपना छठा विकेट लिया। इसके बाद विलियमसन ने गेंद संभाली और शाहीन अफरीदी को आउट किया जो न्यूजीलैंड के कप्तान के रूप में उनका पहला विकेट है।

बोल्ट (43 रन देकर तीन) ने जफर गोहार (37) का विकेट लेकर पारी और मैच का अंत किया। न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज से दोनों टेस्ट मैच जीतने के बाद पाकिस्तान को पहले टेस्ट मैच में 101 रन से हराया था।

### आई-लीग मैचों के दौरान जैव सुरक्षित माहौल बनाए रखना अहम: सीईओ

**कोलकाता**। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ कोविड-19 महामारी के मददेनजर शनिवार से शुरू हो रहे आई-लीग के सुचारू और सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। एआईएफएफ के पास पिछले साल अक्टूबर में आई-लीग क्वालीफायर के दौरान जैव-सुरक्षित महौल में मैच कराने का अनुभव है। वह प्रतियोगिता हालांकि छोटे स्तर पर सिर्फ पांच टीमों के बीच थी। आई-लीग में 11 टीमें हैं और टूर्नामेंट के सभी मैचों को दर्शकों के बिना कोलकाता और कल्याणी के चार स्थलों पर होगा।

## ओलंपिक क्वालीफाइंग पैदल चाल के साथ फरवरी में शुरू होगा एथलेटिक्स सत्र

**नई दिल्ली**। भारतीय एथलेटिक्स सत्र की शुरुआत अगले महीने राष्ट्रीय ओपन पैदल चाल चैंपियनशिप के साथ होगी जो ओलंपिक क्वालीफाइंग प्रतियोगिता भी होगी। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने बुधवार को यह घोषणा की। 13 फरवरी को शुरू होने वाली इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में कुछ अंतरराष्ट्रीय एथलीट भी हिस्सा लेंगे। इस प्रतियोगिता का आयोजन पुरुष 50 किमी पैदल चाल, पुरुष और महिला 20 किमी पैदल चाल, पुरुष और महिला अंडर-20 10 किमी वर्ग में किया जाएगा और इस दौरान कोविड-19 से जुड़े कड़े नियमों का पालन किया जाएगा। पुरुष और महिला 20 किमी और पुरुष 50 किमी ओलंपिक स्पर्धाएं हैं। केटी इरफान और भावना जाट क्रमश: पुरुष और महिला 20 किमी स्पर्धाओं में पहले ही ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं। एएफआई ने कहा कि राष्ट्रीय ओपन चैंपियनशिप का आठवां सत्राचौथी अंतरराष्ट्रीय पैदल चाल चैंपियनशिप रांची में 13 और 14 फरवरी 2021 को होगी। यह ओलंपिक खेलों की क्वालीफाइंग प्रतियोगिता होगी।

### दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच बने आमरे

**नई दिल्ली**। पूर्व भारतीय क्रिकेटर प्रवीण आमरे इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी दो सत्र के लिए दिल्ली कैपिटल्स से सहायक कोच के रूप में जुड़ गए हैं। टीम ने बुधवार को यह घोषणा की। वर्ष 2014 से 2019 के बीच फ्रेंचाइजी के प्रतिभा खोज के प्रमुख रहे 52 साल के आमरे रिकी पोंटिंग की अगुआई वाले मौजूद कोचिंग स्टाफ से जुड़ेंगे। आमरे के हवाले से कहा गया कि मैं दिल्ली कैपिटल्स प्रबंधन का आभारी हूं कि उसने मुझे यह मौका दिया। 2020 में टीम के पहली बार आईपीएल फाइनल में जगह बनाने के बाद टीम से जुड़ना रोमांचक है। मैं रिकी और सभी खिलाड़ियों के साथ दोबारा काम करने को लेकर उत्सुक हूं। भारत की ओर से 11 टेस्ट और 37 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले आमरे ने घरेलू क्रिकेट में खिलाड़ी और कोच के रूप में प्रभावी काम किया है। आमरे के मार्गदर्शन में मुंबई की टीम ने तीन रणजी खिताब जीते और वह भारत के कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के निजी कोच भी रहे हैं।

### दारिया ने नए सत्र का पहला मुकाबला जीता

**अबुधाबी**। दारिया कासत्किना और मारिया सक्कारी ने बुधवार को अबुधाबी ओपन के साथ शुरु हुए महिला टेनिस के नए सत्र का आगाज जीत के साथ किया। डब्ल्यूटीए ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन की तैयारी के लिए खिलाड़ियों को अधिक समय देने के मकसद से पिछले महीने अबुधाबी टूर्नामेंट कराने का फैसला कया था। कोरोना वायरस के कारण साल के पहले ग्रैंडस्लैम को जनवरी से मध्य फरवरी के लिए स्थगित कर दिया गया है। मेलबर्न से बाहर खिलाड़ियों के लिए यह इकलौता वार्मअप टूर्नामेंट है। रूस की कासत्किना ने नए सत्र के पहले मैच में वांग कियांग को 6-2, 3-6, 6-2 से शिकस्त दी। सक्कारी ने अनास्तासिया पोटापोवा को 6-4, 6-2 से शिकस्त दी। अन्य मुकाबलों में वेरोनिका कुडेरमेतोवा ने 10वीं वरीयता प्राप्त अनेट्ट कोंतावेइट को 7-5, 6- । जबकि युलिया पुटिनत्सेवा ने मार्टिना ट्रेविसान को 6-3, 6-3 से शिकस्त दी।

### ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सीईओ ने दिलाया भरोसा

**मेलबर्न**। ऑस्ट्रेलियाई ओपन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) क्रेग टेली ने विलंब से हो रहे इस टेनिस ग्रैंडस्लैम के आठ फरवरी से शुरू होने का आश्वासन देते हुए खिलाड़ियों से यहां पहुंचने और पृथकवास योजना को लेकर धैर्य रखने को को कहा। दुनिया के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी इस टूर्नामेंट के लिए 15 जनवरी से मेलबर्न आने लगेंगे और उन्हें 14 दिनों के लिए होटल में पृथकवास पर रहना होगा। उन्हें हालांकि रोज सीमित समय के लिए जैव-सुरक्षित माहौल में अभ्यास करने की छूट होगी। यूरोप के कई खिलाड़ियों ने चार्टर्ड विमान को लेकर आशंका जताई थी जिसके बाद टीले ने यह जानकारी दी। ऑस्ट्रेलियाई ओपन के आयोजक दुबई, सिंगापुर और लॉस एंजिल्स से 20 चार्टर्ड विमानों से खिलाड़ियों को मेलबर्न लेकर आएंगे।

### लुईस बने बांग्लादेश के बल्लेबाजी कोच

**ढाका**। बांग्लादेश ने वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली आगामी दो द्विपक्षीय श्रृंखलाओं के लिए जॉन लुईस को बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने बुधवार को यह जानकारी दी।श्रीलंका क्रिकेट टीम के बल्लेबाजी कोच रह चुके इंग्लैंड के 50 साल के लुईस नील मैकेंजी की जगह लेंगे जिन्होंने पारिवारिक कारणों से पिछले साल अगस्त में पद छोड़ दिया। बीसीबी के क्रिकेट संचालन चेयरमैन अकरम खान के हवाले से ईएसपीएनक्रिकइंफो ने कहा लुईस एक या दो दिन में आ रहा है, जिसके बाद हम निजी रूप से उनके साथ बात करेंगे। हमारी सूची में तीन या चार कोच थे लेकिन हमने उनके अनुभव पर गौर किया। उन्होंने कहा कि छांटे गए उम्मीदवारों के बारे में आपस में बात करने के बाद, जिसमें मुख्य कोच भी शामिल थे, हमने उन्हें चुनने का फैसला किया।

## पुरुष टेस्ट मैच में अंपायरिंग करने वाली पहली महिला अधिकारी बनेंगी पोलोसाक

**सिडनी**। क्लेयर पोलोसाक गुरूवार से भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सिडनी में खेले जाने वाले पुरुषों के टेस्ट मैच में अंपायरिंग करने वाली पहली महिला मैच अधिकारी बनेंगी। ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स की 32 साल की पोलोसाक मैच में चौथे अंपायर की भूमिका में होंगी। वह इससे पहले पुरुष एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अंपायरिंग करने वाली पहली महिला अंपायर बनने की उपलब्धि हासिल कर चुकी हैं। उन्होंने 2019 में नामीबिया और ओमान के बीच विश्व क्रिकेट लीग डिवीजन दो के मैच में अंपायरिंग की थी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चार मैचों की श्रृंखला के तीसरे मैच में दो पूर्व तेज गेंदबाज पॉल रिफेल और पॉल विल्सन मैदानी अंपायर की भूमिका निभाएंगे जबकि ब्रूस ऑक्सेनफोर्ड तीसरे (टेलीविजन) अंपायर होंगे। डेविड बून मैच रेफरी होंगे। टेस्ट मैचों के लिए आईसीसी के नियमों के अनुसार, चौथे अंपायर को घरेलू क्रिकेट बोर्ड द्वारा अपने आईसीसी अंपायरों के अंतरराष्ट्रीय पैनल में से नियुक्त किया जाता है। पोलोसाक इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया में 2017 में पुरुषों के घरेलू लिस्ट ए मैच में अंपायरिंग करने वाली पहली महिला हैं। चौथा अंपायर का काम मैदान में नई गेंद लाना, अंपायरों के लिए ड्रिंक ले जाना, लंच और चाय के दौरान पिच की देखभाल और लाईटमीटर से रोशनी की जांच करने जैसी चीजें शामिल हैं।

### बेंगलुरु एफसी ने कोच कार्लोस कुआड्रॉर्ट को हटाया

**बेंगलुरु**। बेंगलुरु एफसी ने इंडियन सुपर लीग के मौजूदा सत्र में लगातार खराब प्रदर्शन के बाद बुधवार को टीम के मुख्य कोच कार्लेस कुआड्रॉर्ट से करार खत्म कर दिया। इस पूर्व चैम्पियन टीम को लगातार तीन हार का सामना करना पड़ा जिसमें मंगलवार को मुंबई एफसी से मिली 1-3 की शिकस्त भी शामिल है। इस हार के बाद टीम नौ मैचों में तीन जीत और इतने ही ड्रा तथा हार से 12 अंकों के साथ तालिका में पांचवें स्थान पर है। वह मुंबई से 10 अंक पीछे है।क्लब से जारी बयान में कहा गया कि कुआड्रॉर्ट आपसी सहमति से साथ छोड़ रहे हैं। क्लब के निदेशक पार्थ जिंदल ने बयान में कहा, प्रबंधन के साथ गहन विचार-विमर्श के बाद, हमें लगा है कि क्लब को एक नई दिशा में जाने की आवश्यकता है।

## भारतीय बैडमिंटन टीम ट्रेनिंग शुरू करने को तैयार

**भाषा** । नई दिल्ली

**भारत** का पूरा बैडमिंटन दल कोविड-19 परीक्षण में बुधवार को नेगेटिव आया और अगले हफ्ते शुरू होने वाले योनेक्स थाईलैंड ओपन से पहले टीम ट्रेनिंग शुरू करने के लिए तैयार है। भारतीय टीम ग्रीन जोन में शामिल थी जिसमें सभी खिलाड़ियों और हितधारकों जैसे अंपायर, लाइन जज, विश्व बैडमिंटन महासंघ के कर्मचारियों, थाईलैंड बैडमिंटन संघ, मेडिकल स्टाफ और टीवी प्रोडक्शन कर्मचारियों को जगह मिली है। इन सभी का बैंकॉक पहुंचने पर परीक्षण किया गया। बैंकॉक में होने वाले एशिया चरण में दो सुपर 1000 प्रतियोगिताए योनेक्स थाईलैंड ओपन (12-17 जनवरी) और टोयोटा थाईलैंड ओपन (19-24 जनवरी) होंगी जिसके बाद 27-31 जनवरी तक 15,00,000 इनामी एचएसबीसी बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स खेले जाएंगे।

बीडब्ल्यूएफ ने बयान में कहा, बैंकॉक में एशियाई चरण को अच्छी खबर मिली जब ग्रीन जोन पृथकवास में शामिल सभी 824 प्रतिभागी कोविड-19 परीक्षण में नेगेटिव पाए गए। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को अब कड़े सुरक्षा नियमों के साथ ट्रेनिंग करने की स्वीकृति होगी।

भारतीय टीम में ओलंपिक में जगह बनाने की दावेदार पीवी सिंधू, साइना नेहवाल और बी साई प्रणीत जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। इन सभी को ट्रेनिंग का समय आवंटित कर दिया गया है।

### स्मिथ हमले को तैयार है: टाम मूडी

**नई दिल्ली**। आस्ट्रेलिया के पूर्व आलराउंडर टॉम मूडी ने भारत के खिलाफ पहले दो टेस्ट में जूझने वाले स्टीव स्मिथ का समर्थन करते हुए कहा कि यह स्टार बल्लेबाज पिंजरे में बंद शेर है जो हमले के लिए तैयार है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक माने जाने वाले स्मिथ पहले दो टेस्ट में सिर्फ 10 रन बना पाए हैं और मूडी ने कहा कि वह बड़ी पारी खेलने के लिए तैयार हैं। मूडी ने कहा कि आपको उसका रिकॉर्ड देखना चाहिए, वह बड़ी पारी खेलने के करीब है, इससे अच्छे प्रदर्शन की गारंटी नहीं मिलती लेकिन यह आपको बताता है कि पिंजरे में शेर बंद है जो हमला करने को तैयार है और वह नए साल में रन बनाए यह सुनिश्चित करने के लिए उससे अधिक प्रतिबद्ध कोई और नहीं होगा।

# बाजार में तेजी पर लगा विराम सेंसेक्स में 264 अंक की गिरावट

## आईटीसी के शेयरों में सबसे ज्यादा तीन प्रतिशत की गिरावट आई

**भाषा** । मुंबई

**शेयर** बाजार में पिछले 10 कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर बुधवार को विराम लग गया और बीएसई सेंसेक्स 264 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ। रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और इन्फोसिस की अगुवाई में यह गिरावट आई। 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स कारोबार के दौरान एक समय 48,616.66 अंक तक चला गया था। लेकिन बाद में तेजी बरकरार नहीं रही और यह 263.72 अंक यानी 0.54 प्रतिशत की गिरावट के साथ 48,174.06 अंक पर बंद हुआ।

इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 53.25 अंक यानी 0.38 प्रतिशत की गिरावट के साथ 14,146.25 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 14,244.15 अंक की रिकार्ड उंचाई तक चला गया था। सेंसेक्स के शेयरों में सर्वाधिक नुकसान आईटीसी को हुआ। इसमें करीब तीन प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा जिन प्रमुख शेयरों में गिरावट दर्ज की गई, उनमें रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, एचयूएल और एचसीएल टेक शामिल हैं।

दूसरी तरफ जिन शेयरों में तेजी रही, उनमें पावर ग्रिड, भारती एयरटेल, ओएनजीसी और अल्ट्राटेक सीमेंट शामिल हैं। रिलायंस सिक्योरिटीज के रणनीतिक मामलों के प्रमुख विनोद मोदी ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव और सुधार का मुख्य कारण जार्जिया (अमेरिका) में दो सीनेट सीटों के लिए हुए चुनाव के परिणाम डेमोक्रेट्स के पक्ष में जाना है। उन्होंने कहा कि सीनेट में डेमोक्रेट्स का नियंत्रण होने से अमेरिका में निम्न कर की दर की स्थिति बदल सकती है। इससे बाजार में कुछ हद तक उतार-चढ़ाव आ सकता है। कारोबारियों के अनुसार इसके अलावा रिकार्ड स्तर पर मुनाफावसूली से भी बाजार नीचे आया।

एशिया के अन्य बाजारों में शंघाई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंगसेंग में तेजी रही जबकि जापान में निक्की और दक्षिण कोरिया में कोस्पी नुकसान में रहे। यूरोप में शुरूआती कारोबार में तेजी का रुख रहा। इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.99 प्रतिशत की बढ़त के साथ 54.13 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

### आरकॉम के खातों पर यथास्थिति बनाए रखे एसबीआई: कोर्ट

**नई दिल्ली**। दिल्ली उच्च न्ययालय ने एसबीआई से कहा कि वह अनिल अंबानी की कंपनियों- आरकॉम, रिलायंस टेलीकॉम और रिलायंस इंफ्राटेल के खातों पर यथास्थिति बनाए रखे, जिन्हें बैंकों ने धोखाधड़ी वाले खातों के रूप में घोषित किया है। न्यायमूर्ति प्रतीक जालान ने तीन कंपनियों के तत्कालीन निदेशकों की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह फैसला दिया। याचिका में बैंकों द्वारा किसी खाते को धोखाधड़ी वाला घोषित करने के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक के 2016 के परिपत्र को चुनौती दी गई थी। याचिका के अनुसार परिपत्र ने बैंकों को खाताधारक को कोई पूर्व सूचना या जानकारी दिए बिना खातों को धोखाधड़ी के रूप में घोषित करने की अनुमति दी है, जो प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है। उनके वकीलों ने बताया कि इस परिपत्र के खिलाफ 2019 के बाद से ऐसी ही कई याचिकाएं दायर की गई हैं।

## भारत में 73.2 अरब अमरीकी डॉलर के 21 यूनिकॉर्न: राजदूत

**भाषा** । वाशिंगटन

**अमेरिका** में भारत के राजदूत तरनजीत सिंह संधू ने सोमवार को कहा भारत इस समय दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है और यहां 73.2 अरब अमेरिकी डॉलर के 21 यूनिकॉर्न हैं। उन्होंने उम्मीद जताई है कि 2022 तक 50 से अधिक स्टार्टअप यूनिकॉर्न क्लब में शामिल हो सकते हैं। यूनिकॉर्न ऐसी स्टार्टअप कंपनियों को कहते हैं, जिनकी कीमत एक अरब डॉलर से अधिक होती है। संधू ने कहा कि भारत में उद्यमशीलता तेजी से बढ़ी है। भारत 2020 में शीर्ष 50 नवोन्मेषी अर्थव्यवस्थाओं में एक था। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है और 73.2 अरब कीमत वाले 21 यूनिकॉर्न का घर है। कुछ अनुमानों के अनुसार 2022 तक 50 से ज्यादा सूनिकॉर्न स्टार्टअप यूनिकॉर्न क्लब में शामिल हो सकते हैं। सूनिकॉर्न ऐसे स्टार्टअप को कहते हैं, जिनमें यूनिकॉर्न बनने की क्षमता होती है। संधू भारतीय राष्ट्रीय स्टार्टअप पुरस्कार 2020 के एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम का सह-प्रायोजक भारतीय दूतावास था। कार्यक्रम का आयोजन उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) और अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच के सहयोग से किया गया था। संधू ने कहा कि एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार भारतीय स्टार्टअप ने इस साल दिसंबर के मध्य तक 9.3 अरब अमरीकी डॉलर जुटाए।

पेंस ने ट्रंप से कहा

# ‘चुनाव नतीजों को चुनौती देने के अधिकार नहीं’

भाषा। वाशिंगटन


**उपराष्ट्रपति** माइक पेंस ने अमेरिका के निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से कहा है कि उनके पास राष्ट्रपति चुनाव में जो बाइडन की जीत को चुनौती देने का अधिकार नहीं हैं। एक प्रमुख अखबार ने यह जानकारी दी है, जिसे ट्रंप ने फर्जी खबर बताया है।

न्यूयॉर्क टाइम्स ने मंगलवार को खबर दी कि राष्ट्रपति ट्रंप के साथ साप्ताहिक दोपहर के भोज के दौरान पेंस ने उन्हें उक्त संदेश दिया। पेंस बुधवार को अमेरिकी सीनेट की अध्यक्षता करेंगे। सीनेट को हर राज्य के इलेक्टोरल कॉलेज मिलेंगे जो राष्ट्रपति पद के चुनाव में विजेता तय करेंगे।

डेमोक्रेटिक पार्टी के बाइडन ने नवंबर में हुए राष्ट्रपति पद के चुनाव में ट्रंप को शिकस्त दी है। बाइडन को 306 इलेक्टोरल कॉलेज मिले जबकि ट्रंप को 232 इलेक्टोरल कॉलेज प्राप्त हुए। साथी ही बाइडन को ट्रंप की तुलना में 70 लाख मत ज्यादा मिले हैं। रिपब्लिकन पार्टी के ट्रंप ने चुनाव में हार को स्वीकार नहीं किया है और यह असत्यापित दावे किए हैं कि राष्ट्रपति चुनाव में धांधली हुई है।

उनके प्रचार अभियान से जुड़े लोगों ने अमेरिकी अदालतों में दर्जनों मुकदमे दायर कर चुनाव के नतीजों को चुनौती दी लेकिन ए मुकदमें अदालतों में टिक नहीं पाए।

न्यूयॉर्क टाइम्स ने अज्ञात लोगों के हवाले से खबर दी है, उपराष्ट्रपति माइक पेंस ने मंगलवार को राष्ट्रपति ट्रंप को बताया कि श्रीमान ट्रंप के आधारहीन दावों के बावजूद उनके पास ऐसी शक्तियां नहीं हैं जो राष्ट्रपति चुनाव में जोसेफ आर बाइडन जूनियर की जीत का प्रमाणीकरण करने से कांग्रेस (संसद) को रोक पाएं।



बहरहाल, ट्रंप ने रिपोर्ट को फर्जी खबर बताते हुए कहा कि पेंस ने उनसे ऐसा कभी नहीं कहा जैसा समाचार में कहा गया है। ट्रंप के प्रचार अभियान की ओर से जारी बयान के मुताबिक, आज माइक पेंस द्वारा मुझसे की गई टिप्पणी के बारे न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट फर्जी खबर है। उन्होंने ऐसा कभी नहीं कहा। उपराष्ट्रपति और मेरे बीच इस बात को लेकर पूर्ण सहमति है कि कार्वाई करने की शक्ति है।

ट्रंप ने दावा किया कि तीन नवंबर को हुए चुनाव भ्रष्ट थे और संविधान के मुताबिक नहीं थे। स्थानीय न्यायाधीशों और राजनीतिक नेताओं के कहने पर, न कि जन प्रतिनिधियों के कहने पर, बड़े स्तर पर चुनावी नियम-कायदों में बदलाव किए गए। इसका मतलब चुनाव अवैध थे।

ट्रंप ने कहा, हमारे उपराष्ट्रपति के पास अमेरिकी संविधान के तहत कई विकल्प हैं। वह (चुनाव के) परिणामों को गैर प्रमाणित कर सकते हैं या बदलाव और प्रमाण पत्र के लिए नतीजों को वापस राज्यों को भेज सकते हैं। वह अवैध और भ्रष्ट नतीजों को गैर प्रमाणित कर सकते हैं और उन्हें एक राज्य एक वोट की तालिका बनाने के लिए प्रतिनिधि सभा को भेज सकते हैं।

ट्रंप ने ट्विटर पर मंगलवार को कहा, उपराष्ट्रपति को धोखाधड़ी से चुने गए इलेक्टोरल को खारिज करने का अधिकार है। एक अन्य ट्वीट में उन्होंने कहा कि अगर उपराष्ट्रपति ऐसा करते हैं तो वे राष्ट्रपति पद का चुनाव जीत जाएंगे।ट्रंप ने दावा किया कि कई राज्य चाहते हैं कि उन्होंने गलत संख्या को प्रमाणित करके जो गलती की है उसमें सुधार करें, क्योंकि उनके राज्य विधानमंडल ने इसे मंजूरी नहीं दी थी।

पेंस ने अब तक सार्वजनिक तौर पर कोई बयान जारी नहीं किया है लेकिन उनके स्टाफ का कहना है कि उपराष्ट्रपति सांसदों की आपत्ति करने और बहस की मांग करने के अधिकार का समर्थन करते हैं।

पेंस के चीफ ऑफ स्टाफ मार्क शॉर्ट ने एक बयान में कहा, "उपराष्ट्रपति पेंस पिछले चुनाव में धोखाधड़ी और अनियमितता को लेकर लाखों अमेरिकियों की चिंताओं को साझा करते हैं"न्यूयॉर्क टाइम्सै की खबर के मुताबिक, पेंस ने ट्रंप को यह बताने की कोशिश की है कि उनके पास चुनाव के नतीजों को पलटने के अधिकार नहीं हैं, जैसा ट्रंप समझते हैं।

# भारत-श्रीलंका कोरोना के बाद सहयोग को लेकर आशान्वितः जयशंकर

## श्रीलंका की सरकार ने कोविड के टीके के लिए भारत सरकार से मदद मांगी



कोलंबो में श्रीलंका के विदेश मंत्री दिनेश गुणवर्धन के साथ भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर

● तीन दिनों की विदेश यात्रा पर कोलंबो पहुंचे भारत के विदेश मंत्री

●श्रीलंका में हिरासत में लिए भारतीय मछुआरों की शीघ्र रिहाई को लेकर आशान्वितः जयशंकर

भाषा। कोलंबो

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को कहा कि कोरोना वायरस महामारी का भारत-श्रीलंका के संबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा है और दोनों देश कोविड-19 के बाद सहयोग को लेकर आशान्वित हैं।

श्रीलंका के विदेश मंत्री दिनेश गुणवर्धन के साथ संयुक्त रूप से मीडिया को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि कोविड महामारी ने दोनों देशों को और करीब से काम करने का मौका दिया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और श्रीलंका के प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे के बीच सितंबर में हुई ऑनलाइन बैठक का हवाला देते हुए जयशंकर ने कहा, इसने हमारे द्विपक्षीय संबंधों पर कोई असर नहीं डाला है और हमारे प्रधानमंत्रियों के बीच पिछले साल हुई ऑनलाइन बैठक इन संबंधों पर मुहर थी। उन्होंने कहा, अब हम कोविड के बाद सहयोग को लेकर उत्साहित हैं और भारत से टीका प्राप्त करने के श्रीलंका के हित को अपने ध्यान में रख रहे हैं। जयशंकर के साथ कोलंबो में बैठक के दौरान श्रीलंका की सरकार ने औपचारिक रूप से कोविड टीके के लिए भारत की सहायता मांगी है। श्रीलंका के विदेश मंत्री गुणवर्धन के न्योते पर जयशंकर पांच से सात दिसंबर तक तीन दिनों की यात्रा पर यहां आए हैं। यह 2021 में उनकी पहली विदेश यात्रा है। साथ ही वह नए साल में श्रीलंका आने वाली पहली विदेशी हस्ती हैं।

गुणवर्धन के साथ बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में जयशंकर ने कहा कि कोरोना वायरस महामारी भारत-श्रीलंका के द्विपक्षीय संबंधों को नुकसान नहीं पहुंचा सकी है। जयशंकर ने कहा, वास्तविकता यह है कि पिछले एक साल में उच्च स्तर पर संपर्क बना रहा और वह पहले से मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा, अब हम श्रीलंका के साथ कोविड-19 के बाद सहयोग को लेकर आशान्वित हैं।

विदेश मंत्री ने भारत से टीका प्राप्त करने के श्रीलंका के हित के बारे में भी चर्चा की। यह आश्वासन देते

**विदेश मंत्री ने कहा कि कोरोना वायरस महामारी भारत-श्रीलंका के द्विपक्षीय संबंधों को नुकसान नहीं पहुंचा सकी है।**

हुए कि श्रीलंका के लिए भारत भरोसेमंद और विश्वसनीय साझेदार है जयशंकर ने कहा कि देश परस्पर हित, परस्पर विश्वास, परस्पर सम्मान और परस्पर संवेदनशीलता के आधार पर द्वीपीय देश के साथ अपने संबंधों को मजबूत बनाने के पक्ष में है।

उन्होंने रेखांकित किया कि पड़ोसी देश फिलहाल कोविड-19 के बाद की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। जयशंकर ने कहा, यह सिर्फ जन स्वास्थ्य का मुद्दा नहीं है बल्कि आर्थिक संकट की स्थिति भी है।

संवाददाता सम्मेलन से पहले राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे और अपने समकक्ष गुणवर्धन से मुलाकात करने वाले जयशंकर का मत्स्य पालन मंत्री डगलस देवानंद से मुलाकात करने का भी कार्यक्रम है। विदेश मंत्री ने कहा कि वह श्रीलंका में हिरासत में लिए गए भारतीय मछुआरों की शीघ्र वापसी को लेकर आशान्वित हैं।

# अमेरिका के विभागों एवं निगमों में हैकिंग के लिए संभवतः रूस जिम्मेदार : जांच एजेंसियां

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका** की शीर्ष सुरक्षा एजेंसियों ने संयुक्त बयान जारी कर पुष्टि की है कि अमेरिका सरकार के विभागों एवं निगमों में हैकिंग के लिए संभवतः रूस जिम्मेदार है। उन्होंने इसके साथ ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस दावे को खारिज कर दिया है जिनमें उन्होंने कहा था कि इसके पीछे चीन हो सकता है।

यह बयान विभिन्न एजेंसियों में सेंधमारी की जिम्मेदारी तय करने एवं इसके पीछे के संभावित मकसद का पता लगाने के लिए अमेरिका सरकार की पहली औपचारिक कोशिश प्रतीत होता है। बयान में कहा गया है कि साक्ष्य अमेरिका सरकार के संचालनों को नुकसान पहुंचाने या बाधित करने के बजाय रूस द्वारा खुफियागीरी के प्रयासों की तरफ इशारा करते हैं।एफबीआई तथा अन्य जांच एजेंसियों पर आधारित साइबर कार्यसमूह की ओर से मंगलवार को जारी एक बयान में कहा गया है, यह एक गंभीर मामला है जिसे सुधारने लिए निरंतर और समर्पित प्रयास की आवश्यकता होगी। हैकिंग का यह मामला देश में अब तक की सबसे खराब साइबर जासूसी का मामला है जहां हैकर्स पिछले सात महीने से सरकारी एजेंसियों, रक्षा ठेकेदारों और दूर संचार कंपनियों के क्रिया-कलापों पर निगाह रख रहे थे। विशेषज्ञों ने कहा कि विदेशी जासूसों को डेटा एकत्र करने के लिए बहुत समय मिला जो अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बहुत नुकसान पहुंचाने वाले हैं। बहरहाल, यह पता नहीं चल पाया है कि घुसपैठ किस हद तक हुई और और किस तरह की सूचना प्राप्त करने की कोशिश की गई। अमेरिका में इस पैमाने पर यह असाधारण हैकिंग थी और साल के शुरुआत में टेक्सास के ऑस्टिन स्थित कंपनी सोलरविंड के लोकप्रिय नेटवर्क प्रबंधन सॉफ्टवेयर के साथ आए संदिग्ध कोड से 18 हजार संगठन संक्रमित हुए। बयान में कहा गया, इन 18 हजार ग्राहकों में बहुत कम वास्तव में प्रभावित हुए जिनमें से 10 संघीय सरकार की एजेंसियां भी थी। इनमें राजकोष एवं वाणिज्य विभाग भी शामिल थे। डेमोक्रेटिक पार्टी के ओरेगोन राज्य से सीनेटर रॉन वाइडेन ने बताया कि पिछले महीने की सीनेट की वित्त समिति को जानकारी देने के बाद राजकोष विभाग के दर्जनों ई-मेल अकांउट में सेंधमारी की गई और हैकरों ने सुरक्षा प्रणाली को तोड़ कर विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा इस्तेमाल होने वाले दस्तावेजों तक पहुंच बनाई। साइबर सुरक्षा कंपनी फायरआई के वरिष्ठ कार्यकारी चार्ल्स कारमैकल ने पिछले महीने कहा था कि अभूतपूर्व तरीके से महत्वपूर्ण लक्ष्यों को निशाना बनाया गया औ इसे कुलीन एवं सरकार समर्थित हैकरों ने अंजाम दिया।

# लखवी की गिरफ्तारी का अमेरिका ने किया स्वागत

● मुंबई हमले का मास्टर माइंड है आतंकी जकी-उर-रहमान लखवी

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका** ने मुंबई हमले के मास्टरमाइंड एवं आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी गतिविधियों के कमांडर जकी-उर-रहमान लखवी की गिरफ्तारी का स्वागत करते हुए कहा कि आतंकवाद के समर्थन एवं वित्तपोषण के लिए उसकी जिम्मेदारी तय करने में यह महत्वपूर्ण कदम है।

उल्लेखनीय है कि देश में खुलेआम घूम रहे आतंकवादियों को न्याय के कठघरे में लाने के बढ़ते अंतरराष्ट्रीय दबाव के बीच पाकिस्तान ने गत शनिवार को लखवी को गिरफ्तार किया।संयुक्त राष्ट्र से आतंकवादी घोषित लखवी वर्ष 2015 से ही मुंबई हमले मामले में जमानत पर था और पंजाब सूबे के आतंकवाद निरोधक विभाग ने उसे आतंकवाद का वित्तपोषण करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के दक्षिण एवं मध्य एशिया ब्यूरो ने ट्वीट किया, हम पाकिस्तान द्वारा आतंकवादी सरगना जकी-उर-रहमान की गिरफ्तारी का स्वागत करते हैं क्योंकि उसे आतंकवाद एवं उसके वित्तपोषण में उसकी भूमिका के लिए जिम्मेदारी तय करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा, हम उसके अभियोजन और सजा देने की प्रक्रिया पर करीब से नजर रखेंगे और आह्वान करते हैं कि उसे मुंबई हमले में भूमिका के लिए उसकी जवाबदेही तय की जानी चाहिए।



काठमांडू में अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर विरोध प्रदर्शन करते लोग

# सीरिया में रासायनिक हथियारों के इस्तेमाल के मुद्दे का बातचीत से हल होः तिरुमूर्ति

● भारत ने संयुक्त सुरक्षा परिषद की बैठक में सीरिया के हालातों पर जताई चिंता

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**भारत** ने संयुक्त राष्ट्र से कहा है कि सीरिया में रासायनिक हथियारों के इस्तेमाल को लेकर आरोपों के मामले में सभी संबंधित पक्षों के साथ चर्चा कर इसका समाधान किया जाना चाहिए और आगाह किया कि मुद्दे का राजनीतिकरण करना कभी सार्थक नहीं होता। भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से कहा कि आतंकवादी समूहों ने सीरिया में एक दशक से चल रहे संघर्ष का फायदा उठाकर खुद को मजबूत किया है और समूचे क्षेत्र के लिए खतरा बन गए हैं।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि टी. एस. तिरुमूर्ति ने मंगलवार को कहा, सीरिया में रासायनिक हथियारों के इस्तेमाल के आरोपों और जांच के संबंध में भारत ने लगातार उल्लेख किया है कि संधि के अनुरूप प्रावधानों के तहत निष्पक्ष और वस्तुनिष्ठ जांच की जरूरत है। तिरुमूर्ति ने कहा, सभी संबंधित पक्षों के साथ विचार-विमर्श के आधार पर किसी भी चिंता का समाधान किया जाना चाहिए। हमारे दृष्टिकोण से मुद्दे का राजनीतिकरण कभी मददगार साबित नहीं होता और ना ही यह सार्थक होता है।

परिषद में अस्थाई सदस्य के तौर पर 2021-22 के लिए भारत के कार्यकाल की शुरुआती बैठक में सीरिया में रासायनिक हथियारों के इस्तेमाल के संबंध में चिंताओं पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए चर्चा हुई। निरस्त्रीकरण मामलों की उच्च प्रतिनिधि इजुमू नाकामित्सू ने भी बैठक को संबोधित किया। परिषद ने अपने नए सदस्यों-भारत, आयरलैंड, केन्या, मैक्सिको और नॉर्वे का स्वागत किया और उन्हें बधाई दी।

तिरुमूर्ति ने कहा, भारत ने आतंकवादी संगठनों और लोगों के हाथों में इस तरह के हथियार जाने को लेकर लगातार चिंता प्रकट की है। विश्व इन आतंकियों के खिलाफ अपनी लड़ाई को कमजोर नहीं होने दे सकता या उन्हें किसी तरह का आश्रय प्रदान करने का जोखिम मोल नहीं ले सकता। उन्होंने कहा, भारत ने कहीं भी, किसी भी परिस्थिति में रासायनिक हथियारों के इस्तेमाल का हमेशा से विरोध किया है। हम रासायनिक हथियारों के प्रयोग की निंदा करते हैं।

# मॉडर्ना के टीके को हरी झंडी देने पर विचार

**एम्सटर्डम।** मॉडर्ना के कोविड-19 रोधी टीके को मंजूरी पर विचार करने के लिए बुधवार को यूरोपीय संघ की औषधि एजेंसी की अहम बैठक होने जा रही है। ईएमए की मानव औषधि समिति की बैठक ऐसे समय हो रही है जब कई यूरोपीय देशों में कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में काफी वृद्धि देखने को मिल रही है और उन्हें टीकाकरण की धीमी गति के चलते आलोचना का सामना करना पड़ रहा है।ईएमए अमेरिका की दवा कंपनी फाइजर और जर्मनी की बायोएनटेक द्वारा विकसित किए गए टीके को पहले ही मंजूरी दे चुकी है। मॉर्डर्ना के टीके को मंजूरी मिलने के बाद यूरोपीय संघ के देशों को महामारी से निपटने में और अधिक मदद मिलेगी। मॉर्डर्ना द्वारा विकसित किए गए टीके को मंजूरी देने पर विचार के लिए बैठक से पहले एजेंसी ने एक ट्वीट में कहा कि उसके विशेषज्ञ कंपनी के साथ लंबित सभी मुद्दों को स्पष्ट करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

# अमेरिका में जल्द ही एक दिन में 10 लाख टीके लगाए जाएंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिका में संक्रामक रोग विशेषज्ञ डॉक्टर एंथनी फाउची ने कहा कि धीमी शुरुआत के बावजूद अमेरिका में जल्द ही कोविड-19 के कम से कम 10 लाख टीके प्रतिदिन लगाए जाएंगे। साथ ही उन्होंने देश में अगले कुछ सप्ताह में संक्रमण के मामले बढ़ने को लेकर आगाह भी किया। टीकाकरण की गति धीमी होने से स्वास्थ्य अधिकारियों और जनता दोनों में निराशा है।

फाउची ने एपी से कहा, जब भी आप एक बड़ा कार्यक्रम शुरू करते हैं, तो कुछ समस्याएं आती ही हैं। मुझे लगता है कि इन समस्याओं को अब दूर कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि टीकाकरण 14 दिसम्बर को शुरू हुआ था और अब इसने रफ्तार पकड़नी शुरू कर ली है, अब भी एक दिन में करीब पांच लाख टीके रोज लगाए जा रहे हैं। फाउची ने कहा कि अब छुट्टियां खत्म होने के बाद , मुझे लगता है एक दिन में 10 लाख या उससे अधिक टीके लगेंगे।

# भारत, इजराइल ने मिसाइल रक्षा प्रणाली का सफल परीक्षण किया

भाषा। यरूशलम

**भारत** और इजराइल ने मध्यम रेंज की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (एमआरएसएएम) रक्षा प्रणाली का सफलापूर्वक परीक्षण किया। दोनों देशों ने अपनी युद्धक क्षमताओं को बढ़ाने के लिए संयुक्त रूप से इस प्रणाली को विकसित किया है और इसका मकसद शत्रु विमान से संपूर्ण सुरक्षा प्रदान करना है।

इजराइल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज (आईएआई) ने मंगलवार को एक प्रेसविज्ञप्ति में कहा कि यह परीक्षण पिछले सप्ताह एक भारतीय परीक्षण केंद्र में किया गया।

एमआरएसएएम सतह से हवा में मार करने वाली एक उन्नत मिसाइल रक्षा प्रणाली है, जो विभिन्न एरियल प्लेटफॉर्म से संपूर्ण सुरक्षा प्रदान करती है। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि यह शत्रु विमान को 50-70 किलोमीटर की दूरी से मार गिरा सकती है।

आईएआई और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने इसे संयुक्त रूप से इजराइल और भारत की अन्य रक्षा कंपनियों के साथ साझेदारी करके विकसित किया है।एमआरएसएएम का इस्तेमाल भारतीय सेना की तीनों शाखाओं और इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) द्वारा किया जाएगा। प्रणाली में उन्नत रडार, कमांड एवं नियंत्रक, मोबाइल लॉन्चर और अत्याधुनिक आरएफ अन्वेषक के साथ इंटरसेप्टर है।

आईएआई के अध्यक्ष एवं सीईओ बोज लेवी ने कहा, एमआरएसएएम वायु एवं मिसाइल रक्षा प्रणाली एक अत्याधुनिक, अग्रणी प्रणाली है, जिसने विभिन्न खतरों के खिलाफ अपनी उन्नत क्षमताओं को एक बार फिर से साबित किया है। वायु रक्षा प्रणाली का ट्रायल भी एक जटिल अभियान रहा और कोविड-19 की वजह से चुनौतियां और बढ़ गईं।

आईएआई ने कहा कि इजराइली विशेषज्ञों और भारतीय वैज्ञानिकों तथा अधिकारियों ने परीक्षण में भाग लिया और इसे देखा।

# हांगकांग में कई लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ता गिरफ्तार

**हांगकांग।** हांगकांग में पुलिस ने राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत बुधवार को करीब 50 लोकतंत्र समर्थकों को गिरफ्तार किया। स्थानीय मीडिया में आई खबरों के अनुसार इन सभी को पिछले साल हुए अनाधिकारिक प्राथमिक चुनाव में संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

देश की विधायिका पर नियंत्रण की संभावनाओं को बढ़ाने के इरादे से यह अनाधिकारिक चुनाव हुआ था। स्थानीय अखबार साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट और समाचार वेबसाइट नाउ न्यूज की खबरों के अनुसार गिरफ्तार लोगों में पूर्व सांसद एवं लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ता शामिल हैं। समूह को शहर के राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के उल्लंघन के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

हांगकांग की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी डेमोक्रेटिक पार्टी ने अपने फेसबुक पेज पर पोस्ट किया कि उसके सात सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है।



जर्मनी के म्यूनिख में बर्फबारी के बाद आनंद लेते लोग

पायनियर
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 7 जनवरी, 2021



# ‘इंडस्ट्री में आपको निरंतर सीखने को मिलता रहता है’

**अभिषेक निगम चैनल सब टीवी पर एक नए शो ‘हीरो-गायब मोड ऑन’ में सुपरहीरो की भूमिका कर रहे हैं। पायनियर संवाददाता शालिनी सक्सेना के साथ एक विशेष बातचीत में उन्होंने इस शो में अपने चरित्र, अभिनय क्षेत्र में आने तथा शूटिंग पर अपने पहले दिन जैसे अनुभवों को साझा किया। प्रस्तुत हैं बातचीत के प्रमुख अंश-**



**■ शो में आपकी भूमिका किस प्रकार की है?**

मैं इसमें एक सुपरहीरो बना हूं। मैं दो चरित्र कर रहा हूं और ये दोनों ही एक दूसरे से बिलकुल अलग हैं। एक है वीर जो एक सहिष्णु तथा करुणामयी व्यक्ति है। वो मस्ती भरा है और उसे अपने दायित्वों का बोध भी है। वो भलाई के काम तो करता है लेकिन वो ऐसा व्यक्ति नहीं है जिसका लोग फायदा उठाने के बारे में सोच भी सकें। उसे एक जादुई अंगूठी मिल जाती है। एक दूसरा है जो सुपरहीरो है और वो वीर जैसा ही है अर्थात ठिठोली भी करता है। ये अंगूठी शैतानी होती है और वो उसे धारण करने वाले में बुराई पैदा कर देती है। लेकिन चूंकि वीर इतना अच्छा व्यक्ति है कि अंगूठी उसका कुछ भी बिगाड़ नहीं पाती।

> बीते सालों के दौरान मैंने निर्देशन का काम सीखा था और अपने ही लेबल के अंतर्गत मैंने दो संगीत वीडियो भी बनाए थे। इसके अलावा पानीपत की शूटिंग के समय भी मैंने निर्देशन के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त की। जब आप इंडस्ट्री में होते हैं तो आपको कई बातें सीखने को मिलती रहती हैं। मेरी मां हमेशा से हमारा सहयोग करती आई हैं उन्होंने हमसे कह रखा है कि जो भी करो उसमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास सुनिश्चित करो।

**■ इस शो में आपको अवसर कैसे मिल सका?**

मुझे ऑडिशन करने के लिए एक कॉल आया था। मुझे आशा थी और इसीलिये मैंने ऑडिशन दे दिये। लेकिन मुझे वो भूमिका नहीं मिली। लेकिन कुछ ही महीने बाद मुझे एक दूसरे ऑडिशन के लिए कॉल आई। जब मैं अनुबंध पर हस्ताक्षर करने गया तब मुझे पता चला कि ये लीड भूमिका है।

**■ आप जो दो रोल कर रहे हैं उनके बीच का विरोधाभास अपनेअभिनय में किस प्रकार से लाने में समर्थ होते हैं?**

ये कठिन तो है लेकिन मुझे चुनौतियां प्रिय हैं और यही कारण है कि मैंने इस शो में काम करना स्वीकार किया। मेरी भूमिका ने मुझे इसे करने के लिए प्रोत्साहित किया। मैं वैसे किसी ऐसे प्रोजेक्ट की एक लंबे समय से तलाश कर रहा था। मैं ईश्वर का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने मुझे ये अवसर प्रदान किया। मैं तो अपने सुपरहीरो के चरित्र जैसा ही हूं क्योंकि वीर का चरित्र तो बिलकुल आदर्शवादी है। कोई भी हर चीज में इतना दक्ष नहीं होता।

**■ आपका भाई भी अभिनेता है। क्या आपको लगता है कि आप दोनोंके अभिनय की तुलना की जाएगी?**

नहीं, ऐसा लगता तो नहीं है। हमारा काम बिलकुल अलग है और हम बिलकुल अलग प्रकार के लोग हैं। अभिनय के प्रति हमारे दृष्टिकोण में भी अंतर है। हम जो काम कर रहे हैं उनका जॉनर भी अलग अलग है। सिद्धार्थ अलादीन शो कर रहा है जबकि मैंने कभी एक जैसा शो नहीं किया। मेरी कामना रहती है कि लोगों को भी विविधतापूर्ण कार्यक्रम देखने को मिलें।

**■ अभिनय के क्षेत्र में आपका आना किस प्रकार संभव हुआ?**

वर्ष 2014 में मैं मुंबई विधि की पढ़ाई के लिए आया था लेकिन मैंने यहां ऑडिशन भी देना प्रारंभ कर दिया। लेकिन जैसा होता आया है कि जीवन आपकी सोच के अनुसार नहीं चलता। मैंने जितना भी अभियन सीखा है वो सब इन्हीं ऑडिशनों के दौरान ही सीखा है। मुझे कई पौराणिक शोज के लिए प्रस्ताव मिलते रहते थे। धीरे धीरे मैंने अपना संपर्क बढ़ाया और मुझे पर्याप्त काम मिलने लगा। यही कारण है कि फिल्म पानीपत में भी मुझे एक भूमिका मिली थी।

**■ एक फिल्म करने के बाद आपने टीवी की ओर रुख क्यों किया?**

जिस आयुवर्ग में मैं हूं वहां इस बात का कोई महत्व नहीं होता कि आप टीवी पर काम कर रहे हैं या फिल्मों में। यदि अब परदे छोटे होते जा रहे हैं यानि 70 एमएम से लैपटॉप फिर टेबलेट और अब मोबाइल। लोग केवल उस कंटेंट से संबंध रखते हैं जिसका आप हिस्सा होते हैं।

**■ आप दोनों में बड़े भाई हैं ऐसे में क्या आपको सही रोल के लिए प्रतीक्षा करनी पड़ी थी क्योंकि आपके भाई के पास तो लीड रोल था ही?**

मैंने कभी नहीं सोचा कि उसके पास मुझसे अधिक काम है। मैं इंडस्ट्री में ब्रेक के लिए उतना उतावला भी नहीं था। मैं उन दिनों अपना काम भी कर रहा था। मैं उन दिनों विधि की पढ़ाई करने के साथ ही निर्देशन का काम भीकर रहा था और इसमें अत्यंत व्यस्त भी था। इसक अलावा भी मैं छोटे-बड़े कई काम कर रहा था। मैंने राज्य स्तर तक टेनिस भी खेला है। मैं और मेरा भाई कभी आपसी प्रतिस्पर्धा नहीं करते, बल्कि हम तो एक दूसरे का भरसक सहयोग ही करते हैं।

**■ आपने बताया कि आप कुछ काम कर रहे थे। ये काम किस प्रकार के थे?**

बीते सालों के दौरान मैंने निर्देशन का काम सीखा था और अपने ही लेबल के अंतर्गत मैंने दो संगीत वीडियो भी बनाए थे। इसके अलावा पानीपत की शूटिंग के समय भी मैंने निर्देशन के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त की। जब आप इंडस्ट्री में होते हैं तो आपको कई बातें सीखने को मिलती रहती हैं।

**■ आप दोनों भाई अभिनय क्षेत्र में हैं, ऐसे में आपके माता-पिता क्या सोच रखते हैं?**

मेरी मां हमेशा से हमारा सहयोग करती आई हैं उन्होंने हमसे कह रखा है कि जो भी करो उसमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास सुनिश्चित करो।

**■ आपने अपने भाई के साथ चंद्रनंदिनी नाम से एक शो किया था। उसके साथ काम करने का आपका अनुभव कैसा रहा था?**

हमें उसमें बहुत आनंद आया था। हमारे पास बस एक ही समस्या थी कि लोग मेरे नाम और उसके नाम के बीच भ्रमित रहते थे। उसके साथ काम करना अच्छा अनुभव था। जब हम पेशेवर ढंग से काम करते हैं तो मैं उसे एक गंभीर व्यक्ति के रूप में लेता हूं क्योंकि वो इस इंडस्ट्री में लंबे समय से काम कर रहा था।

**■ भारत में सुपरहीरो वाले शोज़ उतने अच्छे नहीं बन पाते जैसे हॉलिवुड में बना करते हैं। क्या दोनों के बीच कोई तुलना की जा सकती है?**

हम जो भी बनाते हैं उसकी तुलना अवश्य की जाती है। यदि हम प्यार की कहानी भी बनाएं तो लोग कहेंगे कि हॉलिवुड में तो ये ऐसी बनती है या वैसी बनती है। लेकिन हमारी इंडस्ट्री में भी सुपरहीरो रहे हैं जैसे शक्तिमान और बालवीर। बस इतना होता है कि हम किस प्रकार से किसी प्रोजेक्ट को देखते हैं। लेकिन हमारे द्वारा टीवी पर किये जा रहे कार्यक्रमों की तुलना यदि आप मार्वेल प्रोजेक्ट से करेंगे तो ये उचित नहीं होगा। वास्तव में तो किसी टीवी शो की किसी फिल्म के साथ तुलना की ही नहीं जा सकती क्योंकि दोनो के स्केल अलग होते हैं।


## ट्रेंड बाजार

### सकारात्मक प्रतिस्पर्धा के हामी हैं अनिल कपूर



**बॉलिवुड** में चार दशक व्यतीत करने के बाद अभिनेता अनिल कपूर आज भी प्रतियोगिता में बने हुए हैं। स्पर्धा करने में विश्वास रखते हैं। लेकिन ये वास्तविक हो। अनिल ने बताया, ‘मेरा मानना है कि हर व्यक्ति को प्रतियोगितात्मक होना ही चाहिये लेकिन सकारात्मक ढंग से। मैं प्रतियोगता करता हूं लेकिन मुझे अपने बारे में किसी प्रकार का भ्रम नहीं है। आपको वास्तविक तथा प्रतियोगी होना ही चाहिये। अनिल ने वर्ष 1979 में उमेश मेहरा निर्देशित फिल्म हमारे तुम्हारे से अपना फिल्मी कॅरियर प्रारंभ किया था। इसके बाद तो उन्होंने अपने अभिनय की छाप छोड़ी और एक संतुलित कलाकार के रूप में अपने को इंडस्ट्री में स्थापित किया। बाद में उनकी हिट फिल्मों में हम ‘वो सात दिन, 1942: अ लव स्टोरी, मिस्टर इंडिया जैसी फिल्मों को गिनाया जा सकता है।

### 12 साल तक संघर्ष से गुजरा हूंः नवाजुद्दीन



**फिल्म** अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी का कहना है कि उन्होंने 12 साल तक संघर्ष किया था। मेरे कॅरियर के प्रारंभ में उतार चढ़ाव आए थे। संघर्ष के दिनों को भुलाया नहीं जा सकता। मुझे ऐसे समय से काफी कुछ सीखने को भी मिला। उन दिनों मुझे कई प्रकार के अनुभव हुए लेकिन इनके कारण आज मुझे यहां तक आने में काफी मदद मिली। हर व्यक्ति अपने बुरे दिनों से भी काफी कुछ सीख सकता हैं

### दिया मिर्जा ने दिये पर्यावरण रक्षा हेतु पांच सुझाव



**अभिनेत्री** दिया मिर्ज़ा जलवायु परिवर्तन की समस्या पर प्रखरता से अपना पक्ष रखती रही हैं। अपने वास्तविक जीवन में भी वो पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली का अनुसरण करती हैं जिसमें वो कचरे का पृथकीकरण, किचेन को प्लास्टिक मुक्त रखने, पुराने फर्नीचर को किसी दूसरे उपयोग में लाने, शूटिंग के समय धातु की पानी की बोतल ले जाना, बायोडिग्रेडेबल टॉएलेट तथा स्वच्छता संबंधी उत्पादों के संबंध में भी वो पर्यावरण का पक्ष अवश्य जान लेती हैं। इसके अलावा भी वो हर स्थान पर थोड़ी हरियाली लाना नहीं भूलतीं। उनके अनुसार कोविड-19 महामारी हमारे लिए एक चेतावनी है। नया वर्ष हमारे बीच है इस उपलक्ष में दिया ने ऐसे पांच सुझाव दिये हैं जिन्हें अपनाकर हम पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली का आनंद ले सकते हैं।

### इस्ला फिशर का जीवन खुली पुस्तक जैसा



**हॉलिवुड** स्टार इस्ला फिशर का कहना है कि वो अपने जीवन को खुली पुस्तक जैसा रखना चाहती हैं और किसी के सहारे की आशा नहीं करती। उन्होंने कहा, ‘मैं अपने जीवन का खुली पुस्तक जैसा रखना चाहती हूं और किसी के सहारे की मुझे आवश्यकता नहीं है। मुझे नहीं पता कि ये अच्छी बात है या नहीं लेकिन मैं बचपन से ही ऐसी रही हूं। आगे उनका कहना था, ‘मुझे सदैव इस बात का आश्चर्य रहा है कि मैं आज रोजगार में हूं, विवाहित हूं और मेरा एक अद्भुत परिवार भी है। मेरे लिए सबकुछ बोनस जैसा है। जीवन में लक्ष्य होना अच्छा रहता है और साथ ही जीवन गति को एक नए आरंभ की दिशा में बहते रहने देना भी उतना ही अच्छा होता है।’

## अक्षय कुमार अभिनीत बच्चन पांडे की शूटिंग शुरू



**जैसलमेर (राजस्थान)।** अभिनेता अक्षय कुमार अभिनीत फिल्म बच्चन पांडे की शूटिंग बुधवार को जैसलमेर में शुरू हो गई। फिल्मकारों ने यह घोषणा की। निर्माता साजिद नाडियाडवाला फिल्म के कलाकारों एवं अन्य सहयोगियों के साथ अपनी आगामी एक्शन-कॉमेडी फिल्म की शूटिंग के लिए पिछले सप्ताह शहर पहुंचे। फिल्म में कृति सैनन, पंकज त्रिपाठी और अरशद वारसी भी हैं। नाडियाडवाला ग्रैंडसन ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर ट्वीट किया, मुहुर्त शॉट के साथ साजिद नाडियाडवाला की फिल्म बच्चन पांडे की शूटिंग शुरू हो गई। बच्चन पांडे का निर्देशन हाउसफुल 4 के निर्देशक फरहाद शामजी कर रहे हैं। फिल्म में अक्षय कुमार एक ऐसे गैंगस्टर की भूमिका निभा रहे हैं जो अभिनेता बनना चाहता है। कृति सैनन फिल्म में पत्रकार बनी हैं जो निर्देशक बनना चाहती हैं और अरशद वारसी एक संघर्षरत अभिनेता बने हैं। फिल्मकारों ने फिल्म के अन्य कलाकारों की घोषणा नहीं की है। बच्चन पांडे इस साल रिलीज होने वाली है।

## हाथी मेरे साथी मार्च में प्रदर्शित होगी



**हैदराबाद।** राणा दग्गुबाती अभिनीत हाथी मेरे साथी का प्रदर्शन इस महीने टाल दिया गया है और यह फिल्म अब 26 मार्च को प्रदर्शित होगी। फिल्म के निर्माताओं ने यह घोषणा की। कोरोना वायरस के कारण देशभर में लागू किए गए लॉकडाउन की वजह से निर्माताओं ने फिल्म को इस साल जनवरी में मकर संक्रांति पर प्रदर्शित करने की घोषणा की थी। फिल्म पिछले साल अप्रैल में प्रदर्शित होने वाली थी। दग्गुबाती ने फिल्म के प्रदर्शन की नई तारीख की सूचना ट्विटर पर दी। बाहुबली के अभिनेता ने लिखा, नए साल और सामान्य होते नए माहौल का स्वागत। बेहद उत्साहित हूं कि हाथी मेरे साथी और कादन 26 मार्च को आपके निकट के सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी। प्रभु सोलोमन निर्देशित हाथी मेरे साथी में एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है जो जंगल और पशुओं के लिए लड़ाई लड़ता है। फिल्म में दुनिया भर में पैदा हुए पर्यावरण संकट पर भी ध्यान दिया गया है। फिल्म में पुलकित सम्राट, श्रेया पिलगांवकर और जोया हसन ने भी अभिनय किया है। फिल्म का निर्माण इरोज इंटरनेशनल ने किया है और यह हिंदी, तमिल और तेलुगू भाषाओं में प्रदर्शित की जाएगी।

## कोरोनो वायरस के कारण अब मार्च में होंगा ग्रैमी अवार्ड समारोह



**लॉस एंजिलिस (अमेरिका)।** कोरोना वायरस के मद्देनजर 2021 ग्रैमी अवार्ड का आयोजन इस महीने की बजाय अब मार्च में लॉस एंजिलिस में किया जाएगा। लॉस एंजिलिस में कोविड-19 के बढ़ते मामलों के मद्देनजर द रिकॉर्डिंग अकादमी ने पुरस्कार समारोह को मार्च में आयोजित करने का फैसला किया है। ग्रैमी अवार्ड को संगीत जगत में ऑस्कर पुरस्कार के समान माना जाता है। अकादमी और सीबीएस के प्रतिनिधियों ने मंगलवार को एक बयान में कहा, स्वास्थ्य विशेषज्ञों, हमारे मेजबानों और समारोह में शिरकत करने वाले कलाकारों के साथ विचार-विमर्श करने के बाद, हमने 63वें ग्रैमी अवार्ड को रविवार, 14 मार्च 2021 को प्रसारित करने का निर्णय किया है। वार्षिक कार्यक्रम को पहले 31 जनवरी को आयोजित किया जाना था। कैलिफोर्निया की लॉस एंजिलिस काउंटी में वायरस के सबसे अधिक मामले सामने आए हैं, जहां कोविड-19 के 10 हजार से अधिक मामले सामने आए हैं और कैलिफोर्निया में वायरस से हुई मौत के 40 प्रतिशत मामले लॉस एंजिलिस से हैं। लॉस एंजिलिस टाइम्स की खबर के अनुसार कैलिफोर्निया में सोमवार को एक दिन में सर्वाधिक 74,000 मामले सामने आए थे।

## टाइगर श्रॉफ के दूसरे गाने कासानोवा का पहला लुक जारी



**मुंबई।** अभिनेता टाइगर श्रॉफ ने कासानोवा गाने का पहला लुक बुधवार को जारी किया। पिछले साल अभिनेता ने गायन की दुनिया में अनबिलिवेबल से दस्तक दी थी। श्रॉफ ने ट्विटर पर कासानोवा का 15 सेकेंड का टीजर पोस्ट करते हुए उत्साहवर्धन के लिए अपने प्रशंसकों का शुक्रिया अदा किया। अभिनेता ने लिखा कि वह दूसरे गाने का पहला लुक साझा करते हुए उत्साहित हैं। श्रॉफ विकास बहल की फिल्म गणपत में नजर आएंगे, जिसकी शूटिंग इस साल शुरू होने की संभावना है।

## लॉकडाउन ने जीवन देखने का दृष्टिकोण बदला : सोनू सूद



**मुंबई।** अभिनेता सोनू सूद ने कहा कि लॉकडाउन के दौरान लोगों से बातचीत ने जीवन को देखने का उनका दृष्टिकोण ही बदल दिया है। उन्हें इसी से आई एम नो मसीहौ नाम से एक संस्मरण लिखने की प्रेरणा मिली है। सूद ने पिछले साल मार्च में लगाए गए लॉकडाउन के दौरान कई लोगों की उनके घरों तक पहुंचने में सहायता की थी। साथ में प्रवासी रोजगार ऐप जारी किया ताकि नौकरी तलाश कर रहे लोगों को रोजगार मिल सके। दबंग फिल्म में काम कर चुके सूद ने कहा कि लॉकडाउन के दौरान लोगों से बातचीत ने जीवन को देखने का उनका दृष्टिकोण को बदल दिया है और इस वजह से उन्हें संस्मरण लिखने की प्रेरणा मिली। यह किताब उन्होंने मीना के अय्यर के साथ मिलकर लिखी है।

सूद ने कहा, लॉकडाउन ने जीवन को देखने के प्रति उनके दृष्टिकोण को बदल दिया। मैं हमेशा 2020 को एक ऐसे साल के तौर पर याद करूंगा जब हम सबसे ने स्वयं का सर्वश्रेष्ठ रूप बनाने की कोशिश की। संस्मरण मेरे उन पलों को याद रखने का तरीका था। संस्मरण बेहद खास है। यह किताब पेंगुइन रेंडम हाउस इंडिया ने प्रकाशित की है। आई एम नो मसीहा 47 वर्षीय अभिनेता की भावनात्मक और अक्सर चुनौतीपूर्ण यात्रा को बताती है जो उन्होंने उन लोगों के साथ की है जिनकी उन्होंने मदद की थी।

अभिनेता की टीम के मुताबिक, सूद ने मुंबई, ओडिशा, बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड और अन्य राज्यों के करीब एक लाख लोगों की उनके घर पहुंचने में मदद की तथा जरूरतमंदों को चिकित्सा और रोजगार की सहायता उपलब्ध कराई। अभिनेता दबंग, सिम्मबा आर.. राजकुमार और अरुंधति जैसी फिल्मों में विलेन की भूमिकाएं निभा चुके हैं। सूद ने कहा, मेरा मानना है कि मैं कोई मसीहा नहीं हूं। मेरे माता-पिता ने सदैव मुझे दूसरों की सहायता करने की अहमियत सिखाई है और मैं उनकी सलाह को मान रहा था।

## फैशन डिजाइनर स्वप्निल शिंदे ने कराया लिंग परिवर्तन, रखा नया नाम सायशा

**मुंबई।** फैशन डिजाइनर स्वप्निल शिंदे ने अपना लिंग परिवर्तन करा कर अपना नया नाम सायशा रख लिया है। फिल्म इंडस्ट्री में दीपिका पादुकोण, करीना कपूर खान, श्रद्धा कपूर, तापसी पन्नू और कियारा आडवाणी जैसी अभिनेत्रियों के लिए काम कर चुकीं शिंदे ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर लिंग परिवर्तन के अपने कदम को सार्वजनिक किया। शिंदे ने लिखा, अपने जन्म से इतर, हमेशा कुछ ऐसा होता है जो आपको आपके बचपन की याद दिलाता है। मेरे लिए, यह मुझे ऐसे अकेलेपन में ले जाता जो दर्द, दबाव देता है और मुझे एकाकीपन में धकेल देता जहां हर पल मेरा भ्रम बढ़ता जाता।

## 26वें कोलकाता फिल्मोत्सव के उद्घाटन में शामिल होंगे शाहरुख



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने महामारी में भी गतिविधियों के जारी रहने पर जोर देते हुए बुधवार को कहा कि बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान आठ जनवरी को 26वें कोलकाता अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह (केआईएफएफ) के ऑनलाइन उद्घाटन की शोभा बढ़ाएंगे। सात दिवसीय महोत्सव की शुरुआत में सत्यजीत रे और दिवंगत बंगाली अभिनेता सौमित्र चटर्जी को श्रद्धांजलि दी जाएगी। यह वर्ष प्रतिष्ठित लेखक और निर्देशक सत्यजीत रे की जन्म शताब्दी वर्ष है और जबकि चटर्जी का पिछले साल नवंबर में कोविड-19 की वजह से मौत हो गई थी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक ट्वीट कर कहाकि हम एक साथ मिलकर इस महामारी का सामना करेंग, लेकिन कार्यक्रम रुकना नहीं चाहिए। हम केआईएफएफ 2021 को छोटे पैमाने पर ऑनलाइन आयोजित कर रहे हैं। खुशी है कि मेरे भाई शाहरुख खान आठ जनवरी, चार बजे उद्घाटन समारोह में ऑनलाइन हमारे साथ शामिल होंगे।

उद्घाटन के समय रे की क्लासिक फिल्म अप्पू संसार दिखाई जाएगी जो सौमित्र चटर्जी की पहली फिल्म थी। नंदन और रवीन्द्र सदन सहित शहर के चुनिंदा राज्य संचालित सिनेमाघरों में फीचर, लघु और वृत्तचित्र श्रेणी में कुल 131 फिल्में दिखाई जाएंगी। उल्लेखनीय है कि सुपरस्टार अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान के साथ-साथ बॉलीवुड के कई बड़े सितारे गत कुछ सालों से उद्घाटन समारोह में शामिल होते रहे हैं।

सीतापुर के प्रेमी जोड़े का लखीमपुर में मिला शव

# साथ जी न सके तो प्रेमी युगल ने मौत को लगाया गले

## ● कचूरा के रहने वाले प्रेमी युगल की घर से आठ किमी. दूर मैगलगंज में खून से लथपथ मिली लाश

संवाददाता। महोली सीतापुर


महोली-घटनास्थल पर जांच पड़ताल करती पुलिस

**जिले के** महोली थाना इलाके के गांव कचूरा में रहने वाले प्रेमी युगल का शव मिलने से हड़कम्प मच गया। कचूरा के रहने वाले 22 वर्षीय पवन मिश्रा व रेखा कश्यप के बुधवार को संदिग्ध हालात में लापता हो गये थे। प्रेमिका रेखा के पिता संतोष ने महोली कोतवाली में प्रेमी पवन के विरूद्ध बहला-फुसलाकर नाबालिग लड़की को भगा ले जाने का आरोप जड़ते हुए मुकदमा दर्ज कराया था, लेकिन पुलिसिया पड़ताल परवान चढ़ने से पहले ही कचूरा से महज 8 किमी. दूर लखीमपुर जिले के थाना मैगलगंज के खसरा गांव में रेल लाइन के पास खून से लथपथ प्रेमी युगल की लाश मिलने की खबर से हड़कम्प मच गया। घर से निकलने के महज 12 घंटे के बाद दोनो की जिन्दगी खत्म हो गयी। पुलिस की सूचना पर प्रेमी युगल के परिवारीजन घटनास्थल पर पहुंचे और शव की शिनाख्त की। सीतापुर-लखीमपुर दोनो जिलों की पुलिस मामले की जांच कर रही है। फोरेंसिक टीम को सुसाइड नोट, आला कत्ल समेत लेकर घटना स्थल से कई सुराग हाथ लगे हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह भी बताया गया है कि प्रेमी द्वारा पहले प्रेमिका को गोली मारने के बाद खुद आत्महत्या की गयी है। पुलिसिया जांच के बाद ही सारी तस्वीर साफ होगी। हालांकि ऑनर किलिंग की बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता। लखीमपुर के पुलिस अधीक्षक विजय दुल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### पिता जी, आपने मेरी एक न सुनी!

**घटनास्थल** पर मिले सुसाइट नोट में प्रेमिका रेखा कश्यप ने लिखा है कि पिता जी मैं आपसे कहती रही आपने मेरी एक न सुनी अब हम आपको दोबारा कभी नहीं मिलेंगे। शव के पास से 315 बोर का अवैध तमंचा व कारतूस बरामद हुए हैं।

### हाईस्कूल में फेल हुआ था संतोष

**पढ़ाई-लिखाई** की उम्र में इश्क की किताब पढ़ने वाले पवन, रेखा के प्यार में दीवाना था, पढ़ाई से इतर व रेखा के साथ हसीन जिन्दगी के ख्वाब बुन रहा था जिसके चलते हाईस्कूल में फेल भी हो गया था। वहीं रेखा भी पढ़ाई में अच्छी नहीं थी।

### घरवालों ने लगाया था प्यार पर पहरा

इश्क छुपता नहीं छुपाने से। पवन-रेखा के इश्क के चर्चे भी कचूरा गांव में थे। इसकी भनक रेखा के परिवारीजनों को लगी तो उन्होंने प्यार पर पहरा भी लगाया था। रेखा के पिता संतोष ने बताया कि चार माह पूर्व उन्हें इस बाबत जानकारी हुई थी जिसके बाद उन्होंने रेखा को कड़ी फटकार लगायी थी साथ ही ट्यूशन जाने पर भी पाबंदी लगा थी, लेकिन एक दूजे के साथ जीने मरने की कसमें खाने वाले प्रेमी कहां किसी की सुनते हैं।

### कहीं ऑनर किलिंग तो नहीं !

जिस तरह प्रेमी युगल की लाश मिली है इस तरह की घटनाएं फिल्मों में ही देखने को मिलती हैं ऐसे में मामला ऑनर किलिंग से भी जुड़ा हो सकता है। दोनो जिलों की पुलिस घटना की बारीकी से जांचकर आपसी समन्वय बनाकर राजफास के प्रयास में है, लेकिन जिस तरह सुसाइट नोट के साथ अन्य चीजें मिली हैं ऐसे में किसी साजिश से भी इनकार नहीं किया जा सकता। बहरहाल फोरेंसिक टीम के हाथ लगे सुरागों के साथ पुलिस कॉल डिटेल के सहारे बारीकी से जांच में जुटी है।

## क्विक न्यूज

### शिक्षक एमएलसी उमेश द्विवेदी का हुआ अभिनंदन

**सीतापुर।** प्रकाश विद्या मंदिर इण्टर कालेज में शिक्षक एमएलसी उमेश द्विवेदी का अभिनंदन किया गया। इस दौरान एमएलसी ने कहा कि सरकार शिक्षा क्षेत्र में सुधार के प्रतिबद्ध है, इसके लिए कई स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। इस मौके पर वित्त विहीन शिक्षक महासभा के जिलाध्यक्ष पंकज पाण्डेय, समाजसेवी अरूण सिंह, भाजपा नेता चन्द्रभूशण शुक्ल, रामकुमार वर्मा, अतुल वर्मा, प्रधानाचार्य बच्चा सिंह, दिलीप सिंह, दिनेश सिंह, पालीटेक्निक प्रवक्ता कमल वर्मा, बाबूराम सावित्री देवी इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य अरूण कुमार वर्मा आदि मौजूद थे।

### एमएलसी ने मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**सीतापुर।** अभिनन्दन कार्यक्रम में एमएलसी ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया। इंटर की टॉपर प्रियंका गुप्त, शुभम यादव, प्रांशी वर्मा, अनामिका वर्मा, संदीप कुमार व रोहित कुमार और हाईस्कूल की कविता वर्मा, अरूण सिंह, प्रांशी वर्मा, धीरज राठौर व अनामिका वर्मा को साइकिल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। राशि सिंह और ईशा वर्मा को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। आईआईटी उत्तीर्ण करने वाले छात्र रंजीत कुमार को भी सम्मानित किया गया।

### एमएलसी उमेश द्विवेदी का हुआ स्वागत

**महमूदाबाद सीतापुर।** प्रकाश विद्या मंदिर इण्टर कालेज के साथ महमूदाबाद क्षेत्र के अन्य विद्यालयों में भी एमएलसी उमेश द्विवेदी का स्वागत किया गया। बाबा बालक राम इंटर कॉलेज गोंडा देवरिया, रानी सरस्वती इंटर कॉलेज, छोटे लाल बालिका इंटर कॉलेज, महेंद्र शास्त्री इंटर कॉलेज, पंडित संतोशी लाल इंटर कॉलेज, जय भारत इंटर कॉलेज, संजू प्रजापति स्मारक इंटर कॉलेज, मां सुगिया देवी इंटर कॉलेज, बिंदा प्रसाद मातादीन इंटर कॉलेज, पंडित जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज सहित लगभग डेढ़ दर्जन विद्यालयों में एमएलसी का जोरदार स्वागत हुआ। इस दौरान अमर बहादुर सिंह, मनोज कुमार सिंह, मोहम्मद अहमद, बच्चा सिंह, रामचरित वर्मा, विजय वर्मा, महेंद्र वर्मा आदि मौजूद थे।

### ट्रक में घुसी बाइक, युवक की मौत

**महमूदाबाद सीतापुर।** महमूदाबाद-बिसवां मार्ग पर बेढौरा गांव के सामने यूकेलिप्टिस से लदे खड़े ट्रक में पीछे से मंगलवार रात बाइक टकरा गई। हादसे में रामपुरकलां थाना क्षेत्र के गांव लोनियनपुरवा के 24 वर्षीय संदीप कुमार चौहान की मौके पर ही मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक सदरपुर उमाकांत दीपक और एसआई उमानाथ यादव मौके पहुंचकर ट्रक को कब्जे में ले लिया है।

### 'लक्ष्य के प्रति जागरूकता' गोष्ठी का आयोजन

**सीतापुर।** सीता इण्टर कालेज सभागार में 'लक्ष्य के प्रति जागरूकता' गोश्ठी का आयोजन किया गया। विद्यालय की सांस्.तिक प्रमुख प्रतिभा सिंह ने छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया। विद्यालय के छात्र ऋशभ यादव, आकाश वर्मा, धीरज अवस्थी, आशीश कुमार आनंद कुमार, शोभित वर्मा, सुनील कुमार, मनीश यादव, अतुल मौर्य, आनंद शुक्ल, विकास कुमार आदि ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर अखिलेश दुबे, राकेश शुक्ल, एसपी पांडेय, आरजे वर्मा, वीरेंद्र मिश्र, अखिलेश शर्मा, उमेश वर्मा, बीके शुक्ल आदि मौजूद थे।

### ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**सीतापुर।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग ओर से खण्ड स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन स्पोर्ट्स स्टेडियम महमूदाबाद में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी विशु पाल ने किया। सौ मीटर दौड़ में आकाश कुमार ने प्रथम, मो. अमन द्वितीय और मनोज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह 2 और 4 सौ मीटर प्रतिस्पर्धाओं का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर स्पोर्ट्स टीचर मो शकील, मास्टर मोहम्मद अहमद, रामाधार विश्वकर्मा, आनंद सोनकर, पिंटू मौर्य, चेतराम आदि मौजूद थे।

### विधिक साक्षरता व जन जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**सीतापुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर के तत्वाधान में जनता इंटर कॉलेज लालपुर बरेती जलालपुर में विधिक साक्षरता एवं जन जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नायब तहसीलदार लहरपुर दिलीप कुमार और विशिश्ट अतिथि विद्यालय के प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा ने जनमानस को विधिक सेवाओं की जानकारी दी। इस मौके पर आरके वर्मा, आशीश कुमार, अनिल यादव, सचिन श्रीवास्तव, उत्तम शर्मा, श्याम बिहारी वर्मा, मनोज कुमार, कौशल किशोर, प्रदीप कुमार, विमल कुमार आदि मौजूद थे।

### ग्रामसभा दुघरा में चला सृजन अभियान

**पहला सीतापुर।** सीतापुर के ब्लॉक पहला की ग्राम सभा दुघरा में कांग्रेस की ओर सृजन अभियान चलाया गया। ब्लॉक अध्यक्ष प्रवेश कुमार वर्मा और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य काशीराम भार्गव ने जाति- धर्म छोड़कर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। दर्जनों लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। इस मौके पर राहुल रस्तोगी, डॉ परसादी लाल, निजामुद्दीन आजाद, मंसूर अली सलमानी, उदय राज, संजय भार्गव आदि मौजूद थे।

### विधायक ने किसानों को दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

**रेउसा सीतापुर।** रेउसा ब्लॉक में किसान मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों ने स्टाल लगाए। विधायक ज्ञान तिवारी ने किसानों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर बीडीओ रेउसा हनुमान प्रसाद मिश्र, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राम स्वरूप भार्गव, जिला .शि अधिकारी अखिलानंद पाण्डेय आदि मौजूद थे।

### इंटरलॉकिंग सड़क में हो रहा घालमेल

**लरहरपुर सीतापुर।** लहरपुर की ग्राम सभा रायपुर गंज के गांव भवानीपुर में इंटरलॉकिंग सड़क में घालमेल किया जा रहा है। घटिया पीली ईंट लगाई जा रही है। इसके अलावा मसाला भी अमानक लग रहा है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश है। बीडीओ अखिलेश चौबे का कहना है कि प्रकरण की जांच कराई जाएगी।

### 11 हजार लाइन की चपेट में आने से युवक झुलसा

**थानगांव सीतापुर।** थानगांव इलाके के ग्वारी-ललकपुरवा की 11 हजार लाइन में चमरहिया गांव के निकट ग्वारी के सुजीत कुमार को फेस जोड़ते समय करंट लग गया। हादसे में युवक झुलसकर नीचे गिर गया। सीएचसी रेउसा से युवक को जवाब दे दिया गया है, ऐसे में उसका इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है।

### बैठक में विकास कार्यों के टेंडर का उठा मुद्दा

**सीतापुर।** नगरपालिका मिश्रिख के लिए नूतन वर्ष अच्छी खबर लेकर आया है। यहां पर लगभग एक वर्ष बाद बोर्ड की बैठक हुई है। एसडीएम गिरीश कुमार झा की अध्यक्षता में हुई बैठक में सभासद ऋशि कुमार ने पेयजल और प्रदीप सिंह ने विकास कार्यों के टेंडर का मुद्दा उठाया। ईओ आरपी सिंह ने समस्याओ का निस्तारण करने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर मनोनीत सभासद विवेक सिंह, विशु गुप्ता, राजेश मिश्रा, अभय चौरसिया, मुकुल दीक्षित, प्रदीप दीक्षित आदि मौजूद रहे।

### भगवान श्रीकृष्ण का मनाया गया जन्मोत्सव

**नैमिषारण्य सीतापुर।** नैमिशारण्य स्थित कालीपीठ में कालीपीठाधीश गोपाल शास्त्री के सानिध्य में चल रही सात दिवसीय भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। भागवत व्यास रमेश भाई शुक्ल ने .ष्ण जन्म का भावपूर्ण वर्णन किया। कालीपीठ संचालक भास्कर शास्त्री ने बताया कि गुरुवार की कथा में गोवर्धन पूजन होगा ।

### कोरोना से व्यापारी की मौत

**पिसावां सीतापुर।** कोराना महामारी से पिसावां के व्यापारी सुंदर लाल जायसवाल की मौत हो गई है। 23 दिसम्बर से उनका इलाज लखनऊ के एक निजी अस्पताल में चल रहा था। उनके निधन परी चंद्र किशोर, राज बहादुर, सूरज, .ष्ण पाल आदि ने शोक व्यक्त किया है।

### बीएलओ पर मतदाता सूची में फर्जी नाम दर्ज करने का आरोप

**पहला सीतापुर।** पहला की ग्राम पंचायत दुगारा के बीएलओ पर मतदाता सूची में फर्जी नाम दर्ज करने का आरोप लगा है। पूर्व प्रधान संजय सिंह ने डीएम व सीएम को शिकायती पत्र दिया है। उनका कहना है कि बीएलओ ने महमूदाबाद पालिका प्रतिनिधि अब्रीश गुप्ता के सह पर 96 फर्जी नाम दर्ज कर लिए हैं। बुधवार को नायब तहसीलदार सिधौली और लेखपाल संतोश कुमार ने प्रकरण की जांच की है।

### 'एक शाम नीरज के नाम' कार्यक्रम का आयोजन

**सीतापुर।** साहित्य सृजन संस्थान बिसवाँ के तत्वावधान में कस्बे में एक शाम नीरज के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता फतेहपुर के साहित्यकार डॉ शैलेश गुप्त वीर ने की और मुख्य अतिथि के रूप में महोली से राजकुमार तिवारी मौजूद रहे। संस्थाध्यक्ष संदीप मिश्र सरस, जीएल गांधी, रामकुमार, विनोद शर्मा सागर आदि ने स्वरों की महफिल सजाई।

### कसमण्डा में तीन कोरोना मरीज मिलने से मचा हड़कम्प

**सीतापुर।** सीतापुर में पिछले 24 घंटे में 5 नए मरीजों की पहचान की गई है। कसमंडा में 3 मरीज मिलने से हड़कम्प है। 1 मरीज पिसवां में मिला है। 1 मरीज अन्य स्थान का है। इसी के साथ सीतापुर में कुल पॉजिटिव मरीजों की संख्या 4,771 हो गई है।

### एनआईओएस डीएलएड संघ सेवता विधायक को सौंपा ज्ञापन

**सीतापुर।** एनआईओएस डीएलएड संघ सीतापुर ने विधायक ज्ञान तिवारी को ज्ञापन देकर प्रशिक्षण को मान्यता दिलवाने की मांग की है। विधायक ने सीएम से मिलकर समस्या का समाधान कराने का भरोसा दिया है। इस मौके पर संघ की महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष जेबा तबस्सुम, रजनीश कुमार, मोहित सक्सेना, अहमद हुसैन, नसीम अहमद, पृथ्वी पाल, सुनील कुमार, शिव शंकर, जमशेद आलम, मोहम्मद तैयब, अमरपाल, इंद्रजीत, उमाशंकर आदि मौजूद थे।

### किसान संगोष्ठी व प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**हरगांव सीतापुर।** हरगांव ब्लॉक परसिर में किसान संगोष्ठी एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस दौरान विधायक हरगांव सुरेश राही ने किसानों को क्रेडिट कार्ड के साथ प्रमाण पत्रों का वितरण किया। कृशि वैज्ञानिकों ने किसानों को आय बढ़ाने के उपाय बताए।

### ब्लाक मुख्यालय पर किसान कल्याण मिशन मेले का हुआ आयोजन

**गोंदलामऊ सीतापुर।** गोंदलामऊ ब्लॉक मुख्यालय पर किसान कल्याण मिशन मेले का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी विशालय भारद्वाज ने मेले में लगे वन विभाग ,सिंचाई विभाग, सहकारिता विभाग, .शि विपणन, मंडी परिशद, पीएम किसान सम्मान निधि, बाल विकास परियोजना पुश्टाहार, उद्यान विभाग ,गन्ना विभाग पशुपालन आदि विभागों के स्टालों का निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने किसानों से जैविक खाद का इस्तेमाल करके फसल उगाने का आह्वान किया।

### कोविड प्रोटोकाल की उड़ीं जमकर धज्जियां

**गोंदलामऊ सीतापुर।** गोंदलामऊ किसान मेले में कोविड प्रोटोकाल जमकर धज्जियां उड़ाई गई। इसपर जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने नाराजगी भी व्यक्त की। उन्होंने बिना मास्क लगाए घूम रहे अधिकारियों व कर्मचारियों को फटकार भी लगाई।

### किसान मेले में महिला समूहों की ओर से लगाए गए स्टाल

**गोंदलामऊ सीतापुर।** गोंदलामऊ किसान मेले में महिला समूहों की ओर से भी स्टाल लगाए गए। अधिकारियों ने समूह के स्टालों से खरीदारी करके महिलाओं का उत्साह वर्धन किया। जिलाधिकारी के साथ ही, खंड विकास अधिकारी विकास यादव ने खरीदारी की। इस मौके पर रामानंद गुप्ता, मनोज सिंह, अभय प्रताप दीपक, सौरभ सिंह, सुशील वर्मा आदि मौजूद रहे।

### सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**सिधौली सीतापुर।** नव वर्श के उपलक्ष्य में सिधौली में भारतीय किसान यूनियन राजू गुप्ता गुट की ओर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें पत्रकारों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर राश्ट्रीय अध्यक्ष राजू गुप्ता, महामंत्री सतेद्र पाल, प्रदेश संरक्षक सुरेश प्रकाश सिंह, कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष श्यामू शुक्ला, प्रदेश महामंत्री महेंद्र सिंह चौहान, जिला अध्यक्ष दुर्गेश सिंह आदि मौजूद थे।

### उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की बैठक 10 को

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ सीतापुर की संयुक्त कार्यसमिति की बैठक 10 जवरी को सरोजनी वाटिका पार्क में होगी। संगठन के महामंत्री रणविजय सिंह यादवन ने बताया कि बैठक के दौरान शिक्षक समस्याओं पर मंथन के साथ ही नवनिर्वाचित ब्लॉक पदाधिकारियों को अभिनन्दन भी किया जाएगा।

### मिनी सचिवालय बना शोपीस

**पिसावां सीतापुर।** पिसावां की ग्राम पंचायत बरगावां का मिनी सचिवालय शोपीस बनकर रह गया है। परिसार में चारो तरफझाड़ झंखाड़ खड़ी है। भवन को वर्शो से रंग रोगन नहीं किया गया है।

### किसान मेले का हुआ आयोजन

**सीतापुर।** अन्य ब्लॉकों की ही तरह बिसवां ब्लॉक में किसान मेले का आयोजन किया गया। विभिन्न विभागों की ओर से स्टाल लगाए गए और किसानों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। विधायक महेन्द्र सिंह यादव ने किसानों से योजनाओं का लाभों लेने का आह्वान किया। इस दौरान उपसंभागीय कृशि अधिकारी विकास यादव, भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष आलोक गुप्ता, प्रभा पांडेय, नागेंद्र यादव, विकास बाजपेयी, संजीव बाजपेई आदि मौजूद थे।

### बैंक मैनेजर की कार्यशैली से क्षेत्रीय उपभोक्ता परेशान

**सीतापुर।** सीतापुर के रामपुर मथुरा की आर्यावर्त बैंक मैनेजर मोबीन खान की कार्यशैली से क्षेत्रीय उपभोक्ता परेशान हैं। बैंक ग्राहकों को सुचारू रूप से सेवाएं नहीं दे रही है। बुधवार को दोपहर एक बजे बैक के बाहर काफी भीड़ थी और बैंक भवन में ताला पड़ा था। इसी बीच मीडिया कर्मियों ने वीडियो बनने लगे। वीडियो बनता देख मैनेजर ताला खुलवाकर विड्राल भरवाने शुरू कर दिए।

### नसबंदी कैम्प का आयोजन

**लहरपुर सीतापुर।** लहरपुर के सीएचसी शाहपुर में मेरी स्ट्रोक इंडिया की ओर नसबंदी कैम्प का आयोजन किया गया। डॉक्टर हरकिशन लोरिया ने 40 महिलाओं का नसबंदी ऑपरेशन किया। हालांकि इस दौरान अव्यवस्थाओं का बोलबाला रहा। मरीज और तीमारदार पानी तक को तरस गए। इस मौके पर अर्श काउंसलर मीरा वर्मा, फार्मासिस्ट पीयूश वर्मा आदि मौजूद थे।

### किसान मेले का आयोजन

**लहरपुर सीतापुर।** लहरपुर ब्लॉक परिसर में किसान मेले का आयोजन किया गया। विभिन्न विभागों की ओर स्टाल लगाए गए। हालांकि स्टॉलों की व्यवस्थाओं पर विधायक सुनील वर्मा ने नाराजगी व्यक्त की और अधिकारियों को कर्मचारियों को सुधार लाने के निर्देश दिए। इस मौके पर सिंचाई विभाग जेई मयंक त्रिपाठी, परियोजना अधिकारी सुनीता रस्तोगी, प्रधानमंत्री बीमा योजना भाग्य सिंह, जगदीश प्रसाद आदि मौजूद रहे।

### इंडियन मेडिकल हाल का हुआ उद्घाटन

**बिसवां सीतापुर।** बिसवां में एक और निजी अस्पताल खुल गया है। मोहल्ला महाराजगंज में इंडियन मेडिकल हाल का उद्घाटन वरिष्ठ सपा नेता व समाजसेवी मौलाना अनवार हुसैन कादरी ने किया। इस मौके पर मुमताज अंसारी, फिदा हुसैन, रामचंद्र वर्मा, अब्दुल्ला गजाली, अमित जायसवाल, पीयूश शर्मा, आशीश गुप्ता, शांतिदीप श्रीवास्तव, आजाद अंसारी, मधुकर वर्मा, संदीप वर्मा, अय्यूब खान, बिलाल खान, रूप किशोर आदि मौजूद थे।

## वनवे मोशन मशीन कसेगी ओवरलोडिंग पर शिकंजा

### ● खैराबाद टोल प्लाजा पर इंस्टाल हुई मशीन, परिवहन विभाग को भेजी जायेगी साप्ताहिक रिपोर्ट

संवाददाता। खैराबाद देहात सीतापुर

**सीतापुर में** ओवरलोडिंग के विरूद्ध शिकंजा कसने के लिए शासन स्तर से कारगर तकनीकी उपाय किया गया है। खैराबाद स्थित टोल प्लाजा पर वन-वे मोशन मशीन लगायी गयी है, जो चलती गाड़ी का वजन करने की खूबी से लैस है। टोल प्लाजा की सभी लेन में यह मशीन लगायी गयी है जिस पर वाहन के गुजरते ही उसका वजन हो जायेगा। एआरटीओ डा. उदित नारायण ने बताया कि टोल प्लाजा की ओर से ओवरलोड वाहनों की सूची सप्ताहवार दी जायेगी जिसके बाद विभाग की ओर से चालान की कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा पूरे जनपद में ओवरलोडिंग के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की जाती है। इस मशीन के लगने से ओवरलोडिंग पर प्रभावी शिकंजा कसेगा साथ ही राजस्व प्राप्ति भी होगी। उन्होंने बताया कि इसी सप्ताह से मशीन कार्य करना शुरू कर देगी।

### आज से बुक होंगे मन पसंद नम्बर

**गाड़ियों** के शौकीन लोगों को मनपसंद नम्बर लेने का एक और मौका मिलने जा रहा है। एआरटीओ प्रशासन प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि यूपी 34 बीएफ की नयी सिरीज आज से खुलेगी। शुक्रवार सुबह 10 बजे से परिवहनडाटजीओवीडाटइन पर जाकर मनपसंद नम्बर बुक किए जा सकते हैं।

## भाजपा सर्वग्राही और सर्वव्यापी पार्टी:बंसल

संवाददाता। सीतापुर

**पंचायत चुनाव** को लेकर भाजपा एक्टिव मॉड में आ गई है। जिला कार्यालय में आयोजित ब्लॉक संयोजक और वार्ड संयोजक की बैठक मे प्रदेश संगठन महामंत्री सुनील बंसल ने जीत का मंत्र दिया है। बंसल ने कहा कि भाजपा सर्वग्राही, सर्वव्यापी पार्टी है और इसका संगठन बूथ स्तर तक मजबूत है, इसलिए पंचायत चुनाव पार्टी पूरी मजबूती से लड़ेगी। बैठक को विशिश्ट अतिथ प्रदेश महामंत्री अमर पाल मौर्य व प्रदेश मंत्री शंकर लाल लोधी ने सम्बोधित किया। इससे पूर्व जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, पूर्व एमएलसी राकेश सिंह, पूर्व प्रमुख शिवेंद्र प्रताप सिंह आदि ने संगठन मंत्री को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। इस मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष शेश नारायण मिश्र, त्रयंबक तिवारी, नीरज वर्मा, पंचायत चुनाव जिला संयोजक राकेश त्रिपाठी, पूनम मिश्रा, दिनेश शर्मा, अजय गुप्ता, आनंद दिक्षित, राजेश्वर रस्तोगी, संजय मिश्रा, रोहित सिंह ,राजेश शुक्ला, आशा मौर्य, अजय भार्गव, करुणा शंकर त्रिपाठी, राम नरेश मिश्रा, अनूप विश्वकर्मा, मृदुल मिश्र, सचिन मिश्र, राजन शुक्ल, तरूण शुक्ल, नैमिश रत्न तिवारी, सत्यम सिंह, अभिशेक मिश्र, शुभम पाण्डेय आदि मोजूद थे।

## तेज रफ्तार बस ने गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्राली में मारी टक्कर

संवाददाता। सीतापुर

**बिसवां कोतवाली** इलाके के मोचकला चौराहे के निकट मंगलवार देर रात तेज रफ्तार प्राइवेट बस ने गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मार दी। हादसे में थाना सदरपुर के गांव सधुआपुर निवासी संभारी और रुशहन के रामेश्वर घायल हो गए। घायलों को सीएचसी बिसवां में भर्ती कराया गया। वहीं ड्राइवर बस छोड़कर भाग गया।

### ट्रामा सेंटर को जल्द चालू कराने के लिए सत्ताधारी नेता हुए सक्रिय

**सीतापुर।** बजट एलॉट होने के बाद से सीतापुर ट्रामा सेंटर को जल्द चालू कराने के लिए सत्ताधारी नेता सक्रिय हो गए हैं। इसी मंशा को लेकर भाजपा की क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा ने मंगलवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने मिलीं। सीएम ने भी जल्द ट्राम सेंटर चालू कराने का भरोसा दिया।

### दुर्गेश श्रीवास्तव बने विज्ञान शिक्षक

**सीतापुर।** खैराबाद के मोहल्ला माखूपुर के दुर्गेश श्रीवास्तव ने टीजीटी की परीक्षा उत्तीर्ण करके विज्ञान शिक्षक बन गए है। उनकी इस उपलब्धि से उनके परिजनों के साथ ही क्षेत्र के लोगों में खुशी है।

## उत्तिष्ठ फाउण्डेशन ने जरूरतमंदों को वितरित की राशन किट



कचनार-राशन किट वितरण के दौरान मौजूद उत्तिष्ठ फाउण्डेशन के सदस्य

संवाददाता। कचनार सीतापुर

**उत्तिष्ठ फाउण्डेशन** कोरोना महामारी की शुरुआत से ही लगातार इस कोशिश में लगा है कि अधिक से अधिक लोगो तक पहुंच कर उनकी हर संभव सहायता कर सके। इसी क्रम में ब्लाक ऐलिया के ग्राम पीतपुर में जंरूरमंदों को दाल, चावल, नमक, तेल, मसाले, सोयाबीन, हल्दी, आटा व अन्य खाद्य सामग्री के राशन किट के साथ बेसिक सेनेटाजइजिंग किट जिसमे मास्क, साबुन, इलेक्ट्रोल पैकेट आदि का वितरण किया गया। उत्तिष्ठा फाऊंडेशन के चेयरमैन बाल कृष्ण तिवारी जी ने बताया कि उनका ये फाऊंडेशन अंबोवा, पहाड़पुर, ढकिया, मधिपुर, त्रिलोकपुर, गुलाबपुर जैसे छोटे गावों में अपने कार्यकर्ताओं द्वारा जरूरतमंद लोगो की मदद कर रहा है क्योंकि ऐसे छोटे गांवो तक सरकारी मदद नहीं पहुंच पाती है। इस अवसर पर फाऊंडेशन के प्रदीप तिवारी, गोपाल तिवारी, अंकुश तिवारी, अमित सिंह, रानू, व अनिल आदि मौजूद रहे।

## छह केन्द्रों पर कोरोना वैक्सीन मॉक ड्रिल का सफल परीक्षण

### ● डीएम-एसपी ने केन्द्रों का लिया जायजा

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर में** प्रशिक्षित वैक्सीनेटर्स के माध्यम से कोविड वैक्सीन का ड्राई रन (मॉक ड्रिल) मंगलवार को शुरू हो गया। सुबह दस बजे से शुरू हुए कोरोना वैक्सीन लगाने के पूर्वाभ्यास को सीतापुर में चयनित केंद्र पर चिंहिंत 25-25 हेल्थ वर्कर बुलाए गए। मॉक ड्रिल में वर्करों की थर्मल स्कैनिंग कर उन्हें अंदर भेज दिया गया। मॉक ड्रिल में वैक्सीन नहीं गयी बल्कि पूर्वाभ्यास किया गया। इस बीच खैराबाद के सीएचसी में कोरोना वैक्सीन के लिए चल रहे पूर्वाभ्यास का औचक निरीक्षण जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज और पुलिस अधीक्षक आरपी सिंह करने पहुंचे और वहां पर पूर्वाभ्यास का जायजा लिया। कोरोना खात्मे के लिए सीतापुर जिले में पहले चरण में 16200 वैक्सीन लगेंगी। यह वैक्सीनेशन से पहले मॉक ड्रिल होगा। वैक्सीनेशन के लिए शहर में तीन क्षेत्र चयनित किए गए हैं, इनमें जिला महिला अस्पताल, सदर बाजार, इस्माइलपुर शामिल हैं। मंगलवार को सुबह दस बजे पूर्वाभ्यास के लिए सीतापुर जिले में चयनित छह केंद्रों पर ड्राई रन शुरू किया गया। पायनियर टीम सबसे पहले जिला महिला अस्पताल पहुंची, यहां पर टीम ने वैक्सीनेशन के लिए चल रहे मॉक ड्रिल का जायजा लिया। अस्पताल में मॉक ड्रिल के लिए बुलाए गए 25-25 हेल्थ वर्कर मौजूद थे। वैक्सीनेशन के लिए बुलाए गए प्रत्येक कर्मी की आईडी चेक की जा रही थी, बाद में पुलिस कर्मी की मदद से उसे अंदर भेजा रहा था। ड्राई रन के दौरान किसी को भी कोई वैक्सीन नहीं लगाई जाएगी, बल्कि केवल वैक्सीन लगाने का मॉक ड्रिल किया जा रहा है। वैक्सीनेशन के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैराबाद में चल रहे पूर्वाभ्यास का जायजा लेने को जिलाधिकारी विशाल भारद्धाज और पुलिस अधीक्षक आरपी सिंह पहुंचे। अफसरों ने केंद्र पर मॉक ड्रिल कार्यों का जायजा लिया। साथ ही सभी को शासन द्वारा तय गाइडलाइन का शत प्रतिशत पालन करने को कहा। उनके साथ प्रभारी सीएमओ डॉ. पीके सिंह , तहसीलदार सदर , सीएचसी अधीक्षक डॉ. आरएस यादव, पर्यवेक्षक नवल किशोर मिश्र, डॉ. अनिल कुमार पंकज,डॉ. अवधेश कुमार, अनुज कुमार आदि उपस्थित थे।

## वार्ड संगठन सृजन अभियान के तहत हुई अहम बैठक

**सीतापुर।** शहर कॉंग्रेस कमेटी सीतापुर की ओर वार्ड संगठन सृजन अभियान के तहत वार्ड शेख सरायं पूर्वी वार्ड में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान शहर अध्यक्ष संतोश भार्गव ने पार्टी की नीतियों से कार्यकर्ताओ को वाकिफ कराया और मंथन करके अफजाल को दुर्गापुरवा वार्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया। इस मौके पर प्रभारी नावेद, शहर उपाध्यक्ष अनुज सिंह चौहान, शावेज मुख्तार, रिजवान खान, पुश्पेंद्र सिंह चौहान, महासचिव उपदेश गुप्ता, धीरेश कश्यप, नोमान अंसारी आदि मौजूद थे।

### 24 घंटे में कोरोना से दो की मौत

**सीतापुर।** सीतापुर कोरोना महामारी समय के साथ ही घातक होती जा रही है। पिछले 24 घंटे में 2 मरीजों की मौत हो गई है। इसी के साथ जिले में महामारी से जान गवाने वालों की संख्या 79 हो गई है। इसके बावजूद लोग कोरोना प्रोटोकाल के पालन में लापरवाही बरत रहे हैं।

### बड़गांव में देखा गया जंगली जानवर

**सीतापुर।** महोली इलाके के बड़ागांव संतोषी माता मंदिर के पास मंगलवार रात जंगली जानवर को देखा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक जानवर बाघ की आकृति का था। सूचना पर बड़ागांव चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। पड़ताल के बाद पुलिस ने क्षेत्र के लोगों को सजग रहने का सुझाव दिया। वन दारोगा अक्षय कुमार पांडे, वन रक्षक नंदलाल, क्षेत्र सहायक लाल बहादुर ने बताया कि पग चिन्ह भेड़िया के हैं।

पायनियर
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 7 जनवरी, 2021



# प्रेमी युगल ने गोली मार दी जान

● एसपी व सीओ ने किया मौका मुआयना

संवाददाता। मैगलगंज खीरी



**पड़ोसी जनपद** सीतापुर के महोली थाना क्षेत्र के कचूरा गांव निवासी प्रेमी युगल पवन चौबे (20) व रेखा कश्यप (18) ने अपने-अपने सिरों में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। प्रेमी युगल 2 दिन से लापता थे। लड़की के पिता संतोष ने चार लोगों पर अपहरण का मुकदमा महोली थाने में दर्ज कराया था।

जानकारी के अनुसार, प्रेमी युगल सीतापुर जिले के कचूरा गांव के निवासी थे। वह मंगलवार की सुबह से लापता थे। लड़की के पिता संतोष ने महोली कोतवाली में अपहरण की तहरीर देते हुए चार लोगों के खिलाफ लड़की को बहला-फुसला कर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया था। महोली थाना प्रभारी आलोक मणि त्रिपाठी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। लेकिन आज सुबह दोनों के मृत होने की जानकारी मिली तो वह दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। जांच पड़ताल की जा रही है।

मैगलगंज थाना क्षेत्र के खखरा गांव में स्थित किसान बाजार के निकट तकरीबन 100 मीटर की दूरी पर रेलवे ट्रैक के किनारे दोनों प्रेमी युगल आपस में लिपटे हुए मृत अवस्था में पाए गए हैं। मृतक युवक ने पहले अपनी प्रेमिका रेखा कश्यप को कनपटी में सटाकर गोली मारी इसके बाद खुद की कनपटी पर तमंचा लगाकर गोली दाग ली। दूसरी गोली युवक ने अपने सर में सटाकर मारी और युवक के बीच सर में गोली आर पार हो गई और लड़की के ऊपर ही गिर गया। तमंचा मृतक युवक के हाथ में ही था। वहीं पुलिस और फॉरेंसिक टीम के द्वारा ली गई तलाशी में उसकी जेब से एक जिंदा कारतूस भी बरामद हुई। दगे हुए कारतूस में एक का खोखा जमीन पर तथा दूसरा खोखा तमंचे में ही मौजूद था। घटनास्थल पर ही लड़की के कुछ कपड़े, पर्स और आधार कार्ड मौजूद था। इसको पुलिस ने खोल कर जांच पड़ताल की। पुलिस को लड़की के पर्स से प्रेमपत्र व सुसाइड नोट मिला जिसमें रेखा आत्महत्या करने का भी दावा कर रही है। लेकिन प्रेस नोट को सार्वजनिक नहीं किया गया। इससे पूरी जानकारी उसमें नहीं मिल पाई। फिलहाल लड़की के द्वारा सुसाइड नोट में लिखा गया था कि पापा आपने हमारी बात नहीं मानी इसलिए मैंने तुम्हारी भी बात नहीं मानी है।

कोतवाली प्रभारी मैगलगंज ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि खखरा गांव के निकट रेलवे लाइन के किनारे दो शव पड़े हैं। मौके पर पहुंच कर जानकारी जुटाई तो दोनों सीतापुर जिले के कचूरा गांव निवासी मृतक हैं जांच पड़ताल करने पर पता चला कि दोनों प्रेमी युगल थे जिन्होंने यहां पर आत्महत्या की है। घटनास्थल से एक जिंदा देसी तमंचा एक जिंदा कारतूस दो खोखा बरामद हुए हैं। जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक खीरी विजय ढुल भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि मौका मुआयना किया गया है। दोनों प्रेमी युगल हैं। दोनों सीतापुर निवासी हैं। यहां आकर लड़के ने लड़की को गोली मार कर स्वयं गोली मारकर आत्महत्या कर कर लिया।

# मैलानी से गोरखपुर के लिए रवाना हुई गोमती एक्सप्रेस



संवाददाता। मैलानी-खीरी

**आमान परिवर्तन** के बाद मीटर गेज की लाइन को ब्राडगेज लाइन में बदलने के बाद 14 फरवरी 2020 को बड़ी लाइन की ट्रेन संचालन शुरू हो गया था। कोराना वाइरस के चलते सभी ट्रेनें स्थगित कर दी गई थीं। बुधवार की शाम को मैलानी से गोरखपुर के लिए गोमती एक्सप्रेस ट्रेन यात्रियों को लेकर रवाना हुई। यात्रा करने वाले कुछ यात्रियों ने बताया कि पहले बस तथा अन्य साधनों से यात्रा करने में किराया भी अधिक खर्च करना पड़ता था। साथ ही समय व अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। यात्रा करने वाले यात्रियों को पूर्ण रूप से सेनेटाइजर व मास्क के साथ सोशल डिस्टेंस बनाकर रखने के साथ कोराना गाइड लाइन का पालन करना पड़ेगा। ट्रेन के समय से डेढ़ घंटे पूर्व स्टेशन पहुंच कर टिकट का रिजर्वेशन कर अपनी सीट पर बैठना होगा। गोमती एक्सप्रेस को ले जाने वाले चालक रूप चन्द्र, सहचालक राम मूर्ति, आरपीएफ प्रभारी विष्णु सिंह, एसआई चन्द्रिका प्रसाद, एएसआई घनश्याम व मुख्य वाणिज्य निरिक्षक अली जहीर आदि लोग मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### आग से सामान जलकर हुआ राख

**मैलानी-खीरी।** थाना मैलानी की चौकी बांकेगंज के अंतर्गत आने वाले महरताला में अज्ञात कारणों के चलते लगी आग से घरों में रखा कीमती सामान बिस्तर, चारपाई, कपड़े व नकदी आदि सहित तमाम सामान जलकर राख हो गया। जब तक गांव वाले आग पर काबू पाते तब तक आग ने तीन घरों को अपने आगोश में ले लिया। घरों में रखा सामान जलकर नष्ट हो गया। ग्रामीणों द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई थी। अग्नि पीड़ित में राम श्री, विजय कुमार व सोन कुमारी शामिल हैं। सभी हजारों रुपयों का नकदी माल आग की भेंट चढ़ जाने की जानकारी दी है।

### कोविड वैक्सीनेशन सेन्टर का शुभारंभ

**लखीमपुर-खीरी।** बुधवार को खीरी में कोविड वैक्सीनेशन सेंटर का शुभारंभ हुआ। जिला मुख्यालय पर एकीकृत कोविड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर के परिसर में बनाए गए कोविड वैक्सीनेशन सेंटर का शुभारंभ खीरी सांसद अजय मिश्रा टेनी, विधायक सदर योगेश वर्मा, डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने शिलापट का अनावरण व फीता काटकर शुभारंभ किया।

### अल्पसंख्यक के प्रथम बैच का हुआ शुभारंभ



**लखीमपुर-खीरी।** अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा अनुमोदित महिला नेतृत्व विकास 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आक्सीजन ऐस इंस्टीट्यूट में प्रथम बैच का आयोजन किया गया। आज प्रशिक्षण के पहले दिन 25 अल्पसंख्यक महिलाएं उपस्थित रही। आज प्रशिक्षण की शुरुआत प्रशिक्षक सैयद वकार अहमद ने महिलाओं को जीवन कौशल के बारे में सिखाया। आज कार्यक्रम का उद्घाटन जिला अल्पसंख्यक अधिकारी वीरपाल द्वारा महिलाओं में किट वितरण करके किया गया। उन्होंने आज महिलाओं में नेतृत्व विकास के महत्व को तथा शिक्षा के महत्व को समझाया अंत में संस्था प्रबंधक राहुल अवस्थी ने कार्यक्रम के मूलभूत आवश्यकता और इससे फायदे सभी महिलाओं को बताए। साथ ही ये भी बताया भविष्य में ये महिलाए किस तरह अपने भविष्य का निर्माण कर सकती हैं।

### पत्रकार पर जानलेवा हमला प्रकरण, गिरफ्तारी न होने पर पत्रकारों ने दी प्रदेशव्यापी आन्दोलन की चेतावनी

**संडीला (हरदोई)।** पत्रकार एवं उसके परिजनों पर जानलेवा हमले के प्रकरण में पुलिस द्वारा अभियुक्तों की गिरफ्तारी न होने से नाराज पत्रकारों ने आपात बैठक का आयोजन कर प्रदेश स्तर पर आन्दोलन की चेतावनी दी है। बेनीगंज के पत्रकार रोहित वर्मा पर दबंगों ने जानलेवा हमला करके उनके चार भाईयों को गंभीर रुप से घायल कर दिया था। नामजद एफआईआर होने के बावजूद अभियुक्तों की पुलिस द्वारा गिरफ्तारी नहीं की गयी। इससे नाराज होकर ग्रामीण पत्रकार एसोसियेशन ने एक आपात बैठक का आयोजन किया। बैठक में वरिष्ठ पत्रकार अतुल कपूर, वी पी सिंह, जिलाध्यक्ष अनुराग अस्थाना के अलावा तहसील अध्यक्ष शिवाकांत तिवारी, लालचन्द्र चौरसिया, अरुणेश बाजपेयी, सुशील मिश्रा, योगेश त्रिपाठी, मुईज सागरी, प्रभात अस्थाना, हरिअमोल सिंह, अमित मौर्य, गंगाराम, रामानुज यादव आदि पत्रकारों ने कहा कि यदि इस प्रकरण में तत्काल कार्रवाई न की गयी न केवल जनपद में वरन प्रदेश भर में आन्दोलन किया जायेगा।

### विवाहिता ने दर्ज करायी रिपोर्ट

**संडीला (हरदोई)।** एक विवाहिता ने पति एवं अन्य ससुरालीजन के विरुद्ध दहेज तीन तलाक दिये जाने की एफआईआर दर्ज करायी है। एफआईआर दर्ज कराते हुए श्रीमती जहीरा पत्नी नजीफ निवासी ग्राम शुक्लापुर मजरे मल्हेरा ने कहा कि उसका विवाह 15 मई 2015 को हुआ था। विवाह के बाद ससुराल मे उसका उत्पीड़न होता था। पुत्री के जन्म के बाद उसको मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। जिससे वह अपने मायके में जाकर रहने लगी। बाद में उसका पति जब्बार पुत्र जाकिर अपने साथ नफीस पुत्र मिट्टन को लेकर उसको घर आया और उसको तीन तलाक बोलकर वहां से चला गया। जहीरा के अनुसार उसका पति रानीखेड़ा से एक लड़की को भगा भी ले गया है। पीड़िता की तहरीर पर इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।

### कोविड टीकाकरण से पहले मॉक ड्रिल

**बरेली।** सीएमओ डॉ. एसके गर्ग ने बताया कि जिला महिला अस्पताल, राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज, रुहेलखंड मेडिकल कॉलेज, एसआरएमएस, रामनगर पीएचसी और खुशलोक अस्पताल मे कोविड-19 वैक्सिनेशन के पहले मॉक ड्रिल की गई। सभी सेंटरो पर सुबह करीब 10:30 बजे से माक ड्रिल आरंभ हुई। वैक्सीनेशन के लिए तीन कमरे बनाए गए थे। सबसे पहले प्रवेश गेट पर लाभार्थियो का पहचान पत्र देख कर उनको वेटिंग रूम मे बैठाया गया। उसके बाद उनका वैक्सीनेशन रूम मे सत्यापन हुआ। वैक्सिंन लगाने के बाद उनको वेरिफिकेशन कार्ड दिया गया और उसके बाद सभी को ऑब्जर्वेशन रूम मे बैठाया गया। सीएमओ ने बताया कि माक ड्रिल का उद्देश्य माइक्रोप्लान समझाना और कमियो को जानना था। कई सेंटरो पर कुछ खामियां मिली है जिन्हे दूर करने के लिए माइक्रोप्लान की जानकारी दोबारा शिविर के जरिए दी जाएगी।

### थाना शाही में रिश्वत लेने बाले दो पुलिसकर्मी सस्पेंड

**बरेली।** एक बार फिर भ्रष्टाचार का जिन्न सामने आया है । बरेली की क्राइम ब्रांच टीम का अवैध वसूली और हिस्सा बंटवारे का मामला अभी शांत भी नही हुआ था कि इसबार शाही थाने में तैनात दरोगा हरिदास वर्मा और सिपाही नाजिम छेड़छाड़ के मुकदमे में पीड़ित परिवार से चार्जसीट लगाने के नाम पर 50 हजार रुपये की रिश्वत की डिमांड कर रहे हैं । इतना ही नहीं जब तक पीड़ित परिवार ने पुलिसकर्मियों को पैसा नहीं दिया तब तक पुलिसकर्मी पीड़ित परिवार को ही थाने के चक्कर लगवाते रहे । इसके बाद पीड़ित परिवार ने 20 हजार रुपये देते हुए दरोगा और सिपाही का वीडियो बना लिया जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गया । वीडियो वायरल होने के बाद भ्रष्टाचार के आकंड डूबे दरोगा और सिपाही पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत शाही थाने में ही मुकदमा दर्ज कर लिया गया है । एसएसपी रोहित सिंह सजवाण ने दोनों पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर सीओ मीरगंज को विस्तृत जांच करने के आदेश दिए है। एसएसपी रोहित सिंह साजवान का कहना है कि पुलिस कर्मियों की एक वीडियो वायरल हुई है जिसमें पैसे का लेनदेन दिखाई दे रहा है जिसके बाद दोनों पुलिसकर्मियों के खिलाफमुकदमा दर्ज किया गया है । यह वायरल वीडियो अक्टूबर माह का बताया जा रहा है। आपको बता दें कि कुछ दिन पहले बरेली की क्राइम ब्रांच का भी वीडियो वायरल हुआ था जिसमें 10 से अधिक पुलिसकर्मी रिश्वत के पैसों का बंटवारा कर रहे थे जिनको एसएसपी ने सस्पेंड कर उन पर मुकदमा दर्ज कराया था उसके बाद फिर पुलिसकर्मियों के भ्रष्टाचार का वीडियो वायरल होना पुलिस की छवि को धूमिल कर रहा है।

### शराब के साथ कई गिरफ्तार

**फतेहपुर।** बिन्दकी पुलिस ने राहुल कंजड़ पुत्र राजबहादुर निवासी कंजरन डेरा गौरी , किरन पत्नी सुरेन्द्र कंजड़ निवासीगण उपरोक्त के कब्जे से 20 ली0 अवैध कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण बरामद कर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके खिलाफ स्थानीय थाने में आबकारी अधि0 में मुकदमा दर्ज किया है। इसी प्रकार चांदपुर पुलिस ने संदीप कुमार पुत्र अशोक कुमार निवासी ग्राम दयाल नगर मजरे सैंठी के कब्जे से 10 ली0 अवैध कच्ची शराब बरामद कर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके विरूद्ध स्थानीय थाने में आबकारी अधि0 में मुकदमा पंजीकृत किया है। यह जानकारी पुलिस प्रवक्ता ने दी।

### छत से गिरकर युवक घायल

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला तुराबअली का पुरवा में मंगलवार की देर रात छत से गिरकर लगभग 19 वर्षीय एक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार तुराबअली का पुरवा मुहल्ला निवासी राम सजीवन का पुत्र संजय कल रात खाना खाकर छत में सोने जा रहा था। तभी अचानक पैर फिसल जाने से वह सिर के बल नीचे गिरकर घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एम्बुलेन्स ने घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गम्भीर बनी हुयी है।

### वृद्ध महिला की मौत

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम हिम्मतखेड़ा में मंगलवार की देर शाम लगभग 55 वर्षीय एक वृद्ध महिला की अचानक तबियत बिगड़ गयी। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं परिजन शव को लेकर वापस घर चले गये। जानकारी के अनुसार हिम्मतखेड़ा गांव निवासी शिवाधार की पत्नी सावित्री देवी की कल शाम अचानक तबियत बिगड़ गयी जिस पर परिजन उसे सरकारी एम्बुलेन्स द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाये जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया। वहीं परिजन शव को लेकर वापस गांव चले गये।

# पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा की बैठक में मंथन



**मैंगलगंज खीरी।** भाजपा पंचायत चुनाव की एक अहम बैठक मण्डल अध्यक्ष श्याम किशोर तिवारी के प्रतिष्ठान पर सम्पन्न हुई। बैठक में पंचयात चुनाव को लेकर तमाम बिंदुओं पर चर्चा हुई। बैठक के मुख्य अतिथि जिला पंचायत संयोजक विनोद मिश्रा, जिला महामंत्री पंचायत चुनाव सह संयोजक मनोज वर्मा, ब्लाक संयोजक अखिलेश त्रिवेदी, सह सयोजक शिवम शुक्ला, पंचम वार्ड संयोजक नरेंद्र मिश्रा, षष्टम भारत सक्सेना एवं दोनों वार्डों के ग्राम संयोजक उपस्थित रहे।

# स्वाति शुक्ला जैसी ख्याति नहीं पा सका कोई अफसर

## जुबां-जुबां पर है एसडीएम का नाम

संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी

**'सुबह बनारस** रखूं या फिर रखूं अवध की शाम, मैं तेरा कौन सा रखूं नाम' ये शेर इसलिए कहना पड़ा क्यूंकि तहसील में एक ऐसी तेजतर्रार, बेबाक टिप्पणी के लिए मशहूर के साथ-साथ अपने, कोमल हृदय में काम करने की अजब लालसा और बैचेनी लिए ऐसी महिला अधिकारी जो करीब दो वर्षों से मोहम्मदी तहसील में रहकर आमजन मानस की चहेती और लोकप्रिय हो गयीं। लोग तारीफ करते नहीं थकते। बुजुर्ग, महिलाएं, नौजवान या फिर किसी भी दल के राजनीतिक दल के लोग हों सभी यही कहते हैं कि ऐसी ईमानदार और हंसमुख अधिकारी अभी तक नहीं देखी। जो अपने दायित्वों , कर्तव्यों के साथ अपने उच्च अधिकारियों में भी अपने कार्यो से लाडली अधिकारी बन गयीं। यहां बात हो रही है मोहम्मदी में तैनात सबको अपना बनाने का हुनर रखने वाली लोकप्रिय उपजिलाधिकारी स्वाति शुक्ला की। प्रातः काल से ही बनारस की सुबह की तरह ताजगी लिए चेहरे पर आए हुए फरियादियों की बगैर शिफारिश अपने कार्यालय में काम करने की लालसा और लखनऊ की मशहूर शाम की तरह देर रात लोगों की समस्याओं के प्रति गंभीर रहती हैं। इनके कार्य और मेहनत को देख आज के नौजवान अपने दांतों तले उंगली दबाने के साथ उनकी आंखें खुली की खुली रह जाती हैं। वहीं जहां अपने कार्यों से आम जनता में अपनी लोकप्रियता के शिखर पर पहुंचीं। वहीं अपने व्यवहार से सभी के दिलों में खास जगह बनाती चली गयीं। लोग देखते ही देखते इनके कार्यों के दीवाने से हो गये। लोग अनायास ही कह उठते हैं कि वाह ऐसी अधिकारी दोबारा नहीं मिलेगी। देखने में आया है कि इतने समय इस तहसील में रहे अधिकारी इतने लोकप्रिय नहीं रहे। एक ऐसी महिला जिसके पास कोई महिला, बालिकाएं, नौजवान या बुजुर्ग कोई फरियाद लेकर आफिस या आवास पर पहुंचा तो उसकी हर हाल में मदद की और उसको निराश नहीं किया। खाली हाथ वापस नहीं आया। वही समाज हित के साथ/साथ सभी विभागों पर भी अपनी पैनी नजर रख निरन्तर उचित दिशा-निर्देश देतीं नजर आयीं। वहीं देखने में आया है कि चाहे लाक डाउन हो या करौंना का संकट सुबह जिस ताजगी के साथ काम करने की ललक वही देर रात तक करौंना काल में पूरे तहसील का भ्रमण कर प्रतिदिन बेसहारा और बाहर से आने वालों के भोजन की व्यवस्था करना और बंटवाने का काम किया। तहसील में चाहे कोई सामाजिक संगठन हो, अधिवक्ता, मीडिया या अन्य संगठन सभी इनके कार्यों की सराहना करते नहीं रखते। तभी ऐ शेर भी कहा गया।

# किसान कल्याण कार्यक्रम आयोजित

संवाददाता। निघासन-खीरी

**ब्लाक प्रांगण** में किसान कल्याण मिशन कार्यक्रम कृषि विभाग द्वारा सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक शशांक वर्मा व सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय रहे। यह कार्यक्रम खंड विकास अधिकारी आलोक वर्मा व कृषि अधिकारी जयपाल राज के आयोजन में किया गया। कृषि विभाग द्वारा स्टाल लगाकर किसानों को विभिन्न प्रकार की जानकारियां व मिट्टी जांच के बारे में अवगत कराया गया। समूह की महिलाओं द्वारा बनाए गए वस्तुओं को मुख्य अतिथि द्वारा सराहना की गई। इस दौरान पूर्व जिलाउपाध्यक्ष दयाशंकर मौर्य, केके तिवारी, विपिन मौर्या, प्रदीप गुप्ता, संजय गिरी पिंटू कनौजिया, गंगाराम जायसवाल, बनवारी लाल यादव व कन्हैया लाल वर्मा समेत काफी लोग मौजूद रहे।

# समाजवादी अल्पसंख्यक सभा ने मध्यप्रदेश की घटना को लेकर ज्ञापन सौंप जताया विरोध

संवाददाता। बरेली



**समाजवादी अल्पसंख्यक** सभा ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन प्रभारी सिटी मजिस्टेऊट को दिया। मध्यप्रदेश मे कुछ उपद्रवी लोगो ने अल्पसंख्यक समुदाय के धार्मिक स्थलो को क्षति पहुंचाने का जो काम किया है उससे पूरे देश के अंदर एक माहौल बिगाड़ने का काम किया गया है। ज्ञापन के जरिए समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष असलम खान धन्तिया ने राष्ट्रपति से मांग की है कि जिस प्रकार मध्यप्रदेश के मंदसौर मे मुस्लिम समुदाय के धार्मिक स्थलो को क्षति पहुंचाई गई है और नफरत फैलाने का काम किया है ऐसे लोगो को वहा की भाजपा सरकार के द्वारा कठोर से कठोर सजा दिए जाने का प्रावधान किया जाये और साथ ही साथ राष्ट्रपति यह भी मांग की है कि सोशल मीडिया पर जो भी लोग किसी भी धर्म के विरुद्ध अभ्रद टिप्पणी करे या फिर किसी दूसरे समुदाय को नीचा दिखाने की कोशिश करे जिससे समुदाय विशेष की भावनाओ को ठेस पहुंचे उसके लिए भारत सरकार को एक कानून बनाना चाहिए और उन लोगो के खिलाफ कानूनी कार्यवाही भी की जानी चाहिए। समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के मीडिया प्रभारी फैजान रजा ने बताया कि जब से देश मे भाजपा सरकार आई है तब से 6 सालो मे भाजपा ने देश को बांटने का काम किया है आपस मे एक धर्म से दूसरे धर्म को लड़ाने का काम किया है क्योंकि भाजपा का मेन एजेंडा है हिंदू मुस्लिम की राजनीति करना, अल्पसंख्यक समुदाय को दबाना, मध्यप्रदेश मे भी शिवराज सिंह की भाजपा सरकार का भी वही हाल है। इस मौके पर मोईनउददीन, यामीन खांन, यासीन खांन,मुशाहिद खांन, हाजी रहीस खांन, डाक्टर सदाकत हुसैन, इन्तजार खांन,शफीक अहमद जादूगर, फरजाना, शाकिर अन्सारी, इरफान गददी, हुमायूं खांन आदि लोग मौजूद रहे।

# प्रसपा की जिला कमेटी का हुआ विस्तार, सरकारों पर दोषारोपण

संवाददाता। फतेहपुर



**प्रगतिशील समाजवादी** पार्टी (लोहिया) की मासिक बैठक जिला कार्यालय में हुयी। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रामशरण यादव ने, संचालन महासचिव आलोक द्विवेदी ने किया तथा पार्टी की प्राथमिकताओं (विजन 2022) को प्रमुख महासचिव फूलसिंह मौर्य ने पढ़कर सुनाया। जिला उपाध्यक्ष अब्दुल मोईद कासिमी ने कहा कि वर्तमान सरकारें देश को बर्बाद करने में तुली है। राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव ही सच कहने और लड़ाई लड़ने का जजबा रखते है। नगर अध्यक्ष शाहनवाज खां, कोटेश्वर शुक्ला, महासचिव आशुतोष पटेल, अजय अवस्थी व कपूर सिंह यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किये। प्रदेश सचिव बीना पटेल ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा गांव-गांव पांव-पांव कार्यक्रम बनाकर पार्टी को सक्रिय व ऊर्जावान बनाने का काम किया है। हम सभी साथी जिला संगठन के साथ मिलकर गांव-गांव में लगातार पहुंचने का काम कर रहे हैं। इस मौके पर छात्र सभा के जिलाध्यक्ष अभिषेक पटेल ने संगठन का विस्तार करते हुए पदाधिकारियों को माला पहना कर मनोनयन पत्र दिलाने का भी काम उच्च पदाधिकारियों से कराया जिनमें महासचिव आयुष पटेल, उपाध्यक्ष यमन कुमार, प्रमुख महासचिव अमित कुमार, कोषाध्यक्ष विकास पाण्डेय, आदर्श अवस्थी, देवेन्द्र दिवाकर, नन्द किशोर तिवारी व सचिव अतुल पटेल, विनीत लोधी, शुभम तिवारी, हर्षवर्धन सिंह, हर्ष कुमार वर्मा, अतुल कुमार पटेल, आकाश शुक्ला, रमेश कुमार के अलावा बीस सदस्यों को मनोनयन पत्र सौंपा गया। इस मौके पर रजिया आशकार व प्रेम कुमारी साहू सहित कई अन्य ने सदस्यता ग्रहण किया। इसके अलावा रघुराज पाल, होरीलाल पासवान, सुधा मौर्य, नयन सिंह यादव, नरेश मौर्य, लाला पाल, संतोष यादव, राजू लोधी, मो0 सरफराज खां, मो0 दानिश, मो0 आजम, जितेन्द्र कुमार मौर्य, सुरेन्द्र कुमार मौर्य, आदि ने बैठक में हिस्सा लिया।

# जिलाधिकारी ने किया गौशाला का निरीक्षण



● सर्द मौसम में गायों को ओढ़ाएं कम्बल

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने मिश्रीपुर तराई स्थित कान्हा गौशाला में गायो को कम्बल पहनाये। इन कम्बलों को जिला कारागार में तैयार किया गया था। कारागार में निश्प्रयोज्य कम्बल जिनका प्रयोग कैदियों द्वारा भी नही किया जाता है। इस कम्बल को जिला कारागार के कैदियो द्वारा निश्प्रयोज्य सामग्री यथा-पुराने कम्बलध्टाट आदि से तैयार किया गया है। इनका उपयोग गायो को ठंड एवं वारिष से बचाये जाने हेतु उपयुक्त है। जिला कारागार के कैदियो द्वारा गायो को शीत लहर के प्रकोप एवं वारिश से बचाव हेतु 100 नग कम्बलो को मिश्रीपुर तराई स्थित कान्हा गौशाला में दिया गया। इसके अतिरिक्त नगर ने गायो की सुविधा हेतु नियमित रूप से अलाव लगाये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। गौशाला में गायो की संख्या अधिक होने के कारण गौशाला के पास पड़ी गोरा कब्रिस्तान की भूमि को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। इसके साथ-साथ कान्हा गौशाला में हरा-चारा, भूसे की व्यवस्था, साफ- सफाई, पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था सही पाई गई। इस मौके पर कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष डी.पी.एस. राठौर, पुलिस अधीक्षक इस. आनन्द, नगर आयुक्त सतोश कुमार शर्मा, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. ओ.पी. गौतम, एवं गौ रक्षक के जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता, रामजी गुप्ता, अमित सक्सेना, राजीव अरोरा, नरेश कनौजिया आदि लोग उपस्थित रहे।

# कोरोना काल में गरीबों के सामने रोजी-रोटी का संकट

● पटरी बाजार लगाए जाने की इजाजत दे प्रशासनः तनवीर



**शाहजहांपुर।** कोरोना काल से महानगर में साप्ताहिक बन्दी के दिन लगने बाली फुटपाथ बाजार को खुलवाने के लिए व्यापारियों ने सपा जिलाध्यक्ष से मुलाकात कर फिर से बाजार लगवाये जाने की गुहार लगाई। जिसके सम्बंध में सपा जिला अध्यक्ष तनवीर खान ने ए.डी.एम प्रशासन व सदर बाजार थाने के इंस्पेक्टर से बात कर दुकाने लगवाये जाने की मांग की। जिसपर एडीएम ने कहा कि जल्द ही बुधवार व शुक्रवार को लगने बाली बाजार का मसला हल हो जाएगा। उन्होंने बताया कि शहर की ट्रैफिक व्यवस्था वन वे होने जा रही जिससे सभी फड़ दुकानदार एक जगह निश्चित करले और उसी स्थान पर बाजार लगने के आदेश दे दिए जाएंगे। सपा जिला अध्यक्ष तनवीर खान ने कहा कि इनकी रोजी रोटी का बहुत जल्द इंतजाम किया जाए यह लोग वर्षों से बहादुरगंज में बुध बाजार और मिशन स्कूल के पास शुक्रवारबाजार लगती आई है और भाजपा सरकार में रोजी-रोटी छीनने का काम किया है। भाजपा सरकार रोजी रोटी दे नहीं सकती तो छीनने का भी अधिकार नहीं है। तत्काल प्रशासन अगर इनकी समस्याओं का समाधान नहीं करता और इनकी रोजी रोटी छीनने की कोशिश की गई तो सपा आंदोलन करने को बाध्य होगी।

## भाई -भतीजे को मौत के घाट उतारने का प्रयास

**शाहजहांपुर।** रंजिश के चलते मौसेरे भाई व उसके आठ बर्षीय बेटे की गर्दन पर चाकू से प्रहार कर जान लेने का प्रयास करने वाले युवक को परिजनों ने दबोच कर पुलिस के हवाले कर दिया। रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला मिश्रीपु सुधीर गुप्ता के मौसेरा भाई प्रिंस गुप्ता ने अपने भाई सुधीर गुप्ता (35) व उनका बेटा लक्ष्य (8) की गर्दन पर चाकू से हमला कर दिया। इस बीच उनके बेटे ने शोर मचा दिया तो घर के सभी सदस्य जाग गए और लहूलुहान पति व बेटे को लेकर थाने पहुंचे। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

## अधिकारी कार्यालय से चलकर दिव्यांगजनों की समस्याएं सुनेंगेः सीडीओ

**शाहजहांपुर।** अन्तरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी प्रेरणा शर्मा ने कहा था कि अब दिव्यांगजनों को नही जाना पड़ेगा अधिकारियों के कार्यालय बल्कि अधिकारी खुद अपने कार्यालय से चलकर दिव्यांगजनों की समस्याएं सुनेंगे। ठीक इसी प्रकार सरिता सिंह नामक दिव्यांग जो खुदा गंज ब्लाक से चलकर विकास भवन परिसर पहुंची। दिव्यांग सरिता सिंह को व्हीलचेयर की आवष्यकता थी, जिसकी सूचना मुख्य विकास अधिकारी को दी गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने खुद अपने कार्यालय से चलकर विकास भवन परिसर में दिव्यांग सरिता सिंह की समस्या सुनी। दिव्यांग सरिता ने व्हीलचेयर के लिए अनुरोध किया, जिसपर मुख्य विकास अधिकारी ने पात्रता के आधार पर दिव्यांग सरिता सिंह को षीघ्रातिषीघ व्हीलचेयर उपलब्ध कराने के निर्देष दिए। उन्होंने कहा है कि दिव्यांगजनों की सुविधाओं के दृष्टिगत समस्त विभागीय अधिकारी अपने कार्यालय से चलकर दिव्यांगजनों की समस्याएं सुनेंगे।

# फाइलेरिया की दवा खाने से छात्रा की मौत

## कई बच्चों की हालत गंभीर, अस्पताल में चल रहा इलाज, सीएमओ ने नहीं उठाया मोबाइल

संवाददाता। नवाबगंज फर्रुखाबाद



**फाइलेरिया** की दवा खाने से एक छात्रा की मौत हो गयी वही कई बच्चे गंभीर रुप से बीमार हो गये।

थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम घमुईया रसूलपुर निवासी राजेश कुमार की पुत्री को गांव की ही आंगनवाड़ी गार्गी एवं आशा बहू जतिन देवी ने कल गांव में फाइलेरिया की व कीडो वाली एल्बेंडाजोल गोलियां बांटी थी। जिसमें एक साथ चार चार गोली खाने को कहा था। जिसमें जिन लोगों ने दवाइयां खाई हैं। उनमें रूपा देवी पुत्री राजेश कुमार उम्र 16 वर्ष दवा खाने के बाद पेट में दर्द जलन उल्टी होने लगी। तुरंत लेकर अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टर ने तुरंत फर्रुखाबाद ले जाने की सलाह दी।

फर्रुखाबाद ले जाते समय रास्ते में जिसकी मौत हो गई। गांव के मुनेश कुमार ने अपनी बकरी को कीडो वाली गोली खिला दी। जिससे बकरी की कुछ ही देर में मौत हो गई एवं दवाई खाने से जिन लोगों की हालत खराब हुई है जोकि निम्नवत है जिसमें नव्या पुत्री संजीव कुमार उम्र 8 साल ,सुमित पुत्र श्याम सिंह उम्र 16 वर्ष, चंचल पुत्र बाबूराम उम्र 6 साल, अंजुम पुत्री बाबूराम उम्र 4 वर्ष ,शिवानी पुत्री श्याम सिंह उम्र 18 वर्ष, संजय कुमार की पत्नी दिनेश कुमार , नितेश कुमार पुत्र वीरेंद्र सिंह. नितेश कुमार पुत्र वीरेंद्र सिंह उम्र 11 वर्ष , शिवानी पुत्री उमेश चंद उम्र 10 वर्ष , खुशबू पुत्री धीरेंद्र सिंह , निलेश कुमार पुत्र सत्यराम, शांति देवी पत्नी राम शंकर उम्र 48 वर्ष चंचल 8 वर्ष पुत्री रामपाल व शबनम 7 वर्ष पुत्री श्याम सिंह , राम सिया पत्नी बेचेलाल, प्रियांशु 9 वर्ष पुत्र नीरज कुमार तांसी 4 वर्ष, पुत्री नीरज कुमार इन लोगो की हालत खराब बनी हुई है । समाचार लिखे जाने तक सभी बच्चों का इलाज चल रहा था। राजेश कुमार ने अपनी पुत्री की मृत्यु के बाद तुरंत सूचना थाना प्रभारी पूनम जादौन को दी जो मौके पर तुरंत पहुंची। उन्होने मौका मुआयना किया और शव पोस्टमार्टम के लिए फर्रुखाबाद भेज दिया। सि संबध में जब मुख्यचिकित्साधिकारी से मोबायल पर संपर्क करना चाहा लेकिन संपर्क नही हो सका।

# भाजपा के नवनियुक्त जिला महामंत्री राम जी का स्वागत



संवाददाता। रूरा

**नवनियुक्त** बीजेपी जिला महामंत्री राम जी गुप्त का कस्बे के शिवम गेस्ट हाउस मे जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर भारी संख्या मे लोग मौजूद रहे। राम जी गुप्त भाजपा की स्थापना से ही पार्टी से जुड़े रहे है। चाहे राम मंदिर आंदोलन हो अथवा पार्टी का कोई भी कार्य हो उन्होंने पूरी निष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारी को अंजाम दिया है। जिले मे उनकी पहचान कद्दावर नेता रूप मे होती है। बीजेपी की जिला कार्य समिति मे काफी बार कोषाध्यक्ष पद पर रहे। जिला पंचायत उपाध्यक्ष पद पर भी अपनी सेवाएं राम जी दे चुके है। सोमवार को उन्हें जिला महामंत्री मनोनीत किया गया थाए कस्बे के शिवम गेस्ट हाउस मे उनका भव्य और जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत के दौरान राम बाबू शुक्ला वीरे शुक्ला संदीप गुप्त सोनू तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# प्रवीण त्रिवेदी फिर बने राजस्व संग्रह अमीन संघ के अध्यक्ष



संवाददाता घाटमपुर

**राजस्व** संग्रह अमीन संघ तहसील घाटमपुर की नयी कार्य कारण का चुनाव हुआ जिसमें प्रवीण त्रिवेदी को पुन: अध्यक्ष बनाया गया। बीते वर्ष 2019 में भी प्रवीण त्रिवेदी अध्यक्ष चुने गये थे। इसके अलावा उपाध्यक्ष आदित्य पाठक, महामंत्री नीलेंन्द्र दिवाकर, मंत्री राम सिंह, कोषाध्यक्ष अनवार अहमद, संगठन मंत्री मयंक पांण्डेय, तथा आडीटर पद पर रामनरायन उमराव को चुना गया। इसके पहले चुनाव अधिकारी श्रीपाल यादव और शरद श्रीवास्तव चुनाव की प्रक्रिया शुरु की लेकिन मौजूद अमीनों ने सभी पुराने पदाधिकारियों पर ही बिश्वास जताया। इस मौके पर रणधीर सिंह यादव, उमेश तिवारी, तपधारी सिंह, राजकिशोर पाल, हसन आबिद, रघुबीर शरण पांण्डेय भी मौजूद रहे। नव निर्वाचित अध्यक्ष प्रवीण त्रिवेदी ने बताया कि आगामी 13 जनवरी को शपथ ग्रहण समारोह होगा।

## कांग्रेस की तरफआशा भरी निगाहों से देख रही जनता: विजय

**फर्रुखाबाद।** कांग्रेस का संगठन सृजन कार्यक्रम लगातार जारी है। जिसके चलते कांग्रेस बूथ स्तर पर अपने पंजे की पकड़ को मजबूत करने में पूरी ताकत से लगी है।

विकास खंड राजेपुर के न्याय पंचायत खंडोली के सीढे चकरपुर में संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत कांग्रेस की बैठक आयोजित की गयी। जिसमे जिलाध्यक्ष विजय कटियार नें कहा कि संगठन सृजन अभियान के दौरान प्रत्येक न्याय पंचायत में संगठन का विस्तार किया जा रहा है। जब पार्टी का संगठन मजबूत होगा तभी पार्टी आगामी 2022 के विधानसभा चुनाव में अपना परचम लहराएगी ,निश्चित रूप से आम जनमानस कांग्रेस की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहा है। आज किसान परेशान है किसान की आवाज को केंद्र की भाजपा सरकार नहीं सुन रही है।

# कल्याण मिशन के तहत किसानों को किया गया सम्मानित

संवाददाता। कानपुर देहात



**शासन** के निर्देशों के तहत किसान कल्याण मिशन योजना के अन्तर्गत प्रथम चरण में अकबरपुर विधान सभा के विकास खण्ड अकबरपुर, भोगनीपुर विधानसभा के विकास खण्ड मलासा, सिकन्दरा विधानसभा के विकास खण्ड राजपुर, रसूलाबाद विधानसभा के विकास खण्ड रसूलाबाद में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

अकबरपुर विकास खण्ड के अन्तर्गत ईको पार्क सामुदायिक भवन में सदर विधायिका प्रतिभा शुक्ला, जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय, उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव, अग्रणी जिला प्रबन्धक, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, कृषि भवन लखनऊ से पधारे डा0 ए0के0 श्रीवास्तव, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकगण आदि उपस्थित रहे। जिसमें 700 से अधिक कृषको की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में आंगनवाडी कार्यकर्तियों द्वारा, उद्यान विभाग, पशुपालन, बैंक, मण्डी , फसल बीमा योजना, मृदा परीक्षण, जैविक खेती, यौगिक खेती, औषधीय फसलों की खेती के आर्कषक स्टाल लगाये गये।

मुख्य अतिथि सदर विधायिका, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा अपने सम्बोधन में केद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी देने के लिए जिले के अधिकारियों की सराहना की तथा किसानों को एफ0पी0ओ0 बनाकर अपनी आय को दोगुनी करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सोलर पंप में गुलाब सिंह ग्राम पाल नगर, यंत्रीकरण रोटावेटर में अनिल कुमार ग्राम अकबरपुर, ट्रैक्टर माउण्टेड स्प्रेयर में विजय सिंह रामबाडापुर, फार्म मशीनरी बैंक जगतश्री एग्रोप्रोड्येसर कं0 रूरा आत्मा योजना के स्वयं सहायता समूह अकबरपुर की लक्ष्मी देवी को अनुदान प्राप्त करने हेतु प्रमाण पत्र दिया गया।

पी0एम0 किसान योजना के अनिल कुमार ग्राम रूरा, लक्ष्मीकांत ग्राम जगनपुर, अमर सिंह ग्राम माझापुरवा के खाते में 14000 रू0 धनराशि अंतरण के प्रमाणपत्र दिये गये। इसके साथ ही बैंको के द्वारा पॉच लाभार्थियों को के0सी0सी0 कार्ड तथा राजस्व विभाग द्वारा खतौनियों का वितरण भी किया गया। मंडी के द्वारा संचालित कृषक उपहार योजना के अन्तर्गत ट्रैक्टरों की चाबी भी विधायक के द्वारा लाभार्थियों को सौंपी गयी। इसी प्रकार विकास खण्ड राजपुर में अजीत पाल राज्यमंत्री मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे जिनके द्वारा किसनों को सरकार द्वारा चलाई गयी योजनाओं की जानकारी दी गयी एवं विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गयी प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया गया। विकास खण्ड मलासा में बी0डी0ओ0 अकबरपुर एवं भूमि संरक्षण अधिकारी अशोक कुमार के निर्देशन में योजनाओं की जानकारी दी गयी। मुख्य अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि जालौन गरौठा श्याम सिंह सिसोदिया उपस्थित रहे। अपने उद्बोदन के दौरान योजनाओं को जन-जन तक पहुॅचाने हेतु सभी अधिकारियों की प्रशंसा की। विकास खण्ड रसूलाबाद में खण्ड विकास अधिकारी एवं मुख्य अतिथि के रूप में ब्लाक प्रमुख कुलदीय यादव सहित विधायक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। खण्ड विकास अधिकारी के द्वारा विभिन्न विभागों के समन्वय से योजनाओं की जानकारी दी गयी एवं लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किये गये। जनपद में प्रथम चरण के कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारियों सहित अलग अलग विकास खण्डों में 1006 महिला एवं 1519 पुरूष कुल 2525 किसानों की भागीदारी रही। मिशन शक्ति में महिलाओं की भागीदारी को देखते हुए जनप्रतिनिधियों ने सराहना की। कार्यक्रम में कोविड-19 गाइड लाइन का पालन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा0 अरविन्द यादव वैज्ञानिक के0वी0के0 द्वारा किया गया।

# डीएम ने बैठक में दिए निर्देश



संवाददाता। कानपुर देहात

**जिलाधिकारी** डा0 दिनेश चन्द्र ने कलेक्टेऊट सभाकक्ष में 15वें वित्त आयोग की संस्तुति के अन्तर्गत वर्ष 2020-21 हेतु ड्रिकिंग वाटर के कार्य हेतु प्राप्त धनराशि के सापेक्ष जनपद की नगर पालिका परिषद/नगर पंचायतों द्वारा प्रस्तुत कार्ययोजनाओं के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन के निर्देशों के अनुसार ही कार्य किया जाये तथा विद्यालयों में वाटर रनिंग सही प्रकार से रहे इसके लिए कार्ययोजना तैयार कर कार्य कराया जाये। उन्होंने अधिशाषी अभियंता जल निगम को निर्देशित किया कि जो परियोजनायें संचालित है उनकी जांच करा ले तथा जहां कही भी खराब हो गयी है उसे ठीक कराया जाये। उन्होंने सभी अधिशाषी अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगर पालिका व नगर पंचायतों में साफसफाई बेहतर रहे तथा जो भी सामग्री आदि लेनी हो तो उसकी कार्ययोजना बनाकर समिति में स्वीकृत कराये। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो पुराने भवन है उनकी जांच कर ली जाये तथा कही वह गिरने के योग्य तो नही है तथा समय रहते उन्हें दुरस्त भी कराया जाये। बैठक में अन्य बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज वर्मा, अतिरिक्त मजिस्टेऊट राजीव राज, वरिष्ठ कोषाधिकारी केके पाण्डेय, समस्त ईओ नगर पंचायत नगर पालिका आदि अधिकारीगण व नाजिर जगदीश यादव आदि उपस्थित रहे।

# प्रधानाचार्य ने लगाई फांसी

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**बुधवार** दोपहर प्रधानाचार्य नें फंसी लगाकर आत्महत्या कर दी। जिससे कोहराम मच गया। मामले की सूचना पुलिस को नही दी गयी।

कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के ग्राम रोहिला निवासी 35 वर्षीय वीरू उर्फ विक्रम सिंह पुत्र रिपदमन सिंह विकास खंड मोहम्मदाबाद के ग्राम नगला महिला राजेन्द्र नगर के प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत थे। उनकी पत्नी विनेश भी उसी विद्यालय में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। परिजनों नें बताया कि दोपहर बाद विक्रम सिंह नें घर के आंगन में छत के जाल में प्लास्टिक की रस्सी से फंसी लगाकर आत्महत्या कर दी। जानकारी होने पर उनकी पत्नी विनेश और माँ राकेश कुमारी का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। ग्रामीणों की भीड़ घर पर लग गयी। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार नें बताया कि उन्हें घटना के सम्बन्ध में जानकारी नही है।

## महिला को पीटा

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** डीएम के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने एक महिला की तहरीर पर उसके पुत्र व देवर के साथ गाली गलौज कर मारपीट करने के मामले में एससी.एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोप है कि आरोपितों ने महिला के मकान पर ताला भी डाल दिया। जिलाधिकारी के निर्देश पर कंपिल क्षेत्र के गांव हजरतगंज निवासी पुष्पा देवी ने गांव के ही निर्मल व संजीव के खिलाफ मारपीट, एससीएसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता का कहना है कि उसका पुत्र सूरज व देवर राज नारायण बाइक से कायमगंज से गांव वापस जा रहे थे। करीब सात बजे रायपुर के पास उक्त आरोपितों ने बाइक पर धक्का मारा और गिरा दिया। जाति सूचक गालियां दीं। लाठी डंडो व सरिया से मारपीट की। घायल सूरज को शहर के एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया।

# किसान मेला और गोष्ठी का आयोजन



संवाददाता घाटमपुर

**केंन्द्र** व प्रदेश की सरकार किसानों की आय दोगुनी करने तथा उनकी खुशाली के लिये चलये गये किसान कल्याण मिशन के तहत आज बिकास खंण्ड कार्यालय में किसान मेला और गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी में किसानों के अलावा महिलायों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में पंहुचे क्षेत्रीय बिधायक उपेंन्द्र नाथ पासवान ने किसानों से संवाद कर सरकार द्वारा किसानों के हित में चलायी जा रही बिभिन्न योजनाओं और लाभार्थिओं को प्रसस्ति पत्र बांटे। इसके पहले मुख्य बिकास अधिकारी महेंन्द्र कुमार ने निराश्रित मवेशियों के लिये गांवों में गौशाला बनाये जाने तथा उनकी देखभाल को लेकर सरकार की मंशा पर चर्चा कर निराश्रित मवेशियों को उनमें रखने की बात कही। इसके पहले मुख्य बिकास अधिकारी बिधायक संग कृषि मेले व लगायी गयी प्रर्दशनी का अवलोकन किया। मेले में आयें कृषि बैज्ञानिकों ने खाद्यन्न उत्पादन, के अलावा गन्ना, दुग्ध और तिलहन उत्पादन के संवन्ध में बैज्ञानिक ढ़ग तरीके से करने के बारे में बिस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में जिला पंचायत राज अधिकारी के अलावा खंण्ड बिकास अधिकारी एस0एन0 सिंह तथा भाजपा कानपुर ग्रामीण के जिला मंत्री दलजीत सिंह, बरीपाल मंण्डल के महामंत्री पुष्पेंन्द्र सिंह भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन बिषय वस्तु बिशेषज्ञ अरुण सिंह ने किया।

# किचन गार्डन हो चुकी खेती से अधिक लाभ की जरूरत



संवाददाता। फरुखाबाद

**किसानों** की आय दोगुनी करने की दिशा में अहम कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश में किसान कल्याण मिशन का शुभारंभ बुधवार को राजधानी में किया। उसी योजना के तहत नगर में किसान कल्याण मिशन के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे किसानों को उन्नति कृषि के प्रति जागरूक किया गया। लेकिन कार्यक्रम में कोरोना को लेकर अफसर अनजान बने रहे। कार्यक्रम में आये किसान और महिलाएं भीड़ में बिना मास्क लगाये ही नजर आयीं।

जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह नें बढ़पुर के क्रिश्चियन कालेज मैदान में कृषि कल्याण मिशन के तहत आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ फीता काटकर किया। इसके बाद जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह, सीडीओ डॉ0 राजेन्द्र पैंसिया, विधायक सदर मेजर सुनील दत्त द्विवेदी नें स्टालों पर जाकर जानकारी ली।

सुधांशु गंगवार निवासी कुईयांधीर शमसाबाद ने गौ आधारित प्राकृतिक कृषि के विषय में किसानों को जानकारी दी। इसके अलावा उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता, सिंचाई-लघु सिंचाई, नेडा, विद्युत, ग्राम्य विकास, पंचायती राज, वन, बाल विकास एवं पुष्टाहार, मिशन शक्ति, पीएम कल्याण निधि आदि के स्टाल लगाये गये थे। जिस पर किसानों नें जानकारी ली।

जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह नें कहा वर्तमान में कृषि की भूमि किचन गार्डन जितनी हो गयी है। इस लिए किसानों को कम भूमि में अधिक पैदावार करनी है। जिसमे गौ आधारित खेती काफी लाभदायक है। उन्होंने कहा कि सरकार की किसी भी योजना के पंजीकरण के लिए अब किसी विभाग में जाने की आवश्यकता नही है। किसी जन सुबिधा केंद्र पर जाकर अपना किसी भी योजना के तहत पंजीकरण कराया जा सकता है। इसके साथ ही जन सेवा केंद्र संचालकों को सरकार की योजनाओ के सम्बन्ध में प्रशिक्षण दिया जायेगा। योजनाओं के लिए किसी विभाग में जाने की जरूरत नही है। विभागों में आज दलालों की आत्माएं भटकती रहती हैं। उन्होंने कहा की पूरे जिले में कृषि योग्य भूमि है। केबल मोहम्मदाबाद में भूमि सुधार की जरूरत है। राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार आजीविका मिशन के तहत संचालित स्वयं सहायता समूह की अध्यक्षों को प्रमाण पत्र वितरित किए गये। उन्हें सरकार की योजनाओं के तहत विभिन्न योजनाओं का लाभ लेनें की सलाह दी गयी।

## टूटे कोरोना के सभी नियम

**जिला** कृषि विभाग की तहत से आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान और ग्रामीण महिलाएं पंहुची। जो बिना मास्क और बिना सोशल डिस्टेंसिंग के पालन बैठीं। विभाग उन्हें एक मास्क तक उपलब्ध नही करा सका। जिससे कोबिड-19 के सभी नियम टूटे। लेकिन पूरे प्रशासन को इसकी कोई फिक्र नजर नही आयी। सीडीओ डॉ0 राजेन्द्र पैंसिया, विधायक सदर मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, जिला विकास अधिकारी दुर्गा दत्त शुक्ला, कृषि उपनिदेशक राजकुमारसिंह ने विचार व्यक्त किये। संचालन जगदीश चन्द्र कटियार नें किया।

## दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग के लिए आवेदन पत्र भराये जाएं: सीडीओ

**कानपुर देहात।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, द्वारा कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजनान्तर्गत दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण जैसे-ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, वैशाखी, कान की मशीन एवं ब्लाइंड स्टिक आदि सहायक उपकरण नि:शुल्क प्रदान किये जाते हैं। उपरोक्त जानकारी देते हुए मुख्य विकास विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय ने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों, समस्त अधिशाषी अधिकारियों नगर पंचायत, नगर पालिका को निर्देशित करते हुए बताया कि जनपद के अधिकाधिक दिव्यांगजनों के आवेदन पत्र अपने अधीनस्थ फील्ड स्टॉफ के माध्यम से भरवाकर समस्त आवश्यक प्रपत्र संलग्न कर 7 दिनों के अंदर आवेदन पत्र कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, कमरा नं0-105, विकास भवन, माती, कानपुर देहात को वरीयता के आधार पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, पात्र दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण देकर लाभान्वित किया जा सके।

# गरुण वाहिनी ने चेकिंग अभियान चलाकर कई वाहन किए सीज



संवाददाता। फरुखाबाद

**पुलिस** ने गरुण वाहिनी टीम ने सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाये गये चेकिंग अभियान में गरुण वाहिनी टीम ने आज राजेपुर कस्बा क्षेत्र में मास्क एंव वाहन चेकिंग अभियान चलाया। जनपद में पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में चलाये जा रहे मास्क एंव वाहन चेकिंग अभियान के अंतर्गत गरुण वाहिनी टीम प्रभारी प्रशांत कुमार ने राजेपुर कस्बा क्षेत्र में वाहन एंव मास्क चेकिंग अभियान चलाकर दुपहिया वाहनों को रोका। इस दौरान मास्क एंव हेल्मिट न लगाने वाले नागरिकों के चालान कर लगभग 10 बाइकों को थाने में पहुंचाया। वहीं टीम प्रभारी श्री कुमार ने आम जनमानस को जागरुक करते हुए कहा कि कोविड महामारी से बचना है मास्क अवश्य लगाये। एंव दुघर्टना से बचने के लिए हेल्मिट लगाकर ही वाहन चलाये। जिससे कोई भी आम नागरिक कोरोना 19 दुघर्टना का शिकार न हो।

## आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में जिला प्रदेश में अव्वल

**फर्रुखाबाद।** मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायतों के निस्तारण की शासन में प्रतिमाह समीक्षा की जाती है। समीक्षा के आधार पर ही शासन सभी जिलों की रेटिंग जारी करता है। इस बार फर्रुखाबाद आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण अब्बल रहा है। सरकार ने आम लोगों की शिकायतों के निस्तारण के लिए ऑन लाइन शुरुआत की थी। सभी डीएम को इसका नोडल अधिकारी बनाया गया है। दर्ज शिकायतों को ऑन लाइन ही संबंधित विभागों के विभागाध्यक्षों को निस्तारण के लिए भेजा जाता है। शिकायतों के स्वरूप के आधार पर उनको अलग अलग श्रेणियों में रखा गया है और सभी का निस्तारण का एक समय निश्चित भी है। इसके बाद अगर निस्तारण नहीं हुआ तो वह डिफाल्टर की श्रेणी में चली जाती है। त्वरित और बेहतर निस्तारण पर नंबर दिए जाते हैं। खराब प्रदर्शन करने वालों को दंड का भी प्राविधान है। इस बार प्रदेश की रैंकिंग में फर्रुखाबाद को 100 प्रतिशत अंक मिले।

# तीनों कृषि कानूनों का किसान लें लाभः चन्द्रिका उपाध्याय

संवाददाता। चित्रकूट



मेगा कैम्प में बोलते डीएम।

**सूबे** के लोनिवि राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय व डीएम शेषमणि पाण्डेय की मौजूदगी में मन्दाकिनी अतिथि गृह कालूपुर में किसान कल्याण मिशन के तहत मेगा कैम्प कृषि मेला का शुभारम्भ कर राज्यमंत्री ने कहा कि सिंचाई व्यवस्था पर शासन स्तर से कार्य हो रहे हैं। सिंचाई के समाधान को नहरों में टेल तक पानी पहुंचाने को प्रयास जारी है। बुधवार को मेगा कैम्प में राज्यमंत्री ने कहा कि जिन किसान भाइयों ने नवम्बर 2020 तक ट्यूबवेल के लिए आनलाइन आवेदन किया है उन्हें शीघ्र ही विद्युत सामग्री दी जायेगी। शासन ने यूरिया को नीम कोटेड कर दिया है। किसानों को पर्याप्त मात्रा में यूरिया मिलेगी। परम्परागत खेती को बढावा देकर गोबर व गौमूत्र से नीम की पत्तियों के रस से छिडकाव कर फसलों के जीवाणु खत्म कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि तीन कृषि कानूनों का किसान लाभ लें।

डीएम ने कहा कि जिले के किसानों के सर्वांग्रीण विकास को शासन की नीतियों को प्रशासन जन-जन तक पहुंचा रहा है। वे खुद किसान परिवार से हैं। किसानों के दुख-दर्द को समझते हैं। किसान सम्मान निधि योजना पर 73 हजार किसानों को लाभ मिल रहा था। कृषि विभाग की टीम ने एक लाख 93 हजार में एक लाख 63 हजार किसानों को सम्मान निधि का लाभ दे रहा है। सीडीओ अमित आसेरी समेत संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## ऊर्जावान कार्यकर्ताओं को मिलेगी जिम्मेदारीः कुशल

**चित्रकूट।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर कांग्रेस ने संगठन सृजन अभियान के दूसरे दिन मानिकपुर ब्लाक के किहुनिया न्याय पंचायत के उमरी में बैठक कर बतौर मुख्य अतिथि संगठन प्रभारी कुतैवाजमा व जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की मौजूदगी में तीनों न्याय पंचायत अध्यक्षों की घोषणा की गई। बुधवार को प्रभारी ने कहा कि प्रियंका गांधी के निर्देश पर सूबे में न्याय पंचायत व ब्लाक कमेटियों का गठन हो रहा है। जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि पांच से 25 जनवरी तक न्याय पंचायतों में बैठक कर ब्लाक कमेटियों का गठन किया जायेगा। सभी कांग्रेसी बैठकों में हिस्सा लें। जिला उपाध्यक्ष रंजना बरातीलाल पाण्डेय ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष अजय लल्लू की अगुवाई में कांग्रेस गांव-गांव पहुंचकर बैठककर ऊर्जावान कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देंगी। जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष विपिन पाण्डेय ने कहा कि किसान के बेटे को कांग्रेस ने जिम्मेदारी सौंपी है। युवा कांग्रेस की टीम को मजबूत बनायें।

# सक्रिय सहभागिता से भाजपा जीतेगी पंचायत चुनावः मानवेन्द्र



महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण करते भाजपा नेतागण।

**चित्रकूट।** भाजपा कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य व डॉ दीपक द्विवेदी के विशिष्ट आतिथ्य तथा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे की अध्यक्षता में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव बाबत हुई बैठक में चौहान ने कहा कि कार्यकर्ताओं के सक्रिय सहभागिता से ही सभी कार्य होते हैं। विजय संकल्प के साथ पंचायत चुनाव में लगकर भाजपा को अजेय शक्ति बनाना है। बुधवार को डॉ दीपक द्विवेदी ने कहा कि पंचायत चुनाव जीतने को जन-जागरण अभियान चलाकर जनता को जागरूक करना है। जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपने प्रयास से व्यापक रुप से सक्रिय होकर दायित्वों का निर्वहन कर चुनाव में जीत सुनिश्चित करें। महामंत्री आलोक पाण्डेय ने संचालन करते हुए कहा कि क्षेत्रीय अध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह चौहान के बताये बिन्दुओं का अनुपालन कर सफलता प्राप्त की जायेगी। बैठक के अन्त में पंचायत चुनाव संयोजक बद्रीविशाल त्रिपाठी ने आभार जताया। बैठक में महेन्द्र कोटार्य, बिपुल सिंह, डॉ रणवीर सिंह चौहान, राजेश जायसवाल, लवकुश चतुर्वेदी, सुशील द्विवेदी, विनोद पाण्डेय, कृष्णकान्त पाण्डेय, भागवत त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### अज्ञात कारणों से युवक ने लगाई फांसी, हुई मौत

**माधौगढ़ (जालौन)।** अज्ञात कारणों से युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन-लीला समाप्त कर ली। युवक काफी दिनों से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। रामपुरा थाना के ऊमरी गांव में शिशुपाल सिंह (52) पुत्र पहलवान सिंह उर्फमालबाबू ने अपने कमरे में कुंडी बंद कर भोर के समय पंखे से रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। काफी समय तक घर में किसी को कोई खबर न हुई, क्योंकि अक्सर वह काफी देर तक दरवाजा लगाकर सोते रहते थे। घटना के दो घंटे बाद परिजनों को शंका हुई तो खिड़की से अंदर का नजारा देखा तो पैरो तले जमीन खिसक गई। चीखने के बाद परिजन और आसपास के लोग इकट्ठे हो गए। पुलिस की मौजूदगी में शव को फंदे से नीचे उतारा गया। पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मृतक की पत्नी शोभना एनजीओ में काम करती हैं। बेटा ईशू और बेटी शिखा भी पिता को देखकर चीखते हुए बिलाप करने लगे जिसे देखकर मौके पर उपस्थित लोगों की आंखें भी नम हो गयी।

### पड़ोसी की जमीन पर किया शौचालय का निर्माण

**जालौन (उरई)।** बाहर रहने के दौरान पड़ोसी ने मकान के हिस्से में शौचालय बनवा लिया। जब शौचालय हटाने के लिए कहा तो गाली, गलौज करते हुए मारपीट पर आमादा हो गया। पीड़िता ने मामले की तहरीर कोतवाली में देकर न्याय की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कैंथ निवासी संगीता देवी पत्नी विकास कुमार ने पुलिस को बताया कि वह अपने पति के साथ बाहर रहती है। गांव का मकान खाली पड़ा रहता है। जब वह पति के साथ बाहर थी तो पड़ोसी राजेंद्र ने मौके का फायदा उठाकर उसके हिस्से में शौचालय बनवा लिया। लौटकर जब उसने अपने हिस्से में पड़ोसी का शौचालय बना देखा तो उसे शौचालय हटाने के लिए कहा। इस बात को सुनकर वह क्रोधित हो गए और गाली, गलौज करते हुए मारपीट पर आमादा हो गए। इतना ही नहीं शौचालय हटाने की बात कहने पर जान से मारने की धमकी भी दे डाली। पीड़िता ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। वहीं, पीड़िता की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सदर तहसील में आइजी बबेरू में डीएम ने सुनी फरियाद

**बांदा।** मंगलवार को जनपद की सभी तहसीलों में समाधान दिवस आयोजित हुआ। जिलाधिकारी ने बबेरू स्थित तहसील में समाधान दिवस के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समय से निस्तारण कराया जाए। सदर तहसील में आइजी केण्सत्यनारायन व एसडीएम सुधीर कुमार ने 99 मामलों को सुना। तहसीलदार अवधेश कुमार निगम ने बताया कि लगभग 20 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। संवाद सहयोगी बबेरू के अनुसार जिला स्तरीय जिलाधिकारी आनंद कुमार सिंह के सम्मुख लगभग 120 मामले आए। मौके पर मात्र 10 मामलों का उन्होंने निस्तारण किया। सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि मौके पर पहुंचकर समस्याओं का निस्तारण गुणवत्ता के साथ करें। इस दौरान पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थशंकर मीना मुख्य विकास अधिकारी हरिश्चंद्र वर्मा एसडीएम सौरभ शुक्ला डॉण् प्रभात कुमार द्विवेदी जगतपाल सिंह विजयपाल सिंह आदि मौजूद रहे। संवाद सहयोगी अतर्रा के अनुसार एसडीएम जेपी यादव ने 53 मामलों को सुना। सात का मौके पर निस्तारण किया। पुलिस क्षेत्राधिकारी सत्यप्रकाश शर्मा तहसीलदार विजयप्रताप सिंह आदि मौजूद रहे। एडीएम एसडीएम रामकुमार ने 36 प्रार्थना पत्रों के फरियादियों को सुना। तीन का मौके पर निस्तारण किया।

### तीन तमंचे के साथ डांस करने वाला युवक गया जेल

**सरीला (हमीरपुर)।** सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान नये साल पर हाथों में तीन तमंचे लेकर नृत्यांगना के साथ डांस करता वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले युवक को जरिया थाना पुलिस ने दबोच लिया है। वीडियो वायरल होने के बाद कुछ लोगों द्वारा पुलिस के आला अफसरों को वीडियो ट्वीट किया गया था। यह वीडियो जरिया थाना क्षेत्र के किसी गांव का बताया गया था । पुलिस अधीक्षक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जरिया थाना पुलिस को वीडियो परीक्षण के बाद आरोपी को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे। थानाध्यक्ष जरिया अनिरुद्ध कुमार ने बताया कि मामले में धगवां गांव निवासी महेश अहिरवार को देशी तमंचा व दो कारतूस के साथ चंडौत गांव में बेतवा पुल के पास से गिरफ्तार किया गया है।

### टक्कर मारकर घायल करने की रिपोर्ट दर्ज

**कुरारा (हमीरपुर)।** कस्बा निवासी महिला ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफबाइक में टक्कर मार कर घायल कर देने की रिपोर्ट थाने में पुलिस ने दर्ज की है। कस्बा निवासी महिला कुसुम सिंह पत्नी योगेन्द्र सिंह ने पुलिस को बताया कि 9 दिसम्बर 2020 को अपनी बाइक से अनूप सिंह व तेज स्व के साथ मूसानगर जा रहे थे। तभी मनकी तिराहे के आगे टप्पू सिंह के नलकूप के पास सामने से आ रहे ट्रक के चालक ने लापरवाही से गाडी चलाकर बाइक में टक्कर मार कर घायल कर दिया। जिससे मै व अनूप व बच्चा तेजस्व घायल हो गए। इलाज कानपुर में चल रहा है। पीडित महिला की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफमुकदमा दर्ज किया गया है।

### फांसी लगाकर आत्महत्या करने का किया प्रयास

**मौदहा (हमीरपुर)।** बीती शाम अज्ञात कारणों के चलते भमौरा निवासी महिला फांसी लगाकर जान देने की कोशिश की परिजनों ने आनन-फानन में उसे समुदाय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार नेहा पत्नी शहाबुद्दीन भमौरा निवासी घर में अज्ञात कारणों से गुस्से में आकर फांसी लगाने प्रयास किया परिजनों ने आनन-फानन में उसको समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मौदहा में भर्ती कराया हालत चिंताजनक होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### दो छोटी-छोटी बेटियों के साथ लापता हुई विवाहिता

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** विगत दिनों पूर्व पति की गैर हाजिरी में सास व ननद से कहासुनी होने के उपरांत महिला अपनी दो छोटी-छोटी बेटियों के साथ कहीं चली गई। पति द्वारा काफी खोजबीन की गई। परंतु नहीं मिली। पीड़ित पति ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। नगर के मोहल्ला रामगंज निवासी उमेश चंद्र उर्फडब्लू पुत्र स्वर्गीय रामस्वरूप सविता द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि विगत 02 जनवरी को उसकी पत्नी की उसकी मां व बहन से कहासुनी हो गई थी। जिससे नाराज होकर उसकी 28 वर्षीय पत्नी सुनीता दो छोटी छोटी बेटियों के साथ कहीं चली गई। उसके द्वारा रिश्तेदारी सहित कई स्थानों पर खोजबीन की गई। परंतु आज तक नहीं मिल सकी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा गुमशुदगी दर्ज कर महिला सहित बच्चों की खोजबीन शुरू कर दी गई।

### एट पुलिस ने वांछित चल रहे युवक को दबोचा

**एट (जालौन)।** थाना एट पुलिस शांति व्यवस्था एवं बांछित पकड़ों अभियान के तहत गस्त पर मामूर थी तभी मुकदमा संख्या 4-21 धारा 354, 354 क 323, 504 और 506 में बांछित रवि पटेल पुत्र महेश पटेल निबासी ग्राम बिरगुवां खुर्द थाना दिखाई दिया जिसे पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो वह पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे दौड़ा कर पुलिस ने घेरा वन्दी करते हुए पकड़ लिया और थाना ले आयी जहां पुलिस ने उक्त युबक का चालान कर जेल भेज दिया बता दें कि पकड़े गए उक्त युबक के ऊपर पूर्व में ही थाना एट में अपराध संख्या 149-17 धारा 452, 354, 323, 506 एवं एनसीआर 28-17 धारा 504 और 506 में मुकद्दमा पंजीकृत है।

# भूख-प्यास से व्याकुल हो रहे बेजुबान जानवर



**कुरारा (हमीरपुर)।** कुरारा विकास खण्ड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत भैंसापाली गांव स्थित गौशाला का बुरा हाल है। गौ शाला पर जानवरों के लिए भूसा चारा का कोई इंतजाम नहीं किया गया है जिसके कारण बेजुबान जानवरों की भूख प्यास से कई जानवरों ने दम तोड़ दिया है। गौशाला पर सर्दी के बचाव के लिए सरकार द्वारा टीनशेड लगाई गई है लेकिन वो भी किसी काम की नही है क्योंकि चारो तरफ की सर्द हवाओं से जानवर ठंड की वजह से भी दम तोड़ रही है। लेकिन कई बार ग्रामीणों ने शिकायत की जा चुकी है कोई कार्यवाही नही हो रही है, जानवरों के खाने के लिए एक भी भूसा उपलब्ध नही है और थोड़ा बहुत है तो बस पैयार डलवाया गया था जो सिर्फ दिखावे के लिए है, जानवरों को कभी कभार पियार डाल दिया जाता है और भूखे मरते रहते है जानवर, जब भी कुरारा ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी य ग्राम पंचायत सचिव शिवा वर्मा को फोन लगाकर जानकारी दी जाती है तो ये लोग फोन कट कर देते है। फिलहाल एक बड़ी बात ये है कि जब अधिकारी ही नही सुनने को तैयार तो इन बेजुबान जानवरों का क्या होगा।

## पालिकाध्यक्ष ने देखा निर्माण ठेकेदार को दी चेतावनी

**बांदा।** शहर के पुलिस लाइन के पास स्थित कमिश्नर कार्यालय के पीछे बन रहे नाला निर्माण एवं अवंती नगर में इंटरलॉकिंग व जल निकासी हेतु नाला निर्माण का निरीक्षण किया। पालिका अध्यक्ष मोहन साहू ने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता उनकी प्राथमिकता है। हो रहे कार्य निर्माण का निरीक्षण किया गया व ठेकेदारों को चेतावनी दी गई कि कार्य में किसी प्रकार की कोताही न बरती जाए अन्यथा संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। आमजनों द्वारा की गई शिकायतों के संदर्भ में संज्ञान लेते हुए नगर पालिका अध्यक्ष पालिका के अधिशासी अधिकारी बी पी यादव व अवर अभियंता संतोष कुमार राठौर के साथ मौके पर पहुंच कर पुलिस लाइन के पास कमिश्नर कार्यालय के पीछे बन रहे नाला निर्माण एवं अवंती नगर में इंटरलॉकिंग एवं जल निकासी हेतु नाला निर्माण का निरीक्षण किया। संबंधित ठेकेदार को चेतावनी देते हुए कहा कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं कि जाएगी।

# हाईस्कूल छात्र की संदिग्ध हालात में मौत, फांसी पर लटका मिला शव

संवाददाता। बांदा

**शहर** कोतवाली क्षेत्र के कालूकुआं मोहल्ले में किराए के मकान में रहने वाले हाईस्कूल के छात्र की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। वह बड़े भाई के साथ रहकर पढ़ाई करता था। देर शाम भाई लौटा तो दरवाजा खुला मिला। छत के हुक से फांसी के फंदे पर शव लटका देख चीख पड़ा। सूचना मिलने पर चौकी पुलिस पहुंची और नीचे उतार अस्पताल ले गई जहां मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने कागजी कार्रवाई की।

हमीरपुर जिले के भरुआ सुमेरपुर थाना क्षेत्र के देवगांव गांव रामकिशोर प्रजापति सूरत में मजदूरी करते हैं। उनका छोटा बेटा 17 वर्षीय जितेंद्र बड़े भाई राघवेंद्र के साथ कालूकुआं मोहल्ले में किराए के मकान में रहता था। आइटीआइ की पढ़ाई व कंप्यूटर सेंटर में काम करने वाला बड़ा भाई राघवेंद्र मंगलवार शाम लौटा तो दरवाजा खुला देखा। अंदर जितेंद्र को फांसी पर लटके देख चीख पड़ा। पुलिस के साथ अस्पताल ले गया जहां मृत घोषित कर दिया गया।

### नहीं गया था कोचिंग

राघवेंद्र ने बताया कि पिता सूरत में काम करते हैं जबकि फूला देवी गांव में छोटी बहन क्षमा के साथ गांव में रहती हैं। वह लोग पहले बिजली खेड़ा मोहल्ले में रहते थे। दो माह पहले ही यहां रहने आए थे। जितेंद्र आज कोचिंग भी नहीं गया था। छोटे भाई जितेंद्र ने तनाव की भी कोई बात नहीं की थी। पुलिस का कहना है कि वजह का पता लगाया जा रहा है।

### परिवादिनी को मिला क्लेम का चेक

शहर के जीजीआइसी पदमाकर चौराहा निवासिनी साधना सिंह के मामले में जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष तूफानी प्रसाद अनिल कुमार चतुर्वेदी की पीठ ने अक्टूबर में प्रबंधक व वरिष्ठ मंडल प्रबंधक भारतीय जीवन बीमा निगम को आदेश दिया था। आदेश में कहा गया था कि वादिनी को उनके पति की हुई मौत पर दुर्घटना हित लाभ के लिए दो लाख रुपये आदेश की तिथि से छह प्रतिशत ब्याज एक हजार खर्चा पांच हजार रुपये मानसिक पीड़ा के लिए एक माह में अदा करे। भारतीय जीवन बीमा निगम ने उक्त धनराशि का चेक आज फोरम के माध्यम से सौंप दिया। इस दौरान फोरम के वरिष्ठ सदस्य अनिल कुमार चतुर्वेदी परिवादिनी साधना सिंह को अधिवक्ता बद्री प्रसाद धुरिया की शिनाख्त पर दिया गया। यह जानकारी रीडर न्यायालय स्वतंत्र रावत ने दी।

## पालिका के भुगतान न करने पर ठेकेदार ने आत्महत्या की चेतावनी दी

**राठ (हमीरपुर)।** पिछले तीन साल से नगर पालिका द्वारा निर्माण कराई गई सड़कों का 85 लाख रुपये का भुगतान न करने पर ठेकेदार ने आत्महत्या की चेतावनी दी है. कस्बे के बुधौलियाना मोहल्ला निवासी ठेकेदार देवेश मिश्रा ने बताया कि उसकी तीन फर्म मां गायत्री कंस्ट्रक्शन, देवेश मिश्रा और वंदना मिश्रा कंस्ट्रक्शन कंपनी है। 2017 में उसने नगर पालिका द्वारा राज्य वित्त योजना के तहत जारी की गई विभिन्न सड़कों और नालों की टेंडर प्रक्रिया को पूरा करते हुए करीब 85 लाख रूपये का निर्माण कार्य कराया था। बताया कि तीन साल गुजर जाने के बाद भी अब तक उसका भुगतान नहीं मिल सका है। ठेकेदार ने बताया कि वह कई बार नगर पालिका के ईओ से भुगतान कराने के लिए कहा चुका लेकिन आज तक उसका भुगतान नहीं हुआ है। भुगतान न होने से ठेकेदार के सामने आर्थिक संकट छा गया है। ठेकेदार ने नगर पालिका के अधिकारियों को फोन पर भुगतान कराने की मांग करते हुए कहा कि यदि उसका भुगतान नहीं होता है तो वह नगर पालिका कार्यालय के बाहर अनशन को मजबूर होगा। ठेकेदार ने यह भी कहा कि यदि 15 जनवरी तक उसका भुगतान नहीं होता है तो वह आत्म हत्या करने को मजबूर होगा।

निलंबित शाखा प्रबंधक का चिट्ठा

# डेढ़ माह से बिना बताये गायब, चार माह में सिर्फ सात बार ही क्षेत्र का किया था भ्रमण

**राठ (हमीरपुर)।** भूमि विकास बैंक राठ के प्रबंधक के निलंबन में लापरवाही का पूरा चिट्ठा खुल कर सामने आया है, डेढ़ माह से उच्चाधिकारियों को विना बताये प्रबंधक गायब थे यही नही एक जुलाई से लेकर नौ अक्टूबर तक प्रबंधक ने वसूली में केवल सात मर्तवा ही भ्रमण किया था, यही कारण है कि मांग से केवल तीन फीसदी ही वसूली हो पायी थी। भूमि विकास बैंक के प्रबंधक दिलीप वर्मा लंबे समय से बैंक हित में कार्य न कर केवल खानापूरी कर रहे थे। बैंक की कुल मांग 892.80 लाख थी जो 23 दिसम्बर तक मात्र 25.80 लाख रुपये हुई थी। यही नही शासन ने 23 नवम्बर 2020 की बैठक में राठ ब्रांच की बसूली 37.79 लाख निर्धारित की गयी थी जो 24 नवम्बर से 23 दिसम्बर 20 तक मर्ा 3.41 लाख वसूली हो पायी थी, यही नही बैंक प्रबंधक ने 12अक्टूबर 20 से 13 नवम्बर तक अर्जित अवकाश उपभोग करने के बाद शाखा में योगदान दिये विना गायब हो गये थे।क्षेत्रीय प्रबंधक रामकुमार ने बताया कि श्री वर्मा अवकाश जाने के पहले से ही वसूली में कोई रुचि नही दिखा रहे थे। यही नही छह अक्टूबर 2020 को एनबीसीएफडीसी योजना के तहत 8.05 लाख रुपये की सात ऋृण पत्रावलियों को स्वीकृत होने के बाद भी मैनेजर ने न तो ऋृण वितरण किया न ही धन की मांग की थी। उन्होने वाहन भत्ता निकालने में भारी धांधली की है। एक जुलाई 20 को शाखा के कुल बकायेदार किसानो की संख्या 1400 के सापेक्ष मात्र 600 बकायेदारों की बंधकग्रस्त भूमि खतौनियों में दर्ज की 800 किसानों की भूमि को बंधक आज तक दर्ज नही किया है। शाखा पर चाबी संख्या एक के रजिस्टर का रख रखाव सही नही है, श्री वर्मा द्वारा शाखा की कैशबुक एवं कैश इन सेफएवं कैश इन ट्रांजिट रजिस्टर का नियमित अवलोकन नही किया जा रहा था लापरवाही का आलम यह था कि बैंक में सभी काम अव्यवस्थित हो चुके थे कोई किसी की सुनने वाला नही था। निलंबित मैनेजर को शाखा झांसी से सम्बद्ध कर दिया गया है और अनिल कुमार पांडेय क्षेत्रीय प्रबंधक झांसी मंडल को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। शासन ने आरोप पत्र जारी करते हुये कहा है कि श्री वर्मा के मनमाने ढंग सेकाम करने से न केवल शाखा को आर्थिक क्षति हुयी है बल्कि व्यवसाय प्रभावित हुआ है।

## हरीपुरा अस्थाई गौशाला में मृत गाय को सचिव ने कराया दफन

**जालौन ( उरई )।** हरीपुरा में संचालित गौशाला के बाहर एक गौवंश मृत पाया गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे पूर्व प्रधान एवं सचिव ने मृत गौवंश को सम्मान दफन कराया। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सारंगपुर के मजरा हरीपुरा में अस्थाई गौशाला का निर्माण कराया गया था। बुधवार की सुबह गौशाला के बाहर एक गौवंश मृत मिला। मृतक गौवंश की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। मृत गौवंश का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गया। यह खबर जब पूर्व प्रधान जसवंत सिंह और सचिव प्रियंका धीमान को मिली तो वह भी मौके पर पहुंच गई। सचिव प्रियंका धीमान के अनुसार गौशाला में जो भी गायें बंद की गई थी। उन सबकी टैंगिग की गई थी। गौशाला में 50 अन्ना गौवंश की टैगिंग की गई थी। जो गौवंश मृत पाया गया है, वह गौशाला का नहीं है, बल्कि बाहर का है। फिर भी वह गौवंश को दफनाने की व्यवस्था कर रही हैं। इसके बाद उन्होंने बीडीओ महिमा विद्यार्थी को सूचना दी। बीडीओ ने गड्ढा खुदवाकर गोवंश को ससम्मान दफनाने के निर्देश दिए। इस संदर्भ में बीडीओ महिमा विद्यार्थी ने बताया कि गौशाला में अन्ना गोवंश की टैगिंग कराकर उनकी गिनती के साथ रखवाया गया है। गौशाला में चारे पानी की पर्याप्त व्यवस्था के साथ ही ठंड से पशुओं के बचाव के भी इंतजाम किए गए हैं। जो गोवंश मृत हुआ है वह गौशाला के बाहर का है और उसकी मृत्यु भी गौशाला के अंदर नहीं बल्कि बाहर हुई है। फिर भी गौवंश का अंतिम संस्कार करा दिया गया है।

# सीडीओ ने दिए किसानों को आत्मनिर्भर बनने के टिप्स

**कुसमिलिया ( जालौन )।** बुधवार को ग्राम कुसमिलिया में कृषक सेवा सहकारी समिति पर किसान मेला गोष्ठी एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों एवं महिलाओं ने भाग लिया इस आयोजन की अध्यक्षता सांसद भानु प्रताप वर्मा ने की। मुख्य अतिथि सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा व सीडीओ अभय कुमार श्रीवास्तव ने की संचालक उप निदेशक कृषि जालौन आरके तिवारी ने किया मंचासीन रहे कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष किशोरीलाल बापू ने किया तथा किसानों की समस्याओं को विस्तृत जानकारी दी गयी।

मुख्य विकास अधिकारी अभय कुमार ने किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिये कई योजनाओं की जानकारी दी इस मौके पर थानाध्यक्ष अजय कुमार सिंह तथा खंड विकास अधिकारी गौरव कुमार, सहायक विकास अधिकारी पंचायत बलवीर सिंह सेंगर, सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण ज्ञानेंद्र राजपूत, सचिव पुष्पेंद्र सिंह, सचिव इंद्रजीत सिंह राणा, प्रबंध निदेशक संगीता देवी यादव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस मौके पर किसानों हेतु 12 ज्ञानवर्धक स्टाल लगाए गए डॉक्टर भगत सिंह राजपूत पशु चिकित्सा अधिकारी डकोर के निर्देशन में चिकित्सा सुविधा का स्टाल लगाया गया। स्टाल कृषि रक्षा, स्टार बीज भंडार, स्टाल पशु चिकित्सालय, गीता सिंह खाद्यान्न विभाग द्वारा महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराई गई इस मौके पर प्रधान कुसमिलिया दिनेश दिवाकर ,डकोर प्रधान प्रतिनिधि यशपाल सिंह शिव कुमार राजपूत, मुन्ना मुहाना जिला महामंत्री पिछड़ा मोर्चा भाजपा वीरेंद्र राजपूत, ब्रजमोहन राजपूत, आलोक दिवेदी जहार सिंह, डेविड राजपूत, विपिन पालीवाल, रोहित परिहार, मुकेश राजपूत, गौरव पांचाल, रामकुमार परमार, सचिव पुष्पेंद्र सिंह तथा लेखपाल डकोर केशकुमार सहित सैकड़ों की संख्या में अपार जनसमूह उपस्थित रहा।

## घर में घुसकर चोर ने पार की लाखों की नगदी

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** बीती देर रात अज्ञात चोर ने घर में घुस कर कमरे में रखी अलमारी से लाखों रुपए पार कर दिए। सुबह जानकारी होने पर पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को घटना की सूचना दी। जिसपर उच्चाधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच की और पीड़ित सहित आसपास के लोगों से पूंछताछ की। नगर के तिराहा जामा मस्जिद के सामने स्थित अनवार उर्फ अन्नू ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि उसके घर में बुधवार की सुबह करीब 3 बजे चोर ने घुसकर कमरे में रखी अलमारी से 7 लाख 68 हजार रुपए चोरी कर लिए। जानकारी होने पर गृह स्वामी के होश उड़ गए। उसने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। जिस पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। उधर अपर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, सदर क्षेत्राधिकारी शिव प्रताप सिंह, प्रभारी कोतवाल जितेन्द्र पाल सिंह ने घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल कर पूछताछ की। मामले की जांच कर रहे चौकी प्रभारी प्रेम सिंह राजपूत का कहना है कि घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है।

## बर्ड फ्लू बीमारी के लिए पांच टीमों का गठन मुर्गी पालन केंद्रों पर गहन निगरानी जारी

**हमीरपुर।** जिले में वर्ड फ्लू की आहट से शासन ने पशु चिकित्सा विभाग को सतर्क कर दिया है। विभाग ने पशु चिकित्सकों की जिले मे पांच टीमों का गठन कर लिया है जिले की सभी मुर्गी पालन केंद्रों की सतर्कता से निगरानी की जा रही है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी (सीवीओ) डा ओपी यादव ने बताया कि इस खतरनाक रोग को देखते हुये पूरे देश मे हाई एलर्ट कर दिया है जिले के मौदहा, राठ, कुरारा, सुमेरपुर, कुरारा ब्लाको में पांच टीमों का गठन कर लिया गया है। इसमे टीम लीडर संबंधित पशु चिकित्सक व उसका स्टाफरहेगा, जिले में उन सभी मुर्गी पालन केंद्रो की सूची बनाये जाने के आदेश कर दिये गये है जहा पर पांच सौ से अधिक मुर्गी व मुर्गे हो संबंधित डाक्टर मुर्गी पालने केद्रों में बराबर निगाह बनाये है यदि कोई मुर्गी बीमार होती है तो उसे तुरंत जाचं कर दवा दी जायेगा सीवीओ ने बताया कि बर्ड फ्लू में कोई पक्षी बीमार होने के तुरंत बाद मर जाता है यह एक खतरनाक बीमारी है। शासन ने इसकी पूरी गाइड लाइन जारी कर दी है।

### पंचायत चुनाव को लेकर थानाध्यक्ष ने संभ्रांतजनों से लिया फीडबैक

**कुसमिलिया ( जालौन )।** को डकोर थाना परिसर में बुधवार को क्षेत्रवासियों की जनसमस्याओं के निस्तारण हेतु एक बैठक का आयोजन किया जिसमें नावन्तुक थानाध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने प्रधान, भूतपूर्व प्रधान व संभ्रांत नागरिक वरिष्ठ नागरिकों से शिष्टाचार भेंट की। बैठक में थानाध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने कहा कि क्षेत्र में नशा मुक्ति हेतु अभियान चलाया जाएगा तथा महिलाओं के प्रति किसी भी प्रकार का शोषण होने तथा उनके ऊपर अभद्रता करने वालों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी महिला सशक्तिकरण के द्वारा महिलाओं की समस्याओं को तत्परता से निपटाया जायेगा। बैठक में सभी उपस्थित चौकीदारों को निर्देश दिए कि गांव में अबैध शराब जुआ की सूचना तुरन्त दे।

# मेले में ड्यूटी करने वाले को मिलेगी शनिवार को छुट्टीः डा. के स्वरुप

● मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में आयुष्मान लाभार्थियों के बनाए जायेंगे गोल्डन कार्ड

संवाददाता। कन्नौज

**कमजोर** आय वर्ग के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के लिए मुख्यमंत्री आरोग्य मेले की एक बार फिर शुरुआत होने जा रही है। कोविड-19 महामारी के कारण बीते मार्च में इस साप्ताहिक मेले का आयोजन स्थगित कर दिया गया था। आगामी 10 जनवरी से मेले की शुरुआत की जाएगी। स्वास्थ्य मेला कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए संचालित किया जाएगा। सीएमओ ने सभी स्वास्थ्य अधिकारियों को पत्र जारी कर मेले का आयोजन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

मुख्य चिकित्साधिकारी डा.के. स्वरूप ने कहा कि गत वर्ष मार्च के महीने में तेजी से फैल रहे कोरोना संक्रमण से लोगों को बचाने के लिए मेला स्थगित करना पड़ा। अब कोरोना का प्रसार थम चुका हैं। ऐसे में नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए दस माह बाद अब फिर आरोग्य स्वास्थ्य मेला शुरू किया जाएगा।

उन्होंने कहा इसके लिए सभी सामुदायिक केंद्र अधीक्षकों को पत्र भेजकर मेले की तैयारी करने के लिए कहा गया है। सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर मेले के दौरान सोशल डिस्टेंसिग का ध्यान रखते हुए कोरोना प्रोटोकॉल का पालन किया जाय। थर्मल स्क्रीनिंग के बाद ही लोगों को मेले में प्रवेश दिया जाएगा। सैनिटाइजेशन और मास्क अनिवार्य होगा। डा.स्वरूप ने बताया कि मुंह में मास्क व गमछा लपेटे हुए व्यक्तियों को ही मेले में प्रवेश दिया जाएगा। आयुष्मान योजना के नोडल डा.जे.पी.सलोनिया ने बताया कि मेले में आयुष्मान योजना के लाभार्थियों के गोल्डनकार्ड भी बनाए जायेंगे। जिन लोगों को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री के द्वारा पत्र या प्लास्टिक कार्ड प्राप्त हुए और गोल्डनकार्ड अभी भी नहीं बना हैं। वह आधार कार्ड व राशन कार्ड के साथ मेले में उपस्थित हो गोल्डन कार्ड अवश्य बनवा लें अन्यथा उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल पायेगा साथ ही योजना से वंचित भी हो सकते हैं।

मेले में मिलती हैं ये सुविधाएं आरोग्य स्वास्थ्य मेले में आने वालों की बुखार समेत मौसमी बीमारियों की जांच, गर्भवती व बच्चों का टीकाकरण, दवा दी जाती है। निशुल्क जांच भी होती है। निरूशुल्क सेनेटरी पैड का वितरण होता है। नसंबदी के लिए पंजीकरण, आंखों की निशुल्क जांच, परिवार नियोजन के अस्थायी साधन का निशुल्क वितरण, गर्भावस्था, प्रसवकालीन व जन्म पंजीकरण का परामर्श, बच्चों में डायरिया, निमोनिया रोकने सहित अन्य बीमारियों के बारे में जानकारी दी जाती है।

# कल्याण मिशन के तहत चार ब्लाकों में कृषि मेला

● डीएम व सीडीओ ने पण्डरीकृपाल ब्लाक में फीता काटकर मेले का किया शुभारंभ

● कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कृषकों का हुआ सम्मान

संवाददाता। गोंडा

**शासन के** निर्देशानुसार किसान कल्याण मिशन के अन्तर्गत जनपद के 04 ब्लाकों पण्डरीकृपालए करनैलगंजए कटरा बाजार तथा छपिया में कृषि मेला एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम विकासखण्ड पण्डरीकृपाल में आयोजित हुआ जिसका शुभारम्भ जिलाधिकारी मार्कण्डेय शाही व सीडीओ शशांक त्रिपाठी ने फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी ने कहा कि कृषि विविधिकरण को अपनाकर किसान अपनी आय दोगुनी कर सकते है। कृषि उत्पादों को सही बाजार मिले जिससे किसानों की आय में अभिवृद्धि होए इस पर काम करने की आवश्यकता है। महिला स्वयं सहायता समूहों के प्रोत्साहन पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं को मशरूमए मधुमक्खी पालन के साथ अन्य चीजों में भी रूचि लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के अर्न्तसमन्वय से किसानों की आय को बढ़ाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसान कल्याण मिशन कृषकों के जीवन में परिवर्तन लाने वाले साबित होगा। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में किसान कल्याण मिशन में अन्य सम्बन्धित विभागों की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित कराते हुए ज्यादा से ज्यादा किसानों को लाभान्वित किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि पशुओं से जहां एक ओर दूध के माध्यम से अतिरिक्त आय होती हैए वही दूसरी ओर गोबर से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा



फीता काट कर कृषि मेले का शुभारंभ करते डीएम मार्कण्डेय शाही

मिलता है। उन्होंने कहा कि पशुपालन के साथ.साथ किसानों को सब्जीए फलए फूलए मशरूमए रेशमए मधुमक्खीए मछली पालन के क्षेत्र में काम करना चाहिए ताकि उनकी आय में वृद्धि हो सके।

उन्होंने कहा कि खेती में कृषि यंत्रों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कृषि यंत्रों की उपलब्धता के लिए जिले में अब तक 150 से अधिक फर्म मशीनरी बैंक एवं कस्टम हायरिंग केन्द्र की स्थापना की गयी है। यहाँ से किसान कृषियंत्र लेकर खेती में उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पम्पसेटए रोटावेटरए मल्टीक्राप थ्रेशरए रीपर कम बांइन्डरए कृषि रक्षा उपकरणए स्प्रीयरए बेलरए सीडड्रिलए लेजरलैण्ड लेवलर का अनुदान पर वितरण किया जा रहा है।

सीडीओ शशांक त्रिपाठी ने किसानों का आह्वान करते हुए कहा कि सरकार द्वारा किसानों के उन्नयन के लिए तमाम तरह की योजनाएं संचालित की जा रही हैंए जिनका लाभ किसान भाइयों को उठाना चाहिए। उन्होंने किसान भाई किसान कल्याण मिशन के तहत आयोजित कृषि मेले एवं गोष्ठी में आएं और अवसर का लाभ उठाएं।

सांसद प्रतिनिधि रमाशंकर मिश्रा ने कहा कि प्रदेश व केन्द्र की सरकार किसानों के साथ खड़ी है तथा किसानों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार काम कर रही है। संयुक्त निदेशक कृषि तथा मनकापुर कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक द्वारा कृषि विभाग की तमाम योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर कृषि के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानोंए महिला स्वयं सहायता समूहों को कृषिए उद्यान तथा बैंक द्वारा लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र एवं ब्लाक पण्डरीकृपाल अन्तर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों को आवास का प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर कृषि विभाग सहित 26 विभागों द्वारा स्टाल लगाए गए जिसमें प्रमुख रूप से किसान फसल बीमा योजनाए एकीटरोग नियंत्रणए फसल निगरानीए कृषि यंत्र तथा उद्यानए खाद्य विपणनए मण्डी समितिए सिंचाई एवं जल संसाधनए मत्स्यए लघु सिंचाईए पशुपालनए लीड बैंक तथा नाबार्ड द्वारा वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का स्टाल लगाकर किसानों को योजनाओं की जानकारी दी गयी। जिलाधिकारी तथा सीडीओ सभी स्टालों का निरीक्षण कर योजनाओं के बारे में जानकारी ली। स्टाल निरीक्षण के दौरान डीएम ने कहा कि आगामी 13 व 20 जनवरी को किसान कल्याण मिशन के तहत आयोजित होने वाले कृषि मेले एवं गोष्ठी में बिजली कनेक्शन तथा बिजली के बिल में सुधार आदि के काउन्टर ब्लाकों पर लगाएं जिसमें कोई भी उपभोक्ता आकर अपनी बिजली से सम्बन्धित समस्या का निराकरण करा सकता है। उन्होंने निरीक्षण के दौरान यह भी निर्देश दिए कि पंचायत भवनों तथा एएनएम सेन्टरों पर अनटाइड फण्ड से सोलर लाइटें लगवाई जायं।

कार्यक्रम के दौरान एसडीएम सदर कुलदीप सिंहए संयुक्त निदेशक कृषि पीके गुप्ताए जिला उद्यान अधिकारी मृत्युन्जय सिंहए जिला भूमि संरक्षण अधिकारी सदानन्द चौधरीए जिला गन्ना अधिकारी ओपी सिंहए जिला समाज कल्याण अधिकारी मोतीलालए ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि श्रेयस्कर सिंह गौरव सहित लाभार्थीए किसानगण तथा महिला स्वयं सहायता समूह के पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## डीएम ने देर रात रैन बसेरों का किया औचक निरीक्षण

**गोंडा।** मंगलवार देर रात डीएम मार्कण्डेय शाही ने नगर क्षेत्र में संचालित रैन बसेरों की स्थिति तथा उनमें किए गए आवश्यक प्रबंधों की हकीकत देखने के लिए औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी श्री शाही ने गुरुनानक चैक के निकटए जिला पुरूष अस्पतालए महिला अस्पताल तथा डूडा विभाग द्वारा फुरकनिया के निकट संचालित आश्रय गृह के रैन बसेरे का निरीक्षण किया। निरीक्षण में आश्रय गृह के रैन बसेरे में 13 लोग ठहरे हुए मिले। डीएम ने आजमगढ़ कंधऊ बाजार निवासी संदीप प्रजापतिए पकवान गांव बेलसर निवासी राम नारायण यादव से बात कर व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। वहां पर डीएम ने व्यवस्थापक को निर्देश दिए कि रोड की तरफरैन बसेरे का बैनर लगवाएं जिससे जरूरतमंद लोग उसके बारे में जान सकें और वहां ठहर सकें। आश्रय गृह का निरीक्षण करने के बाद डीएम गुरु नानक चैक के निकट नगर पालिका द्वारा संचालित रैन बसेरे में पहुंचे। वहां पर रैन बसेरे में कुल 06 व्यक्ति ठहरे हुए मिले। डीएम ने भिंगा श्रावस्ती निवासी माधवराज मिश्रा और चंदवतपुर गोंडा निवासी पन्ना लाल से बात की। वहां पर उन्होंने ईओ नगर पालिका को निर्देश दिए कि रैन बसेरों में रात्रि में भी साफसफाई सुनिश्चित कराएं। इसके बाद डीएम ने जिला अस्पताल और महिला अस्पताल में संचालित रैन बसेरे का निरीक्षण किया। दोनों जगहों पर व्यवस्था व साफसफाई संतोषजनक मिलीए परन्तु दोनों जगहों पर कोई भी व्यक्ति ठहरा हुआ नहीं मिला। डीएम ने निर्देश दिए कि रैन बसेरों की सूचीए उसके केयर टेकर का नाम तथा मोबाइल नम्बर का बैनर रोडवेज बस स्टॉपए रेलवे स्टेशन तथा अन्य प्रमुख स्थलों पर लगवाएं जिससे जरूरतमंद लोगों को रैन बसेरे की जानकारी मिल सके तथा वे आसानी से रैन बसेरे तक पहुंच सकें।

## प्रियदर्शिनी महिला क्लब ने स्वेटर और मास्क का वितरण किया

संवाददाता। रायबरेली

**एनटीपीसी ऊंचाहार** अपनी स्थापना के बाद से एक प्रतिबद्ध और सामाजिक रूप से जिम्मेदार संगठन के रूप में कार्य कर रहा है स अपनी सीएसआर गतिविधियों के तहत परियोजना प्रभावित गांवों की तस्वीर बदलने में सफलता प्राप्त की है स इस दौरान प्रियदर्शिनी महिला क्लब की अध्यक्षा श्रीमती चंद्रकला मिश्रा ने शामिल सभी बच्चियों को स्वेटर और मास्क का वितरण किया स इस दौरान श्रीमती चन्द्र कला मिश्रा ने कहा इंसान को हमेशां एक दूसरे की मदद के लिए तत्पर रहना होगा तभी यह देश आगे बढ़ेगा। उन्होने कहा छोटे बच्चों को सर्दी से बचाव के लिए स्वेटर बांटे गए तथा आगे भी इस तरह के कार्यक्रम करते रहेंगे।



कार्यक्रम में कोविड -19 के प्रोटोकॉल का पालन किया गया और श्रीमती चंद्रकला मिश्रा ने सभी बच्चों को हमेशा मास्क पहनने को कहा , हाथ को साबुन से धोते रहे और माननीय प्रधानमंत्री जी के सुझाव दृ दवाई भी , कड़ाई भी का पालन करने को प्रोत्साहित किया।कुल 80 बच्चे इस वितरण से लाभान्वित हुएद्य परियोजना के समीप स्थित स्कूलों के बच्चों की शिक्षा के उन्नयन के लिए एनटीपीसी ऊंचाहार सदैव प्रयत्नशील है। इसी कड़ी में समय-समय पर उपयोगी वस्तुओ जैसे स्कूल बैग, स्टेशनरी , स्वेटर इत्यादि का वितरण किया जाता रहा है। अभिभावकों द्वारा इस वितरण को लेकर खुशी जाहिर की गयी की। इस तरह के प्रयास भविष्य में भी जारी रहेंगेद्य हमारा प्रयास पुनर्वास कल्याणकारी गतिविधियों द्वारा अधिक से अधिक अधिक लोगों तक सुविधाओं का लाभ पहुँचाना है।

प्रियदर्शिनी क्लब और मानव संसाधन विभाग का सीएसआर अनुभाग के साथ मालवीय मिशन ने मिलकर एक सार्थक पहल की है, इसे आगे भी सक्रिय रूप से संचालित किया जाएगाद्य कार्यक्रम में श्रीमती सरबरी दत्ता , श्रावणी बनर्जी ,श्रीमती झा , अनीता सिंह एवं वेलफर सेंटर के साथ ही सीएसआर टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

## एसपी ने किया हत्या का खुलासा

● हत्या में शामिल चार अभियुक्त गिरफ्तार



**श्रावस्ती।** थाना सिरसिया अंतर्गत गब्बपुर निवासी नान्हे चौहान 35 वर्ष की हत्या कर हत्यारों द्वारा सागौन के जंगल में अमरहवा नाले में फेके गये शव को 5 जनवरी को सुबह पाया गया था। मृतक की पत्नी सन्ना देवी की तहरीर की सूचना पर थाना सिरसिया पर मुकदमा अपराध संख्या 02/2021 धारा 302, 201 भा.द.वि. बनाम बृजेश पुत्र राम दुलारे चौहान मोतीराम पुत्र अमेरिका चौहान 3ण्पवन कुमार उर्फ कटोरी पुत्र संतोषी लाल चौहान 4ण्विजय उर्फ विजयी पुत्र बाउर उर्फ डिप्टी गोड़िया निवासीगण गब्बापुर थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था। उपरोक्त मुकदमे में नामित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीम लगाई गई थी। अपर पुलिस अधीक्षक बी0सी0 दूबेए क्षेत्राधिकारी नगर हौसला प्रसाद के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक सिरसिया मय टीम द्वारा नामित अभियुक्तों को 12 घण्टे के अन्दर दिनांक 5 जनवरी को रामपुर बंधे के पास से गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर आला कत्ल कुल्हाड़ी बरामद कर चारो अभियुक्तों को जेल रवाना किया गया।

## लापरवाह ग्राम विकास अधिकारी पर गिरी गाज

● डीएम के निर्देश पर वीडीओ पर हुयी निलम्बन की कार्यवाही

**श्रावस्ती।** आपत्रो को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास देने पर विकास खण्ड इकौना में तैनात वीरेन्द्र मणि सुभाष को जिलाधिकारी टीके शिबु व मुख्य विकास अधिकारी ईशान प्रताप सिंह के निर्देश पर जिला विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी ने निलंबित किया हैं। निलम्बन अवधि में उन्हें खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय इकौना से सम्वद्व किया गया है। उक्त निलंबित ग्राम विकास अधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण आवास प्लस के अंतर्गत ग्राम सोनरई में सत्यापन के समय अपात्र लाभार्थियों को आवास देना पाया गया। इस लापरवाही के लिए विकास विभाग द्वारा नोटिसो को देने के बाद भी कोई जबाब न देना एंव उच्च अधिकारियों द्वारा दिये गये आदेशो का अव हेलना करने पर निलंबित किया गया हैं। इसी तरह ग्राम पंचायत विशुनापुर लोहटी विकासखंड सिरसिया में ग्राम पंचायत अधिकारी संदेश सिंह द्वारा अपने दायित्वों का सही समय से अनुपालन न करने के कारण उनका एक इंक्रीमेंट बैक किया गया है। शासन एवं जिलाधिकारी महोदय के सख्त निर्देश है कि किसी भी तरह से अपात्रो को आवास न दिए जाएं और पात्रों के साथ किसी तरह की हीला हवाली ना की जाए अन्यथा अन्य उत्तरदाई कर्मचारियों पर भी कार्रवाई की जाएगी। उक्त जानकारी परियोजना अधिकारी बीजी शुक्ला ने दी हैं।

## दामाद हत्या मामले में सास गिरफ्तार



**बछरावां रायबरेली।** कहावत है डायन को भी दामाद अत्यंत प्रिय होता है मगर बछरावां थाना के अंतर्गत इससे उलट स्थिति देखने को मिली जहां पासी तुसी ग्राम में एक महिला धन्नो देवी पत्नी स्वर्गीय नंदू द्वारा अपने ही दामाद की लाठी मारकर हत्या कर दी गई थी जिसकी प्रथम सूचना थाने में दर्ज कराई गई थी स्थानीय पुलिस द्वारा इस पर कार्यवाही करते हुए उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया ज्ञात हो उक्त महिला द्वारा अपने दामाद अजय कुमार जो घर जमाई बनकर रह रहा था उसका अपनी पत्नी श्रीमती से कुछ कहासुनी हो गई इस पर तो दे धन्नो द्वारा बेटी का पक्ष लेते हुए दामाद पर लाठी से प्रहार कर दिया गया था जिसमें उसका सर फट गया था और उसकी दर्दनाक मौत हो गई थी ज्ञात हो कि अजय कुमार पासी तुसी में ही ब्याही अपनी बहन घर बचपन से रह रहा था जवान होने परधन्नो द्वारा उसका विवाह अपनी पुत्री के साथ कर दिया गया था क्योंकि धन्नो की कोई और संतान नहीं थी अतः अजय कुमार उसी के घर में घर जमाई बनकर रह रहा था

## इस्तीफे की धमकी के साथ कांग्रेसियों ने किया विरोध प्रदर्शन

**लालगंज, रायबरेली।** कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की नाराजगी रूकने का नाम नहीं ले रही है। पहले उन्होंने सामूहिक इस्तीफा देने की बात कही और बाद में सरेनी विधानसभा समन्वयक का पुतला भी फूंका। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू द्वारा जारी ब्लाक अध्यक्षों की सूची में कामता प्रसाद गौड़ को लालगंज ब्लाक अध्यक्ष बनाया गया है। इस सूची के जारी होने के बाद से कांग्रेस के भारी संख्या में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में नाराजगी है। उन्होंने पहले तो जिलाध्यक्ष को पत्र भेजकर इस बात पर नाराजगी जताई कि कनिष्ठ व्यक्ति को ब्लाक अध्यक्ष बनाकर वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपेक्षा की गई है। सभी ने कांग्रेस के सरेनी विधानसभा समन्वयक सुरेंद्र शर्मा पर मनमानी करने का आरोप लगाते हुए उनका पुतला फूंका। इस मौके पर न्याय पंचायत अध्यक्ष राधेश्याम सिंह, संजय सिंह,राजकुमार द्विवेदी, नितिन मिश्र, रामबख्श सिंह,महेंद्र सिंह, राजेश सिंह भदौरिया आदि मौजूद रहे।

## मेले व गोष्ठियों से जागरूक होकर किसान उठाएं लाभः डीएम

● पांच ब्लाकों में किसान मेला, गोष्ठी और प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

संवाददाता। सुलतानपुर

**प्रदेश सरकार** द्वारा संकल्पित कृषि, कृषि आधारित अन्य गतिविधियों एवं उद्योग को विकसित कर किसान कल्याण तथा किसान की आय दोगुनी करनी हेतु किसान कल्याण मिशन के अन्तर्गत बुधवार को किसान मेला, गोष्ठी एवं प्रदर्शनी ब्लाक दूबेपुर परिसर में आयोजित किया गया, जिसका उद्घाटनध्शुभारम्भ विधायक सुलतानपुर के प्रतिनिधि रूपेश सिंह व जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। तत्पश्चात मेले में विभिन्न विभागों की लगी प्रदर्शनीध्स्टाल का अवलोकन किया।

विधायक सुलतानपुर प्रतिनिधि रूपेश सिंह द्वारा अपने सम्बोधन में कहा कि शासन द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी किसान भाईयों को मेले के माध्यम से दी जा रही है। उन्होंने कृषि बिल के बारे में भी किसान भाईयों को जानकारी दी गयी। जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की वर्तमान आय को दोगुना करने के लिये प्रयासरत है। प्रदेश में कृषि विविधीकरण को अपनाकर किसान अपनी आय दोगुनी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि गौआधारित प्राकृतिक खेती एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। उन्होने कहा कि पशुओं से जहॉ एक ओर दूध के माध्यम से अतिरिक्त आय होती है, वहीं दूसरी ओर गोबर से प्राकृतिक खेती को बढावा मिलता है। उन्होने कहा कि पशुपालन के साथ-साथ किसानों को सब्जी, फल, फूल, मशरूम, रेशम, मधुमक्खी, मछली पालन के क्षेत्र में काम करना चाहिए ताकि उनकी आय में वृद्धि हो सके। उन्होंने कहा कि जो किसान भाई इस मेले में भाग ले रहे हैं। वह और किसानों को बताकर जागरूक करें। जिलाधिकारी द्वारा 03 किसान बन्धुओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।



उप निदेशक(शोध) ने अपने सम्बोधन में किसानों को एक गाय अनिवार्य रूप से पालने के लिये प्ररित किया एवं जैव विविधता के बारे विस्तृत जानकारी दी। उप निदेशक कृषि शैलेन्द्र कुमार शाही ने कहा कि खेती में कृषि यंत्रों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कृषि यंत्रों की उपलब्धता के लिए जिले में अब तक 07 फार्म मशीनरी बैंक एवं 15 कस्टम हायरिंग केन्द्र की स्थापना की गयी है। यहॉ से किसान कृषि यंत्र लेकर खेती में उपयोग कर सकते है। उन्होंने कृषकों द्वारा पूछे गये प्रश्नों का उत्तर मौके पर दिया। जिला उद्यान अधिकारी रणविजय सिंह ने अपने सम्बोधन में विभागीय योजनाओं की जानकारी दी तथा खण्ड विकास अधिकारी दूबेपुर ने शासन द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं उपस्थित सभी अधिकारियों, किसानों, पत्रकार बन्धुओं को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मेले का समापन किया गया। इस मेले में लगभग 400 किसानों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर पशु पालन, बागवानी, गन्ना तथा कृषि आधारित उद्योग से सम्बन्धित प्रदर्शनी आयोजित की गयी। उप निदेशक कृषि श्री शाही ने बताया कि विकास खण्ड कूरेभार में आयोजित किसान मेला, गोष्ठी एवं प्रदर्शनी के मुख्य अतिथि विधायक सुलतानपुर सूर्यभान सिंह एवं जिलाध्यक्ष भाजपा डॉ0 आर0ए0 वर्मा रहे, जिसमें लगभाग 400 किसानों ने प्रतिभाग किया। विकास खण्ड धनपतगंज के मुख्य अतिथि श्रीमती जानकी देवी एवं लगभग 353 किसानों ने प्रतिभाग किया, जबकि विकास खण्ड लम्भुआ के मुख्य अतिथि जगदीश प्रसाद चौरसिया ब्लाक प्रमुख लम्भुआ रहे, जिसमें लगभग 357 किसानों ने प्रतिभाग किया। विकास खण्ड कादीपुर के मुख्य अतिथि श्रवण कुमार मिश्रा, ब्लाक प्रमुख कादीपुर रहे, जिसमें 372 किसानों ने प्रतिभाग किया। इस प्रकार 05 ब्लाकों में आयोजित मेले में लगभग 2000 किसानों द्वारा प्रतिभाग किया।

## क्विक न्यूज

### डीएम ने एलईडी वैन को दिखाई हरी झंडी

**गोंडा।** किसानों व जनसामान्य के कल्याण एवं उत्थान के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के व्यापक प्रचार.प्रसार के लिए सूचना निदेशालय से आई एलईडी वैन को डीएम ने अम्बेडकर चैराहे पर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बताते चलें कि बुधवार 06 जनवरी से शुरू हुए किसान कल्याण मिशन के तहत कृषकों के आर्थिक उन्नयन के लिए सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओंए उठाए गए कदमों के साथ ही जनसामान्य के कल्याणार्थ संचालित की जा रही विभिन्न योजनाओं व सरकार की उपलब्धियों के व्यापक प्रचार.प्रसार के लिए सूचना निदेशालय द्वारा एलईडी वैन भेजी गई है। जिलाधिकारी ने बताया कि एक माह तक एलईडी वैन द्वारा जनपद के सभी ब्लॉक मुख्यालयों व निर्धारित स्थलों पर सरकार की योजनाओं का प्रचार.प्रसार किया जायेगा। एलईडी वैन रवाना करने के दौरान ओएसडी शिवराज शुक्लाए व्यायाम शिक्षक संजय सिंहए प्रचार सहायक सुशील कुमार व वीरेंद्र कुमार उपस्थित रहे।

### सैफअब्बास ने महिला को खून देकर बचाई जान



**सुलतानपुर।** शिवाने हैदर ए कर्बर वेलफेयर एसोसिएशन के कार्यकर्ता ने जरूरतमंद महिला को खून देकर इंसानियत की मिसाल पेश की है। अस्पताल में भर्ती एक महिला को खून की सख्त जरूरत थी। महिला को खून देने के लिए कोई तैयार नहीं था। खून न मिलने से उसकी जान जा सकती थी। इसकी जानकारी शिवाने हैदर ए कर्बर वेलफेयर एसोसिएशन को हुई तो तुराबखानी निवासी सैफअब्बास अस्पताल में आकर महिला को खून दिया। जिससे उसकी जान बच गई। जरूरतमंद महिला को खून मिलने से उसके परिजनों की आंखे नम हो गईं। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि हमारा संगठन धर्म जाति से ऊपर उठकर लोगों की मदद के लिए हमेशा काम करता रहा है। संगठन के पदाधिकारियों ने समाज के सभी लोगों से अपील की है कि हर जरूरतमंद की मदद के लिए आगे आएं।

### जिला अध्यक्ष पंडित राहुल त्रिपाठी का हुआ स्वागत



**सुलतानपुर।** नवनियुक्त युवा कल्याण चेतना परिषद के जिला अध्यक्ष पंडित राहुल त्रिपाठी निवासी पीढ़ी सदर विधानसभा का पर्यावरण पार्क में जिले के युवाओं में ब्राह्मण चेतना परिषद के जिला अध्यक्ष पंडित पवन मिश्रा के नेतृत्व में जोरदार स्वागत हुआ। इस अवसर पर पंडित योगेश पांडे ने वर्तमान समय में ब्राह्मणों में चेतना के संचार हेतु उपस्थित लोगों को मूल मंत्र बताया। अपने पूर्वजों के गौरव गाथा पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित लोगों को उत्साहित किया। इस अवसर पर पंडित योगेश शुक्ला, मित्र सेन उपाध्याय, चंदन तिवारी, प्रवक्ता अंकुर शुक्ला, चंचल समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

### सांसद प्रतिनिधि से अभद्रता का आरोप

**सुलतानपुर।** जनहित के कार्य की शिकायत को लेकर एसडीएम सदर के बुलावे पर तहसील सदर पहुंचे मेनका गांधी के प्रतिनिधि रंजीत कुमार के साथ राजस्व कर्मचारियों ने अभद्रता की। आरोप है कि लेखपाल की नाकामी को छिपाने के लिए लेखपाल संघ आगे आ गया है। दबाव बनाने के लिए तहसील भवन में लेखपालों ने प्रदर्शन किया। मामला कुड़वार ब्लाक के हरिहर विनायकपुर में महाभर से बाधित सार्वजनिक रास्ते से जुड़ा है। लेखपालों को शांत कराने पहुंचे तहसीलदार राजेश गौतम पीयूष श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे। सांसद प्रतिनिधि ने बताया कि सांसद मेनका गांधी चार बार रास्ता खुलवाने के लिए पत्र भी लिख चुकी हैं।

### कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत हुई बैठक

**सुलतानपुर।** विधानसभा में धनपतगंज ब्लॉक के धर्मदासपुर न्यायपंचायत में सरायगोकुल ग्राम सभा मे कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत सुलतानपुर विधान सभा प्रभारी काली सहाय सिंह ब्लॉक प्रभारी बबलू सिंह सैनी, ब्लॉक अध्यक्ष विभू पांडेय के संयोजन वरिष्ठ कांग्रेस नेता कृपाशंकर त्रिपाठी के मजूदगी में बैठक संपन्न हुईं। इस अवसर पर कांग्रेस की उपलब्धियों व वर्तमान समय मे किसान, नवजवानों की स्थिति और देश के मौजूदा हालात पर चर्चा हुई। इस अवसर पर धर्मदासपुर न्याय पंचायत के दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राजस्व कार्यों की हुई समीक्षा

**सुलतानपुर।** अध्यक्ष, राजस्व परिषद उप्र की अध्यक्षता में वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के द्वारा एनआईसी में बुधवार के पूर्वान्ह 11 बजे से निर्विवाद वरासत, स्वामित्व योजना, एन्टी भू-माफिया, वाटरबाडीजध्तालाबध्झीलों आदि की भूमि से अतिक्रमण हटवाकर मूल स्वरूप प्रदान करने, राजकीय आस्थान, डीआरएलआरएमपी, आईजीआरएस आदि की समीक्षा की गयी। वीडियो कान्फ्रेन्सिंग में प्राप्त निर्देश के अनुपालन में तथा राजस्व कार्यों की समीक्षा के उपरान्त जिलाधिकारी रवीश गुप्ता द्वारा समस्त उप जिलाधिकारीध्तहसीलदार को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी शमशाद हुसैन, समस्त उपजिलाधिकारीध्तहसीलदार तथा जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी उपस्थित रहे।

### ईवीएम व वीवी पैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**सुलतानपुर।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता द्वारा बुधवार को सायं 04 बजे कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम एवं वीवी पैट वेयर हाउस का आन्तरिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के उपरान्त वेयर हाउस सील्ड कराकर चॉबी का सील्ड पैकेट कोषागार के डबल लॉक में रखने हेतु सहायक प्रभारी अधिकारी ईवीएम संदीप कुमार को जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) हर्ष देव पाण्डेय के अतिरिक्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

### जान से मारने की धमकी

**लालगंज, रायबरेली।** सिंह ढ़ाबा संचालक को जान से मारने की धमकी मिली है। उसने मामले की शिकायत पुलिस से की है। बसंतपुर कठोइया निवासी कौशलेंद्र प्रताप सिंह उर्फ संगम का कहना है कि वह हत्या के एक मामले में गवाह है।जिसके चलते कुछ लोग उसे जान से मारना चाहते हैं। पहले उसे फोन पर जान से मारने की धमकी दी गई कुछ देर बाद ढ़ाबा जाते समय पिलखा व रनमऊ गांव के मध्य चार लोगों ने उसे अवैध असलहा लेकर जान से मारने की नीयत से दौड़ा लिया।

### किशोरी का अपहरण करने वाले पर केस दर्ज

**खीरों, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के एक गाँव का युवक अपने पड़ोसी की 16 वर्षीय किशोरी का अपहरण कर ले गया। किशोरी के पिता ने आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। किशोरी के पिता ने आरोप लगाया है कि उसके पड़ोस का युवक उसकी 16 वर्षीय बेटी को गत 28 दिसम्बर की सुबह 9 बजे बहला फुसलाकर अपहरण कर ले गया । उसने काफी खोजबीन की लेकिन कोई पता नहीं चल सका । प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है । जाँचकराकर आगे की कार्यवाही की जाएगी ।

### दंपति पर रुपये न लौटाने का मुकदमा दर्ज

**खीरों, रायबरेली।** डुमटहर निवासी हंसराज ने दूसरे गाँव के दम्पति पर रुपये लेकर वापस न लौटाने और माँगने पर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है । पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। उक्त गाँव निवासी हंसराज ने आरोप लगाया है कि मानपुर मजरे अतरहर निवासी सज्जन और उनकी पत्नी नीलम ने उनसे 27 हजार रुपये उधार लिए थे । कई साल बीत जाने के बाद भी उन्होंने उसका पैसा वापस नहीं किया । उन्होंने जब दोनों लोगों से पैसा माँगा तो सज्जन और नीलम ने गाली गलौज करते हुए जान से मार देने की धमकी देते हुए दरवाजे से भगा दिया। प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जाँचकराकर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### इनामिया लूटेरा शस्त्र के साथ गिरफ्तार



**बछरावां रायबरेली।** पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अंतर्गत बीते मंगलवार को बछरावां थाना अध्यक्ष राकेश सिंह की अगुवाई में मुखबिर की सूचना पर बछरावां पुलिस टीम द्वारा रूप्ये15000 के इनामी अभियुक्त हरिकिशन लोधी पुत्र लक्ष्मण लोधी निवासी बजरंगबली का पुरवा पोस्ट अटोरा खुर्द थाना गुरबक्श गंज को बछरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत बछरावां लालगंज मार्ग पर अधौरा गांव के पास से एक अवैध तमंचा व दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त बछरावां व लालगंज में हुई लूट की घटनाओं में वांछित चल रहा था। क्षेत्राधिकारी महाराजगंज राघवेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर लूट के आरोपी फरार चल रहे अभियुक्त को बछरावां पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया है। जिस पर रूपये15000 का इनाम भी घोषित था अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है।

# किसानों की आय दुगनी करने के लिये सरकारी कृत संकल्पितः उर्जा राज्य मंत्री

संवाददाता। मीरजापुर



**जनपद के** विकास खण्ड सिटी, लालगंज वं नरायनपुर में किसान कल्याण मिशन योजनान्तर्गत को एक दिवसीय किसान मेला, गोष्ठी एवं प्रदर्शनी का आयोजन विकास खण्ड सीटी जनपद-मीरजापुर के परिसर में किया गया। जिसमें विकास खण्ड से आये हुए कृषकों के साथ.साथ कृषि, पशुपालन, उद्यान, सहकारिता, विद्युत, सिंचाई सहित कृषि से सम्बन्धित अन्य विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारियो ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रमाशंकर सिंह पटेल, राज्यमंत्री उर्जा एवं अतिरिक्त उर्जा स्रोत एवं विशिष्ट अतिथि रत्नाकर मिश्र, विधायक नगर एवं प्रभारी जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में सर्व प्रथम मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा दीप प्रज्जवलन कर गोष्ठी का शुभारम्भ किया गया।

गोष्ठी कार्यक्रम में मा0 राज्यमंत्री श्री रमाशंकर सिंह पटेल द्वारा सरकार द्वारा किसानों के हित में किये गये कार्यो के बारे में जानकारी दी गयी उन्होंने ने कहा कि किसानों की आय दो गुनी करने के लिये वतमान सरकार कृत संकल्पित है। किसानों को यंत्र एवं बीज, एवं उर्वरकों पर बडी सब्सिडी दी जा रही है। मा. उर्जा राज्य मंत्री ने किसानों से अवाह्न करते हुये कहा कि सरकार द्वारा कृषि, मत्स्य, उद्यान व अन्य विभागों में चलायी जा रही योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करें तथा वैज्ञानिकों द्वारा दिये गये निर्देशानुसार खेती में उनके तरीको का प्रयोग करके अधिक से अधिक उत्पादन प्राप्त करें और अपनी आय में वृद्धि करें। इसके पश्चात् विधायक नगर श्री रत्नाकर मिश्र द्वारा किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसान भाई खेती में अधिक से अधिक जैविक खादों का प्रयोग करें एवं रसायनिक खादों के प्रयोग से बचे साथ ही उन्होंने किसानों को हल्दी की खेती करने हेतु विशेष जोर दिया। संयुक्त कृषि निदेशकए विन्ध्याचल मण्डलए मीरजापुर श्री अरविन्द्र कुमार सिंह द्वारा कृषि विभाग में संचालित समस्त योजनाओं के बारे में गोष्ठी में उपस्थित कृषकों को विस्तार से जानकारी दी। जिला कृषि अधिकारी श्री पवन कुमार प्रजापति द्वारा किसानों को खाद एवं बीज एवं समस्त विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। जिला उद्यान कार्यालय से उपस्थित प्रतिनिधि श्री पुष्पेन्द्र त्रिपाठी द्वारा उद्यान विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ.साथ स्प्रिंकलर सिंचाईए ड्रैगन फ्रूटए केलाए इत्यादि की खेती करने के तरीको व उसके बारे में विस्तार से बताया तथा विभाग द्वारा दिये जाने वाले अनुदान की जानकारी दी। मुकेश सारंगए सहायक निदेशक मत्स्य द्वारा विभाग में संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की साथ ही साथ उन्होंने किसानों को मत्स्य पालन करने हेतु प्रेरित किया। भूमि संरक्षण अधिकारी रा0जला0 श्री जीत लाल गुप्ता द्वारा कृषकों को भूमि संरक्षण की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया तथा किसानों को अलग.अलग तरीके से समन्वित खेती करने पर बल दिया। कृषि विज्ञान केन्द्रए बीएचयूए बरकछा से आये अध्यक्षए डा0 श्री राम सिंहए ने जैविक खेती पर विस्तार से चर्चा की तथा फास्फोरस तत्व का फसलों के लिए पर्याप्त उपलब्धता हेतु पी0एस0बी0 कल्चर से बीज शोधन एवं भूमि शोधन के प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया तथा कृषकों द्वारा उठाये गये विभिन्न समसामयिक समस्याओं का समाधान किया। गोष्ठी में मा0 मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा कृषि विभाग के 04 किसानों को कृषि यंत्र चयन का प्रमाण पत्रए विकास खण्ड स्तर पर 09 महिलाओं को सिलाई मशीन एवं 03 कृषकों को बैंक द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड एवं खण्ड विकास अधिकारी द्वारा लगभग 15 किसानों को पीएम आवास प्रमाण पत्र वितरण किया गया।

किसान मेलाए गोष्ठी एवं प्रदर्शनी में कृषि एवं अन्य विभागों द्वारा आकर्षक स्टाल लगाये गये। जिसका अवलोकन मा0 मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अन्त में प्रभारी जिलाधिकारी श्री अविनाश सिंह ने गोष्ठी में आये हुए समस्त कृषकोंए अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए मुख्य अतिथि महोदय की अनुमति से गोष्ठी का समापन किया गया।

## राज्यमंत्री ने मेला व गोष्ठी कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ

**मिर्जापुर।** कृषि विभाग उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किसान कल्याण मिशन के अंतर्गत आयोजित किसान मेलाए गोष्ठी एवं प्रदर्शनी का आयोजन सिटी ब्लॉक परिसर मिर्जापुर में किया गया। जिस के मुख्यअतिथि माननीय मंत्री श्रीमान रमाशंकर सिंह पटेल जी ऊर्जा एवं अतिरिक्त स्रोत ऊर्जा राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार जी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर माननीय मंत्री जी ने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने के लिए हमारी सरकार दृढ़संकल्पित है किसानों को कृषि यंत्र पर बीजों पर उर्वरकों पर बड़ी संख्या में सब्सिडी भी दी जा रही है इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग द्वारा 10 लाभार्थियों को सिलाई मशीन माननीय मंत्री जी द्वारा वितरित किया गया तथा कृषि विभाग द्वारा उन्नतशील किसान 10 लाभार्थियों को किसान क्रेडिट कार्ड का प्रमाण पत्र दिया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी अविनाश सिंह एवं उप निदेशक कृषि एवं खंड विकास अधिकारी एवं सहायक विकास अधिकारी कृषि एवं कृषि वैज्ञानिक सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# अव्यवस्थाओं से नाराज ब्लाक प्रमुख ने बीच मे छोड़ा कार्यक्रम

**सोनभद्र।** किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा कृषि योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। इन योजनाओं को किसानों तक पहुंचाने के लिए ही कृषक गोष्ठी व किसान मेला का आयोजन जिले में विकास खंड स्तर हो रहा है। इनमें एक ही स्थान पर किसानों को विभिन्न जानकारी कृषि विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है। जानकारी के अनुसार ब्लाक चोपन में भी किसान कल्याण मिशन के तहत किसान मेला व गोष्ठी का आयोजन किया गया था जहाँ पर अव्यवस्थाओं का अंबार देखने को मिला कुछ महिलाओं व पुरुषों को नीचे बैठाया गया था और तो और मास्क की भी पर्याप्त व्यवस्था नही थी। कार्यक्रम के शुरू होते ही ब्लाक प्रमुख बबली कार्यक्रम स्थल पर पहुँची तो वहाँ पर अव्यवस्थाओं को देखकर कर नाराजगी जाहिर करते हुए कार्यक्रम को बीच मे ही छोड़ कर चली गई। अव्यवस्थाओं से नाराज प्रधान संघ के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह एडवोकेट ने भी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि किसानों को तो छोड़िए हम प्रधानों के लिए भी यहाँ बैठने की कोई व्यवस्था नही की गई है हमारी भी कोई गरिमा होती है सारे के सारे प्रधान खड़े हैं प्रधान भी तो किसान है आज प्रधान नही बल्कि एक किसान के हैसियत से आये हैं। जिले से आये मुख्य विकास अधिकारी अमित पाल शर्मा से इस संबंध में बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस बारे में मुझे कोई जानकारी नही है यदि इस तरह की लापरवाही बरती गई है तो संज्ञान में लेकर बात करूंगा। अब सवाल यह है कि इस तरह के बड़े कार्यक्रमों में अधिकारियों के द्वारा लापरवाही क्यो बरती जाती है वर्तमान में पूरा देश कोरोना की महामारी से जूझ रहा है उसके बावजूद अधिकारी सुरक्षा को लेकर संजीदा नही है कही न कही सरकार की मंशा पर पानी फेर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि किसान हमारे अन्यदाता है उनका सम्मान करना आवश्यक है उसके बावजूद आज बहुत किसानों को जमीन पर बैठे देखा गया। सूत्रों की माने तो किसान गोष्ठी में शामिल बहुत लोग किसान ही नही थे उन्हें भीड़ करने के लिए बुलाया गया था कुछ लोगो को तो अन्य अन्य बहानो से बुलाया गया था। इस मौके पर जिला कृषि अधिकारी पीयूष राय कृषि वैज्ञानिक पीके सिंह मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एके श्रीवास्तव उप कृषि निदेशक दिनेश कुमार गुप्ता पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सत्य प्रकाश जेपी राम राजेश पाल ओम प्रकाश वर्मा इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# एटीएस ने रात में एक को उठाया, एसपी ने की पुष्टि

- खलीलाबाद ब्लाक में तैनात मनरेगा जेई मन्नान को एटीएस ने पकड़ा, और लोगो को भी पकड़ने की सूचना अफवाहो में थी लेकिन पुष्टि नही हो सकी



**संतकबीरनगर।** एन्टी टेरेरिस्ट स्कायड (एटीएस) लखनऊ शाखा ने मंगलवार की रात खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के गोस मण्डी रोड पर दबिश देकर एक व्यक्ति को पकड़कर साथ ले गई। इस बात की पुष्टि पुलिस अधीक्षक डा0 कौस्तुभ ने बुधवार की सुबह की है। हालांकि और प्रश्नो पर उन्होने कोई जवाब नही दिया है। अन्य और लोगो के भी उठाये जाने की चर्चा तेजी से रही लेकिन कोई पुष्टि नही हो सकी। कोतवाली पुलिस ने बुधवार की सुबह डीघा बाईपास से भी एक को पूछताछ के लिए पकड़ा है लेकिन उसका भी डिटेल खलीलाबाद कोतवाली ने नही दिया है। जानकारी के अनुसार खलीलाबाद ब्लाक में तैनात मनरेगा रोजगार जेई अब्दुल मन्नान को एटीएस ने टेरर फण्डिग एवं फर्जी पासपोर्ट के मामले में पकड़ने की सूचना बुधवार की सुबह से तेजी से फैलने लगा। मंगलवार की देर रात एटीएस ने खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के गोस मण्डी में मन्नान के घर दबिश देकर पकड़कर अपने साथ ले गई। घर वालो ने अपने अन्य लोगो को सूचना दिया जिसके बाद यह तेजी से फैलने लगा। एटीएस द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी लेने मन्नान के भाई अब्दुल कादिर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर पहुॅचकर एसपी से भेंट कर घटना को अवगत कराये कि उनके भाई को कौन ले गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक डा0 कौस्तुभ ने लखनऊ एटीएस द्वारा मन्नान के पकड़े जाने की पुष्टि की है। अन्य शेष जानकारी पुलिस अधीक्षक द्वारा नही दी गई।

# पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा की बैठक कल

**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी की एक आवश्यक बैठक दिनांक 08.01.2021 को प्रात: 11 बजे भाजपा जिला कार्यालय राबर्ट्सगंज में आयोजित की गयी है। बैठक में आगामी पंचायत चुनाव के तैयारी की समीक्षा की जायेगी व आगे कि रणनीति भी तय की जायेगी बैठक में भाजपा काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चन्द्र श्रीवास्तव व उत्तर प्रदेश सरकार के श्रम सेवायोजन एवं समन्वय विभाग के कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के सभी मण्डल अध्यक्ष जिला पंचायत क्षेत्र के जिला संयोजक व सहसंयोजक तथा जिला पंचायत क्षेत्र के वार्ड संयोजक व ब्लॉक संयोजक की उपस्थिति अनिवार्य है। इस आशय की जानकारी भाजपा जिला मिडिया प्रभारी अनूप तिवारी ने दी।

## हजारों लोगों ने किया मतदाता सूची में आपत्ति

**सेमरियावां (संतकबीरनगर)।** पंचायत चुनाव की तैयारी को लेकर चुनाव आयोग के दिशानिर्देश पर मतदाता सूची के आपत्ति का दौर 3 जनवरी को खत्म हो गया अब मतदाओ तथा चुनाव के महारथियों को फाइनल सूची का इंतजार है। ब्लाक सेमरियावां के 113 ग्राम पंचायत के 190 राजस्व गांव से 12731 परिवर्धन, 5522 विलोपन तथा 663 लोगों ने निर्धारित प्रपत्र भर कर संबंधित बीएलओ को दिया। इस संबंध में एडीओं पंचायत शशिभूषण पांडेय ने बताया कि संबंधित ग्राम पंचायत के बीएलओ को अवगत करा दिया गया है कि जल्द पांडुलिपि प्रोफार्मा भर कर कार्यालय में प्रस्तुत करे जिसमें कोई लापरवाही क्षम्य नहीं है।

# कृषि मेला, गोष्ठी व प्रदर्शनी में सम्मानित हुए किसान

- लाभार्थियों में वितरित किया प्रमाण पत्र

**बस्ती।** किसान कल्याण मिशन के अन्तर्गत जिला औद्यानिक प्रषिक्षण केन्द्र परिसर में कृषि मेला,गोष्ठी एवं प्रदर्शनी आयोजित किया गया। हरित क्रान्ति में जीत नारायण, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन में राम सिंह, वर्मी कम्पोस्ट में राकेश मिश्र, लालचन्द्र,वेदप्रकाश आदि को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कृषि, उद्यान, बैंक द्वारा लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र एवं ब्लाक सदर द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों को आवास का प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कृषि विभाग द्वारा किसान फसल बीमा योजना कीटरोग नियंत्रण, फसल निगरानी, कृषि यंत्र,उद्यान, खाद्य विपणन, मण्डी समिति, सिंचाई एंव जल संसाधन, मत्स्य, लधु सिंचाई, पशुपालन, भारतीय स्टेट बैंक द्वारा वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का स्टाल लगाकर किसानो को योजनाओं की जानकारी दी गई। बड़ौदा यूपी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, यूनिवर्सल सोम्पों द्वारा किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड, स्वयं सहायता समूह को सीसीएल के लिए फार्म भरवाते हुए आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई गई। रुधौली में स्थानीय विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने कृषि मेला और संगोष्ठी का उदघाटन किया।



प्रदर्षनी का उद्घाटन डीएम आशुतोष निरंजन ने फीता काटकर किया। कहा कि कृषि विविधिकरण को अपनाकर किसान अपनी आय दोगुनी कर सकते है। गौआधारित प्राकृतिक खेती की चर्चा करते हुए कहा कि गौआधारित प्राकृतिक खेती एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। पशुओं से जहां एक ओर दूध के माध्यम से अतिरिक्त आय होती है, वही दूसरी ओर गोबर से प्राकृतिक खेती को बढावा मिलता है। किसानो से पशुपालन के साथ सब्जी, फल, फूल, मशरूम, रेशम, मधुमक्खी, मछली पालन के क्षेत्र में काम करने का सुझाव दिया ताकि उनकी आय में वृद्धि हो सके। बताया कि कृषि यंत्रों की उपलब्धता के लिए जिले में अब तक 56 फार्म मशीनरी बैंक एवं 45 कस्टम हायरिंग केन्द्र की स्थापना की गई है। यहां से किसान कृषि यंत्र लेकर खेती में उपयोग कर सकते है।

सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका ने कहा कि किसान किराये पर बड़े यंत्रों को लेकर अपने खेतों में प्रयोग करें। बताया कि पम्पसेट, रोटावेटर, मल्टीक्राप थ्रेशर, रीपर कम बांइन्डर, कृषि रक्षा उपकरण, स्ट्रारीपर, बेलर, सीडड्रिल, लेजरलैण्ड लेवलर का अनुदान पर वितरण किया जा रहा है। उप निदेशक कृषि डॉ0 संजय त्रिपाठी ने कहा कि महिलाए बैकयार्ड किचन, पोषण वाटिका, नाडेप कम्पोस्ट, अजोला पिट, वर्मी कम्पोस्ट, श्रीपद्यति से धान की खेती, नर्सरी प्रबन्धन करके अपनी आय बढा सकते है। डिप्टी आरएमओ गोरखनाथ तिवारी, मण्डी सचिव राजितराम वर्मा, उद्यान अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, बड़ौदा यूपी बैंक के अभय शुक्ला, लीड बैंक से अरविन्द आनन्द,लाभार्थी, किसान,महिला स्वयं सहायता समूह के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## किसानों की नहीं नजर आई अपेक्षित भागीदारी

जिला औद्यानिक प्रषिक्षण केन्द्र परिसर में आयोजित कृषि मेला,गोष्ठी एवं प्रदर्शनी में किसानों की भी अपेक्षित भागीदारी नजर नहीं आई। किसान कल्याण मिषन के अर्न्तगत आयोजित किसान गोष्ठी में एक के बाद एक अतिथि आते रहे, कार्यक्रम चलता रहा। दीप प्रज्वलन जिला भाजपा अध्यक्ष ने किया। इसके बाद सदर विधायक प्रतिनिधि मंच पर स्थान लिया। विभागीय अधिकारी एक-एक कर उन्हें स्टाल दिखाते रहे और वह जाते रहे। सबसे अन्तिम मे पहुंचे डीएम एवं सीडीओ ने पुनः फीता काटकर किसान मेले का उद्घाटन किया।

# अज्ञात वाहन से वृद्ध की मौत

**सेमरियावां (संतकबीरनगर)।** बुधवार को बीएमसीटी मार्ग पर हुई दर्दनाक घटना में मदारपुर निवासी एक वृद्ध को अनियंत्रित गति से आ रही कार ने टक्कर मार दी और मौके पर वाहन चालक फरार हो गया। जहां से उन्हें आनन-फानन में सीएचसी सेमरियावां लाया गया वहां से जिला चिकित्सालय बस्ती ले जाते समय रास्ते में ही व्यक्ति की मौत हो गयी घटना से परिवार वालो का रो रो कर बुरा हाल हैं। घटना की जानकारी मिलते ही हर कोई उनके घर पहुंचकर ढांढस बंधा रहा था। दुधारा थाना क्षेत्र के मदारपुर निवासी अकबर अली पुत्र साहब अली 60 वर्ष जिनके पांच लड़के अशरफ, अरशद, इम्तियाज, इश्तियाक, सूफियान तीन शादी शुदा हैं तो वहीं तीन लड़कियां रुकसाना खातून, हमीदा खातून, रशीदा खातून सभी शादी शुदा हैं। अकबर अली सुबह लगभग दस बजें बीएमसीटी मार्ग के दुधारा चौराहे पर चाय पीने गये थे जहां से वो चौराहे पर किनारे पान की टंकी के सामने खड़े थे कि इसी बीच दुधारा-मदारपुर मार्ग से अनियंत्रित होकर तेज गति से अनियंत्रित वाहन ने अपने चपेट में लिया और लगभग 10 मीटर तक चौराहे पर बम्पर में फंसकर व्यक्ति टो घसीटता रहा जबरदस्त टक्कर से व्यक्ति के सर में काफी चोटे आयी मौके पर वाहन चालक फरार हो गया। जहां से आनन फानन में उन्हें सीएचसी सेमरियावां लाया गया जहा से प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने जिला चिकित्सालय बस्ती रेफर कर दिया जहां रास्ते में ही व्यक्ति की मौत हो गयी।



मृतक की फाइल फोटो।

# सुरक्षा मानकों से शून्य हानि दक्षता के लक्ष्य को कटिबद्ध है एनसीएलः बिमलेन्दु कुमार

- वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह का हुआ शुभारंभ



**सोनभद।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में बुधवार को वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह 2020 का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के दौरान एनसीएल के निदेशक बिमलेन्दु कुमार बतौर मुख्य अतिथि निदेशक तकनीकी अनिंद्य सिन्हा व निदेशक तकनीकी परियोजना एवं योजना एस एस सिन्हा बतौर विशिष्ट अतिथि जेसीसी सदस्य बीएमएस के पी के सिंह सीएमओ,आई के महासचिव सर्वेश सिंह मुख्यालय के महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष एनसीएल सेफ्टी बोर्ड के सदस्य तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे। कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए एनसीएल के निदेशक बिमलेन्दु कुमार ने कार्यस्थलों पर व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षाके महत्व पर प्रकाश डाला तथा टीम एनसीएल को वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह 2020 के सफल आयोजन के लिए शुभकामनायें दीं। श्री कुमार ने खदानों में आधुनिकतम सुरक्षा मानकों की मदद से शून्य क्षतिदक्षता के लक्ष्य को हांसिल करने के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि एनसीएल अपने सभी कर्मियों एवं संविदाकर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए देश को कोयले के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने हेतु अहम योगदान देती रहेगी उन्होने सुरक्षा को प्रथम कर्तव्य बताते हुए प्रत्येक कर्मी से सुरक्षा नियमों के अनुपालन का आह्वान किया जिससे कोयला खनन प्रक्रिया में दुर्घटना को रोका जा सके। इस दौरान कंपनी के निदेशक तकनीकी संचालन डॉ अनिंद्य सिन्हा ने सभी एनसीएल कर्मियों से सुरक्षा नियमावलियों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करते हुए वर्ष 2021 में शून्य क्षति दक्षता के लक्ष्य के साथ काम करने का आह्वान किया डॉ सिन्हा ने कहा कि सुरक्षित खदान ही समृद्ध एनसीएल का मूल है और प्रत्येक एनसीएल कर्मी को इसके प्रति सजग रहना चाहिये। कार्यक्रम के दौरान एनसीएल के निदेशक तकनीकी परियोजना योजना एस एस सिन्हा ने कहा कि सभी कर्मियों एवं मशीनों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए दिये गए सभी लक्ष्यों को प्राप्त करना ही एनसीएल का ध्येय है श्री सिन्हा ने एनसीएल की कुछ खदानों को सुरक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर मनोनीत होने के लिए सभी कर्मियों को बधाई दी उन्होने कहा कि एनसीएल शून्य क्षति के मंत्र के साथ कार्य करते हुए अपने सभी लक्ष्यों को प्राप्त करेगी।

# कार्मिकों की सूची उपलब्ध न कराने वाले निजी अस्पतालों पर होगी एफआईआर

संवाददाता। बस्ती

**आठ जनवरी** को 12 बजे तक कार्मिको की सूची उपलब्ध न कराने वाले निजी अस्पतालों के प्रबन्धकों पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। डीएम आशुतोष निरंजन ने निजी चिकित्सालयों के प्रबन्धक के विरूद्ध कोविड-19 महामारी अधिनियम की सुसंगत घाराओं में एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश दिया है। बताया कि कोविड-19 टीकाकरण के लिए शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में सभी निजी चिकित्सालयों में कार्यरत कार्मिको की सूची मांगी गई थी, बार-बार अनुरोध के बाद भी कार्मिको की सूची नही दी गई। इस संबंध में सीएमओ से भी रिपोर्ट प्राप्त हुई है। अन्तिम चेतावनी देते हुए 8 जनवरी तक कार्मिको की सूची उपलब्ध कराने के लिए निर्देश दिया गया है।

# रुधौली नगर पंचायत में कोविड-19 में हुआ गोलमाल

**बस्ती।** कोविड19 अवसर का लाभ सिर्फ स्वास्थ्य विभाग ने ही नहीं नगर पंचायतों ने भी खूब उठाया। किसी ने सेनेटाइजर तो किसी ने मास्क खरीद में लाभ का अवसर उठाया। नगर पंचायत रुधौली में हाइपोक्लोराइट,कीट नाषक और सफाई उपकरण की खरीद में नियमों की धज्जियां उड़ाई। आपूर्ति प्रक्रिया में नियमों का पालन नहीं किया गया। बिना क्षतिग्रस्त उपकरण जमा किए उसी के नाम पर कईबार कागजों में खरीद करने की षिकायत निदेषक स्थानीय निकाय और डीएम से करते हुए जांच कराने की मांग की गई है। ईओ अवनीष कुमार सिंह नें कहा कि जो भी खरीद की गई, वह नियमों के तहत की गई।

कोविड19 में हाइपोक्लोराइड लिक्विड लोकल खरीद न करके गैर राज्य से की गई, जबकि नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर कोटेषन लेकर स्थानीय आपूर्ति करने का प्रावधान है। इसमें कमीषनबाजी का आरोप लगाया गया। कितने लागत की खरीद फरोख्त हुई इसकी जानकारी नहीं हो पाई। इतना ही नहीं भुगतान भी लेखा नियमों के तहत नहीं करने का आरोप चस्पा है। इसी तरह कोविड19 के नाम पर सफाई उपकरण और कीटनाषक की आपूर्ति में भारी गोलमाल करने का आरोप लगाया गया है। हर दूसरे माह सफाई उपकरण की आपूर्ति ली गई, जबकि नियमानुसार दूसरा सफाई उपकरण खरीदने से क्षतिग्रस्त हुए पहले उपकरण को स्टोर में जमा करना होगा, और उसे अभिलेखों में दर्ज करना होगा। मगर इस मामले में जिम्मेदारों ने मनमानी की, पहले खरीदे गए उपकरण से काम चलाते रहे, और कागजों में दूसरा-तीसरा उपकरण खरीदते रहे। सरकारी धन की हेराफेरी की गई। षिकायत में वित्तीय अनियमितता के आरोप में वसूली और जिम्मेदारों के विरुद्व विधिक कार्रवाई करने की मांग की गई है।

# राजनैतिक दबाव में काम करने को मजबूर हैं अधिकारी

संवाददाता। बस्ती

- दबाव में बेहतर परिणाम नहीं दे पा रहे हैं अफसर
- गलत कामों के लिए 'माननीयो' के दबाव ने अफसरों को किया असुरक्षित

**...कहना गलत** नहीं होगा कि आज अधिकारी डर के साए में काम कर रहे हैं। डर जनता से नहीं बल्कि राजनेताओं से है। राजनैतिक दबाव के चलते अधिकारी असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। डर के चलते अधिकारियों ने बेहतर परिणाम देना ही बंद कर दिया। वह यह सोचकर भ्रष्टाचार करने लगता है कि उसकी भलाई इसी में ही हैं, क्यों कि राजनेता ही नहीं चाहते कि भ्रष्टाचार समाप्त हो। हाल के कुछ एक घटनाओं ने अधिकारियों को कमजोर कर दिया है। अधिकारियों को हर वक्त तबादले और जांच का डर सताने लगा है। इन सब झंझटों से बचने के लिए अधिकारी भी समझौता कर लेने में अपनी भलाई समझने लगे है। सुरक्षित रहने के लिए राजनेताओं की दरबारी करने लगते है, गलत सही काम करने लगते हैं। अगर किसी अधिकारी ने राजनेताओं के सामने ईमानदारी दिखानी चाही तो उसे सबक और रास्ते से हटाने की साजिष की जाती है। इसके बाद भी अगर बात नहीं बनती तो तबादले के लिए स्थानीय अधिकारियों और मंत्रियों का दबाव बनाने लगते है। उच्चाधिकारी भी अपने अधिकारियों के लिए अधिक दिन तक स्टैंड नहीं कर पाते, जिन्होंने करने काप्रयास किया, उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा।

हाल के दिनों में राजनेताओं का आचरण अधिकारियों के प्रति ठीक नहीं रहा। पीठ थपथाने के बजाए अधिकारियों की ईमानदारी पर सवाल उठाने लगते है। गलत सही काम करने के दबाव बनाने लगते है। जिस तरह बीडीओ सहित अन्य अधिकारियों पर दबाव बनाया गया, उससे राजनेताओं की प्रतिष्ठा कम हुई है। मंत्री और माननीय प्रोटोकाल का भी पालन नहीं कर रहे है। अधिकारियों और ठेकेदारों के आवास और कार्यालय पर जाकर भोजन और चाय पीने की घटना ने जिले के लोगों को आर्ष्यचकित कर दिया है। कहा जा रहा है कि यही मंत्री अगर किसी गरीब के घर भोजन या चाय पीने जाते तो मंत्री सहित सरकार की छवि अच्छी बनती और मंत्री का जय-जयकार भी होता। तब न कोई ठेकेदार लाभ उठा पाता है, और न अधिकारी ही मंत्री के करीबी होने का दम भरपाते। इसी तरह अगर कोई विधायक सीधे ब्लॉक में न जाकर किसी बीडीओ या अधिकारी को डाकं बंगले में बुला ले तो प्रोटोकाल भी बना रहेगा, और विधायक की गरिमा भी बनी रहेगी, और गलत संदेष भी नहीं जाएगा। अनेक अधिकारियों और बीडीओ का कहना है कि अगर राजनेता गरिमा में रहकर अपनी बात या जनता का काम करने को कहेंगे तो किस अधिकारी के भीतर इतनी हिम्मत है कि वह मना कर दे। मगर जब कोई राजनेता प्रोटोकाल का पालन नहीं करेंगे तो जनता सवाल तो करेगी ही।

# दो दिवसीय अखिल भारतीय विराट कुश्ती दंगल 10 व 11 जनवरी को

**बीजपुर/सोनभद्र।** स्थानीय थानाक्षेत्र के ग्राम सभा बीजपुर के पुनर्वास प्रथम परिक्षेत्र स्थित परिषदीय प्राथमिक व कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय के संयुक्त परिसर में दो दिवसीय अखिल भारतीय विराट कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाएगा। इस बात की जानकारी देते हुए आयोजक दंगल कमेटी के अध्यक्ष व्यवसायी व समाज सेवी रामाज्ञा सिंह ने बताया कि अखिल भारतीय विराट दंगल का आयोजन उक्त विद्यालय परिसर में चालू माह जनवरी 2021 के 10 व 11 तारीख को सम्पन्न किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दंगल के आयोजन हेतु जिले व तहसील के संबंधित अधिकारियों से लिखित आदेश ले लिया गया है। उन्होंने बताया कि यह आयोजन क्षेत्र की जनता के स्वस्थ मनोरंजन हेतु आयोजित किया जा रहा है। श्री सिंह ने कहा कि इस दो दिवसीय दंगल में भारत के नामी गिरामी पहलवानों ने भाग लेने के लिए अपनी स्वीकृति दे दी है। उनकी व आयोजन कमेटी की माने तो दंगल में दिल्ली के टाइगर संदीप राणा व उनकी टीम बुंदेलखंड से बालमुकुंद यादव व केशरी की टीम अयोध्या से बाबा बजरंगी दास टीम सहित आगरा से शिवशंकर पहलवान व उनकी टीम के पहलवान बरेली से अर्जुन व उनकी टीम के अन्य पहलवानों ने दंगल में भाग लेने हेतु सहमति दे दी है। इसके साथ साथ सीतापुर से दिनेश वाराणसी से महेश उन्नाव से बबलू जौनपुर से उमा ने भी दंगल में अपनी अपनी टीम के पहलवानों के साथ आने हेतु हामी भर ली है। पुरुष पहलवानों के अलावा इस दंगल में महिला पहलवानों में मेरठ से पूनम गोरखपुर से सोनी वाराणसी से स्वाती आदि ने भी दंगल में अपनी अपनी टीमो के महिला पहलवानों के साथ शिरकत करने के लिए स्वीकार किया है।

# प्रदेश सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों को पहुंचा रही है लाभः विधायक जय

- विकास भवन परिसर में किसान कल्याण मिशन/किसान मेला का हुआ आयोजन

**संतकबीरनगर।** जनपद में किसान कल्याण मिशन के अन्तर्गत विकास भवन परिसर, मेंहदावल विकास खण्ड परिसर एवं विकास खण्ड पौली में कृषि विज्ञान केन्द्र बगही पर बृहद किसान मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें कृषि विभाग सहित किसान हित से जुड़े अन्य सम्बंधित विभागों जैसे पशुपालन, मत्स्य पालन, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, श्रम विभाग, मण्डी परिषद, बैंक आदि विभागों द्वारा किसान लाभार्थीपरक योजनाओ एवं उत्पादों से सम्बंधित स्टाल लगाते हुए किसान मेले में आये किसानो को योजनाओ, यत्रो, उत्पादो आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। किसान कल्याण मिशन के तहत विकास भवन परिसर में आयोजित किसान गोष्ठी एवं कृषक मेला के मुख्य अतिथि सदर विधायक दिग्विजय नारायण जय चौबे ने दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन किया तथा परिसर में विभिन्न विभागों एवं स्वंय सहायता समूहों द्वारा लगाये गये स्टालों का अवलोकन करते हुए योजनाओं/उत्पादों के बारे में पूछताछ एवं जानकारी प्राप्त किया तथा किसान हित योजनाओं का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार करते हुए कृषकों का लाभान्वित करने हेतु प्रेरित भी किया। विधायक जय चौबे ने इस अवसर पर आयोजित किसान गोष्ठी में दूरदराज से आये हुए किसानों का स्वागत करते हुए कहा कि जनपद के स्वस्थ्य विकास के लिए अन्नदाता किसानो की खुशहाली बेहद जरूरी है। उन्होंने वर्ष 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने के लिए केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओ, कृषि की नई तकनीकों का इस्तेमाल एवं इसके प्रचार-प्रसार पर जोर देते हुए नई कृषि सुधार कानून के लाभों का भी उल्लेख किया। किसान मेला एवं प्रदर्शनी के दौरान जनपद में कृषि, पशुपालन, उद्यान आदि क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन किये किसानों को विधायक जय चौबे द्वारा सम्मान पत्र एवं विगत कुछ दिनों के दौरान किसान क्रेडिट कार्ड से अच्छादित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी अतुल मिश्र ने किसान गोष्ठी को सम्बंधित करते हुए किसानो से आधुनिक एवं व्यवसायिक खेती करने तथा इस दिशा में अन्य लोगों को भी प्रेरित करने को कहा। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि किसान भाई परम्परागत कृषि के तौर तरीको से उपर उठकर अपनी खेती के साथ-साथ पशुपालन, उद्यान, मत्स्य पालन आदि की भी योजनाओ का भी लाभ लेते हुए आय के स्रोत को बढावे और इस संबंध में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर वे सम्बंधित विभाग से सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त करे।

# वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित

**टीकाकरण के लिए पंजीकरण अनिवार्य दिखाने होंगे आई कार्ड**

**कोरोना वैक्सीन स्वैच्छिक, 28 से 30 दिनों के अंदर लेने होंगे दो डोज**

**संवाददाता** । गाजीपुर

**राज्य** सरकार द्वारा कोरोना संक्रमण से निपटने के लिए वैक्सीन देने की तैयारी जोरों पर है। इसके लिए जिलों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा ड्राई रन यानी पूर्वाभ्यास भी किया गया है। हालांकि वैक्सीनेशन को लेकर आमजन अब थोड़ी राहत महसूस कर रहे हैं, लेकिन अब भी अधिकतर के मन में टीकाकरण के प्रति कई सवाल भी हैं। इस दिशा में परिवार कल्याण मंत्रालय ने टीकाकरण से जुड़े महत्वपूर्ण सवालों का जवाब देते हुए एक पुस्तिका जारी कर टीकाकरण से संबंधित आशंकाओं व भ्रांतियों को भी दूर किया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने जानकारी दी है कि उच्च जोखिम वाले समूहों को प्राथमिकता के आधार पर वैक्सीनेशन के लिए चिन्हित किया गया है। इन्हें तीन समूहों में बांटा गया है, पहले समूह में हेल्थकेयर और फ्रंटलाइन वर्कर शामिल हैं, दूसरे समूह में 50 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्ति तथा जो पहले से ही किसी रोग से ग्रसित हैं। इसके बाद अन्य आम लोगों को वैक्सीन उपलब्ध कराया जायेगा। भारत में कोरोना वैक्सीन उतनी ही प्रभावी होगी जितनी अन्य देशों द्वारा विकसित वैक्सीन, वैक्सीन परीक्षण के विभिन्न चरणों में इसकी सुरक्षा और प्रभावकारिता सुनिश्चित करने के लिए की जाती है। सुरक्षा और प्रभाव की डेटा की जांच के आधार पर मंजूरी के बाद ही नियामक निकायों द्वारा वैक्सीन लगायी जायेगी। कोविड वैक्सीनेशन के लिए पात्र लाभार्थियों को पहले पंजीकरण कराना होगा।

उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर के माध्यम से वैक्सीनेशन और उसके निर्धारित समय के बारे में स्वास्थ्य सेवाओं द्वारा सूचित किया जायेगा। पंजीकरण के लिए फोटो के साथ पहचान पत्र दिखाना अनिवार्य होगा। कोरोना वैक्सीन लेने के बाद कम से कम आधे घंटे तक वैक्सीनेशन केंद्र में आराम करना चाहिए। यदि बाद में कोई असुविधा या बेचैनी महसूस होती है तो निकटतम स्वास्थ्य अधिकारियों, एएनएम और आशा को इसकी सूचना दें। कोरोना अनुरूप व्यवहारों जैसे मास्क पहननाए हाथ की सफाई और छह फीट की शारीरिक दूरी बनाये रखने का पालन करें। यदि कोई कैंसर मधुमेह, उच्च रक्तचाप आदि जैसी बीमारियों की दवा ले रहा है तो वह भी कोरोना वैक्सीन ले सकता है। इनमें से एक या एक से अधिक स्वास्थ्य परिस्थितियों वाले व्यक्तियों को एक उच्च जोखिम वाली श्रेणी माना जाता है। कोविड संक्रमितों को भी वैक्सीनेशनेशन की आवश्यकता है। कोरोना वैक्सीन व्यक्ति की रजामंदी के बाद ही दिया जाना है। यद्यपि स्वयं की सुरक्षा और बीमारी के प्रसार को सीमित करने के लिए कोरोना वैक्सीन आवश्यक भी है। साथ ही वैक्सीन की पूरी खुराक पूरा करने के लिए 28 दिन के अंदर एक व्यक्ति द्वारा इसकी दो खुराक लेने की सलाह दी गयी है।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने यह स्पष्ट भी किया है कि कोरोना वैक्सीन की दूसरी खुराक प्राप्त करने के दो सप्ताह बाद आमतौर पर एंटीबॉडी का सुरक्षात्मक स्तर विकसित होता है।

## वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से हुई वरासत आदि की समीक्षा

**संवाददाता** । देवरिया

**वीडियो** कान्फ्रेसिंग के माध्यम से राजस्व विभाग की संचालित महत्वपूर्ण कार्यक्रम वरासतए स्वामित्व योजना, आईजीआरएस की डिफाल्टर सन्दर्भो की समीक्षा अध्यक्ष राजस्व परिषद दीपक त्रिवेदी एवं आयुक्त, सचिव राजस्व मनीषा त्रिघाटिया द्वारा जनपदवार की गयी एवं अब के कार्य प्रगतियों को उनके द्वारा जाना गया।

जिलाधिकारी अमित किशोर ने जनपद के प्रगतियों से अवगत कराया तथा वीडियो कान्फ्रेसिंग पश्चात एनआईसी के कान्फ्रेसिंग हाल में उपस्थित उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार को वरासत व स्वामित्व योजना के कार्यो को समबद्धता के साथ पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि वरासत को अभियान का रुप दें। ध्यान रहे कि कोई भी वरासत का प्रकरण लम्बित ना रहे।

## सरकार किसानों के हित के लिए तत्पर है: सदर सांसद

**संवाददाता** । देवरिया



**बुधवार** को प्रारम्भ हुई किसान कल्याण मिशन के तहत जनपद के ब्लाको में किसान कल्याण से जुडे कार्यक्रम आयोजित हुए। इस दौरान कृषि व कृषि आधारित अन्य गतिविधियों पर किसान गोष्ठी, प्रदर्शनी, मेले का आयोजन किया गया तथा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, कृषि यन्त्र वितरित किये गये वही योजनाओं की विस्तृत जानकारी कृषि वैज्ञानिकों द्वारा दी गई। सदर ब्लाक के आईटीआई परिसर में किसान मेला, प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। तरकुलवा में आयोजित इस कार्यक्रम में सदर सांसद डा. रमापति राम त्रिपाठी ने कहा कि किसानों की वर्तमान आय को दोगुना करने के लिये प्रदेश सरकार कृत संकल्पित है। इस संकल्प को पूरा करने हेतु यह निर्णय लिया गया है कि कृषि आधारित अन्य गतिविधियों जिसमें पशुपालन, बागवानी, गन्ना इत्यादि जिसमें कृषि आधारित सम्मिलित हैए इन गतिविधियों के माध्यम से किसान की आमदनी को दोगुना करने का अभियान किसान कल्याण मिशन के रुप में चलाया गया है, जिसके आज प्रथम दिन में जनपद के पांच ब्लाक में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होने कृषकों से आयोजित किसान मेला प्रदर्शनी में कृषि वैज्ञानिको द्वारा दिये गये जानकारियों एवं प्रदर्शनी के स्टालों के माध्यम से जानकारियों को प्राप्त करने की अपेक्षा की। सदर विकास खंड के आईटीआई परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सदर विधायक ने कहा कि कृषक हमारे अन्नदाता है, उनका हित सर्वोपरि है, उनकी आय व संसाधनों को बढ़ाने के लिये सरकार द्वारा अनेक योजनाये चलाई गयी है।

इन योजनाओं से अवश्य ही किसानो के आर्थिक स्थिति में मजबुती आयेगी। उन्होने कृषि व अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र इस दौरान वितरित किया एवं किसानो के प्रशिक्षण के लिये प्रदेश से बाहर जाने के लिये एक बस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

## बांध पर बनाया गया शॉपिंग कांप्लेक्स

**संवाददाता** । सिद्धार्थ नगर

**सिंचाई** निर्माण खंड सिद्धार्थनगर अंतर्गत पड़ने वाले नरकटहा सोनखर बांध पर संबन्धित अवर अभियंता सहायक अभियंता की मिलीभगत से बाढ़ से बचाव हेतु शासन द्वारा खर्च की गई भारी-भरकम धनराशि से निर्मित सरकारी बांध पर एक प्रभावशाली व भूमाफिया किस्म के व्यक्ति को अनुचित लाभ लेकर सरकारी बांध पर शॉपिंग कांप्लेक्स का निर्माण बांध पर करवा दिया गया है यदि इस संबंध में लोगों के द्वारा निर्माण कार्य प्रारंभ होते ही संबंधित अधिशासी अभियंता सिंचाई निर्माण खंड सिद्धार्थनगर वास्तु स्थिति से अवगत करा दिया गया था, परंतु भूमाफिया के विरुद्ध कोई निरोधात्मक कार्यवाही विभाग के जिम्मेदारों द्वारा नहीं की गई और उसके शॉपिंग कांप्लेक्स का निर्माण कार्य पूर्ण करवा दिया गया। इस प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच करवाया जाना नितांत आवश्यक है।

## कृषि मेला, प्रदर्शनी के साथ जागरूकता गोष्ठी का आयोजन

**संवाददाता** । सिद्धार्थनगर

**किसान** कल्याण मिशन कार्यक्रम अंतर्गत विकास खंड स्तर पर आयोजित होने वाले कृषि मेला, प्रदर्शनी एवं जागरूकता गोष्ठी बुधवार को विकास खंड बर्डपुर, विकास खंड शोहरतगढ़, विकासखंड बढ़नी, विकासखंड लोटन में आयोजित किया गया। विकास खण्ड बर्डपुर में आयोजित कृषि मेला एवं प्रदर्शनी एवं जागरूकता गोष्ठी में विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही तथा जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कृषि मेला एवं प्रदर्शनी एवं जागरूकता गोष्ठी में कहा कि भारत व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं की प्रदर्शनी लगायी गयी है जिसमें आप अपना रजिस्ट्रेशनर कराकर योजनाओं का लाभ ले सकते है। प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को दी जाने वाली अनुदान की धनराशि सीधे उनके खाते में प्रेषित की जाती है। गोष्ठी में उपस्थिति महिलाओं को बताया कि आप लोग समूह बनाकर स्वरोजगार कर सकती है तथा आत्मनिर्भर बनने के लिए महिलाओं को प्रेरित किया गया। जनपद के चारो विकास खंडों में आयोजित कृषि मेला एवं कृषि प्रदर्शनी में कृषि विभाग के साथ-साथ उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता, सिंचाई विभाग, लघु सिंचाई, विद्युत, ग्राम विकास, पंचायती राज विभाग, वन विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभागए केसीसीए आधार संशोधन, आयुष्मान भारत एवं श्रम विभाग द्वारा श्रमिको के पंजीकरण करने हेतु संबंधित स्टाल लगाकर एवं लाभार्थीपरक योजनाओं के स्वीकृत पत्रए प्रमाण पत्र, पुरस्कार आदि का वितरण किया गया। विकासखंड स्तर पर आयोजित कृषि मेले एवं कृषि प्रदर्शनी में कृषि कल्याण से संबंधित विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूकता गोष्ठी के साथ-साथ योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों का चयन करते हुए लाभार्थियों को विभिन्न सुविधाएं भी उपलब्ध करायी गयी।

## गाजीपुर ने चंदौली को कबड्डी में हराकर ट्राफी जीती

धानापुर (चन्दौली)। यादव स्पोर्टिंग क्लब द्वारा आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में गाजीपुर की टीम ने चन्दौली को हराकर ट्राफी पर कब्जा कर लिया। गाजीपुर ने निर्धारित समय में कुल 46 पॉइंट बनाये और चन्दौली की टीम मात्र 33 पॉइंट ही बना पाई।

विजेता और उपविजेता टीम को क्षेत्रीय विधायक सुशील सिंह ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि खेल में हार जीत का महत्व बहुत नही होता है। हर मैच में अपने कमियों को दूर कर अगले मैच के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने दोनो टीम का हौसला आफ्जाई किया।

विशिष्ट अतिथि विमल सिंह दादा रहे। मैन ऑफद सीरीज अमन कन्नौजिया रहे। इस दौरान मुख्य रूप से दीनदयाल यादव, दीपक यादव, संदीप यादव, विक्की, धीरज यादव, राजा यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। रेफ्री शिक्षक नारद यादव रहे।

## मऊ स्टेशन पर रोटरी क्लब बेबी फीडिंग कॉर्नर बनाएगा: डीजी

**संवाददाता** । मऊ



**रोटरी** क्लब 3120 मंडल के मंडलाध्यक्ष करुणेश श्रीवास्तव ने कहा कि गरीबों की सेवा के लिए रोटरी क्लब सदैव तत्पर रहती है। जल्द ही क्लब की ओर से मऊ जंक्शन पर महिलाओं को सुविधाएं मिलेंगी। मऊ जनपद में रोटरी क्लब के द्वारा रिकॉर्ड ब्लड डोनेशन कार्यक्रम के निमित्त अवार्ड घोषित किया। एक होटल में आयोजित डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के विजिट कार्यक्रम में श्री श्रीवास्तव बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब शिक्षा चिकित्सा सहित विभिन्न क्षेत्रों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती है इसलिए रोटरी क्लब की एक अपनी पहचान है। श्री श्रीवास्तव कई कार्यक्रमों में शामिल होकर क्लब के सदस्यों को भावी योजनाओं में रोटरी के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोविड-19 भौतिक रूप से अपेक्षा के अनुरूप तो कार्य नहीं हो सके किंतु वेबीनार एवं वर्चुअल रूप से अनेकों ट्रेनिंग कार्यक्रम सेमिनार एवं संवाद के कार्यक्रम किए गए। उन्होंने बताया कि रोटरी सौहार्द एवं भाईचारा को बढ़ाने का विश्व का सबसे बड़ा संगठन है। कोविड-19 कार्यकाल में ब्लड डोनेशन के उत्कृष्ट कार्य करने के लिए अवार्ड की घोषणा मंडल अध्यक्ष ने किया। क्लब के किए गए कार्यों की खूब सराहना की। विस्तृत जानकारी देते हुए क्लब के अध्यक्ष रोटरी एचएन सिंह ने कहा कि मऊ रेलवे स्टेशन पर बेबी फीडिंग कॉर्नर बनाने की सुरुआत होगी। साथ ही मऊ में प्रवेश के सभी मुख्य मार्गों पर रोटरी के बोर्ड लगवाने का आश्वासन मंडल अध्यक्ष को दिया। बेबी फीडिंग के लिए रोटरी की पहल सार्थक होगी।

## मंदिर निर्माण को लेकर समन्वय समिति की बैठक

**गाजीपुर**। श्रीराम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण को लेकर काशी प्रान्त प्रमुख रमेश जी के सानिध्य में समन्वय बैठक बुधवार को संघ कार्यालय पर की गयी। जिसमें भारतीय जनता पार्टीए विश्व हिन्दु परिषद, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, बजरंग दलए सेवा भारती आदि संगठनों के पदाधिकारियों को श्रीराम मंदिर निर्माण हेतु चलाये जा रहे महाअभियान पर चर्चा की गयी। इस महाअभियान की शुरूआत मंकर संक्रान्ति 15 जनवरी से प्रारम्भ होकर 15 फरवरी तक चलेगा।

प्रान्त प्रमुख ने बताया कि इस महाअभियान में जनपद के सभी परिवारों के योगदान का होना सुनिश्चित किया गया। इसके लिए पंचायत स्तर पर टोली का गठन करके गांव गांव व शहर शहर प्रत्येक हिन्दू परिवार से सहयोग की कामना किये है। अभूतपुर्व श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए पूरे राष्ट्र में बिना किसी भेदभाव के चलाया जायेगा। इसके लिए हमारे कार्यकर्ता प्रत्येक परिवार के चैखट तक जाएंगे।

## जेसीआई ने जरूरतमंदों को वितरित किया कंबल



**संवाददाता** । जौनपुर

**जेसीआई** क्लासिक ने मानव सेवा ही असली धर्म है कि मूलभावना को आत्मसात करते हुए अध्यक्ष सुजीत अग्रहरि के निर्देशन में स्थापना दिवस के अवसर पर बुधवार को नगर के पॉलीटेक्निक के पास स्थित लोहिया पार्क में जरूरतमंदों को कम्बल वितरण किया। संस्थापक अध्यक्ष विशाल गुप्ता ने कहा कि जेसीआई क्लासिक के अध्यक्ष व अन्य सदस्यों द्वारा कम्बल वितरण जैसा पुनीत सराहनीय है। संस्थापक अध्यक्ष होने के नाते मुझे गौरव महसूस हो रहा है। निवर्तमान अध्यक्ष अजय गुप्ता ने भी अपने विचार व्यक्त किये। संस्थाध्यक्ष ने संस्थापक सदस्यों का माल्यार्पण कर सम्मान किया। सचिव रौनक साहू ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन अमित पांडेय ने किया। इस अवसर पर राजेश किशोर, प्रोग्राम डायरेक्टर रूपेश कसोधन, पूर्व अध्यक्ष श्याम सेठ, पूर्व अध्यक्ष मधुसूदन बैंकर, अभिताश गुप्ता, हसन अब्बास, कार्तिक सेठी, राजेश अग्रहरि, संजीव साहू, राजीव साहू, शिवम सिंह, मनीष गुप्ता, मनोज शर्मा, अभिषेक बैंकर, आशीष गुप्ता, योगेश साहू, सिद्धान्त सेठी आदि उपस्थित रहे।

## अभियान चलाकर बनाए गए गोल्डेन कार्ड



**संवाददाता** । जौनपुर

**आयुष्मान** भारत.प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत एवं मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देशन में गोल्डेन कार्ड विहीन परिवारों का गोल्डेन कार्ड बनाये जाने के लिये अभियान चलाया गया। इसी क्रम में सिरकोनी ब्लॉक के ग्राम नेवादा में नगर के नईगंज स्थित शिवाय न्यूरो हॉस्पिटल प्रालि. द्वारा कई परिवारों के गोल्डन कार्ड बनाये गये। न्यूरो रोग विशेषज्ञ डा. शशि प्रताप सिंह ने बताया कि यह विशेष अभियान आगामी 15 जनवरी तक चलाया जायेगा। जिससे शत-प्रतिशत गोल्डेन कार्ड बनवाया जा सके। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत गोल्डेन कार्ड लाभार्थी को शिवाय न्यूरो हॉस्पिटल में इलाज की सुविधा नि:शुल्क उपलब्ध है।

### पीएम स्व निधि लाभार्थियों को दी डिजिटल लेन-देन की जानकारी



जफराबाद (**जौनपुर**)। स्थानीय नगर पंचायत कार्यालय परिसर में बुधवार को पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्व निधि) योजना के लाभार्थियों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिसमें उन्हें डिजिटल माध्यम से लेन.देन करने के बारे में विस्तार से जानकरी दी गई। अधिशासी अधिकारी आशुतोष कुमार त्रिपाठी ने बताया कि सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए कार्यालय परिसर में क्षेत्रीय कार्यालय यूनियन बैंक के हिमांशु दीक्षित की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिन लाभार्थियों ने पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत 10-10 हजार रुपये का लोन लिया है, को उन्होंने डिजिटल तरीके से लेन देन करने का तरीका बताया। साथ ही डिजिटल माध्यम के द्वारा लेन देन पर मिलने वाले कैश बैक के विषय में भी जानकारी दी। इस मौके पर यूनियन बैंक शाखा के ब्रांच मैनेजर भूपेंद्र सिंह, देवेंद्र कुमार, राजमन, ओमकार, सत्येंद्र तिवारी, दीपक शुक्ल, राकेश गुप्ता सहित पीएम स्वनिधि के लाभार्थी मौजूद रहे।

## शाह आलम आम आदमी पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए गए

**संवाददाता** । मऊ

**आम** आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी व राज्य सभा सांसद संजय सिंह की सहमति से प्रदेश सहप्रभारी व अध्यक्ष (अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ) शकील मलिक ने आम आदमी मऊ जिले के पूर्व जिलाध्यक्ष शाह आलम उल्फ़त को प्रदेश उपाध्यक्ष (अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ) नियुक्त किया है। साथ ही साथ आजमगढ़, मऊ और बलिया जिलों का प्रभार सौंपा गया है। आम आदमी पार्टी मऊ परिवार इस अति महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के मिलने पर शाह आलम उल्फ्त को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए कहा है कि उन्हें जो नई जिम्मेदारी मिली हैए वे उसका ईमानदारी व निष्ठा के साथ निर्वहन करेगें। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने कैम्प कार्यालय पर बैठक करके खुशी का इजहार किया है। खुशी प्रकट करने वालों में जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र रणावत, महा सचिव अविनाश सिंह, सचिव संजीव रावत, एहतेशाम अहमद, रफत फातिमा, सोशल मीडिया प्रभारी महफूज अहमद, सतीश कुमार शक्ति, स्वामीनाथ प्रसाद एकमलेश कुमार द्विवदी, संजय कुमार यादव, मो. आदिल, हबीब अहमद, मनोज सिंह, एजाजुद्दीन अहमद, सरोज कुमार चौरसिया आदि शामिल रहे।

**लालचन्द्र यादव बने समाजवादी व्यापार सभा के विस अध्यक्ष**

शाहगंज (**जौनपुर**)। समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश कार्यालय पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अध्यक्षता में बैठक हुई, जहां शाहगंज विधानसभा इकाई का गठन करते हुए अध्यक्ष पद पर लालचंद यादव को मनोनीत किया गया।

## साहित्य के पितामह भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की 136वीं पुण्यतिथि मनाई गई

**संवाददाता** । देवरिया



**भाजपा** सलेमपुर मण्डल द्वारा साहित्य के पितामह भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की 136वीं पुण्यतिथि बस स्टैंड स्थित कार्यालय पर मनाई गयी। वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक पांडेय ने कहा कि भारतेंदु हरिश्चन्द्र आधुनिक साहित्य के जनक व महान कवि और आधुनिक नाटक के शिल्पकार थे। भारतेंदु हरिश्चन्द्र ने 34 वर्ष की अल्पायु में 175 गन्थों की रचना की। भारतेंदु जी बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। हिंदी पत्रकारिता, नाटक और काव्य के क्षेत्र में उनका बहुमूल्य योगदान रहा।

मण्डल अध्यक्ष कन्हैया लाल जायसवाल ने कहा कि भारतेंदु ने ना केवल नई विधाओं का सृजन किया बल्कि वे साहित्य की विषय.वस्तु में भी नयापन लेकर आए, इसलिए उन्हें भारत में नवजागरण का अग्रदूत माना जाता है। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य त्रिपुणायक विश्वकर्मा ने कहा कि भारतेंदु हरिश्चंद्र एक उत्कृष्ट कवि, सशक्त व्यंग्यकार, सफल नाटककार, जागरूक पत्रकार और ओजस्वी गद्यकार थे। उक्त अवसर पर त्रिवेणी गुप्ता, मण्डल महामंत्री अशोक तिवारी, अजय दुबे, मण्डल अध्यक्ष लार रोड संजय कुशवाहा, अनिल ठाकुर, अवनीश चन्द्र मिश्र चंचल, दीपक श्रीवास्तव, राकेश दुबे आदि उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय ताइक्वांडो के खिलाड़ी हुए सम्मानित

**संवाददाता** । देवरिया

**सिविल** लाइन स्थित रवि ताइक्वांडो अकेडमी में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर विधायक डॉ सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी व दर्जा प्राप्त मंत्री नीरज शाही व विशिष्ट अतिथि न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवेंद्र मिश्रा रहे। कार्यक्रम में मार्शल आर्ट जेएस के बारे में बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई जहां मुख्य रूप से प्राइवे गुप्ता, आदित्य सिंह, शिवम तिवारी, रुद्राक्ष मिश्रा, अमन कुमार, सुशांत सिंह, विवेक शर्मा, शशांक सिंह, निखिल चौधरी को ब्लैक बेल्ट प्रथम डॉन सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि न्यायाधीश शिवेंद्र मिश्रा ने अंतर्राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप के विजेता उपविजेता खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय सर्टिफिक्रेट दिया। जिसमें पलक त्रिपाठी, शिवम विशिष्ट, सुशांत सिंह, शौर्य दुबे, रुद्राक्ष मिश्रा, आदित्य सिंह, शिवम तिवारी, अमित शर्मा, आदर्श शुक्ला, दिव्यांशु मणि त्रिपाठी, आदित्य प्रजापति, विवेक शर्मा, सौम्या सिंह , शौर्य रंजन, विवेक शमा, सुमन पांड, समीर मिश्रा, नागेश्वर तिवारी को सम्मानित किया। इस मौके पर न्यायधीश ऐसे कार्यक्रम होते रहना चाहिए आत्मरक्षा कला लड़के तो सीख रहे हैं साथ ही साथ लड़कियों और महिलाओं को भी आगे बढ़कर सीखना चाहिए। कार्यक्रम में हर्ष तिवारी, ओम तिवारी, स्वीटी तिवारी, प्रिया तिवारी, कृष्णा तिवारी, आर्यन सिंह ने बेहतरीन कला का प्रदर्शन किया। इस दौरान पवन त्रिपाठी, संजय मिश्रा, अनिल मिश्रा, ज्ञानेश्वरी, जितेंद्र तिवारी, गुंजन मिश्रा,आशुतोष मिश्रा रामवृक्ष यादव, भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष सहित आदि लोग उपस्थित थे ।

## लायंस क्लब क्षितिज ने बांटे ऊनी वस्त्र




**संवाददाता** । जौनपुर

**ठण्ड** को देखते हुये बुधवार को लायंस क्लब क्षितिज के अध्यक्ष दिलीप सिंह की अध्यक्षता में जगदीश चंद्र गुप्ता के जन्मदिन पर शहर के प्रेमराजपुर स्थित वृद्धाश्रम में 48 जरूरतमंद बुजुर्गों को ऊनी वस्त्र वितरित किया गया। इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष शशांक सिंह रानू ने कहा कि लायंस क्लब क्षितिज मानवता की सेवा के प्रति दृढ़ प्रतिज्ञ है। जब भी ऐसा मौका संस्था के सामने आएगा संस्था इस तरह के सेवा कार्य करने को हमेशा तत्पर रहेगी। लायन अध्यक्ष दिलीप सिंह ने कहा कि संस्था जरूरतमंद गरीबों व वृद्धजनों के लिये इस तरह के सेवा कार्य समय-समय पर करती रहती है। कार्यक्रम संयोजक देवेश वैश्य ने कहा कि हमें अपने खुशी के कुछ पल वृद्धजनों के साथ जरूर बिताने चाहिये, इससे उनका आशीर्वाद हमें मिलता है। वे हमको जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर शोभा रानी, नीतू गुप्ता, सर्वेश जायसवाल, राजीव गुप्ता, विष्णु सहाय, संजय बैंकर, अभिषेक गुप्ता, शम्मी, प्रदीप सिंह, दिलीप जायसवाल, शौर्य गुप्ता आदि रहे।

# मंत्री ने किया मेला व प्रदर्शनी का शुभारंभ

**मुसाफिरखाना अमेठी।** बुधवार को स्थानीय विकास खंड कार्यालय परिसर में किसान कल्याण मिशन के तहत किसान मेला व प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री व जगदीशपुर विधायक सुरेश पासी शामिल हुए। स्थानीय विकास खंड मुख्यालय पर किसान कल्याण मिशन के आयोजित मेला व प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्य मंत्री सुरेश पासी ने किया।उन्होंने कृषि उद्यान बागवानी सहित अन्य विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित विषयों के बारे में जानकारी हासिल की। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कृषि बागवानी सहित अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले दिनेश सिंह रघुनंदन सिंह उर्मिला यादव शुभम सिंह सहित करीब दर्जन भर किसानों को सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री सुरेश पासी ने कहा कि सरकार लगातार किसानों की भलाई व कल्याण के लिए विभिन्न स्तर पर योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। कृषि व कृषि से जुड़े लोगों की आर्थिक उन्नति के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ काम कर रहे हैं। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख दिनेश सिंह बीडीओ जिला उद्यान अधिकारी सहित कृषि सहित अन्य विभागों से जुड़े अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### किसानों की समस्याओं का समाधान की जरूरत

बुधवार को शासन की महत्वाकांक्षी योजना के तहत किसानों की समस्याओं के समाधान व जागरूकता लाने के लिए आयोजित किसान मेला जिम्मेदार अधिकारियों की मनमानी व लापरवाही का शिकार हो गया। कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए शासन द्वारा जारी निर्देशों की धज्जियां उड़ती रही। सोशल डिस्टेंस के साथ ही बिना मास्क के लोग इकट्ठा बैठाए गए। जिम्मेदार अधिकारियों की तरफ से कोविड 19 से बचाव हेतु कोई भी जरूरी व्यवस्था नहीं की गई। ग्रामीण इलाकों में किसानों के बीच प्रचार प्रसार के अभाव में प्रदर्शनी से किसान पूरी तरह गायब रहे।


मेले का उद्घाटन करते हुए राज्यमंत्री

# कार्यदायी संस्थाएं गुणवत्ता पर दें ध्यानः डीएम

● 50 लाख से ऊपर के निर्माण कार्यों की जिलाधिकारी ने की समीक्षा, गुणवत्तापूर्ण व ससमय कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश


समीक्षा बैठक में भाग लेते हुए जिलाधिकारी

**अमेठी।** डीएम अरुण कुमार ने आज कैम्प कार्यालय में अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ जनपद में 50 लाख के ऊपर लागत की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा किया। उन्होंने समीक्षा बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारियों व कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन परियोजनाओं के निर्माण कार्य हेतु धनराशि प्राप्त हो गई है उन परियोजनाओं का कार्य निश्चित समय अवधि के अंतर्गत कार्यदाई संस्थाएं पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने तथा गुणवत्तापूर्ण एवं समय के अंदर कार्य पूर्ण किए जाएं उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा की गई घोषणाओं से संबंधित निर्माण कार्यों की समीक्षा की तथा समय से काम पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता अथवा मानक विहीन व अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। निर्माण में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता जांच के बाद ही निर्माण कार्य में प्रयुक्त किए जाएं। उन्होंने कहा कि जिन कार्यों को पूर्ण कराने में बजट की आवश्यकता हो उसके लिए शीघ्र अतिशीघ्र प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजे जिससे कि कार्य में बाधा न उत्पन्न हो व निर्माण कार्य ससमय पूर्ण कराया जा सके। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त कार्यदाई संस्थाओं को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों का श्रम विभाग में पंजीकरण कराया जाए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी डा. अंकुर लाठर, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग राकेश चैधरी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी रामसनेही वर्मा सहित संबंधित अधिकारी व कार्यदाई संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत

**जगदीशपुर, अमेठी।** अनियंत्रित ट्रक ने बाइक खड़ी कर सड़क पार कर रहे युवक को टक्कर मार दी जिससे ब्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गए ईलाज केलिए अस्पताल ले जाने पर मौत हो गई सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्डम के लिए भेजकर आगे की कार्यवाही शुरू की है। जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत अयोध्या.रायबरेली रोड पर स्थित मुबारकपुर गाँव के पास बाइक खड़ी करके सड़क पार करते समय ट्रक की चपेट में आने से युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे स्थानीय लोगों के द्वारा ईलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जगदीशपुर में भर्ती कराया जहाँ पर डाक्टरों द्वारा उसे मृतक घोषित कर दिया गया। मृतक की पहचान गयादीन पुत्र मथुरा उम्र लगभग 35 वर्ष निवासी उसरी मजरे एक्काताजपुर थाना बाज़ार शुकुल जनपद अमेठी के रूप में हुई। इस समबन्ध मे उप निरीक्षक महेन्द्र कुमार सरोज ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा जा रहा है वाहन को कब्जे में लेकर सम्बंधित कार्यवाही की जा रही है।

### बृजेश बने राष्ट्रीय शिक्षा विकास बोर्ड के उपाध्याय

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** क्षेत्र के महेशपुर गांव के मूल निवासी भारतीय मजदूर संघ के पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री बृजेश उपाध्याय को भारत सरकार द्वारा दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रीय शिक्षा एवं विकास बोर्ड का चेयरमैन बनाए जाने पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों व समर्थको ने खुशी जाहिर की है। ग्राम पंचायत महेशपुर गांव के निवासी बृजेश उपाध्याय करीब चालीस वर्षो से भारतीय मजदूर संघ से जुड़कर श्रमिकों के हित में संघर्ष करते हैं। वर्तमान समय में उपाध्याय भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय महामंत्री के पद पर रहकर देश के विभिन्न हिस्सों में मजदूरों की आवाज उठाते रहे हैं। उनके दत्तोपंत राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार का चेयरमैन बनाए जाने पर सुरेश उपाध्याय सर्वेश उपाध्याय राकेश अरविंद विजय यादव अनिल उपाध्याय अभिषेक तिवारी अरुण मिश्र ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए मिठाइयां बांटकर बधाई दी।

### प्रदेश में ललितपुर पुलिस को मिला प्रथम स्थान

**ललितपुर।** प्रमोद कुमार पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में जनपदीय आईजीआरएस शाखा प्रभारी निरीक्षक सत्यनारायण शुक्ला आरक्षी दीपक कुमार आरक्षी धर्मेंद्र कुमार द्वारा जनसुनवाई पोर्टल आईजीआरएस में माह दिसम्बर में शिकायतों के शत प्रतिशत व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में पुलिस को उप्र में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। अब तक 22 बार प्रथम स्थान प्राप्त हो चुका है।

### जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर का किया औचक निरीक्षण

**प्रतापगढ़।** डीएम डा. नितिन बंसल ने कलेक्ट्रेट परिसर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था ठीक ढंग से नही पायी, परिसर में वाहन बेतरतीब ढंग से खड़े थे तथा कलेक्ट्रेट गेट के पास बने शौचालय में भी सफाई की व्यवस्था ठीक नही थी जिस पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त की और प्रभारी कलेक्ट्रेट (नाजिर) को निर्देशित किया कि कलेक्ट्रेट परिसर में साफ-सफाई, शौचालय की सफाई एवं वाहन पार्किंग की व्यवस्था सुव्यवस्थित ढंग से करायी जाये और इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये।

### तीन माह से लापता किशोरी का नहीं लगा सुराग

**सिद्धौर।** कोठी कस्बा से लापता हुई एक नाबालिक को करीब 3 महीने बीत जाने के बाद भी अभी तक कोठी पुलिस पता लगाने में विफल रही है। परिजन किसी अनहोनी घटना की होने की बात कर रहे है। कोठी थाना से चंद कदमों की दूरी पर रहने वाले राममिलन की नाबालिग पुत्री करीब 3 महीने पहले लापता हो गई थी जिसे पुलिस पता लगाने में आज भी विफल है फिलहाल अनुमान लगाया जा रहा है कि कोठी पुलिस इस मामले को ठंडे बस्ते में डालकर निष्क्रिय का प्रमाण दे रही है। आपको बता दें कि राममिलन शर्मा जो बाल कटिंग की दुकान खोल कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है जिसकी पुत्री करीब 3 माह पहले गायब हो गई थी जिस पर राममिलन ने पुलिस अधीक्षक समेत अन्य सक्षम अधिकारियों के सामने पेश होकर अपनी पुत्री की बरामदगी के लिए गुहार लगाई थी अभी तक कोठी पुलिस बरामद करने में असफल साबित हो रही है।

### शिवहरी मीणा को एसपी की कमान

**प्रतापगढ़।** बीती देर रात शासन ने जिले के पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्या का तबादला कर दिया और शिवहरी मीणा नवागत पुलिस अधीक्षक को जिले की कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के लिए कमान सौपी गयी है। बता दे कि शासान ने लगभग चार साल के भीतर जिले में सात पुलिस अधीक्षकों का तबादला किया है, जिसमें सबसे लम्बा 13 महीने का कार्यकाल एसटीएफसे आए अभिषेक सिंह का रहा। अब एक बार फिर नए एसपी की तैनाती की गई है। पांच जनवरी 2017 को रोहन पी. कनय जिले के एसपी बनाकर भेजे गए लेकिन विधानसभा चुनाव को देखते हुए उनको 27 अप्रैल को हटा दिया गया। 28 अप्रैल 2017 को शगुन गौतम को जिले का कप्तान बनाया गया। चुनाव सम्पन्न कराने के बाद 11 महीने का कार्यकाल होने पर 18 मार्च 2018 को शगुन गौतम का यहां से तबादला हो गया। इसके बाद 19 अप्रैल 2018 को संतोष सिंह जिले के एसपी बने, लेकिन चार महीने में ही उन्हें यहां से हटा दिया गया। 16 जुलाई 2018 को संतोष सिंह का ट्रांसफर हो गया। 18 जुलाई 2018 को देवरंजन वर्मा जिले के एसपी बनाए गए। 28 नवम्बर 2018 को उनका भी तबादला कर दिया गया। 30 नवम्बर 2018 को एस. आनंद जिले के एसपी बनकर आए। आठ महीने तक काम किया। 16 जुलाई 2019 को एस. आनंद का तबादला भी हो गया और उनकी जगह अभिषेक सिंह को जिले का एसपी बनाया गया।

### कोताही बरतने वाले पुलिसकर्मी होगें दण्डितः एसपी

**बाराबंकी।** थाने पर आने वाले फरियादियों की सुनवाई प्राथमिकता के आधार पर की जायेगी कोताही बरतने वाले सम्बधिन्त थाने की पुलिस के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही की जायेगी जिससे आमजन को इसका लाभ मिल सके तथा पुलिस के प्रति लोगो का विश्वास कायम रहे। यह बात बुधवार को नवागत पुलिस अधीक्षक यमुना प्रसाद ने कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात् पत्रकारों से औपचारिक भेंटवार्ता में कही। शासन की मंशा पर कार्य करना ही हमारी प्राथमिकता में होगी। वर्ष 2012 बैच के आइपीएस अफसर इससे पूर्व सहायक पुलिस महानिरीक्षक पीएसी मुख्यालय पर तैनात थे। प्रसाद पूर्व में संभल जनपद में बतौर पुलिस अधीक्षक ढाई वर्ष तक अपनी सेवाएं दे सके है तथा तेज तर्रार अफसरों में इनकी गिनती की जाती है।

### धान क्रय केन्द्र का डिप्टी आरएमओ ने किया निरीक्षण

**सिरौलीगौसपुर।** डिप्टी आरएमओ ने बदोसराय धान क्रय केंद्र का निरीक्षण कर अभिलेखों की जांच की। डिप्टी आरएमओ संतोष द्विवेदी ने बुधवार करीब पांच बजे विपणन धान क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण किया उन्होंने वहां पर मौजूद किसानों से बातचीत किया तथा कार्यालय पहुंचकर खरीदे गए धान के अभिलेखों का अवलोकन किया। धान बेचने वाले जगजीवन प्रसाद आरिफ अली व उषा किसान से मोबाइल से बातचीत किया। किसानों से पूछा कि कितना धान बेचा है उधर से समय सही जवाब मिलने से वह संतुष्ट दिखे जांच के दौरान विकी प्रति पत्र में त्रुटियां मिली है इसके साथ ही धान की क्वालिटी ठीक ना होने के कारण नाराजगी जताई उन्होंने एस एम आई तेजभान सिंह को निर्देश दिया कि धान की क्वालिटी खराब होने के कारण उसे रिजेक्ट किया जाना चाहिए।

# राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन


विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते जिला विद्यालय निरीक्षक

**बाराबंकी।** विद्यार्थियो में वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं भावना को विकसित करना ही आज के युग की सर्वाधिक बड़ी आवश्यकता है तथा राष्ट्र निर्माण हम सब की प्रथम वरीयता होनी चाहिये। उक्त बाते शाहिदा नसरीन, पुलिस उपाधीक्षक कोठी के स्थानीय अज़ीमुददीन अशरफ इस्लामिया इण्टर कालेज में विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के पश्चात् कही। उनकी यह भावना रही कि शिक्षा का गुणात्मक स्तर तेजी से गिर रहा है, परन्तु इस विद्यालय में आकर तथा विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों से पारस्परिक वार्तालाप करने के पश्चात वो इस नतीजे पर पहुँची है कि आज का बालक अपने समय से आगे है यह उसकों सही शिक्षा एवं दीक्षा प्रदान की जाए। हम सभी को अपने राष्ट्र को अग्रिम पंक्ति में ले जाने के लिये अपनी पूरी ऊर्जा का सदुपयोग करना चाहिये। जिविनि राजेश कुमार वर्मा, प्रधानाचार्य मो. एहरार आदि ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किये गये तथा विद्यालय के भूतपूर्व प्रधानाचार्य खुर्शीद अहमद खान, तौहीद हसन खान, डा. ताजुददीन खान, मो. फैसल, सुबुही, मो. उसमान खालिद, मो. अब्दुस्सलाम, आनन्द कुमार पाण्डेय, मो. फैज, मो. अकबर आदि मौजूद रहे।

# किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में प्रयासरत है सरकारः सांसद

● विकास खंड स्तरीय कृषि गोष्ठी और मेले का आयोजन


सोलर प्लांट का लोकार्पण करते सांसद व अन्य

**बाराबंकी।** किसान कल्याण मिशन के अन्तर्गत जनपद के पल्हरी प्रक्षेत्र प्रांगण में बुधवार को विकास खण्ड स्तरीय किसान मेला, गोष्ठी/प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में सांसद उपेन्द्र सिंह रावत उपस्थित रहे। उन्होनें प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), खेत समतली, मत्स्य पालन, बकरी पालन के प्रमाण पत्र वितरित करने के साथ साथ आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल मार्गदर्शन में कृषि तथा सहवर्ती विभागों ने किसानों की खुशहाली और आय बढ़ाने की दृष्टि से अनेक कदम उठाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2022 तक किसानों की आय दो गुनी करने की दिशा में सार्थक प्रयास किया है।

उप्र खाद्यान उत्पादन के साथ गेहूंए गन्नाए आलू, दूध आदि को उत्पादन में देश में प्रथम स्थान पर है। पीएम के द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ उप्र के 2 करोड़ 30 लाख किसानों को खाते में जा रही है और प्रदेश के सीमान्त और लघु किसानों की 01 लाख रुपये तक के ऋ्रण को माफ़कर योगी की सरकार ने किसानों को भारी राहत दी है। योगी की सरकार में धान, गेहूँ की रिकार्ड खरीद के साथ समय बद्ध भुगतान किया है। दलहन, तिलहन और आलू खरीद कर किसानों का हित संवर्धन किया है। बड़े पैमाने पर कृषि यंत्र और सोलर पम्पो को अनुदान पर किसानों को सुलभ कराया गया है। 01 लाख, 10 हजार करोड़ से अधिक गन्ना मूल्य का भुगतान इन 4 वर्षों में हुआ है। डीएम, उप कृषि निदेशकए खण्ड विकास अधिकारी बंकी ए जेपी रावत, श्रीश रावत, प्रदीप रावत, शिवकुमार शर्मा व निजी सचिव दिनेश चन्द्र रावत सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

### सांसद ने किया जिला पुस्तकालय में सोलर पावर प्लांट का लोकार्पण

बुधवार को सांसद श्री रावत ने राजकीय जिला पुस्तकालय में लगभग पांच लाख रुपये की लागत से लगाये गये सोलर पावर प्लांट का बटन दबाकर लोकार्पण किया। लोकार्पण अवसर पर उन्होनें पुस्तकालय की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उस डिजिटल युग में भी किताबों की महती आवश्यकता है। क्योकिं किताबें ज्ञान का भण्डार होती है और इसे ही पढ़कर मनुष्य तरक्की कर सकता है। उन्होनें इस मौके पर डीएम डा. आदर्श सिंह की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी देखरेख में जिले में चंहुओर विकास हो रहा है। कार्यक्रम को भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव, डीएम एवं जिला विद्यालय निरीक्षक ने भी सम्बोधित किया है।

### शिकायतों का त्वरित निस्तारण करें संबंधित अधिकारीः डीएम

**अमेठी।** डीएम अरुण कुमार ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में 10 बजे जन सामान्य की समस्याएं सुनी एवं उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। शासन के निर्देश पर बुधवार को कार्यालय में डीएम ने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुना एवं मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि कोविड.19 संक्रमण से बचाव हेतु सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करेंए मास्क लगाएं तथा साफसफाई व सैनिटाइजेशन पर नियमित रूप से ध्यान देंए कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी सोशल डिस्टेंसिंग का का पालन कराते हुए जन समस्याएं सुनी तथा निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। लगभग 42 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुईए जिनमें नाली विवाद, भूमि पर अवैध कब्जे, वसीयत, भूमि की पैमाइश, शौचालय, राशन आदि से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईए जिनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया।

# मोबाइल से फोटो खींचना पड़ा महंगा, खनन माफियाओं ने बुरी तरह से पीटकर किया घायल



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** सरयू का नजारा मोबाइल में कैद करना पड़ा ग्रामीणों को महंगा सरयू में खनन कर रहे हैं माफियाओं को लगा की ग्रामीण खनन का वीडियो बना रहे हैं जिसके चलते की पिटाई हालत गंभीर जिला अस्पताल रेफर। कोतवाली बदोसराय क्षेत्र में अवैध रूप से खनन करने वालों के हौसले बुलंद हैं सरयू नदी में की तलहटी में दिन रात खनन किया जा रहा है जो बदोसराय पुलिस की मिलीभगत से चलता है खनन करने वालों को पुलिस का खौफतो बिल्कुल नहीं है किसी के खेत से बालू की ट्रालियां निकाली जाती हैं तो कहीं किसी की जमीन खोदकर उसको तालाब बना दिया जा रहा है। बदोसराय कोतवाली क्षेत्र के अमनियापुर गांव निवासी पंकज दीक्षित परागी दीक्षित अपने भाई के साथ मंगलवार को शाम छप्पर बनाने के लिए खर लेने सरयू के किनारे गए थे पानी का बहाव देखकर पंकज ने उसका वीडियो बनाना शुरू कर दिया कुछ दूरी पर थाना क्षेत्र के टाटेरवा निवासी राकेश यादव अपने साथियों के साथ नदी में बालू का खन्नन करवा रहा था उसने सोचा की ये खन्नन का वीडियो बना रहा है तभी उसको दौड़ा कर पकड़ लिया और उसका मोबाइल छीन कर नदी की तरफ फेंकने लगा इतने में बगल खड़े उसके भाई ने मोबाइल फेंकने से मना किया इतने में दोनों में कहासुनी हो गई और मारपीट की नौबत आ गई राकेश अपने दल बल के साथ वहां मौजूद था जिसके चलते परागी और मैं पंकज को पकड़ कर लाठी.डंडों से जमकर पिटाई कर दी मौके से उसका भाई मातादीन भागकर पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने मरणासन्न पड़े दोनों को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य सिरौलीगौसपुर भिजवाया जहां से डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया मारपीट में पंकज दीक्षित का एक हाथ भी टूट गया है पुलिस अभी तक सिर्फ लीपापोती कर रही है इस मामले का दरोगा व सिपाही दोनों पर सुलाह का दबाव बना रही है।

# कही मिशन कायाकल्प तो कप्तान पर नहीं पड़ा भारी

**बाराबंकी।** जिले में तैनात रहे पुलिस अधीक्षक डा0 अरविन्द चतुर्वेदी का मिशन काया कल्प कही भारी तो नही पड़ गया। अचानक रातो रात हुए तबादले के बाद यह बात अब लोगो में चर्चा का विषय बनी हुई है। उल्लेखनीय है श्री चतुर्वेदी के मिशन काया-कल्प के अंतर्गत उन गांवो में मुहिम चला रहे थे जिनमें निर्धनता के साथ साथ अवैध कारोबार को अंजाम दिया जाता था इस दिशा में उन्होंने ने केवल चैनपुरवा गांव को आबाद कराया बल्कि चर्चित टिकरा गांव भी उनका अगला निशाना था। उन्होंनें यहां अपने मिशन की शुरुवात भी कर दी थी मगर रातो रात हुए तबादले के बाद यह बात चर्चाएं आम हो गयी है कि कही मिशन काया-कल्प तो नही पुलिस कप्तान पर भारी पड़ गया है। कहा तो यहां तक जा रहा है कि यह पहले कप्तान नही है जो रातो रात हटाए गये हो, इससे पूर्व भी कई कप्तान अपने मिशन में कामयाब होने से पहले हट चुके है। ऐसा तब है जब जिले का थाना जैदपुर के अंतर्गत टेरा टिकरा काले सोने की तस्करी के लिये विश्व विख्यात है इसे मिनी दुबई के रुप में जाना जाता है। आये दिन देश की विभिन्न प्रांतो की पुलिस यहां छापेमारी भी करती है लेकिन यहां पर फैला अवैध कारोबार खत्म लेने का नाम नही ले रहा है। सूत्रों का तो यहां तक कहना है कि जो भी इसे खत्म कराने की कोशिश करता है अथवा उसका विरोध करता है तब रातो रात तबादला कर दिया जाता है या तो उन्ही के इशारे पर काम करने पर मजबूर हो जाते है, पूर्व के कप्तान इसके उदाहरण भी है। ऐसे में एसपी डा0 अरविन्द चतुर्वेदी भी कही इसके शिकार नही हो गये है। यह बात एक बार फिर लोगो के दिलो में कौंध रही है। वही आने वाले पुलिस कप्तान पर लोगों की निगाहें है कि वह इस मकसद में कितना कामयाब होगें यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

# निर्माणाधीन परियोजनाओं का कमीशनबाजी की भेंट चढ़ना सबसे चिंताजनकः प्रमोद तिवारी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य एवं यूपी आउटरीच तथा कोआर्डिनेशन कमेटी के प्रभारी प्रमोद तिवारी ने कहा है कि गाजियाबाद के मुरादनगर मे श्मशान घाट की दर्दनाक घटना ने प्रदेश मे चल रही निर्माण प्रक्रियाओं मे लूट का खुलासा उजागर कर गई है। सीडब्लूसी मेंबर प्रमोद तिवारी ने घटना मे चौबीस निर्दोष लोगों की मौत को लेकर निर्माण एजेन्सियों मे गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए बुधवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भी लिखा है। नगर स्थित क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रमोद तिवारी ने सीएम को लिखे गये पत्र का हवाला देते हुए बताया कि उन्होनें सीएम से प्रदेश मे विभिन्न निर्माण एजेन्सियो द्वारा जारी निर्माण कार्यो की स्वयं समीक्षा का भी अनुरोध किया है। सीडब्लूसी मेंबर प्रमोद तिवारी ने श्मशान घाट के कॉरिडोर के ढहने से हुई मौतो पर आरोपी ठेकेदार अजय त्यागी के इस खुलासे को भी



बेहद चिंताजनक करार दिया है कि उसने निर्माण कार्य का ठेका टेण्डर के समय तीस प्रतिशत रिश्वत देकर लिया था। मुरादनगर के कॉरिडोर समेत प्रदेश मे निर्माणाधीन सेतुओं का भी गिरना यह स्पष्ट करता है कि प्रदेश मे निर्माण कार्यो मे कमीशनखोरी अब सबसे ज्यादा चिंताजनक दौर मे पहुंच गयी है। कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी ने इन घटनाओं के पहलुओं का जिक्र करते हुए लालगंज मे निर्माणाधीन पचास बेड के महिला एवं बाल चिकित्सालय के भवन के निर्माण कार्यो मे विधायक आराधना मिश्रा मोना के निरीक्षण का हवाला देते हुए घटिया सामग्रियों के प्रयोग किये जाने की भी उच्चस्तरीय जांच पर जोर दिया है। श्री तिवारी ने कहा कि चौबीस मौतो से सरकार सबक ले और प्रदेश मे बडे पैमाने पर अभियान चलाकर ऐसी दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति पर रोक लगाये। सीडब्लूसी मेंबर प्रमोद तिवारी ने कोरोना काल मे देश के भयानक आर्थिक मंदी मे होने के बावजूद नये संसद भवन हेतु मोदी सरकार के चौदह हजार करोड की लागत से सेन्ट्रल विस्ट्रा प्रोजेक्ट को न्यायोचित ठहराने के प्रयास की भी तल्ख आलोचना की। प्रमोद तिवारी ने तंज कसा कि मोदी सरकार का यह कैसा विरोधाभास कि एक तरफ तो वह संसद भवन को ब्रिटिश हुकूमत की निशानी बता रही है और दूसरी तरफ गणतंत्र दिवस पर होने वाली परेड मे ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन को मुख्यअतिथि का आमंत्रण भेजवाया था। उन्होनें कहा कि कोरोना काल मे किसानी व्यापार और छोटे उद्योग धन्धे चौपट हो रहे है। ऐसे मे सरकार को देश के खजाने से गैरजरूरत चौदह हजार करोड़ आर्थिक मंदी के दौर मे खर्च करने से बचना चाहिये।

# ट्रक की टक्कर से अधेड़ की मौत

**लालगंज, प्रतापगढ़।** ट्रक की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ की दर्दनाक मौत हो गयी। बुधवार को कोठार मंगोलपुर का राजेश कुमार मौर्या 40 अपनी बाइक से सुबह साढे आठ बजे सगरा सुंदरपुर बाजार के लिए निकला था। इस बीच ओरी का पुरवा सगरा मोड़ पर पहुंचते ही विपरीत दिशा से आ रही तीव्र गति की एक ट्रक ने अधेड को टक्कर मार दी। दुर्घटना मे अधेड़ राजेश मौर्या की मौके पर ही मौत हो गयी। दुर्घटना होते ही घटनास्थल पर भीड़ जमा हो गयी। मृतक राजेश गाजियाबाद मे एक निजी कंपनी मे कारोबार किया करता था। लॉकडाउन मे वह इधर गांव आया था। मृतक के दो पुत्र अमित 22 तथा सुमित 18 है। पत्नी गीता का रो रो कर बुराहाल देखा गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। इधर मृतक के पुत्र अमित की तहरीर पर ट्रक चालक के खिलाफ पुलिस ने गैरइरादतन हत्या तथा लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने का केस दर्ज किया है। राजेश की मौत से परिजनों मे कोहराम मच गया। घटना मे प्रयुक्त ट्रक को पुलिस ने कब्जे मे ले लिया है। वहीं चालक फरार बताया जाता है।

### भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अधिक जांच कराई जांचे कराईः डीएम

**ललितपुर।** डीएम अन्नावि दिनेशकुमार की अध्यक्षता में कोविड.19 कोर कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम विगत 24 घंटे के कोविड परिणामों पर चर्चा हुईए जिसमें बताया गया कि आज 1528 टेस्ट किये गए हैं। 24 घण्टे में जनपद में कुल 04 धनात्मक केस पाया गया है, साथ ही 7 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया है। वर्तमान में कुल डिस्चार्ज मरीजों की संख्या 3240 तथा कुल 64 एक्टिव केस हैं। जनपद में अब तक कुल 253686 सैम्पल लिए गए हैंए जिनमे से 1272 रिजेक्ट हुए हैं। अब तक कुल 251124 रिपोर्ट प्राप्त हुईं। 247877 ऋ्रणात्मक, 3247 धनात्मक, 104 जनपद के बाहर की लैब से प्राप्तए कुल धनात्मक मरीज 3351, 47 मृतक तथा 1290 परिणाम लंबित हैं। मरीजों का रिकवरी रेट 96.68, सीएफआर 1.40 तथा धनात्मकता रेट 1.32 प्रतिशत है। डोर 2 डोर सर्विलांस की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये गए कि सर्वे टीमें अपने.अपने क्षेत्रों में भ्रमण करती रहें।

# भाजापा हर समय चुनाव की तैयारी के लिए रहती है सजगः प्रियंका रावत

**ललितपुर।** कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र की प्रभारी एवं पूर्व सांसद प्रियंका सिंह रावत का ललितपुर आगमन हुआ इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने टोल टैक्स बैरियर पर जाकर फूल मालाओं और पुष्प बर्षा कर उनका स्वागत किया नगर की सीमा में प्रवेश करते ही कार्यकर्ताओं की नारेबाजी से आकाश गुंजायमान हो उठा। कार्यालय पर आयोजित एक बैठक में उन्होंने पंचायत चुनाव विषयक चिंतन पर कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि बैसे तो कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र की प्रभारी होने के नाते उनका जिले में आने उद्देश्य कार्यकर्ताओं से अनौपचारिक भेंट वार्ता है लेकिन यह भी सही है कि भाजपा हर समय चुनाव की तैयारी के लिए सजग रहती है और स्वाभाविक है कि हम पंचायत चुनाव को भी चुनौती के रूप में लेने जा रहे हैं और हर हाल में चुनाव जीतने के लिए प्रयास करेंगे । कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर साहू ने कहा कि कार्यकर्ताओं से अपेक्षा है कि वे केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की जनहित कारी योजनाओं को आम जन तक प्रचारित प्रसारित करने का प्रयास करें और आप विश्वास रखें कि हमारी जनहित कारी योजनाओं से ही हमें सुनिश्चित विजयश्री प्राप्त होगी अन्त में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष जगदीश सिंह लोधी एड ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए प्रभारी से अनुरोध किया कि प्रदेश के अन्तिम छोर का जिला होने के कारण उन्हें इस जिले की ओर ज्यादा प्रवास करना चाहिए। जिला भी सदैव उनके स्वागतों को उत्सुक रहेगा। ललितपुर आगमन पर प्रभारी जी का आभार भी कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री बब्बूराजा बुन्देला ने किया। जिला अध्यक्ष जगदीश सिंह लोधी एड. कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर साहू, श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पन्थ उर्फ मन्नूकोरी सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सुधीर सिंह सहकारी बैंक के जिला अध्यक्ष हरीराम निरंजन जिला महामंत्री बब्बूराजा बुन्देला बरिष्ठ नेता अशोक गोस्वामी बुन्देलखण्ड विकास बोर्ड के सदस्य प्रदीप चौबे निवर्तमान अध्यक्ष रमेश कुमार सिंह लोधी एड नपा अध्यक्ष रजनी साहू जिला महामंत्री बंशीधर श्रीवास डॉक्टर दीपक चौबे पूर्व जिला महामंत्री सुशील अग्निहोत्री जिला कोषाध्यक्ष रामेश्वर सड़ैया जिला उपाध्यक्षगण राजकुमार चूना आशीष रावत बसंती लारिया किरण सेन रजनी अहिरवार लक्ष्मीरावत जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु जिला मंत्री गण गौरव चौधरी निखिल रामकुमार तिवारी युवा मोर्चा अध्यक्ष गौरव गौतम नगर मण्डल अध्यक्ष मनीष अग्रवाल घनश्याम साहू अध्यक्ष गण आशुतोष सिंह सैंगर, अमरेश गोरा के पी राजा लड़वारी, राजेश लिटौरिया, दिनेश गोस्वामी, एड पुनीत पाण्डेय भूपेंद्र सिंह बुंदेला, पुरुषोत्तम कुशवाहा गब्बर अहिरवार, अजय जैन साईकिल अशोक साहू, दाऊ महेश ग्वाला, हरी सिंह लोधी, निर्भय सैनी रानू तिवारीए मोहित सोनी आदि उपस्थित रहे।